RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 170
लखनऊ, सोमवार, 12 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके गेंदबाज
स्पोर्ट्स-10


# कक्षा-12 तक के स्कूल, कोचिंग 30 तक बंद

**● जिन जिलों में एक्टिव केस 500 से अधिक, वहां रात्रि नौ से 6 बजे तक कर्फ्यू**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कक्षा 1 से 12 वीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूल 30 अप्रैल तक बंद किए जाने के निर्देश दिये हैं। टीम 11 के साथ आयोजित कोविड समीक्षा बैठक के दौरान सीएम ने कहा कि स्कूलों के साथ कोचिंग संस्थान भी 30 तक बंद रहेंगे। हालांकि इस अवधि के दौरान स्कूल पूर्व निर्धारित परीक्षाएं करा सकते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कोविड19 वैक्सीनेशन कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रविवार से टीका उत्सव की शुरूआत हुई है। प्रदेश में 6 हजार केन्द्रों पर टीकाकरण कार्य जारी है। 85 लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती से बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती तक आयोजित टीका उत्सव के इस महत्वपूर्ण अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सभी लोग टीकाकरण का लाभ उठा सकें। इसके लिए सभी विभागों के कार्मिकों को आवश्यकतानुसार कोविड प्रबंधन के कार्य से जोड़ा जाना जरूरी है। साथ ही जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त मानव संसाधन लगाया जा सकता है। टीकाकरण कार्य में एनएसएसएए एनसीसी तथा सिविल डिफेंस की सेवाएं ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड चिकित्सालयों में चिकित्सा कर्मियों, औषधियों, मेडिकल उपकरणों तथा बैकअप सहित ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखी जाए। लेवल2 और लेवल.3 के बेड्स बढ़ाए जाएं। शासन तरह से सहयोग करेगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लखनऊ में एरा मेडिकल कॉलेज, डीएस मिश्र मेडिकल कॉलेज और इंटीग्रल मेडिकल कॉलेज सहित बलरामपुर हॉस्पिटल को डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल के रूप में कोरोना के इलाज के लिए समर्पित किया जाए। प्रत्येक कोविड हॉस्पिटल में न्यूनतम 700 बेड की उपलब्धता जरूर रहे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की रोकथाम के लिए टेस्ट, ट्रेस और ट्रीट के मंत्र को आत्मसात कर कार्य किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि रोजाना प्रदेश में न्यूनतम एक लाख आरटीपीसीआर टेस्ट किए जाएं। सभी सरकारी तथा निजी टेस्टिंग लैब पूरी क्षमता के साथ कार्य करें। टेस्टिंग में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में रोजाना 100 से अधिक कोरोना संक्रमण के केस मिल रहे हैं या फिर जहां पर कुल एक्टिव केस की संख्या 500 से अधिक है, वहां रात्रि नौ बजे ( शेष पेज 9 )



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित शक्ति भवन में 'टीका उत्सव' के अवसर पर टीकाकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए


## सूबे में 67 को निगल गया कोरोना, 15353 नए रोगी

**● लखनऊ में सर्वाधिक 4444 संक्रमित, 31 मौतें**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में कोविड.19 के संक्रमण की दूसरी लहर पूरी तरह से जानलेवा हो चुकी है। सरकार की सख्ती और सर्वाधिक संक्रमित शहरों में नाइट कर्फ्यू लगाने की कार्रवाई का भी कोई असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। प्रदेश में लगातार कोरोना का आंकड़ा दिन दूनी रात चौगुनी स्पीड से बढ़ता ही जा रहा है।

इसी का नतीजा है कि बीते 24 घंटे के दौरान प्रदेश में 67 लोगों को बीमारी के चलते अपनी जान गंवानी पड़ी है जबकि 15353 नए मरीज सामने आए हैं। लखनऊ पूरी तरह से कोरोना का हॉटस्पॉट बना हुआ है और स्थिति विस्फोटक होती जा रही है। मरने वालों में अकेले लखनऊ के 31 मरीज शामिल हैं। लखनऊ में सर्वाधिक 4444 नए पॉजिटिव मरीज मिले हैं। लखनऊ के बाद सबसे अधिक 1740 पॉजिटिव मरीज वाराणसी में मिले हैं। प्रयागराज में 9 लोगों की मौत व 1565 नए मरीज और कानपुर में 8 लोगों की मौत के साथ 881 नए मरीज सामने आए हैं।



इसी प्रकार गाजियाबाद में 155, गौतम बुध नगर में 219, मेरठ में 255, गोरखपुर में 390, बरेली में 231, मुरादाबाद में 188, झांसी में 291, अलीगढ़ में 57, आगरा में 140, सहारनपुर में 140, मुजफ्फरनगर में 152, बलिया में 222, बाराबंकी में 105, अयोध्या में 92, लखीमपुर खीरी में 57, मथुरा में 138, जौनपुर में 162, शाहजहांपुर में 40, देवरिया में 82, आजमगढ़ में 95, रायबरेली में 210, बुलंदशहर में 64, हरदोई में 58, इटावा में 93, महाराजगंज में 19, कुशीनगर में 31, गाजीपुर में 142, प्रतापगढ़ में 84, रामपुर में 31, बस्ती में 43, चंदौली में 214, गोंडा में 126, सोनभद्र में 133, सुलतानपुर में 168, सीतापुर में 102, उन्नाव में 87, फर्रुखाबाद में 74, बिजनौर में 65, हापुड़ में 42, अमरोहा में 70, बांदा में 231, बहराइच में 103, फिरोजाबाद में 45, बदायूं में 30, ललितपुर में 133, सिद्धार्थनगर में 17, जालौन में 75, पीलीभीत में 18, मिर्जापुर में 210, फतेहपुर में 15, शामली में 51, मैनपुरी में 25, अमेठी में 38, औरैया में 27, संत कबीर नगर में 53, कन्नौज में 37, संभल में 38, मऊ में 67, एटा ( शेष पेज 9 )

### देश में डेढ़ लाख से अधिक नए मामले, 839 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के एक दिन में रिकॉर्ड 1,52,879 नए मामले आने से संक्रमण के मामलों की कुल संख्या बढ़कर 1,33,58,805 हो गई, जबकि देश में वर्तमान में इस बीमारी का इलाज करा रहे लोगों की संख्या महामारी शुरू होने के बाद से पहली बार 11 लाख के आंकड़े के पार चली गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार, महामारी से एक दिन में 839 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 1,69,275 हो गई है। 18 अक्टूबर 2020 के बाद से इस बीमारी से एक दिन में जान गंवाने वाले लोगों की यह सर्वाधिक संख्या है।

## अक्टूबर तक देश में आएंगी 5 नई वैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कई** राज्यों में टीके की भारी कमी की रिपोर्टों के बीच रविवार को भारत में तीन दिवसीय टीका उत्सव शुरू हुआ। हालांकि इस बीच यह भी संकेत मिले हैं कि भारत को अक्टूबर तक पांच अन्य निर्माताओं से कोविड-19 वैक्सीन मिलेगी। भारत अभी कोविशील्ड और कोवैक्सीन का निर्माण कर रहा है। एक समाचार एजेंसी ने शीर्ष सरकारी सूत्रों का हवाला दिया है जिसमें उन्होंने कहा, 'भारत स्थानीय स्तर पर कोविशील्ड और कोवैक्सीन का उत्पादन कर रहा है और हमें उम्मीद है कि 2021 की तीसरी तिमाही तक पांच और वैक्सीन मिल जाएंगी। इन वैक्सीन में स्पुतनिक फाइव (डॉ रेड्डी के सहयोग से), जॉनसन एंड जॉनसन वैक्सीन (बायोलॉजिकल ई के सहयोग से), नोवावैक्स वैक्सीन (सीरम इंडिया के सहयोग से), जायडस कैडिला की वैक्सीन तथा भारत बायोटेक की इंटरनसाल वैक्सीन शामिल हैं। देश में कोविड-19 वैक्सीन को आपात उपयोग की मंजूर देने से पहले केंद्र सरकार की मुख्य चिंता सुरक्षा और टीके की प्रभावशीलता है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि 20 टीके विभिन्न क्लीनिकल और प्री-क्लीनिकल चरण में है, स्पुतनिक फाइव ( शेष पेज 9 )

## बोर्ड परीक्षा कराने की अनुमति पर राजनीतिक दल चिंतित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** महामारी के दौरान सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा कराने के केंद्र सरकार के फैसले को राजनीतिक पार्टियों ने गंभीरता से लेते हुए चिंता जाहिर की है। कांग्रेस ने बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित कराने की मांग करते हुए कहा है कि भीड़ वाले परीक्षा केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना असंभव है।

शिवसेना ने केंद्र से 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा पूरे देश में एक समान निर्णय लेने की अपील की है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए 4 मई से सीबीएसई परीक्षा कराने पर सरकार को फिर से विचार करना चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शिक्षामंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को पत्र लिखकर बोर्ड परीक्षा निरस्त करने को कहा है। उन्होंने कहा कि नेता होने के नाते युवाओं की सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। सीबीएसई परीक्षा 2021 की संशोधित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 10वीं बोर्ड की परीक्षा 4 मई से 7 जून के बीच कराई जाएगी, वहीं 12वीं बोर्ड की परीक्षा 4 मई से 15 जून के बीच होंगी। सीबीएसई अधिकारी के अनुसार छात्रों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित कराने के लिए पूरे देश में परीक्षा केंद्रों की संख्या 40 से 50 फीसदी बढ़ाई जाएगी।

आईसीएसई बोर्ड परीक्षा भी कई प्रदेशों में अगले दो माह के दौरान कराई जाएंगी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पूछा की कोरोना महामारी के दूसरे लहर के बीच परीक्षा कराने के निर्णय सीबीएसई को फिर से विचार करना चाहिए। इस तरह भारत के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है। प्रियंका ने शिक्षा मंत्री को लिखे पत्र में प्रियंका ने कहा कि बढ़ती महामारी के बीच बच्चों को परीक्षा में बैठने के लिए मजबूर करने से पहले भारत सरकार और सीबीएसई बोर्ड को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि अगर कोई परीक्षा केंद्र कोरोना हॉटस्पाट बनता है और बड़ी संख्या ( शेष पेज 9 )

## किल्लत के बीच रेमडेसिविर इंजेक्शन के निर्यात पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने कोविड-19 के इलाज में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन रेमडेसिवर के निर्यात पर रोक लगा दी है। देश में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी के कारण आगामी दिनों में वायरल रोधी इंजेक्शन रेमडेसिविर की बढ़ती मांग के साथ घरेलू बाजार में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए यह फैसला लिया है। कोविड महामारी के हालात में सुधार होने तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा। यह रोक सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) के तहत लागू किया गया है। रेमडेसिविर के निर्यात पर रोक का फैसला केंद्र ने दवा की दुकानों में इसकी कमी के साथ दवा के ब्लैक मार्केट में अधिक कीमत पर बिकने की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए किया है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात और मध्यप्रदेश से ऐसी रिपोर्ट सामने आई हैं। सरकार ने अधिकारियों से दर्जन भर दवा कंपनियों से रेमडेसिवर का मूल्य 11,00 से 1400 के बीच प्रति वॉयल रखने को ( शेष पेज 9 )

## संतों के कोरोना संक्रमित होने से महाकुंभ में मची खलबली



कुंभ के शाही स्नान की पूर्व संध्या पर हरिद्वार में हर की पैड़ी पर एकत्र श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**पायनियर समाचार सेवा।** हरिद्वार

**हरिद्वार** महाकुंभ में सोमवती अमावस्या के शाही स्नान से ठीक एक दिन पहले साधु संतों की सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि सहित आधा दर्जन से अधिक संतों के कोरोना संक्रमित होने से संत समाज और मेला प्रशासन में खलबली मच गई है।

वहीं महंत नरेंद्र गिरी के कोरोना संक्रमित होने के बावजूद यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव उनसे मिलने निरंजनी अखाड़ा पहुंचे। इस स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस आयोजन को लेकर चिंता जताई है और उनका मानना है कि यह कार्यक्रम सुपर स्प्रेडर साबित हो सकता है।

स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार कुंभनगरी हरिद्वार में रविवार को निरंजनी अखाड़े के एक और जूना अखाड़ा के दो और संतों में कोरोना महामारी की पुष्टि हुई। नए मामलों को मिलाकर अब तक दोनों अखाडों में कुल नौ संत कोविड-19 पीड़ित पाए गए ( शेष पेज 9 )

## शाह-दीदी के बीच तीखी तकरार

**बंगाल चुनाव**

**● ममता ने कूच बिहार फायरिंग में हुई मौतों को नरसंहार बताया, शाह ने तुष्टीकरण राजनीति को लेकर बोला हमला**





**पायनियर समाचार सेवा।** बसीरहाट

**पश्चिम** बंगाल चुनाव में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक दूसरे पर फिर हमला बोला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि वह अपने पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं, बशर्ते जब पश्चिम बंगाल के लोग उनसे ऐसा करने को कहें।

भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने हालांकि कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दो मई को पद छोड़ना होगा क्योंकि तृणमूल कांग्रेस मौजूदा विधानसभा चुनाव हार जाएगी। शाह ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह अवैध प्रवासियों के तुष्टिकरण के लिए संशोधित नागरिकता कानून का विरोध कर रही हैं। शाह ने दावा किया कि अवैध प्रवासी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हैं और दंगों में लिप्त होते हैं। उन्होंने कहा, यदि मतुआ समुदाय के लोगों को नागरिकता मिल जाए तो दीदी को क्या दिक्कत है? उनकी समस्या यह है कि अवैध प्रवासी नाराज हो जाएंगे। ऐसे लोगों को अब राज्य पर शासन करने का अधिकार नहीं है। अवैध प्रवासी मुफ्त राशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हैं लेकिन दंगों में लिप्त होते हैं। शाह ने कहा कि भाजपा बांग्लादेश से अवैध प्रवासियों के आने पर पूरी तरह से रोक लगा देगी और राज्य में सरकार बनाने के बाद सीएए के खिलाफ विधानसभा में पारित प्रस्ताव वापस लेगी। उन्होंने लाभार्थियों को 10,000 रुपए की वार्षिक सहायता देने के लिए मुख्यमंत्री शरणार्थी कल्याण कोष शुरू करने का वादा भी किया। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दावा किया कि कूचबिहार में हुई घटना मतदाताओं के डराने के लिए भाजपा द्वारा रची गई साजिश का परिणाम है।

रविवार को जलपाईगुड़ी जिले में तीन रैलियों को संबोधित करने वाली बनर्जी ने कहा कि केन्द्रीय बलों के बचाव में आए भाजपा नेताओं को बैठकर यह सोचना चाहिए कि अगर उनके परिवार के सदस्यों के साथ ऐसा हुआ होता तो भी क्या उनका यही रुख होता। बनर्जी ने घटना को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भाजपा के इशारे पर उनके और अन्य राजनीतिक नेताओं के 72 घंटे तक सीतलकूची जाने पर रोक लगा दी।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,591 | |
| निफ्टी | 14,834 | |
| सोना | 46,257 | /10g |
| चांदी | 66,253 | /kg |

### क्विक न्यूज

**जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने चार आतंकवादी किए ढेर**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों के साथ हुई दो मुठभेड़ों में आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और अल-बदर के चार आतंकवादी मारे गए। मारे गए इन आतंकवादियों में वे आतंकवादी भी शामिल है जिन्होंने गत शुक्रवार को प्रांतीय सेना के एक जवान की हत्या कर दी थी। उस समय जवान ड्यूटी पर नहीं था। यह जानकारी पुलिस ने दी। इसके साथ, अनंतनाग और शोपियां में शनिवार को शुरू हुई मुठभेड़ों में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है क्योंकि एक आतंकवादी मुठभेड़ के शुरुआत में मारा गया था। पुलिस ने बताया कि तौसीफ अहमद भट और आमिर हुसैन गनी दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबेहरा इलाके में स्थित सेमथान में तब मुठभेड़ में मारे गए जब उन्होंने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया और तलाशी अभियान चला रहे सुरक्षा बलों के दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की।

## आगरा में खुलेगी पहली निजी मंडी

**● किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में अहम कदम**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**किसानों** की आय दुगुनी करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुहिम रंग ला रही है। आगरा के एक फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गनाईजेशन ने प्रदेश की पहली निजी मंडी खोलने की तैयारी कर ली है। अपने आप में अनूठी इस मंडी में किसान की फसल किसान ही खरीदेंगे और उसे आजादपुर मंडी के आढ़तियों और बिग बास्केट सहित मल्टीनेशनल कंपनी आईटीसी को बेचेंगे। एफपीओ ने मंडी परिषद के माध्यम से प्रस्ताव शासन को भेजा है। उम्मीद है कि शासन की ओर से जल्द लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा। दिव्यभूमि एग्रीक्राप प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड में आगरा के आसपास के 20 से अधिक गांवों के 500 से अधिक किसान जुड़े हैं। इस एफपीओ ने ब्लॉक सैंयां छितापुरा नंगला बिरई में तीन बीघे जमीन में निजी मंडी खोलने की तैयारी की है। फिलहालए दिव्यभूमि एफपीओ मल्टीनेशनल कंपनियों की तर्ज पर खेत से लेकर घर तक सब्जी पहुंचा रही है। एफपीओ ने पिछले साल हुए लॉकडाउन को अवसर में बदल दिया। आगरा में 63 हाउसिंग सोसाइटी में करीब आठ सौ परिवारों को घर.घर सब्जी बेचे। इसके अलावा करीब छह सौ परिवारों को आनलाइन सब्जियों की डिमांड पर आपूर्ति की। आनलाइन टैक्सी की तर्ज पर खेत से सब्जी के ठेले तक पहुंचाई जा रही है।

### आगरा से विदेश भेजी जाएगी सब्जी

**केंद्र** सरकार की एक योजना के तहत आगरा की सब्जी को विदेशों में भी भेजने की तैयारी है। एफपीओ की ओर से एग्री ओरिएंटेड फार्मिंग के लिए 20 से 50 हेक्टेयर भूमि पर खेती कराने के लिए किसानों से संपर्क किया जा रहा है। इसमें अलग-अलग गांव एक ही सब्जी की खेती करेंगे और उसे एक्सपोर्ट किया जाएगा। एफपीओ का सीड प्रासेसिंग सेंटर और सीड वेयर हाउस का प्रोजेक्ट मंजूर हो गया है। इसमें सरकार की ओर से 60 लाख रुपए का अनुदान दिया गया है। एफपीओ ने लागत को कम करने के लिए बीज उत्पादन का लाइसेंस लिया है। किसान बीज उत्पादन करेंगे और जरूरत के अनुसार उपयोग करेंगे। साथ ही बाजार में बेचा भी जाएगा।

## देवलोक काशी बनेगी विश्व की सबसे बड़ी संस्कृत नगरी

**● संस्कृत भाषा के विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री के प्रयासों को आगे बढ़ाएगा संस्कृत बोर्ड**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**देवलोक** कहीं जाने वाली काशी अब विश्व में संस्कृत नगरी के रूप में भी जानी जाएगी। प्रदेश में सबसे अधिक संस्कृत विद्यालय वाराणसी में संचालित हो रहे हैं। यहां पर संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों की संख्या भी सबसे अधिक है।

वाराणसी में 110 से अधिक संस्कृत स्कूल संचालित किए जा रहे है। नए सत्र से संस्कृत के दो स्कूल इसमें और शामिल हो जाएंगे। प्रदेश भर में 13 संस्कृत के नए स्कूल खुलेंगे। काशी के बाद जौनपुर में संस्कृत के सबसे अधिक स्कूल है। संस्कृत भाषा के विस्तार और उसे अलग पहचान दिलाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार जल्दी माध्यमिक व बेसिक शिक्षा की तर्ज पर संस्कृत निदेशालय बनाने जा रही है। इसकी घोषणा भी मुख्यमंत्री ने अपने बजट में की थी। निदेशालय बनने के बाद संस्कृत भाषा को नई पहचान मिल सकेगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संस्कृत में प्रेस विज्ञप्ति जारी करने काम किया है। साथ में अपने अधिकारिक ट्विटर एकाउंट से संस्कृत में ट्विट भी किए हैं। सीएम की पहल के बाद संस्कृत बोर्ड ने भी प्रदेश में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों के माने तो इस बार प्रदेश में संस्कृत के 13 नए विद्यालयों को मान्यता देने की तैयारी है। इन स्कूलों ने अपने निर्धारित मानकों को पूरा कर लिया है। इसमें काशी में दो और नए विद्यालय खुलेंगे। प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की ओर से प्रदेश में संस्कृत के कुल 1164 विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इसमें से 971 विद्यालय अनुदानित है जबकि 2 संस्कृत भाषा के राजकीय विद्यालय है।

इनमें 97 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं। नए सत्र में इनमें 13 विद्यालय और जुड़ जाएंगे। संस्कृत विद्यालयों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए इनमें कम्पयूटर शिक्षा के साथ कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाया जा रहा है। योगी सरकार ने प्रदेश के 200 से अधिक गुरुकुल पद्धति के संस्कृत विद्यालयों के 4 हजार से अधिक छात्रों को नि:शुल्क भोजन व छात्रावास की सुविधा देने का फैसला भी किया है।

# कोरोना के खिलाफ लड़ाई में यूपी का काम सबसे अच्छा: राज्यपाल

## कोरोना पर हुई सर्वदलीय बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**राज्यपाल** ने कहा कि अब कोरोना का वायरस अपना रूप बदलकर फिर से वापस लौटा है, जिससे स्थिति चिंताजनक हो गयी है। अब हमें अपने पुराने अनुभवो का लाभ लेते हुए कोरोना के फेज.2 को शीघ्र नियंत्रित करना होगा, ताकि इसका फैलाव रुके। उन्होंने कहा कि सुखद यह है कि अब कोरोना का वैक्सीन उपलब्ध है। अत: वैक्सीनेशन कार्य को प्रभावी ढंग से करना होगा। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि कोरोना के फेज.2 की जंग में भी उत्तर प्रदेश प्रथम आयेगा।

कोविड.19 की रोकथाम हेतु राजभवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विगत एक वर्ष में कोरोना महामारी से निपटने के लिए योजनाबद्ध ढंग से त्वरित गति से कार्य किया गया था। सबके सम्मिलित प्रयासों से कोरोना के फेज.1 की लड़ाई लड़ी गयी और इसमें प्रदेश पूरी तरह से सफल रहा। प्रदेश ने पूरे देश में कोरोना से जंग में सबसे अच्छा कार्य किया। इससे कोरोना पर प्रभावी नियंत्रण लगा और केसेज की संख्या नगण्य हो गयी थी।

राज्यपाल ने कहा कि कोरोना के फेज.2 संक्रमण से लड़ने के लिए हम सबको प्रयास करने होंगे। लोगाो को कोविड प्रोटोकाल मानने के लिए जागरूक करना होगा। ट्रेसिंग, टेस्टिंग और ट्रीटमेन्ट के मंत्र को



प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को मास्क पहनने के विषय में भी जागरूक किया जाए और मास्क न पहनने वालों से जुर्माना वसूला जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों के वैक्सीनेशन पर विचार किया जाना चाहिए। साथ ही, इनके



परिवारों में मौजूद 45 वर्ष तथा इससे ऊपर के सदस्यों का भी वैक्सीनेशन कराया जाना चाहिए। इससे बड़ी संख्या में वैक्सीनेशन हो सकेगा। उन्होंने शहरों की रिहायशी सोसायटियों में ऐसी निगरानी समितियां बनाने का सुझाव दिया, जो अपने सदस्यों की आवश्यकताओं के अनुसार बाजार से खरीदारी कर सामान उन्हें उपलब्ध करा सकें, ताकि बाजारों मे कम भीड़ हो।

राज्यपाल ने कहा कि लोगों को अनावश्यक घर से बाहर न निकलने के सम्बन्ध में जागरूक किया जाए। उन्होंने निजी अस्पतालों मे इलाज की सुविधा तथा इसके शुल्क की वसूली के सम्बन्ध में मॉनीटरिंग व्यवस्था पर बल दिया, ताकि मरीजों का अनावश्यक दोहन न हो। उन्होंने मीडिया को सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते रहने के लिए कहा। सोशल मीडिया की भी मॉनीटरिंग की जाए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे भारत ने कोरोना के खिलाफ अपनी जंग सफलता से लड़ी है। उनके नेतृत्व का लाभ उत्तर प्रदेश को भी मिला है। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण की वर्तमान परिस्थिति से निपटने के लिए सभी को अपनी.अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभानी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्ष जब कोरोना महामारी सामने आयी तब प्रदेश में कोविड टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, परन्तु आज प्रदेश में 02 लाख टेस्टिंग की क्षमता मौजूद है। पिछले वर्ष कोरोना से जंग में प्रदेश में बहुत से कार्य हुए। कोविड संक्रमण की रोकथाम और इसके उपचार के सम्बन्ध में अनेक नये कदम उठाए गये। इसके चलते कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने में सफलता मिली। संक्रमण कम होने बाद कोरोना केसेज सिर्फ दहाई में ही रिपोर्ट हो रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना का नया वायरस चिंताजनक है, जो तीव्रता से संक्रमण फैला रहा है। लोगों को संक्रमण से बचने के लिए सावधानी बरतनी होगी। कोरोना प्रोटोकाल का अनुपालन करना होगा। मास्क अनिवार्य रूप से पहनना होगा। बचाव और सावधानी महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार द्वारा कोरोना के इस नये रूप से निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर लोगों को सभी एहतियात बरतने होंगे। हाई रिस्क कैटेगरी के लोग, जिनमें बुजुर्ग, बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं, अभी बाहर न निकलें। वे स्वयं को संक्रमण से बचाएं। मास्क लगाएं और सभी सावधानियां बरतें।

कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा डा दिनेश शर्मा ने भी सम्बोधित किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि सोहेल अख्तर अंसारी तथा बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि लाल जी वर्मा ने भी बैठक में अपने विचार व्यक्त किये। कांग्रेस तथा बीएसपी के प्रतिनिधियों ने सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी पार्टियां कोरोना के खिलाफ जंग में राज्य सरकार के सभी निर्णयों के साथ हैं। बैठक का संचालन चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। धन्यवाद ज्ञापन स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने किया। इससे पूर्व अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद द्वारा कोविड.19 के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव आरके तिवारी, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार तथा सूचना निदेशक शिशिर मौजूद थे।

## शिक्षा नीति के बदले कलेवर को समग्रता में देखा जाना चाहिए: आनंदीबेन पटेल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि वैश्विक महामारी के कारण उत्पन्न संकट ने ई पाठ्यक्रम और डिजिटल शिक्षा के महत्व को बढ़ाया है। कोविड ने हमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की प्रेरणा दी है। पठन-पाठन के तरीकों पर लगातार शोध करते रहने की जरूरत है, जिससे विपरीत हालात में भी विद्यार्थियों की पढ़ाई किसी प्रकार से बाधित न होने पाये। अब फ्लिप क्लास रूम का समय है, वर्चुअल लैब भी जरूरी है। यह सब समय की मांग है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिलेगी, शिक्षक खुद को अपग्रेड करते रहेंगे तो समाज में एक नया परिवर्तन देखने को मिलेगा। यह विचार राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन से ऑनलाइन राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद एवं इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नार्थ रीजन में प्रतिभाग कर रहे उत्तर भारत के आठ राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

राज्यपाल ने कहा कि एक अच्छी शिक्षा व्यवस्था नये भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पचास हजार से अधिक महाविद्यालय हैं अगर एक-एक कॉलेज एक-एक गांव गोद लें और उसके विकास पर ध्यान दें तो गांव से कुपोषण, क्षणरोग, कुरीतियां, बाल विवाह आदि का शीघ्र समापन हो सकता है। इसके साथ ही वे शिक्षा प्रसार, स्वच्छता, जल संचयन, गर्भवती महिलाओं का प्रसव अस्पतालों में ही कराने आदि पर कार्य करें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के निदेशक डॉ. एससी शर्मा, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस. गर्ग, इंटीग्रल विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलाधिपति प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर, दूरस्थ शिक्षा के पूर्व निदेशक प्रोफेसर सुमित प्रसाद पानी, इंटीग्रल विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर जावेद मुसर्रत तथा विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधिगण ऑनलाइन जुड़े हुए थे।

## नये वायरस से मजबूती से लड़ना होगा: योगी

### वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संक्रमण की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोविड.19 के विरुद्ध संघर्ष को पूरी तैयारी के साथ मजबूती से लड़ना होगा। इस संघर्ष में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। पिछले वर्ष कोरोना संक्रमण को नियंत्रण करने में सफलता मिली है। उसी प्रकार से इस बार भी कोविड.19 के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ते हुए हम सफल होंगे।

मुख्यमंत्री रविवार की रात अपने सरकारी आवास पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जनपदों में कोविड.19 संक्रमण की स्थिति व बचाव के उपायों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर नगर, गोरखपुर, मेरठ, झांसी, गौतमबुद्धनगर, बरेली एवं बलिया के अधिकारियों के साथ संवाद कर कोविड.19 की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड.19 का प्रसार नियंत्रित करने के लिए कान्टैक्ट ट्रेसिंग और टेस्टिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होने कहा कि वर्तमान समय में पंचायत चुनाव का कार्यक्रम चल रहा है। ऐसे में कोविड.19 के संक्रमण से बचाव के लिए सभी को स्वयं पूरी सतर्कता और सावधानी बरतनी होगी। इसके लिए कोविड.19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए अनिवार्य रूप से मास्क का प्रयोग किया जाए तथा सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिसए प्रशासन एवं स्वास्थ्य कर्मियों को संक्रमण से बचना होगा। इसके लिए सभी आवश्यक उपाय अपनाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड.19 के विरुद्ध संघर्ष में संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर को कोविड.19 के विरुद्ध लड़ाई का केन्द्र बिन्दु बनाया जाए। इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर का प्रभावी संचालन किया जाए। यहां से कोविड से सम्बन्धित सभी गतिविधियों की निगरानी की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड.19 का संक्रमण नियंत्रित करने के लिए कान्टैक्ट ट्रेसिंग को बढ़ाया जाए। प्रत्येक संक्रमित रोगी के 30 से 35 कान्टैक्ट्स को ट्रेस करते हुए 24 घण्टे के अंदर शत.प्रतिशत टेस्टिंग की जाए। उन्होंने कहा कि होम आइसोलेशन में रह रहे संक्रमित मरीजों के साथ इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर द्वारा निरन्तर संवाद बनाकर रखा जाए।



लखनऊ चिड़ियाघर में रविवार को कोरोना संक्रमण के चलते पसरा रहा सन्नाटा

## बाबा साहब का अपमान करना समाजवादी पार्टी की आदत रही है: बृजलाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्व पुलिस** महानिदेशक एवं भाजपा से सांसद बृजलाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा दलित विरोधी रही है। समाजवादी पार्टी ने दलित हितों को नुकसान पहुंचाने में कोई अवसर नहीं गंवाया है। बृजलाल ने कहा कि 21 दिसंबर 2012 को लोकसभा में प्रोन्नति में दलित का आरक्षण बिल पेश किया गया था उस दौरान समाजवादी पार्टी ने हंगामा मचाया था ऐसी स्थिति में सपा के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पिता एवं उत्तर प्रदेश के रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव ने लोकसभा में कहा कि चाहें सरकार से समर्थन वापस क्यों न लेना पड़े, वे बिल पास नहीं होने देंगे।

बृजलाल ने कहा कि मुलायम ने 2 दलित सांसदों यशवीर सिंह बिजनौर और शैलेन्द्र कुमार कौशाम्बी से लोकसभा में बिल फड़वाकर दलितों के कंधे से बन्दूक चलायी थी। बृजलाल ने सपा मुखिया अखिलेश यादव से कहा कि आप अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए जनवरी 2015 में उत्तर प्रदेश के दो लाख दलित अधिकारियों और कर्मचारियों को पदावनत करके, दलित उत्पीड़न का कीर्तिमान बनाया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति राकेश तिवारी और मुख्तार अहमद की पीठ ने पदावनत आदेश पर रोक लगायी। उस दौरान सपा सरकार ने उच्च न्यायालय में प्रति शपथ पत्र दाखिल करके कहा था कि पदोन्नति में आरक्षण का बिल लोकसभा में लम्बित है इसलिए फिलहाल दलित कार्मिकों को एम. नागराज मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2006 में दिये गये फैसले का लाभ नहीं दिया जा सकता। पूर्ववर्ती सपा सरकार के दौरान चीफ इंजीनियर को अधीक्षण अभियंता और अधीक्षण अभियंता को अधिशासी अभियंता बना दिया। थानाध्यक्ष को उसी के थाने में हवलदार बना दिया और तमाम एसडीएम को तहसीलदार और तहसीलदार को नायब तहसीलदार बना दिया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का अपमान करना समाजवादी पार्टी की आदत रही है। बृजलाल ने कहा कि वर्ष 2016 को गाजियाबाद में हज हाउस का उद्घाटन करने के दौरान सपा मुखिया अखिलेश की मौजूदगी में पूर्व मंत्री आजम खां ने बाबा साहब का उपहास करते हुए कहा था। उन्होंने कहा था कि इस आदमी का हाथ इशारा करता है, यह जमीन मेरी है और सामने का प्लाट भी मेरा है। बाबा साहब को आजम ने भू-माफिया बना दिया था, जो खुद सबसे बड़ा माफिया निकला और 100 से अधिक मामलों में परिवार सहित इस समय जेल में है। उनकी बातों को सुनकर आप मंच पर मंद-मंद मुस्कराते हुए तालियां बजा रहे थे। बाबा साहब की घोर विरोधी पार्टी अब उनके नाम पर 'बाबा साहब वाहिनी' बनाकर दलितों के साथ छलावा कर रही है ।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई ज्योतिबा फुले की जयंती

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुख्यालय में रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 194वीं जयंती मनाई गई। समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी भावांजलि में कहा है कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने ऐसे समय बाल विवाह, विधवा विवाह तथा कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई जब समाज रूढ़िवादिता में जकड़ा हुआ था। श्री यादव ने कहा कि सन् 1873 में महात्मा फुले ने दलित वर्ग के उत्थान तथा उनको न्याय दिलाने के लिए सत्य शोधक समाज की स्थापना की।

**पूर्वोत्तर रेलवे** सूचना सं.: 89/2021

**रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

**(1) गाड़ी सं. 01437/01438 पुणे-लखनऊ जं.-पुणे ए.सी. विशेष गाड़ी**

गाड़ी सं. 01437 पुणे से
दिनांक 12-04-2021, 19-04-2021 एवं 26-04-2021 को।
गाड़ी सं. 01438 लखनऊ से
दिनांक 14-04-2021, 21-04-2021 एवं 28-04-2021 को।

| 01437 पुणे–लखनऊ | | स्टेशन | 01438 लखनऊ–पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:20 | पुणे | 05:30 | -- |
| 21:25 | 21:27 | दौंड कॉर्ड लाइन | 03:58 | 04:00 |
| 22:45 | 22:48 | अहमदनगर | 02:10 | 02:13 |
| 00:30 | 00:32 | कोपरगांव | 23:38 | 23:40 |
| 01:50 | 01:55 | मनमाड | 22:25 | 22:30 |
| 04:20 | 04:25 | भुसावल | 19:00 | 19:05 |
| 09:00 | 09:10 | इटारसी | 13:55 | 14:05 |
| 11:20 | 11:25 | भोपाल | 11:20 | 11:25 |
| 13:35 | 13:45 | बीना | 09:05 | 09:10 |
| 15:45 | 15:55 | झांसी | 06:55 | 07:05 |
| 20:30 | 20:40 | कानपुर सेन्ट्रल | 02:10 | 02:20 |
| 22:05 | -- | लखनऊ | -- | 00:45 |

रेक संरचना: वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–13, जनरेटर सह लगेज यान–02 = कुल 15 कोच।

**(2) गाड़ी सं. 01431/01432 पुणे-गोरखपुर-पुणे विशेष गाड़ी**

गाड़ी सं. 01431 पुणे से
दिनांक 13-04-2021, 20-04-2021 एवं 27-04-2021 को।
गाड़ी सं. 01432 गोरखपुर से
दिनांक 14-04-2021, 21-04-2021 एवं 28-04-2021 को।

| 01431 पुणे–गोरखपुर | | स्टेशन | 01432 गोरखपुर–पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:15 | पुणे | 06:25 | -- |
| 12:23 | 12:25 | दौंड कॉर्ड लाइन | 04:50 | 04:52 |
| 13:57 | 13:40 | अहमदनगर | 03:02 | 03:05 |
| 15:58 | 16:00 | कोपरगांव | 01:23 | 01:25 |
| 17:20 | 17:25 | मनमाड | 00:15 | 00:20 |
| 19:50 | 19:55 | भुसावल | 21:40 | 21:45 |
| 23:42 | 23:45 | खण्डवा | 19:55 | 19:58 |
| 02:05 | 02:15 | इटारसी | 17:30 | 17:35 |
| 04:25 | 04:30 | भोपाल | 15:15 | 15:20 |
| 06:40 | 06:45 | बीना | 13:00 | 13:05 |
| 08:45 | 08:55 | झांसी | 10:50 | 11:00 |
| 13:20 | 13:30 | कानपुर सेन्ट्रल | 06:05 | 06:15 |
| 14:55 | 15:05 | लखनऊ | 04:30 | 04:40 |
| 17:00 | 17:05 | गोण्डा | 01:40 | 01:45 |
| 18:20 | 18:23 | बस्ती | 23:40 | 23:43 |
| 20:00 | -- | गोरखपुर | -- | 22:40 |

रेक संरचना: वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–06, शयनयान–06, सामान्य द्वितीय श्रेणी–04, जनरेटर सह लगेज यान–02 = कुल 18 कोच।

कृपया ध्यान दें: (1) उपरोक्त गाड़ियों के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होगें। (2) इन गाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड–19 से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुजाधि/टी–14सी — मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पायनियर वर्गीकृत

आवश्यकता है

**आवश्यकता है**

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत सत्यदेव डिग्री कालेज, गाधिपुरम् (बोरसिया) फदनपुर–गाजीपुर में स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के बी0एड0 विभाग में 13 प्रवक्ताओं की एवं स्नातक स्तर पर ही कला संकाय के बी0ए0 में अतिरिक्त विषय संस्कृत, उर्दू, समाजशास्त्र, संगीत (गायन) व स्नातकोत्तर स्तर पर वाणिज्य संकाय में (एम0कॉम) में प्रवक्ताओं की।

योग्यता एवं वेतनमान NCTE/UGC/ विश्वविद्यालय परिनियमावली एवं उ0प्र0 शासन के मानकानुसार/योग्य अभ्यर्थी 21 दिनों के भीतर आवेदन करें।

प्रबन्धक
7704905302

आवश्यकता है

**आवश्यकता है**

राम लखन महाविद्यालय, जामडीह, मऊ सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के अतिरिक्त विषय उर्दू 01 पद, अंग्रेजी 01 पद, शिक्षाशास्त्र 01 पद, ललितकला 01 पद व स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के हिन्दी 02 पद, संस्कृत 02 पद, समाज शास्त्र 02 पद, राजनीतिशास्त्र 02 पद, भूगोल 03 पद, गृह विज्ञान 03 पद एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय के गणित 02 पद, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान 03-03 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता व वेतनमान यूजीसी रेगुलेशन/ उ.प्र. सरकार/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। उपरोक्त विषयों में इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति, आधार कार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साइज के दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पदनाम से आवेदन करें।

**प्रबन्धक, मो. 9628155351, 9450624529**

## भाजपा प्रदेश मंत्री सहित कई महामंत्रियों को किया गया पदमुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पंचायत चुनाव में सहभागिता करने वाले पार्टी के प्रदेश मंत्री सहित जिलों के महामंत्रियों के त्याग पत्र स्वीकार करते हुए उन्हें पदमुक्त कर दिया है।

पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पंचायत चुनाव प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल द्वारा तय नीति के अनुसार प्रदेश पदाधिकार, क्षेत्रीय पदाधिकारी तथा जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री अथवा उनके परिजनों के पंचायत चुनाव निर्वाचन में सहभागिता करने पर उन्हें पार्टी के दायित्व से त्याग पत्र देना होगा। इसी संदर्भ में विगत दिनों से विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने त्याग पत्र प्रस्तुत किए जिसे प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने स्वीकार करके उन्हें पदमुक्त कर दिया है।

## सीबीएसई परीक्षाओं को रद किया जाना चाहिए: प्रियंका गांधी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कोरोना महामारी संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाओं को रद्द करने की मांग की है। इस सम्बन्ध में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शिक्षा मंत्री भारत सरकार रमेश पोखरियाल निशंक को पत्र लिखकर कहा कि कोरोना की बढ़ती संक्रमण एवं छात्र हितों को देखते हुए सीबीएसई द्वारा मई में कराए जाने वाली परीक्षाओं को रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों शिक्षकों विशेषज्ञों एवं अभिभावकों के साथ एक संवाद कर के मूल्यांकन के वैकल्पिक व सुरक्षित तरीकों को निकाल सकती है। प्रियंका गांधी ने पत्र के माध्यम से कहा कि कोरोना के बढ़ते मामलों एवं उससे पैदा हुई भयावह स्थिति के बीच सीबीएसई द्वारा मई में परीक्षाएं कराने को लेकर

### ● कांग्रेस महासचिव ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

निकाला गया सर्कुलर हैरान करने वाला है। पूरे देश में रोजाना कोरोना के लगभग 1 लाख से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। ये परीक्षाएं छात्रों का भविष्य निर्धारित करती हैं। इन परीक्षाओं के लिए छात्र कई महीनों तक कड़े परिश्रम के साथ तैयारी करते हैं। देश भर से लाखों छात्रों व अभिवावकों ने कोरोना की इस दूसरी लहर के दौरान परीक्षा हाल में बैठकर परीक्षा देने को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की हैं। उनके द्वारा जाहिर की गई चिंताएं तार्किक रूप से एकदम सही हैं। परीक्षार्थियों और सहायक स्टाफ से भरे परीक्षा केन्द्रों पर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना काफी मुश्किल होगा। साथ ही साथ कोरोना वायरस की प्रकृति



एवं संक्रमण के तरीके को देखते ये कहा जा सकता है कि इससे शिक्षकों, निरीक्षकों व छात्रों के परिवारों पर भी संक्रमण का खतरा मंडराता रहेगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि अगर कोरोना वायरस संक्रमण की इस भयावह स्थिति में कोई भी परीक्षा केंद्र हॉटस्पॉट बनता है तो इसकी जिम्मेदारी सरकार व सीबीएसई बोर्ड की होगी। विद्यार्थियों उनके परिवार या शिक्षकों के संक्रमित होने की दशा में क्या सीबीएसई बोर्ड एवं सरकार उसकी कानूनी जवाबदेही लेने के लिए तैयार है?

## मौत के मातम में सरकार मना रही है उत्सव: अजय कुमार लल्लू

**लखनऊ( पीएनएस )।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना का व्यापक प्रसार, तेजी से बढ़ रहे संक्रमण और भारी संख्या में हो रही दु:खद मौतें चिन्तित करने वाली हैं। कोरोना महामारी पर प्रभावी नियंत्रण के नाकाफी सरकारी उपाय भी चिन्ता एवं गंभीर प्रश्न खड़े कर रहे हैं। अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं का बेहद अभाव है। वैक्सीन, बेड, वेंटिलेटर और आईसीयू की व्यापक कमी प्रदेशवासियों की चिन्ता बढ़ाने वाली है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि जिस प्रकार राजधानी में वैक्सीन के लिए लोगों को लम्बी प्रतीक्षा करनी पड़ रही है, अस्पतालों के गेटों पर मरीज दम तोड़ रहे हैं और इतना ही नहीं शवदाह गृहों पर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को 40-40 घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ रही है यह कोरोना की भयावहता, सरकार की लापरवाही और उदासीनता को दर्शाता है। वहीं दु:ख, पीड़ा और इलाज की असफल जद्दोजहद के बाद होने वाली दु:खद मौत के मातम के बीच उत्सव मनाने का भाजपा सरकारों का निर्णय संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। अजय कुमार ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इस वैश्विक महामारी कोरोना से निपटने एवं बदहाल चिकित्सा व्यवस्था को दुरूस्त करने के बजाए आंकड़ों की कलाबाजी कर रही है। भारी संख्या में हो रहीं मौतों की संख्या को छिपाकर महामारी की गंभीरता को कम करने की कोशिश कर रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कोरोना की जंग में टीम वर्क फिर बना हथियार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना की चुनौती से निपटने और उसका सफलतापूर्वक सामना करने के लिये फिर से टीम वर्क को हथियार बनाया है। उन्होंने परिस्थितियों का आलकन करते हुए बताया है कि आने वाले दिन हम सब के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। उन्होंने कहा है कि कोविड के खिलाफ पिछले वर्ष सभी जिलों ने कोविड प्रबंधन का जो बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया था वह अन्य राज्यों के लिये भी नजीर बन गया था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि इस बार भी टीम वर्कश् से हम इस लड़ाई को जरूर जीतेंगे। उन्होंने बीमारी की रोकथाम के लिये नगर विकास और ग्राम्य विकास विभाग की ओर से विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के लिये कहा है। सभी कार्यालयों व औद्योगिक इकाइयों में बनें कोविड हेल्प डेस्क: मुख्यमंत्री ने सभी कार्यालयों व औद्योगिक इकाइयों में कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कोविड हेल्प डेस्क सक्रिय करने। मतदान कर्मियों पुलिस कर्मियों और चिकित्सा कर्मियों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे जाने। मास्क और सैनिटाइजेशन के प्रति लोगों को सतत जागरूक किये जाने पर भी जोर दिया है। लॉक डाउन की कोई आवश्यकता नहीं: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में लॉक डाउन की कोई आवश्यकता अभी नहीं है। उन्होंने कहा है कि लोगों की आजीविका बचाने के साथ जान भी बचाना उत्तर प्रदेश की सरकार की उच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा है कि पंचायत चुनावों में कोविड को देखते हुए बूथों की संख्या बढ़ाई गई है। पंचायत चुनाव शांति से निपटें, इसकी व्यवस्था भी की गई है।

**सड़क पर खुद उतरे**

**जेसीपी:** लखनऊ। राजधानी के लखनऊ कमिश्नरेट में गुरुवार से जारी कोरोना नाइट कर्फ्यू की सख्ती की रफ्तार दूसरे दिन धीमी पड़ी तो शनिवार रात जेसीपी ने सड़क पर उतर कर खुद कमान संभाली। जिसका नतीजा यह रहा है कि सड़क पर सिपाही से लेकर एसीपी तक अपने.अपने क्षेत्रों में मुस्तैद नजर आए। इस दौरान पुलिस के जिम्मेदार अफसरों बेवजह निकलने वालों के चालान किए तो दूसरी ओर कई लोगों को चेतावनी देकर भी छोड़ा। संयुक्त पुलिस आयुक्त( कानून एवं व्यवस्था) पीयूष मोर्डिया ने शनिवार दिन में जहां एक ओर पैदल गश्त कर लोगों को कोरोना महामारी के प्रति जागरूक किया तो दूसरी ओर देर रात को पुलिस फोर्स के साथ दक्षिणी व पश्चिमी जोन के कई थाना क्षेत्रों का जायजा लिया। इस दौरान सभी पांचों जोन की पुलिस सतर्क रहने के साथ सड़क पर मुस्तैद दिखी। जेसीपी पीयूष मोर्डिया ने बताया कि नाइट कर्फ्यू का कड़ाई से पालन कराए जाने के संबंध में पुलिस अफसरों को निर्देशित किया गया है। साथ ही मास्क का प्रयोगए कोविड.गाइड लाइंस का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। गौरतलब हो कि 8 अप्रैल गुरुवार से रात नौ बजे से सुबह छह बजे तक नाइट कर्फ्यू लगाया गया है। पहले दिन जेसीपी पीयूष मोर्डिया से लेकर पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने खुद कमान संभाली। जिसका व्यापक असर भी दिखाई दिया। लेकिन शुक्रवार को नाइट कर्फ्यू का असर पहले दिन की अपेक्षा कम रहा। वहीं शानिवार को जेसीपी के सड़क पर उतरते ही व्यापक असर दिखाई दिया।

**मोहनलालगंज में पुलिस ने किया जागरूक:** मोहनलालगंज। राजधानी में तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण को काबू करने के लिए मोहनलालगंज पुलिस ने आमजन को मास्क पहनने और सामाजिक दूरी का पालन करने के लिए जागरुक करने की मुहिम शुरु की है। रविवार को ई.रिक्शा पर लगाए गए एनाउंसमेण्ट सिस्टम के जरिए पुलिस टीम ने लोगों को कोरोना के खतरे से बचने के लिए कोविड प्रोटोकॉल के एहतियाती उपायों पर सख्ती से अमल करने की हिदायत देनी शुरु की है।

मोहनलालगंज में आमजन को कोरोना संक्रमण से बचाव करने के लिए इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र की अगुवाई में पुलिस टीम ने व्यापक जागरुकता अभियान छेड़ दिया है। रविवार को पुलिस टीम ने मोहनलालगंज कस्बे की बाजार से लेकर गली.गली जाकर लोगों को कोरोना के खतरे के प्रति सचेत कर मास्क और सामाजिक दूरी का प्रोटोकॉल किसी भी सूरत में नहीं तोड़ने की अपील की। दुकानदारों से खुद मास्क पहनकर रखने के साथ ही आगन्तुकों को भी मास्क पहनने और हाथ सेनेटाइज करते रहने की सीख देने को कहा। कस्बे के अलग.अलग मोहल्ले में जाकर पुलिस टीम ने लोगों को कोशिश करके जरुरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलने की अपील कर बेवजह बाहर का आवागमन कुछ दिनों के लिए भूल जाने की सलाह दी। इस दौरान टीम ने बिना मास्क नजर आने वाले लोगों को मास्क वितरित कर अगली बार बिना मास्क दिखने पर जुर्माना वसूलने की चेतावनी दी। इंस्पेक्टर ने बताया पुलिस की जागरुकता टीम प्रतिदिन किसी न किसी गांव का दौरा कर लोगों को कोरोना से बचाव के प्रति आगाह करेगी।

## मुख्यमंत्री ने टीका उत्सव का लिया जायजा



शक्ति भवन में टीका उत्सव के अवसर पर कोविड वैक्सीनेशन कार्य का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज यहां शक्ति भवन में कोविड वैक्सीन टीकाकरण अभियान टीका उत्सव का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयन्ती से बाबा साहब डॉ. बीआर आंबेडकर की जयन्ती तक 4 दिवसीय टीका उत्सव का महाअभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयन्ती पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 11 अप्रैल को महात्मा ज्योजिबा फुले की जयन्ती से संविधान शिल्पी डा बीआर आंबेडकर जी की जयन्ती 14 अप्रैल तक 4 दिवसीय टीका उत्सव के आयोजन का आहवान किया है। कोरोना के खिलाफदेश की इस लड़ाई में विजय प्राप्त करने के लिए प्रदेश मे टीका उत्सव को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज 6,000 केन्द्रों में टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कल 12 अप्रैल को 8,000 केन्द्रों पर कोविड टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण कोरोना के खिलाफदेश की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने और प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित करने के अभियान का हिस्सा है। उन्होने कहा कि 45 वर्ष से ऊपर का प्रत्येक व्यक्ति जिसने अब तक कोविड वैक्सीनेशन नहीं कराया है, वह वैक्सीन सेन्टर पर रजिस्ट्रेशन कराकर टीकाकरण अभियान का हिस्सा बने। सीएम ने कहा कि वैक्सीन कोरोना से बचाव का एक बड़ा माध्यम है, वैक्सीन सुरक्षित है। पात्रता की श्रेणी में आने वाले हर व्यक्ति को कोविड टीकाकरण कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लेने के बाद भी सावधानी अत्यन्त जरूरी है। बीमारी में उपचार से महत्वपूर्ण बचाव होता है। कोरोना से बचाव के लिए दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी के मंत्र का सभी लोग पालन करें।

## व्यापारी आज से शुरू करेंगे मास्क नहीं तो सामान नहीं अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अखिल** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के कोर कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में सोमवार से हजरतगंज परिक्षेत्र से मास्क नहीं तो सामान नहीं अभियान की शुरुआत करेंगे। संदीप बंसल ने कहा कि जिस प्रकार से राजधानी लखनऊ में कोरोना का कहर बढ़ता जा रहा है व्यापारी समाज को अत्यंत सावधानी पूर्वक सुरक्षा के साथ व्यापार करने की आवश्यकता है इसके लिए संगठन के पदाधिकारी मास्क नहीं तो सामान नहीं का फ्लेक्स दुकान दुकान पर लगाएंगे और मास्क का भी वितरण करेंगे। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, कार्यवाहक अध्यक्ष जावेद बैग, युवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश गौतम, युवा अध्यक्ष असीम मार्शल, महामंत्री अश्वन वर्मा, लखनऊ के महामंत्री एवं प्रदेश मीडिया प्रवक्ता सुरेश छाबलानी ने बताया कि कल दिन सोमवार सायं काल 4 बजे हजरतगंज परिक्षेत्र में छंगामल चौराहे से प्रारंभ करके जनपथ मार्केट में मास्क एवं फ्लेक्स वितरित करते हुए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।



रविवार को बलरामपुर अस्पताल निरीक्षण करते डीएम अभिषेक प्रकाश



लालबाग चौराहे पर बंद दुकानों को सेनीटाइज करते नगर निगम कर्मी

## वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**लखनऊ।** टेढ़ीपुलिया फ्लाईओवर पर रविवार सुबह तेज रफ्तार वाहन से कुचल कर एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया। पहचान न होने पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर गुडम्बा फरीद अहमद ने बताया कि रविवार सुबह करीब छह बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि टेढ़ीपुलिया फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इंस्पेक्टर के मुताबिक देखने मे मृतक विक्षिप्त लग रहा था। मृतक नीली, सफेद धारीदार व काली पट्टी की टीशर्ट और नीला, हरा, नारंगी कलर का बरमुंडा पहने हुए था। इंस्पेक्टर के मुताबिक शव की पहचान कराने के लिए मर्च्युरी में रखवा दिया गया है और एक्सीडेंट करने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

## जालसाजों ने सिपाही के खाते से उड़ाए 28 हजार

**लखनऊ।** जालसाज ने फोन पे पर रुके रुपये वापस लौटाने का झांसा देकर गुडम्बा थाने के एक सिपाही के खाते से 28 हजार रुपये ऐंठ लिया। पीड़ित ने गुडम्बा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सेक्टर.एचए जानकीपुरम निवासी अफसर अली (22) गुडम्बा थाने में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं। अफसर अली का पीएनबी बैंक में बचत खाता है। अफसर अली के अनुसार उन्होंने एक खाते पर फोन पे से कुछ रुपया भेजा। लेकिन 24 घंटे इंतजार करने के बाद वह रुपया जब उस खाते में नही पहुंचा। तो पीड़ित अफसर ने फोन पे के कस्टमर केयर पर सम्पर्क किया। कस्टमर केयर पर शिव कुमार नाम के जालसाज के रुपये लौटने का झांसा देकर एक लिंक भेज कर उसे ऑपरेट करने को कहा। झांसे में लेकर जालसाज ने पीड़ित से ओटीपी हासिल कर 24,996 रुपये की चपत लगा दी। इसके बाद जालसाज ने पीड़ित से कहा कि लिंक को सही से ऑपरेट करो रुपये मेरे पास आ गए हैं। यह सुनते ही पीड़ित के होश उड़ गए। फिर जालसाज ने कहा कि घबराओ नही सही से लिंक ऑपरेट करो वापस आ जाएंगे कहते हुए दोबारा ओटीपी हासिल कर पीड़ित के खाते से 3000 रुपये और ऐंठ लिया। तब पीड़ित को ठगी का पता चला। अफसर अली ने पीएनबी बैंक के कस्टमर केयर व गुडम्बा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।इंस्पेक्टर गुडम्बा फरीद अहमद ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित जालसाज को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## 423 वाहनों का ई-चालान, वसूला गया शमन शुल्क

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर के निर्देश पर डीसीपी यातायात लखनऊ के निर्देशन में रविवार को 423 वाहनों का चालान काटा गया। इसके साथ ही 69200 का शमन शुल्क वसूल किया गया। लखनऊ कमिश्नरेट के चिनहट तिराहे पर बिना कागजात संचालित/डग्गामार वाहन(बस)के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत सीज की कार्यवाही की गई। प्रवर्तन टीमों द्वारा दो पहिया/चार पहिया वाहनों का एमवी एक्ट के तहत बिना हेलमेट, तीन सवारी, रांग साइड, बिना सीट बेल्ट, नो-पार्किंग, रेड लाइट क्रास व ओवर स्पीड आदि के विरूद्ध कार्यवाही की गई। इनमें 123 दो पहिया वाहन में हेलमेट न धारण करने वाले, 28 तीन सवारी में चालान, 57 चार पहिया में सीट बेल्ट, 18 बिना लाइसेन्स के वाहन चलाने में चालान, 14 बिना प्रदूषण सर्टिफेकिट के वाहन में चालान, 25 अन्य अफेन्स में चालान, 25 रांग साइड में चालान व 86 नो.पार्किंग में चालान काटा गया। इस तरह से 423 ई-चालान व 69200 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया।

## गैस रिसाव से घर में लगी आग, सिलेण्डर फटा

**लखनऊ।** नगराम के गुलाल खेड़ा गांव में रहने वाले परम हंस के घर मे सुबह गैस चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था। तभी गैस रिसाव होने से छप्पर में आग लग गयी। लोग कुछ समझ पाते कि इससे पहले तेज हवा के झोंकों के कारण आग ने तेजी से फैलकर पड़ोस में रहने वाले माया राम, राम सहाय, भूपेंद्र, बृजेश, दिनेश व शिव प्रसाद के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों से घिरा सिलेण्डर तेज धमाके के साफ फटने से हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों ने दमकल व डायल 112 पर सूचना देने के साथ ही पंपसेट चलवाकर आग बुझाने में जुट गये। दमकल के पहुंचने से पहले ही उन्होंने आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक कपड़ा, अनाज, घरेलू सामान के अलावा नकदी व जेवरात जलकर नष्ट हो गया था। वहीं छप्पर के नीचे बंधी बछिया भी झुलस गयी। हादसे की जानकारी पाकर पहुंचे निवर्तमान प्रधान संतोष सिंह ने पीड़ित परिवारों को पांच.पांच हजार रूपये आर्थिक मदद के साथ खाने.पीने की सामग्री उपलब्ध करायी। वहीं सुबह पड़ोस के गांव मितौली मे आग लगने से भोगनाथ रावत के गृहस्थी राख हो गयी।

## किसानों की कई बीघे फसल जलकर राख

**इटौंजा।** किसुनपुर गांव में रहने वाले दिवाकर पाल के खेतों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन होकर गुजरी है। रविवार सुबह तारों के टकराने से निकल रही चिन्गारी खेतों में तैयार खड़ी गेंहू की फसल पर गिरने से आग लग गयी। देखते ही देखते ही आग ने फैलकर पास में स्थित रामखेलावन, हनुमान प्रसाद, अंगनू व विनोद समेत कई अन्य किसानों के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। गांव वालों ने दमकल विभाग को बताया फिर निजी संशाधनों से आग पर काबू पाने की कोशिश में लग गये। आग की भनक पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची लेकिन तब तक 20 बीघे से अधिक गेंहू की फसल जलकर राख हो चुकी थी।

## जमीन नहीं दी तो विवाहिता को मार डाला

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र में दहेजलोभियों को जमीन नहीं मिली तो बहू की मिलकर हत्या कर दी। फिलहाल पुलिन ने मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ग्राम बबुरिहा पोस्ट हरई थाना कोतवाली देवा बाराबंकी निवासी प्रवेश कुमार ने बताया कि उनकी बेटी सभ्यता वर्मा का विवाह बीते 17 जनवरी 2019 को अशरफ विहार कालोनी चिनहट निवासी राहुल श्रवणकार के साथ हुई थी। उसकी बेटी को ससुरालीजनों द्वारा शादी के एक वर्ष बाद से उसकी बेटी को परेशान करने लगे। उसकी बेटी के नाम पर बाराबंकी में जमीन थी। जिसे बेचने का बार बार राहुल श्रवणकार, ननद पिंकी, सास सोना देवी, देवर रोहित दबाव बना रहे थे। जमीन न बेचने की वजह से सबने मिलकर उनकी बेटी की हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

## गेहूं की फसल जलकर राख

**लखनऊ।** इटौंजा इलाके में रविवार को गेंहू की फसल में अचानक आग लग गई। खेत में काम कर रहे किसानों ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वह असफल रहे। जिसके बाद उन्होंने सूचना फायर स्टेशन को दी। मौके पर पहुंची तीन दमकल की गाड़ियों ने काफी देर बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी फसल जलकर राख हो गई। पुलिस के मुताबिक इटौंजा के ग्राम किसुनपुर में रहने वाले किसान दिवाकर पाल की गांव में चार बीघा गेंहू की खेती है। जबकि वहीं के राम खेलावन की पांच बीघा, हनुमान प्रसाद की चार बीघा, अंगनू की चार व विनोद की तीन बीघा गेंहू की खेती है। रविवार को सभी लोग अपने खेत में फसल काट रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध हालात में अचानक वहां आग लग गई। किसान कुछ समझ पाते उससे पहले ही आग की लपटें सभी के खेत में फैल गई और तेज धुंआ उठने लगा। पीड़ित किसानों ने उसे बुझाने का प्रयास भी किया लेकिन सफलता नहीं मिली। वहीं बाद में सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

## दुबग्गा से दो तस्कर गिरफ्तार, प्रतिबंधित प्रजाति के 270 तोते किए गए बरामद

पायनियर समाचार सेवा:लखनऊ

**एसटीएफ** द्वारा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्यीय स्तर पर तस्करी करने वाले गैंग के 2 तस्करों को लखनऊ के दुबग्गा तिराहे से प्रतिबंधित प्रजाति के कुल 270 तोते सहित किया गया गिरफ्तार।

वन विभाग व डब्लूसीसीबी (वाइल्ड लाइफक्राइम कन्ट्रोल ब्यूरो) द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक , एसटीएफसे उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में व्यापक स्तर पर संरक्षित पक्षियों की तस्करी के बाद बिक्री करने की सूचना पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। छानबीन के दौरान एसटीएफ को जानकारी मिली कि जनपद लखनऊ के चौक थाना क्षेत्र के चौपटिया निवासी मोण् जैद पुत्र मोण् अमीन द्वारा अपने साथियों के सहयोग से प्रतिबंधित प्रजाति के वन्य जीवों/पक्षियों की तस्करी कर अन्तराज्यीय स्तर पर बिक्री की जा रही है। शनिवार की रात जरिये मुखबिर ज्ञात हुआ कि जनपद पीलीभीत से प्रतिबंधित प्रजाति के पक्षियों को तस्करी कर इनोवा कार से लखनऊ लाया जा रहा है । इस सूचना पर एसटीएफ व वन विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर को साथ लेकर दुबग्गा के पास आवश्यक घेराबन्दी कर इन्तजार करने लगे । कुछ देर बाद एक इनोवा कर यूपी .78 बीक्यू .1220 आती दिखाई दी, जिसे मुखबिर ने देख कर बताया कि यही वह गाड़ी है , जिसमें प्रतिबन्धित तोतो की तस्करी हेतु ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर एसटीएफव वन विभाग की टीम द्वारा गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया तो गाड़ी में बैठे व्यक्ति उतर कर भागने लगे। एसटीएफने आवश्यक बल प्रयोग करके मोहम्मद अशर खान पुत्र मोहम्मद जफर खान निवासी . म. नं.97 ध् 157 कसाईबाड़ा लाटूश रोड , थाना अमीनाबाद लखनऊ और दीपक पुत्र स्व श्याम सिंह निवासी .72 ध् 8 एमएलडी रोड चारबाग थाना नाका , लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चार पिंजरों में प्रतिबंधित प्रजाति के कुल 270 तोते व इनोवा कार बरामद हुई। जिन्हें आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किये गये तस्करों से विभिन्न प्रजातियों के 270 प्रतिबन्धित तोते बरामद किये गये । पूछताछ पर अभियुक्त अशर खान ने बताया कि मेरा चौपटिया पर जमजम नाम का होटल था जो अब बन्द है। होटल बन्द हो जाने के बाद पुराने पक्षी तस्कर जैद पुत्र मो अमीन अली शेख निवासी चौपटिया थाना चौक लखनऊ के कहने पर 10 अप्रैल की भोर में जैद द्वारा 90 अदद सिनेबाज पक्षी अशर को दिए तथा जैद ने ही इनोवा गाड़ी किराये पर देकर पीलीभीत में सनी एवं कांति देवी तक उक्त सिनेबाज पक्षियों को पहुंचाकर पीलीभीत से कांति देवी से तोते लेने को कहा था। जिस पर हम लोग 4 जालीदार पिंजड़ों में तोते लेकर आ रहे थे , जिसे बंगाल भेजा जाना था । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध वन सुरक्षा बल जनपद लखनऊ में केस नंबर 01/2021.22 धारा .9,39,48 ; 1 , 49,50,51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की यथा संशोधित धारा 26 एवम 52. , पंजीकृत किया गया है अग्रिम विधिक कार्रवाई वन विभाग द्वारा की जा रही है ।

## ड्राइंग में सीएमएस छात्राओं को गोल्ड मेडल

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस की प्राइमरी सेक्शन की दो छात्राओं यशस्वी एवं आद्या त्रिवेदी ने अन्तर–विद्यालयी ड्राइंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित 'ब्रेनोब्रेन बडिंग आर्टिस्ट कान्टेस्ट' के अन्तर्गत सम्पन्न हुई। सी.एम.एस. के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लखनऊ के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस की इन प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपनी कलात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ ही रचनात्मक सोच का प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया। यशस्वी एवं आद्या द्वारा बनाई कलाकृति ने निर्णायक मण्डल को अत्यधिक प्रभावित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इन प्रतिभाशाली छात्राओं की सृजनात्मक व रचनात्मक प्रतिभा की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से सी.एम.एस. अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु सदैव प्रोत्साहित करता रहता है।

## रेलवे इंजीनियर के नौकर की हत्या और लूटकांड का सरगना गिरफ्तार

### पूर्व में एक महिला समेत पांच आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार, एक अन्य आरोपी की तलाश में पुलिस की दबिश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के कैंट थाना क्षेत्र स्थित रेलवे आफिसर्स कालोनी में डिप्टी चीफ इंजीनियर पुनीत कुमार के नौकर बृजमोहन की हत्या का मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मृतक का भांजा है। आरोपी के पास से 50 लाख रुपये, चोरी के रुपयों से खरीदी गई बाइक व आलाकत्ल चाकू बरामद हुआ। एडीसीपी पूर्वी कासिम आब्दी के मुताबिक थाना क्षेत्र स्थित मरी माता मंदिर अर्जुनगंज के पास से फिरोजाबाद निवासी बहादुर उर्फ सिद्धार्थ को पकड़ा गया। पूछताछ में बहादुर ने बताया कि 26 मार्च को वह अपने साथियों के साथ प्लान के तहत रेलवे इंजीनियर के घर गया था। जहां से उन्होंने दो करोड़ 47 लाख रुपये चुराए थे। चोरी की साजिश बृजमोहन के कहने पर रची गई थी। पुलिस की मानें तो वारदात के बाद बृजमोहन ने भांजे बहादुर से उसको बांधने के लिए कहा था। इस बीच बहादुर और बृजमोहन के बीच रुपयों के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था। जिस पर बहादुर ने अपने साथियों के साथ मिल कर बृजमोहन की हत्या की थी। बतातें चलें कि बीते शनिवार को पुलिस ने महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा किया था। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 70 लाख रुपये बरामद हुए थे। वहीं शनिवार को फरार आरोपी अनिकेत को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। फिलहाल मामले में बहादुर का एक और साथी अभी फरार है। उधर रेलवे के इंजीनियर के घर में मिली करोड़ों रुपयों की जांच-पड़ताल की जा रही है।

**वांछित गिरफ्तार:** लखनऊ। महानगर पुलिस ने एक वांछित बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास जालसाजी से संबधित कई धाराओं में केस दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक महानगर ने बताया कि जालसाजी से संबधित धाराओं में केस दर्ज था। कई दिनों से पुलिस तलाश कर रही थी। रविवार को पुलिस टीम ने टी–13 फ्लोर गोमतीनगर रेजिडेंसी अशोक एवेन्यू अशोक मार्ग थाना हजरतगंज निवासी नीरव कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया।

## अमौसी एयरपोर्ट का पार्किंग शुल्क तीन से चार गुना बढ़ा

**सरोजनीनगर**–लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन की जिम्मेदारी संभालने के तकरीबन पांच माह बाद ही अडानी ग्रुप ने यह की पार्किंग में तीन से चार गुना तक की बढ़ोत्तरी कर सभी को चौका दिया। इस बढ़ी हुई पार्किंग की मार यात्रियों के साथ ही यहां के दैनिक अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी पड़ेगी। आगामी 15 अप्रैल से इन पार्किंग दरो को लागू करने की तैयारी कर चुके अड़ानी समूह के अधिकारी भी कुछ भी बोलने से कतरा रहे है। कोरोना महामारी के दौरान तीन से चार गुना तक पार्किंग शुल्क बढ़ाए जाने से यहां के वाहना चालको में भारी आक्रोष है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक अड़ानी ग्रुप आगामी 15 अप्रैल से नई पार्किंग दरे लागू करने जा रहा है। अभी तक यहां 30 मिनट के लिए कार पार्किंग का शुल्क 30 रूपये देना होता था। लेकिन अब इसे बढ़ा कर 90 रूपये कर दिया गया है। जबकि दो पहिया वाहनों के लिए अभी तक 10 रूपये निर्धारित था लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 रूपये कर दिया गया है। यही नही बाइक का पार्किंग शुल्क अभी तक 20 लगता था लेकिन अब से चार गुना बढ़ा कर 80 रूपये किया जा रहा है। दो घंटे तक चार पहिया वाहन खड़े पर 150 रूपए एवं 24 घंटे खड़ा करने पर 590 रूपये पार्किंग शुल्क लिया जाएगा। जबकि पिकअप एवं ड्राप के लिए 10 मिनट तक कोई चार्ज नही लिया जाएगा।

**2 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार:** लखनऊ। कृष्णानगर पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से 2 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर महेश दुबे ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। टीम ने मेला गाउण्ड बरिगंवा के पसे कच्ची कालोनी बरिगंवा थाना कृष्णानगर निवासी दाताराम को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से 2 किलो 50 ग्राम मिला। जिसे एनडीपीएस की धाराओं में केस दर्ज जेल भेज दिया।

# डेढ़ सौ पंचायत सदस्यों व बीडीसी के दो उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना तय

## ● बीडीसी सदस्य पद के भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शुक्ल का निर्विरोध चुना जाना तय

संवाददाता। मोहनलालगंज

**नामांकन** वापसी के बाद रविवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के दो दावेदारों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय हो गया है। जबकि ग्राम पंचायत सदस्य पद के तकरीबन डेढ़ सौ दावेदार निर्विरोध निर्वाचित होने तय माने जा रहे हैं। हालांकि ग्राम प्रधान पद के सभी पदों पर कड़ा मुकाबला होने की संभावना है।

मोहनलालगंज ब्लाक की 78 ग्राम पंचायतों में प्रधान पद पर गदा ए हथौड़ा और त्रिशूल समेत 57 चुनाव चिन्ह दावेदारों के संघर्ष के साथी बनेंगे। बीडीसी सदस्य पद के लिए तलवार एहाथी एईंट ए कुल्हाड़ी और हंसिया समेत 36 चुनाव चिन्ह दावेदारों को मुकाबले में जीत दिलाने में मददगार बनेंगे। इसी तरह ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए विभिन्न प्रकार के 18 चुनाव चिन्ह उम्मीदवारों को कामयाबी दिलाने में सहायक होंगे। रविवार को नामांकन वापसी के बाद क्षेत्र पंचायत के वार्ड नंबर 14 से फूलचन्द्र और वार्ड नंबर 72 से भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शुक्ल का निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया है। ग्राम पंचायत सदस्य पद के लगभग 150 उम्मीदवारों को बिना चुनाव लड़े ही जीत मिलनी तय हो गई है। लेकिन प्रधान पद के लिए सभी पंचायतों में उम्मीदवारों में तगड़ी प्रतिस्पर्धा की संभावना जताई जा रही है।

### ब्लाक के बाहर ही सजी रहीं प्रचार सामग्री की दुकानें

मोहनलालगंज ब्लाक मुख्यालय के बाहर ही रविवार को चुनाव चिन्ह छपे बैनर पोस्टर और हैण्डबिल की दुकानें सजी रहीं। लिहाजा चुनाव निशान मिलने के बाद उम्मीदवारों को प्रचार सामग्री खरीदने के लिए भटकना नहीं पड़ा। हालांकि भीड़ जमा होने से रोंकने के लिए पुलिस को जरुर मशक्कत करनी पड़ी।

## ग्राम प्रधान के सभी पदों पर हो रहा कड़ा मुकाबला



चुनाव चिन्ह के लिए ब्लाक में जुटी भीड़

### सामाजिक दूरी हुई तार-तार

मोहनलालगंज ब्लाक में चुनाव चिन्ह के लिए रविवार की दोपहर उम्मीदवारों की भीड़ उमड़ी तो कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने में अफसरों के पसीने छूट गए। पुलिस अफसरों को एक.एक उम्मीदवार के चेहरे पर मास्क बरकरार रखने के लिए दो घण्टे तक खूब पसीना बहाना पड़ा। हालांकि इसके बावजूद भी उम्मीदवारों की लापरवाही से सामाजिक दूरी का खुला उल्लंघन होता रहा। जिसे लेकर पुलिस को बार.बार एनाउंसमेण्ट कर लोगों को फटकार भी लगानी पड़ी।

### इंस्पेक्टर ने थामा माइक लगाई फटकार

मोहनलालगंज में रविवार को चुनाव चिन्ह वितरण के दौरान उम्मीदवारों को कोविड प्रोटोकॉल तोड़ते देखकर इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र खुद माइक सिस्टम थामकर लोगों को कोरोना के खतरे को लेकर सजग करने उतर पड़े। कोरोना का खतरा मोल ले रहे उम्मीदवारों को फटकार लगाते हुए इंस्पेक्टर ने ब्लाक ही नहीं पंचायतों में चुनाव प्रचार के दौरान भूल से भी कोविड प्रोटोकॉल तोड़ने की गलती नहीं करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा आप सभी में से भविष्य के पंचायत प्रतिनिधि भी शामिल हैं इसलिए जिम्मेदारी का एहसास अभी से होना बेहद आवश्यक है।



लोगों को जागरुक करती पुलिस टीम

### दीवारें पोस्टर से पटी तो उम्मीदवारों पर होगा केस

पंचायत चुनाव की आदर्श आचार संहिता को लेकर रविवार को इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने उम्मीदवारों को साफतौर पर अल्टीमेटम दे दिया है। उन्होंने कहा सोमवार से पुलिस टीमें गांवों में आचार संहिता और कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने के लिए बेहद सतर्कता बरतना शुरु करेंगी इस दौरान अगर गांव की गलियां और दीवारें प्रचार सामग्री से पटी मिली तो उम्मीदवारों को कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा। इंस्पेक्टर ने कहा निर्देशों के उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज कर सख्ती की जाएगी।

### प्रचार में भी नजर आ रही महिला सशक्तिकरण की झलक

**मोहनलालगंज।** चुनावी प्रचार में इस बार आधी आबादी के सशक्तिकरण की झलक साफनजर आ रही है। ग्राम प्रधान से लेकर जिला पंचायत सदस्य तक के पदों पर महिला दावेदार अपनी सखियों की टोली लेकर जनसमर्थन जुटाने के लिए घर.घर दस्तक दे रही हैं। महिलाओं के चुनाव प्रचार की यह मुहिम मतदाताओं को तेजी से बदलते भारत का संकेत दे रही है। पंचायतों में प्रतिनिधित्व पाने के लिए महिलाओं ने इस बार घूंघट की ओट से निकलकर चुनावी प्रचार का बीड़ा खुद उठा लिया है। लिहाजा सुबह होते ही गांव की गलियों में दिख रहीं महिला दावेदारों की प्रचार टोलियों पुरुषों को भी चुनौती दे रही हैं। बेझिझक घर की दहलीज में प्रवेश कर महिलाओं की टोली महिला मतदाताओं को रिझाने में कोर कसर नहीं छोड़ रही हैं। जिसे लेकर चुनावी समर में उतर चुके पुरुष दावेदार भी अपने प्रचार अभियान में घर की महिलाओं को भी शामिल करने पर विवश हो रहे हैं। यह नजारा मोहनलालगंज में महिलाओं के आरक्षित की गई दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में देखने को मिल रहा है। चुनाव प्रचार के बहाने महिलाओं ने पंचायतों में बदलाव की शुरुआत कर दी है। कुछ महिला दावेदारों का तो यहां तक कहना है कि अगर मतदाताओं का समर्थन मिला तो इस पंचवर्षी पंचायतों के विकास में भी महिलाएं एक नई क्रान्ति का आगाज करने में पीछे नहीं रहेंगी। उधर महिला टोलियों की सक्रियता ने महिलाओं को घर में छोड़कर खुद उनके नाम पर वोट मांग रहे पुरुषों को भी असल दावेदार को मतदाताओं के बीच जनसमर्थन जुटाने के लिए उतारना पड़ रहा है।

## एआरओ पर जबरन पर्चा निरस्त करने का आरोप

### ● रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के सांसद आदर्श गांव का मामला

संवाददाता। सरोजनीनगर-लखनऊ

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह के सांसद आदर्ष गांव बेंती की महिला प्रधान प्रत्याषी ने रविवार शाम खंड विकास कार्यालय में जमकर हंगामा काटा। हंगामा कर रही महिला प्रत्याषी का आरोप था कि सहायक निर्वाचन अधिकारी ने उसे चुनाव चिन्ह आवंटन के दौरान उसे बिना बताए ही नाम वापसी के पर्चे पर हस्ताक्षर कर लिया और उसका नामांकन निरस्त कर दिया। इसकी जानकारी होने पर महिला प्रत्याषी ने अपने समर्थको के साथ मिलकर जमकर हंगामा काटा। मामले की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने उसकी नामांकन पत्र की जांच की और आवेदन सही मिलने पर उसे चुनाव चिन्ह आवंटित कराया। इस संबंध में यहां के निर्वाचन अधिकारी से जानकारी के लिए कई बार फोन मिला गया लेकिन उन्होंने रिसीव नही किया।



प्रदेश सरकार एवं निर्वाचन आयोग निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कड़े निर्देष जारी किये है। लेकिन चुनावी ड्यूटी में लग अधिकारी व कर्मचारी इसका कितना पालन करते है इसका नमूना रविवार को सरोजनीनगर खंड विकास कार्यालय में देखने को मिला। मामला केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सांसद आदर्ष गांव बेंती से जुड़ा होने के चलते अधिकारियों ने आनन–फानन निपटा दिया। यहां के मजरा तारा खेड़ा में रहने वाली आसमा देवी प्रधान पद का चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया था। शुक्रवार व शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान अधिकारियों ने उसका आवेदन सही पाया और लिस्ट में उसका नाम भी चढा दिया। रविवार को जब अपना चुनाव चिन्ह लेने पहुंची तो एआरओ सुधीर कुमार ने उसे बताया कि उसने तो नाम वापसी के लिए आवेदन किया था और उसका नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया है। यह जानकारी मिलते ही आसमा ने सुधीर कुमार पर विपक्षियों के साथ मिलकर धोखे से नाम वापसी के पर्चे पर हस्ताक्षर कराकर उसका नामांकन निरस्त कर दिया। आसमा के समर्थको को इसकी जानकारी हुई तो वह भी हंगामा करने लगे। मामला बढ़ता देख यहां तैनात अधिकारियों ने लीपापोती करते हुए उसे गदा चुनाव चिन्ह देकर शांत कराया।

### ताकि चुनाव में आसमा को हो नुकसान

चुनावी रणनीतिकारो की माने तो आसमा को कमजोर करने के लिए उसके विपक्षियों ने एआरओ सुधीर कुमार से मिलकर सजिष करते हुए उससे नाम वापसी के आवेदन पर हस्ताक्षर करा लिया होगा। लेकिन मामला बढ़ता देख उसे सबसे नीचे स्थित गदा चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया। आसमा के समर्थको का आरोप है कि आसमा का चुनाव चिन्ह बैलेट पेपर में ऊपर होना चाहिए था। लेकिन अब उसका चुनाव चिन्ह बैलेट पेपर मे काफी नीचे हो जाएगा। जिससे उसके समर्थको को मतदान करने में काफी कठिनाई होगी।

## पंचायत चुनाव में उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस ने किया अभ्यास

संवाददाता। निगोहा

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव में प्रत्याशियों व उनके समर्थकों के मध्य मारपीट और बलवो जैसी होने वाली घटनाओं से निपटने के लिए रविवार को निगोहां इंस्पेक्टर ने अपनी पुलिस टीम को बलवा ड्रिल का अभियास कराया। जहां पुलिस टीम को बताया गया कि बलवा करने वाले लोगों से उन्हें कैसे निपटना है। यह मौजूद सभी आरक्षियों को विस्तार से जानकारी दी गई। थाना प्रभारी निगोहां नन्द किशोर ने बताया कि चुनाव में अक्सर प्रत्याशियों व उनके समर्थकों के बीच मारपीट, बलवा, पथराव जैसी घटनाएं होती रहती है जिसको लेकर रविवार को निगोहां थानां परिसर में पुलिस टीम को बलवा ड्रिल कराकर उन्हें इस तरह के बलवा और मारपीट जैसी घटनाओं से निपटने के लिए अभ्यास कराया गया। बलवा कर रहे उपद्रवियों को कैसे काबू किया जाय और उनसे निपटने के लिए पुलिस को किस तरह की अपनी सुरक्षा व्यवस्था के साथ उनसे निपटे यह सब बलवा ड्रिल कर बताया गया।



# मुख्यमंत्री की सक्रियता से तेज हुआ कोविड टीकाकरण

### ● प्रदेश में 85 लाख से अधिक लोगों ने करवाया टीकाकरण

### ● केंद्र से और मिलीं 20 लाख कोरोना वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** से लोगों के बचाव को लेकर सूबे की सरकार अलर्ट मोड़ पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोरोना संक्रमण से लोगों को बचाने के लिए सूबे में किए गए चिकित्सा प्रबंधों की रोज समीक्षा कर रहें हैं। सूबे में रोज कितने लोगो कोरोना की चपेट में आ रहें हैं और उनके इलाज के लिए जिलों में क्या क्या कदम उठाये जा रहें हैं और कोविड टीकाकरण अभियान के तहत राज्य में रोज कितने लोगों ने कोरोना टीकाकरण कराया, इसकी भी समीक्षा मुख्यमंत्री रोज कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की इस सक्रियता के चलते जहां राज्य में कोरोना मरीजों के इलाज की व्यवस्था बेहतर हुई है, वहीं दूसरी तरफ85 लाख से अधिक लोगों ने कोविड टीकाकरण करा लिया है। सूबे में कोविड टीकाकरण अभियान में कोई रुकावट ना आने पाए, इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रयास से केंद्र सरकार ने प्रदेश को और 20 लाख कोरोना वैक्सीन दी हैं। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सक्रियता का ही नतीजा है जो राज्य को और 20 लाख कोरोना वैक्सीन मिल गई हैं। वही दूसरी तरफ महाराष्ट्र में कोरोना वैक्सीन की कमी के चलते टीकाकरण प्रभवित हो रहा है क्योंकि वहां की सरकार ने वैक्सीनेशन कराने को लेकर पुख्ता योजना तैयार करने में सुस्ती दिखाई। वहीं प्रदेश सरकार ने कोरोना से लोगों के इलाज और कोविड टीकाकरण के लिए अलग–अलग योजनाएं तैयार कर उसपर कार्य किए, जिसके चलते राज्य में 85 लाख से अधिक लोगों ने कोविड टीकाकरण कराया है। राज्य के महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. राकेश दुबे के अनुसार राज्य में 1513051 हेल्थ केयर वर्कर, 1209191 फ्रंट लाइन वर्कर और 5793054 नागरिकों ने कोविड टीकाकरण कराया है। इनमें से 603394 हेल्थ केयर वर्कर, 427228 फ्रंट लाइन वर्कर और 211940 नागरिकों को कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज भी लग चुकी है।



डॉ. राकेश दुबे के मुताबिक अप्रैल के सिर्फ10 दिनों में ही 28.2 लाख टीके लगाए गए हैं। एक अप्रैल से 45 पार सभी लोगों का टीकाकरण शुरू किए जाने और कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेज होने के कारण इसमें काफी तेजी आई है। इससे टीके की मांग तेजी से बढ़ रही है। टीकाकरण अभियान में तेजी आने के बाद अब प्रतिदिन औसतन ढाई लाख से तीन लाख टीके लगाए जा रहे हैं। बीती पांच अप्रैल को सर्वाधिक 5.17 लाख लोगों को टीके लगाए गए। अब तक राज्य में 8515296 टीके लगाए गए हैंए उनमें 76 लाख को कोविशील्ड तथा आठ लाख को कोवैक्सीन लगाई गई है। प्रदेश में सीरम इंस्टीट्यूट की वैक्सीन कोविशील्ड ज्यादा मात्रा में भेजी गई है। भारत बायोटेक की कोवैक्सीन इसके मुकाबले काफी कम भेजी गई है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में कोविड टीकाकरण के आंकड़े कम्प्यूटर में दर्ज किए जा रहे हैं। इसके आधार पर जिलों की रैंकिंग की जा रही है। इसक्रम में हेल्थ केयर वर्कर का कोविड टीकाकरण कराने के मामले में बलरामपुर और औरैया जिले को पहला और औरैया को दूसरा स्थान मिला है। औरैया में 8196 हेल्थ केयर वर्कर में से 7808 ने कोविड की पहली डोज ली और उसके बाद अब तक 6888 हेल्थ केयर वर्कर दूसरी डोज ले चुके हैं। इस तरह से जिले के 84 प्रतिशत हेल्थ केयर वर्कर ने कोविड टीकाकरण कराया है। योगी आदित्यनाथ कोरोना के इलाज के लिए जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और टेस्टिंग पर जोर दे रहें हैं। इसी के तहत मुख्यमंत्री ने रोजाना दो लाख कोरोना टेस्ट करने के निर्देश दिए हैं। इसमें एक लाख टेस्ट आरटीपीसीआर विधि से किए जाएं। उन्होंने निगरानी समितियों को सक्रिय और कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कार्य प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिए। जिलों में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को पूरी सक्रियता से संचालित करने और स्वास्थ्य विभाग के कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी कोविड अस्पतालों की व्यवस्थाओं को चेक करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने रेलवे स्टेशनए बस स्टेशन व हवाई अड्डों पर लोगों की इंफ्रारेड थर्मामीटर व पल्स ऑक्सीमिटर के माध्यम से स्क्रीनिंग करने व जरूरत के मुताबिक रैपिड एंटीजन टेस्ट करने को भी कहा है। इसके साथ ही उन्होंने दवाओं व संसाधनों में किसी प्रकार की कोई किल्लत न हो इसके लिए आला अधिकरियों को निर्देश भी दिए हैं। ड्रग कंट्रोलर एके जैन ने बताया कि प्रदेश में सैनिटाइजर, पीपीई किट, आइवर मैक्टिन, एजिथ्रोमाइसिन समेत संक्रमण से जुड़ी सभी दवाएं व अन्य उत्पाद पर्याप्त मात्रा में हैं और इन दवाइयों की उपलब्धता पर भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान जांच, बेड और वेंटिलेटर की व्यवस्था के साथ अन्य संसाधनों को प्रदेश सरकार ने बढ़ाया है। साल 2020 फरवरी तक प्रदेश में हैंड सैनिटाइजर बनाने की सिर्फ 86 इकाइयां थी, जो बढ़कर अब 151 हो गईं हैं।




लखनऊ में भारतीय स्टेट बैंक के कार्यालय में रविवार को कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया

## कुलदीप सिंह सेंगर की पत्नी का टिकट काटा गया

**लखनऊ।** भाजपा ने पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की पत्नी संगीता सेंगर का टिकट रविवार को काट दिया। इससे पहले 8 अप्रैल को पार्टी की ओर से घोषित उन्नाव जिला पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों की सूची में संगीता सेंगर को वार्ड नम्बर 22 फतेहपुर चौरासी तृतीय से उम्मीदवार घोषित किया गया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने इसकी जानकारी दी। संगीता सेंगर उन्नाव जिला पंचायत की निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। भाजपा द्वारा कुलदीप सिंह सेंगर की पत्नी को टिकट देने का मामला तूल पकड़ने और पीड़िता के परिवार की ओर से इसका विरोध करने के बाद पार्टी ने अपना निर्णय बदलते हुए संगीता का टिकट काट दिया है। उनकी जगह नए उम्मीदवार का नाम जल्द घोषित किया जाएगा। बता दें कि उन्नाव में तीसरे चरण का चुनाव होना हैए जिसके लिए 13 अप्रैल से नामांकन दाखिल किए जाएंगे।

## गेहूं क्रय की नियमित मानीटरिंग करने के दिये गये निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने एमएसपी के तहत गेहूं खरीद कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक क्रय केन्द्र पर गेहूं खरीद का कार्य सुचारु ढंग से किया जाए। किसानों की सुविधा के लिए गेहूं खरीद केन्द्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। गेहूं खरीद के सम्बन्ध में हेल्पलाइन संचालित की जाए। उन्होंने गेहूं क्रय की नियमित मानिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। सोशल डिस्टेंसिंग तथा मास्क के अनिवार्य उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए। गेहूं खरीद केन्द्रों पर सेनिटाइजर, इन्फ्रारेड थर्मामीटर तथा पल्स ऑक्सीमीटर की उपलब्धता रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गो.आश्रय स्थलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का प्रबन्ध किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि संरक्षित गोवंश के लिए गो.आश्रय स्थलों में पीने के लिए पानी, चारा, छाया आदि की समुचित उपलब्धता रहे।

उन्होंने गो.आश्रय स्थलों के लिए भूसे की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में भूसा बैंक स्थापित किया जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व चरेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भीमराव आंबेडकर की मूर्ति रखने पर बवाल, पुलिस पर पथराव

**लखनऊ।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में शनिवार बीती देर रात कुछ ग्रामीणों ने सरकारी जमीन पर भीमराव आंबेडकर की मूर्ति रख दी थी। तहसील प्रशासन को जानकारी होने पर ग्रामीणों से मूर्ति हटाने को कहा गया जिस पर तहसील प्रशासन के लोगों से विवाद होने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों पर हल्का बल प्रयोग किया इससे नाराज ग्रामीण पुलिस पर पथराव भी किया। हालांकि घटना में कोई भी पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ। वहीं मामले में पुलिस ने 20 नामजद व 200 अज्ञात लोगों के खिलाफकेस जांच.पड़ताल कर रही है। जानकारी मुताबिक सैथा गांव के बाहर करीब साढे 5 बिस्वा जमीन सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। उसी जमीन पर गांव के लोग घूर डालते है। शनिवार बीती देर रात गांव के ही कुछ अराजक तत्व के लोग उक्त जमीन पर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति रख दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम ने मूर्ति हटाने को कहा। इस पर ग्रामीण पुलिस से धक्का.मुक्की करने लगे। इससे पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। वहीं नाराज ग्रामीण काफी संख्या में एकत्र होकर जय भीम के नारे लगाते हुए पुलिस पर पथराव भी किया।

### सपा मुखिया ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा में डीसीएम पलटने से हुए दर्दनाक हादसे में दर्जन भर श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि यह अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायी घटना है। श्री यादव ने शोकाकुल परिवारीजनों के प्रति भी गहरी संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वास्थलाभ की कामना की है।

### ज्योतिबा फुले की जयंती पर किया नमन

**लखनऊ ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, नारी शिक्षा और समानता के अधिकार के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती पर उन्हें शत् .शत् नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मौर्य कहा है कि नारी शिक्षा को बढ़ावा देने व सामाजिक सद्भाव का वातावरण बनाने में ज्योतिबा फुले ने बहुत बड़ा योगदान किया ।उनके विचार व उनका दर्शन आज ही प्रासंगिक है। केशव प्रसाद मौर्य ने त्याग, साधना व नारीशक्ति की प्रतिमूर्ति एवं महात्मागांधी जी के स्वतंत्र भारत के सपने को साकार करने में समर्पित सहभागी की भूमिका निभाने वाली कस्तूरबा गांधी जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुये आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### जिला संयोजक घोषित

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने गोरखपुर क्षेत्र के पंचायत चुनाव क्षेत्रीय संयोजक तथा संतकबीर नगर जिले के पंचायत चुनाव जिला संयोजक घोषित किए। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पंचायत चुनाव प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने बताया कि पंचायत चुनाव में सहभागिता के कारण रिक्त हुए पदों पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सुनील गुप्ता को गोरखपुर क्षेत्र का पंचायत चुनाव क्षेत्रीय संयोजक घोषित किया। वहीं संतकबीरनगर जिले के पंचायत चुनाव जिला संयोजक पद पर शेषभान राय घोषित किए गए।

### कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई ज्योतिबा फुले की जयन्ती

**लखनऊ।** महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयन्ती रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू सहित वरिष्ठ नेताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सतीश अजमानी, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं प्रभारी व्यवस्था, सम्पत्ति एवं प्रोटोका शिव पाण्डेय, अनूप गुप्ता, दिनेश सिंह, राहुल राजभर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### उप्र रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ के नाम से नया संगठन बना

**लखनऊ।** उप्र रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ के नाम से एक नया संगठन तैयार किया गया है। जिसकी बैठक रविवार को परिवहन निगम मुख्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष डीके त्रिपाठी ने कहा कि संघ का मकसद निजीकरण का विरोध करनाए संविदा कर्मियों को नियमित करानाए संविदा कर्मियों को सामान कार्य का सामान वेतन दिलाना होगा। संगठन की ओर से एक ज्ञापन परिवहन निगम के एमडी को भेजा गया है। जिसमें परिवहन निगम व उसमें काम करने वाले कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में सहयोग करने की बात कहीं है।

# कोरोना नहीं लॉकडाउन का खौफ

● मुम्बई से एक बार फिर अप्रवासी अपने घरों को लौट रहे हैं

● लोकमान्य तिलक टर्मिनल स्टेशन से यूपी जाने वाली ट्रेनों के जनरल डिब्बे में पैर रखने की जगह नहीं



सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी

**मुंबई में** संपूर्ण लॉकडाउन के डर के चलते एक बार फिर प्रवासियों का पलायन शुरू हो गया है। लोग अपने घर लौटने लगे हैं। मुंबई में लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से यूपी जाने वाली ट्रेनों के जनरल डिब्बे में पैर रखने की जगह नहीं है। रविवार को मुंबई से वाराणसी पहुंची ट्रेन पवन एक्सप्रेस से लोग अपने घरों और गांवों को जाते दिखे। लोगों को कोरोना से ज्यादा अब लॉकडाउन का डर सताने लगा है।

कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर मुंबईए दिल्लीए लखनऊ व कानपुर समेत अन्य शहरों में तेजी से बढ़ रही है। देश एक बार फिर कोरोना वायरस संकट के उसी दौर में जाता दिख रहा हैए जहां पिछले साल था। एक तरफ कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं। शहरों में फिर से लॉकडाउन का डर सता रहा है। वहीं मुंबई में वीकेंड लाकडाउन लगाने का आदेश दिया गया है। प्रवासियों का कहना है कि मुंबई में कोविड.19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और हो सकता है कि यहां लॉकडाउन लगा दिया जाए। इसलिए लोग अपने घरों को वापस जा रहे हैंए क्योंकि एक बार फिर लॉकडाउन में फंसना नहीं चाहते हैं।

मुंबई से ट्रेन में वाराणसी कैंट स्टेशन पहुंचे गोपाल ठाकुर ने बताया कि वह मुंबई में ज्वैलरी लाईन में काम करते हैं पर मुंबई में वीकेंड लॉकडाउन लगने और कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए कारोबार बंद हो गया है इसलिए वह अपने घर वापस जा रहे हैं। वहीं मुंबई में सैलून की दुकान पर कार्य करने वाले रंजित ने बताया कि मुंबई में कोविड के चलते हालत बहुत खराब है सभी दुकानों को बंद करवा दिया जा रहा है। इसलिए वापस घर जा रहा हूं। एक.दो महीने बाद स्थिति सामान्य होने पर वापस मुंबई जाऊंगा। मुंबई से वाराणसी कैंट स्टेशन पहुंचे सूरज कुमार शर्मा ने बताया कि वह मुंबई में कारपेंटरी का काम करते हैं पर इन दिनों जिस भी घर या फ्लैट में जाओ तो वहां कोविड पॉजिटिव मरीज होने का पता चलता थाए इसलिए वह अपने गांव वापस जा रहे हैं और वहीं खेती का काम करेंगे। महाराष्ट्र में फिलहाल शनिवार और रविवार को लॉकडाउन लगाया गया है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की राज्य की कोरोना टास्क फोर्स के साथ एक अहम बैठक होने वाली है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि महाराष्ट्र सरकार लॉकडाउन लगाने के पक्ष में है।

## 1520 नए मरीजों में कोरोना की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में मच गया हड़कंप

● एक की मौत, 217 मरीज स्वस्थ घोषित किए गये

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**जिले में** रविवार को कोरोना संक्रमण एक बार फिर रिकार्ड टूट गए। 1520 नए मरीजों में कोरोना की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कम्प मचा है।अब तक कुल 29741 नए संक्रमित हो चुके हैं। मरीजो में कैंट विधायक, मंडलीय अस्पताल, महिला अस्पताल में एसआईसी समेत कई लोग शामिल हैं। 215 संक्रमित मरीज स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं।रविवार को कोरोना से एक लोगों की मौत हो गई है। अब तक 400 लोगों ने कोरोना से अपनी जान गवां चुके हैं। अब तक एक्टिव केस 6725 हो चुके हैं।एक अप्रैल के बाद से 11 दिनों में ही कोरोना के 6620 नए मामले सामने आ चुके हैं। अब तक कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 29741 हो गई है जबकि रविवार को 215 लोगों को होम आइसोलेशन में स्वस्थ घोषित किया गया। अब 400 लोगों ने अपनी जान गवां चुके है। जिले में कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति और बदतर होती जा रही हैए रविवार की सुबह आई रिपोर्ट में कुल 782 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। जबकि संक्रमितों की संख्या बढ़कर 6204 हो गई है। वहीं जिले में अब तक 29000 मरीज आधिकारिक तौर पर संक्रमित हो चुके हैंए इनमें से 22401 लोग पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। जबकि कुल 398 लोगों ने इस बीमारी से दम तोड़ा है। दूसरी ओर संक्रमण के बढ़ते मामलों की वजह से कुल 5876 लोगों की रिपोर्ट अभी भी नहीं आ सकी है। महामारी के दूसरे लहर में भयावहता बढ़ती ही जा रही है। रविवार को कैंट स्टेशन पर मुंबई से आए यात्री समेत तीन लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। जिन्हें 108 एम्बुलेंस की सहायता से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल भेज दिया गया। एहतियातन एंटीजन टेस्ट डेस्क और ट्रेन की बोगी को सैनिटाइज कराया गया।

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2513 लोगों को मिला नि:शुल्क चिकित्सीय लाभ

**वाराणसी।** रविवार को जिले के समस्त 52 शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य की मुफ्त जांच हुई तथा उपचारए परामर्श के साथ नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एनपी सिंह ने बताया कि आज जिले के समस्त आरोग्य मेले में कुल 2513 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई जिसमें 1050 पुरुषोंए 1157 महिलाओं और 306 बच्चों को देखा गया । इसके साथ ही सभी आरोग्य मेलों में आरटीपीसीआर टेस्ट के लिए सैंपल भी लिए गए । स्वास्थ्य मेलों में आयुष्मान भारत योजना के स्टॉल लगाकर 114 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके अलावा 14 लोगों की हेपेटाइटिस.बी व सी की जांच हुई जिसमें सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गएए 29 लिवरए 202 मरीज श्वसनए 215 उदरए 137 मधुमेहए 360 त्वचा संबन्धित मरीजए 4 टीबी संभावित मरीजए 22 एनीमिकए 103 हाईपेर्टेंशनए 110 महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच ;एएनसीद्धए 1201 अन्य रोगों के मरीज देखे गए । इन मेलों में कुल 8 मरीजों को संदर्भित किया गया । मेले में कुल 5 कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया गया । इसके अलावा 10 मरीजों को आँख की स्क्रीनिंग की गयी जिसमें 1 मरीज को आँख की सर्जरीए 1 मरीज को ईएनटी सर्जरीए 1 मरीज को ओब्स एवं गायनी सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया । मेले में 108 मेडिकल ऑफिसर एवं 449 पैरामेडिकल स्टाफने कार्य किया।

### महिला सशक्तीकरण के पुरोधा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई

**वाराणसी।** देश के प्रथम शिक्षक, शोषितों, वंचितों में शिक्षा की अलख जगाने वाले महिला सशक्तिकरण के पुरोधा, सामाजिक क्रांति के अग्रज महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती पर पुष्प चढ़ाकर एवं दीप जलाकर मनाई गई तथा इस अवसर पर सभी लोगों ने शपथ ली कि हम ज्योतिबा फूलेजी द्वारा बताये हुए मार्ग पर चलेगें। जो मार्ग सत्य का कठिन है, समाज को शिक्षित करने मार्ग है, समाज में सतानता, भाईचारा, बन्धुता बचाने का समाज है।जो देश के महिलाओं को मजबूती एवं सशक्तिकरण बनाने का मार्ग है पर चलने की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष राहुल राज, तिलक कुमार चौहान, दिलीप कुमार, अखिलेश कन्नौजिया, जय प्रकाश यादव, राहुल दुबे, लालजी, रामसरन आदि लोग उपस्थित रहे। अर्दली बाजार स्तिथ समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी द्वारा समाजवादी पार्टी ने महानायक महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई 194 वीं जयन्ती तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई। सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कार्यक्रम को संम्बोधित करते हुए कहा कि आज आधुनिक भारत के महान बौद्धिक एवं उच्च कोटि के सामाजिक वैज्ञानिक ए भारत में प्रथम कन्या विद्यालय की स्थापना करने वाले महापुरुष ए विधवा विवाह के लिए लगातार प्रयास करने वाले ए अनाथ बच्चों के लिए बाल. हत्या प्रतिषेध गृह की स्थापना करने वाले ए मूलनिवासी बहुजन समाज के लोगों को 3500 वर्षों की गुलामी की व्यवस्था से मुक्ति संघर्ष की शुरुआत करने वाले ए अनेक पुस्तकों के रचयिता एवं आधुनिक भारत की नींव रखने वाले महानायक राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले की 194 वीं जयन्ती है । इस पुनीत अवसर पर भारत के सभी लोगों ए बहुजन समाज के लोगों ए महिलाओं एवं युवा युवतियों की ओर से हम अपने महानायक राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि और शत शत नमन अर्पित करते हैं। महात्मा ज्योतिराव गोविन्द राव फुले ने सितम्बर 1873 में महाराष्ट्र में सत्यशोधक समाज नामक संस्था का गठन किया।महात्मा फुले ने महिलाओं एवं दलितों की शिक्षा एवं उत्थान के लिए बहुत काम किये।वह समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने और विधवा विवाह के प्रबल समर्थक थे।



### पूर्व जिलाध्यक्ष प्रजानाथ शर्मा ने एनएसयूआई के जीत पर दी बधाई

**वाराणसी।** ज़िला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रजा नाथ शर्मा ने सम्पूर्णानन्द विश्विद्यालय छात्रसंघ चुनाव में एनएसयूआई के समस्त विज़यी प्रत्याशियों अध्यक्ष कृष्ण मोहन शुक्लए उपाध्यक्ष अजित चौबेए महामंत्री शिवम चौबे व पुस्तकालय मंत्री आशुतोष कुमार मिश्र को हार्दिक बधाई दी है और इस जीत को छात्र.छात्राओं के संघर्ष की विज़य बताया है।महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विगत काफ़ी दिनो से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पठन.पाठन को लगातार बाधित करने का काम किया था और एनण्एसण्यूण्आईण्के कार्यकर्ताओं ने पठन.पाठन को सुचारु रूप से गति देने में विश्वविद्यालय प्रशासन का हमेशा सहयोग किया है।

## पंचायत चुनावः बनारस जिपं चुनाव में कुल 17163 प्रत्याशी, जिपं सदस्य सहित 268 के पर्चे खारिज

**वाराणसी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। दो दिन पर्चे की जांच के दौरान कुल 268 प्रत्याशियों के पर्चे खारिज कर दिए गए। इसमें किसी की उम्र कम तो किसी में वार्ड आदि गलत अंकित कारण बताए गए। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान ग्राम प्रधान पद के 17 पर्चे अस्वीकृत किए गए। इसमें सेवापुरी से दोए बड़ागांव से दोए पिंडरा से तीन हरहुआ से एकए चिरईगांव से सर्वाधिक पांचए आराजीलाइन से तीनए काशी विद्यापीठ से एक फार्म शामिल रहा। इस तरह अब ग्राम प्रधान के लिए 694 सीट पर कुल 5381 प्रत्याशी मैदान में होंगे। इस सीट के लिए कुल 5398 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा था। इसी प्रकार बीडीसी के लिए 15 नामांकन फार्म खारिज कर दिए गए। इसमें सर्वाधिक सात फार्म बड़ागांव ब्लाक में निरस्त हुए। पिंडरा में एकए हरहुआ में तीनए चिरईगांव में दोए आराजीलाइन में एकए ब्लाक काशी विद्यापीठ में एक फार्म अस्वीकृत किए गए। बीडीसी 1107 सीट के लिए कुल 49013 नामांकन हुए थे। अब मैदान में 4896 प्रत्याशी मैदान में होंगे। ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए सर्वाधिक 235 फार्म खारिज हुए। जिले में 8978 पद के लिए कुल 6498 फार्म भर गए थेए अब सदस्य की कुर्सी पर सिर्फ 6254 प्रत्याशी किस्मत आजमाएंगे।

### टीकाकरण में लगे 139 कार्मिकों को चुनाव ड्यूटी से हटाया

**उन्नाव।** प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने कोविड संक्रमण की रोकथाम एवं टीकाकरण कार्य में लगाए गए 139 कार्मिकों को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ड्यूटी से मुक्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 संक्रमण का द्वितीय फेज काफी तेजी से फैल रहा है जिसकी रोकथाम में प्रभावी ढंग से कार्य करने हेतु चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया गया है। सीडीओ ने सीएमओ डॉ अशुतोष कुमार को निर्देश दिए हैं कि पीएचसी सीएचसी केंद्रों के स्वास्थ्य कर्मियों को सैंपलिंग, कांट्रैक्ट ट्रेसिंग, सर्विलांस आदि कोविड-19 टीकाकरण हेतु वृहद स्तर पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

सम्पूर्णानंद विवि में छात्रसंघ चुनाव

## एनएसयूआई के कृष्ण मोहन शुक्ल अध्यक्ष और अजीत उपाध्यक्ष, शिवम चौबे महामंत्री निर्वाचित

● एनएसयूआई का चारों सीटों पर कब्जा रहा, उपाध्यक्ष पद पर अजीत कुमार चौबे व पुस्तकालय मंत्री पर आशुतोष कुमार मिश्र निर्वाचित घोषित किए गए

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**सम्पूर्णानंद संस्कृत** विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई )का रविवार को अध्यक्ष पद पर कृष्ण मोहन शुक्ल, उपाध्यक्ष पद पर अजीत कुमार चौबे, महामंत्री पद पर शिवम चौबे, पुस्तकालयमंत्री पर आशुतोष कुमार मिश्र जीतकर चारों सीट पर कब्जा कर लिया वहीं एवीबीपी के प्रत्याशियों का सुपड़ा साफहो गया है। संस्कृत विवि के छात्रसंघ चुनाव में वेदवेदांग संकाय प्रतिनिधि पद पर राघवेन्द्र मिश्र, पंकज द्विवेदी, कुश तिवारी, शानू कुमार, सत्याजीत तिवारी, साहित्य संस्कृति संकाय प्रतिनिधि में अनुराग शर्मा, बृजेश कुमार दूबे, श्रमण विद्या संकाय प्रियाशु कुमार पाण्डेय तथा दर्शन संकाय में प्रतिनिधि पद पर शिव ओम शर्मा निर्वार्चित घोषित किए गये। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रसंघ के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो0 सुधाकर मिश्र ने बताया कि बहुत ही शांति ढंग से चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें कुल 44.51प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव परिणाम इस प्रकार रहा है। कड़ी सुरक्षा व गहमागहमी के बीच संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में रविवार को छात्रसंघ चुनाव के लिए मतदान सुबह नौ बजे से शुरू हुआ प् दोपहर बारह बजे तक पचास फीसद मत पड़ चुके थे। इस चुनाव में 1732 मतदाता छात्र.छात्राओं को मताधिकार का प्रयोग करना था। मतदान दोपहर दो बजे तक चला। छात्रसंघ के विभिन्न पदों के लिए 16 प्रत्याशियों के भाग्य का होना है। छात्रों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहींए विवि परिसर में परिचय पत्र व फीस रसीद देखने के बाद ही छात्रों को मतदान स्थल तक जाने की छूट दी जा रही थी। निर्वाचन अधिकारी प्रोण् सुधाकर मिश्र के मुताबिक मतदान शांतिपूर्वक संपन्‍?न हुआ है। बताया कि मतदान के बाद मतगणना दोपहर तीन बजे से शुरू हुई। निर्वाचित पदाधिकारियों को परिणामों की घोषणा के तत्काल बाद शपथ भी दिलाई जाएगी।

**चुनाव परिणामः** अध्यक्ष- कृष्ण मोहन शुक्ल 442 (निर्वार्चित), अजय दूबे 306 जीते-136 मतों से, **उपाध्यक्ष**- अजीत कुमार चौबे 441(निर्वार्चित),चन्द्रमौलि तिवारी 343 जीते -68 मतों से, **महामंत्री**- शिवम चौबे 495(निर्वार्चित), गौरीशंकर भगोते 276 जीते-219 मतों से, **पुस्तकालय मंत्री**- आशुतोष कुमार मिश्र- 415(निर्वार्चित), विवेकानंद पाण्डेय 338 जीते-77 मतों।

### बड़ागॉव में प्रधान प्रत्याशी की देर रात गोली मारकर हत्या

**वाराणसी।** बड़ागांव थानांतर्गत सैरा गांव के समीप शनिवार की रात बदमाशों ने प्रधान प्रत्याशी पप्पू यादव ;39द्ध की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का शव खेत में मिला। इस वारदात के पीछे चुनावी रंजिश की चर्चाओं का बाजार गर्म है। मिली जानकारी के अनुसार इंद्रपुर गांव से लगातार 20 वर्षो से प्रधान पप्पू यादव ने दो दिन पहले ही नामांकन पर्चा दाखिल किया था। घटना की शाम वह जनसम्पर्क के बाद घर लौट रहे थे। इस बीच सैरा गांव के समीप बदमाशों ने उन्हें गोली मार दिया। गोली की आवाज सुनकर दौड़े स्थानीय ग्रामीण पूर्व प्रधान को लेकर मलदहिया स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। जहां उन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों ने उनके मौत की पुष्टि कर दी। इसके बाद जानकारी होने पर सैकड़ों की संख्या में समर्थक जुट गए। बड़ागांव थाना क्षेत्र के सैरा गांव के पास ढोल बजवा मोड़ पर शनिवार की रात करीब नौ बजे बदमाशों ने 48 वर्षीय पूर्व ग्राम प्रधान विजेंद्र यादव उर्फ पप्पू की गोली मारकर हत्या कर दी।

### वाराणसी में टीकाकरण का दायरा बढ़ाया गया

**वाराणसी।** वैक्सीन की किल्लत से जूझ रहे जनपदवासियों को बड़ी राहत मिली है। वैक्सीन की 60000 डोज उपलब्ध होते ही अब टीकाकरण का दायरा बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इसके तहत जहां 11 से 14 अप्रैल तक श्कोरोना टीका उत्सवश् मनाया जा रहा हैए वहीं 45 वर्ष से ऊपर के 100 से अधिक कर्मचारी वाले कार्यालय अब अपने यहां टीकाकरण सत्र आयोजित करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें कर्मियों की सूची के साथ एक प्रार्थना पत्र सीएमओ कार्यालय में देना होगा। यह टीका उत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर पूरे देश में मनाया जा रहा है। वहीं विगत आठ अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी वीडियो कांफ्रेंसिंग में निर्देश दिया था कि ज्योतिबा फुले की जयंती से लेकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती तक वृहद स्तर पर कोविड टीकाकरण श्टीका उत्सवश् मनाया जाय। डीएम कौशल राज शर्मा ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग में मिले निर्देशों के क्रम में इस बार 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले की जयंती रविवार को पड़ रही है।

## दूरसंचार विभाग सिग्नलिंग प्रणाली को लगातार कर रहा उच्चीकृतः डीआरएम

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज




**रेल परिचालन** में समयपालनता और संरक्षा को बेहतर बनाये रखने के दृष्टिगत उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय और प्रयागराज मंडल के सिग्नल और दूरसंचार विभाग द्वारा सिग्नलिंग प्रणाली को लगातार उच्चीकृत किया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021 22 के प्रारम्भ में ही सिग्नल और दूरसंचार विभाग द्वारा त्वरित गति से कार्य करते हुए चुनार चोपन खण्ड के खैराही स्टेशन यार्ड की पुरानी मैकेनिकल सिग्नलिंग को समाप्त कर नई इलेक्ट्रिक इन्टरलाकिंग की स्थापना का कार्य 10 अप्रैल को पूरा कर लिया गया। मंडलीय पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि इस कार्य के अंतर्गत खैराही स्टेशन पर 33 रूट कॉम्बिनेशन वाले महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग कार्य के साथ नये आईपीएस डाटालागर ईएलडी फ्यूज अलार्म और डीजी सेट कि स्थापना की गई। इसके साथ ही ईआई इआई रूम आईपीएस एवं बैटरी रूम में स्वचालित फायर अलार्म प्रणाली भी स्थापित की गई है। आग की सम्भावित घटनाओं की रोकथाम हो सके। साथ ही दस प्वाइंट मशीनों की स्थापना के साथ कुल 14 मुख्य सिग्नल और तीन शंट सिग्नल स्थापित किये गये। इसी क्रम में एमएसडीएसी के समानांतर 21 डीटीसीटी डीसीटीसी लगाये गये। बाधा रहित सम्पर्क के लिये 25 वॉट वीएचएफसेट और नियंत्रण फोन प्रदान किये गये हैं। वातावरण को ध्यान में रखते हुये ईआई कमरे में स्वचालित चेंजओवर वाले एसी लगाये गये हैं।

इस कार्य के पूर्ण हो जाने से प्रयागराज मण्डल संरक्षित रेल संचालन प्रदान करने के क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ गया। इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग से केबिनों में फैले जटिल मैनुअल ऑपरेशन की जगह माउस बटन के क्लिक द्वारा पावर केबिन से केंद्रीकृत फेल सेफ संचालन हो सकेगा। जनशक्ति की भी पर्याप्त बचत। सिग्नल विभाग द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य को महाप्रबंधक उत्तर मध्य एवं पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी के निर्देशन और प्रमुख मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजिनियर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय अरुण कुमार और मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज मण्डल मोहित चंद्रा के नेतृत्व में पूरा किया गया। पुरानी मैकेनिकल सिग्नलिंग को समाप्त कर नई इलेक्ट्रिक इन्टरलाकिंग की स्थापना के कार्य को मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजिनियर पी टू प्रयागराज डी पी गर्ग के साथ दिलीप राजपूत वरिष्ठ मण्डल सिग्नल और दूरसंचार इंजिनियर प्रयागराज राहुल सिंह उप मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजिनियर प्रोजेक्ट प्रयागराज के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मुख्य सिग्नल इंजीनियर नीरज यादव ने बताया कि इलेक्ट्रिक इन्टरलाकिंग की स्थापना से इस खण्ड में पचास केएमपीएच के गति प्रतिबंध को भी समाप्त किया जा सका।

## कथा का समापन

**प्रयागराज।** श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं संकीर्तन समिति प्रयागराज के तत्वावधान में प्रतिवर्ष हो रही भागवत कथा के 22 वें वर्ष का आयोजन श्यामा सदन राधे कृष्णा एनक्लेव लूकरगंज में हर्षोल्लास के साथ रविवार को सम्पन्न हुआ। श्रीमान मंदिर बरसाना धाम मथुरा से के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आचार्य डा रामजी लाल शास्त्री ने अमृत रूपी भागवत कथा का संगीतमय वर्णन कर सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया। नौ दिनों तक चलने वाली कथा में प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों में भगवान के सभी अवतार और उनकी लीलाओं का बड़े ही वृहद एवं मार्मिक ढंग से वर्णन किया। श्रीराम जन्मोत्सव तथा नंदोत्सव में गाजे बाजे के साथ श्रीकृष्ण की मनोहर झांकी का दर्शन तथा अनेक बधाइयों के द्वारा सभी उत्सव मनाए गए। रुक्मणी विवाह का वर्णन तो ऐसा हुआ कि सभी श्रोता झूम झूम कर नाचने लगे सत्संग की महिमा तथा भागवत धर्म के महत्व को बताते हुए आचार्य ने बताया कि भगवन ध्यान उनके कथा नाम श्रवण आदि के द्वारा तथा महापुरुषों के द्वारा आचरित मार्ग का अनुसरण करने से भगवान को शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। आठवें दिन कथा का समापन शुकदेव के पूजन एवं भागवत के पूजन के द्वारा हुआ। नौवें दिन हवन के द्वारा यज्ञ का समापन तथा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कोविड 19 के दिशा निर्देशों के साथ सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। भागवत कथा के मुख्य यजमान अतुल निगम एवं दुलीचंद सेठ रहे। समिति के अध्यक्ष जय शिवसेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार नाथ त्रिपाठी ने भक्तों का आभार जताया। कार्यक्रम में ईश्वर चंद केसरवानी भूपेंद्र नाथ सिंह आर के दीक्षित शैलेंद्र केसवानी डा एस के पाण्डेय पं मनीष द्विवेदी अम्बरीश दुबे सुदर्शन सिंह विनोद यादव उषा निगम रन्नो वर्मा आशा केसरवानी सीमा सेठ डा अखिल निगम आकांक्षा निगम कनक केसवानी शालू श्रीवास्तव अनीता सचदेवा आदि रहे।

## आम्बेडकर की 130वीं जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**संविधान निर्माता** बाबासाहेब डा बी आर आम्बेडकर की 130 वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर एण्ड टीवी के कलाकारों ने बाबासाहेब को विशेष श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संगठित भारत के सपने को याद किया। कलाकारों में जगन्नाथ निवानगुने एक महानायक डा बी आर आम्बेडकर से रामजी सकपाल अंबरीश बॉबी और भई क्या चल है के रमेश प्रसाद मिश्रा पवन सिंह और भई क्या चल रहा है के जफर अली मिर्जा आकांशा शर्मा और भई क्या चल रहा है की सकीना फरहाना फातिमा और भई क्या चल रहा है की शांति आसिफ शेख भाबीजी घर पर हैं के विभूति नारायण मिश्रा रोहिताश्व गौड़ भाबीजी घर पर हैं के मनमोहन तिवारी कामना पाठक हप्पू की उलटन पलटन की राजेश ग्रेसी सिंह संतोषी मां सुनाएं व्रत कथाएं की संतोषी मां शामिल हैं। जगन्नाथ निवानगुने उर्फ रामजी सकपाल कहते हैं डा आम्बेडकर सही मायने में एक महान नेता थे। उनके कार्यों ने सारे भारतीयों के जीवन को छुआ और उन्हें प्रभावित किया। हम बाबासाहेब की 130वीं जयंती मना रहे हैं। ऐसे में हम उस महान लीडर और समाज के प्रति उनके अद्भुत योगदान के लिये उन्हें सलाम करते हैं। अंबरीश बॉबी उर्फ रमेश प्रसाद मिश्रा कहते हैं डा बी आर आम्बेडकर ने एक देश और एक संविधान की छत्रछाया में लाखों भारतीयों को लाकर संगठित भारत की नींव रखी। जहां समानता हर भारतीय का अधिकार हो। इस साल आम्बेडकर जयंती उनकी 130वीं जयंती की वजह से विशेष है। बाबासाहेब ने महिलाओं तथा समाज के लिये बहुत ही बेहतरीन कार्य किये हैं। डा बी आर आम्बेडकर ने समानता के लिये उन्होंने जो संघर्ष किया उसका मुझ पर काफी गहरा असर पड़ा है। महिला सशक्तिकरण की बात हो या फिर शिक्षा में उनका योगदान हो। कामना पाठक उर्फ राजेश कहती हैं डा आम्बेडकर ने उदारता और समानता पर आधारित एक समाज की परिकल्पना की थी। उन्हें याद करें और इसका उत्सव मनाएं। रात साढ़े आठ बजे एक महानायक डा बी आर आम्बेडकर का प्रसारण सोमवार से शुक्रवार केवल एण्डटीवी पर जाता है। इतने सारे लोगों को प्रभावित करने वाले सामाजिक तथा आर्थिक बदलाव के लिये एक महान दृष्टिकोण की जरूरत होती है। महान नेता डा बीआर आम्बेडकर को श्रद्धांजलि दें।

### विश्वप्रसिद्ध अधिकरण और तकनीक की दी जानकारी

**प्रयागराज।** आज के समय में भारत के सबसे तेजी से विकसित होते हुए ब्रांड रियलमी ने अपने सी सीरीज़ के परिवार में नए एंट्री लेवल फोन रियलमी सी बीस रियलमी सी इक्कीस और रियलमी सी पच्चीस प्रस्तुत किए। यह लोगों को बड़ी स्क्रीन मेगा बैटरी लाईफदमदार परफॉर्मेंस एवं बेहतरीन कैमरा क्वालिटी के साथ संपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगे। माधव शेठ वाइस प्रेसिडेंट रियलमी एवं चीफएक्ज़िक्यूटिव ऑफिसर ने कहा कि हमारी एंट्री लेवल सी सीरीज़ को सदैव से लोगों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। सी सीरीज़ के दुनिया में बत्तीस मिलियन से ज्यादा यूज़र्स हैं। सोलह अप्रैल से दोपहर बारह बजे से रियलमी डॉट कॉम पर मिलेगा। तीन नई सी सीरीज़ के लांच के साथ किफायती सेगमेंट के यूज़र्स सर्वश्रेष्ठ टेक्नॉलॉजी के साथ विस्तृत विकल्प प्राप्त कर सकेंगे। गुणवत्तायुक्त टीयूवी रीनलैंड में विश्वप्रसिद्ध अधिकरण के साथ साझेदारी की है।

### जागरूकता को पुलिस ने निकाला फ्लीट मार्च

**मौरावां।** बढ़ते कोविड संक्रमण और पंचायत चुनाव के दृष्टिगत मौरावां थाना पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लीट मार्च निकालकर लोगो को जागरूक किया। साथ ही फ्लीट मार्च के दौरान पुलिस के जवान हिदायत दे रहे थे बिना मास्क मिले तो चालान होगा। रविवार को थाना क्षेत्र के गाँव अकोहरी, मवई, रजवाड़ा, करदहा, संदाना, हिलौली, कटरा चेतराय, भवानीगंज सहित अन्य गांवों में थाना पुलिस ने फ्लीट मार्च निकालकर जागरूक किया। सीओ रघुबीर सिंह ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण पर कहा सजगता ही उपाय है। सभी लोगो को मास्क लगाना अति आवश्यक है। बिना मास्क के घर से बाहर न निकले। वही थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह राजावत ने अपील करते हुए कहा मास्क के प्रयोग करने की आदत डालें।

## सेवानिवृत्त फौजी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या

● युवक ने दिनदहाड़े कुल्हाड़ी से किया हमला, अवैध संबंध बना हत्या की वजह

संवाददाता। पाटन, उन्नाव

**बिहार थाना** क्षेत्र में रविवार को एक रिटायर्ड फौजी पर गांव के ही एक युवक ने दिनदहाड़े धारदार हथियार से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद हमलावर युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और हिरासत में रखकर देर शाम तक छानबीन करती रही। उधर, गांव में माहौल तनाावपूर्ण होता देख पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद युवक से पूंछतांछ में जुटी पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आशनाई रंजिश से जोड़कर देख रही है। घटना थाना क्षेत्र के थरि मजरे खरही रामपुर गांव की है। बताते हैं कि सुबह 8 बजे करीब स्थानीय निवासी गिरिजेश सिंह (54) पर गांव के रुद्र प्रताप सिंह उर्फ शुभम पुत्र बुध्दिमान सिंह ने कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर लहूलुहान कर दिया। सूचना पाकर पहुंची एंबुलेंस घायल को सुमेरपुर पीएचसी ले गई। जहां गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले को लेकर पुलिस की तफ्तीश में आशनाई रंजिश की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार पूंछतांछ के दौरान हमलावर युवक ने बताया है कि बीती रात उसने गिरिजेश सिंह को उसके परिवार की एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। भोर पहर उसने अपना संतुलन खो दिया। जब कोटेदार के दरवाजे से गुजरते समय वहां बैठे गिरिजेश सिंह ने उसकी तरफ देखकर मूंछों पर ताव देकर उसे उकसाया था। तभी वह वापस गया और घर से कुल्हाड़ी लाकर हमला कर दिया। उधर, मृतक की पत्नी ने घटना को सुनियोजित बताया है। उसने पुलिस को तहरीर देकर हमलावर युवक के अलावा गांव के पूर्व प्रधान पति व रोजगार सेवक सहित चार लोगों पर हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवेचना की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गिरिजेश सिंह फौज में तैनात थे। परिजनों के अनुसार सेना से रिटायरमेंट के बाद वह बाहर शहर में एक गैस एजेंसी में गार्ड की नौकरी कर रहे थे। ड्यूटी के कारण उनका ज्यादातर रहना गांव से बाहर ही होता था। उनके लखनऊ से गांव आए एक सप्ताह भी नहीं हुआ था। युवक के साथ उनकी क्या अनबन हो गई जिससे कि एकाएक उनकी जान ले ली। यह बात लोगों को समझ नहीं आ रही। गुस्से व सनक के दुष्परिणाम कितने भयंकर हो सकते हैं इसका अंदाजा बिहार थाना क्षेत्र में रविवार को थरि गांव की घटना से लगाया जा सकता है। जहां एक युवक की सनक ने न सिर्फ उसे जेल की सलाखों तक पहुंचा दिया, बल्कि रिटायर्ड फौजी की जिंदगी छीनकर उसके पूरे परिवार को भी बेसहारा कर दिया। गिरिजेश सिंह की मौत के बाद पत्नी व तीन बेटियां अनाथ हो गई।उनकी चार संतानों में से सबसे बड़ी बेटी कल्याणी का विवाह हो चुका है। उन्हें अभी तीन बेटियों सर्वाणी (24), कोमल (20), सोनाली (18) के हाथ पीले करने थे। पत्नी उर्मिला ने बताया वह मझली बेटी की शादी की तैयारियां कर रहे थे। पति के गम व बेटियों की चिंता में फौजी की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 12 अप्रैल, 2021




## महाराष्ट्र प्रकरण

### साझा जांच की आवश्यकता

**महाराष्ट्र** के सचिन वाजे प्रकरण में जांच करने वाली सीबीआई व एनआईए के कामकाज में समन्वय के अच्छे नतीजे निकल सकते हैं। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई व नेशनल इन्विस्टीगेशन एजेंसी-एनआईए दो स्वतंत्र जांच एजेंसियां हैं। वे महाराष्ट्र के पद से हटाए गए गृह मंत्री अनिल देशमुख तथा बर्खास्त इंस्पेक्टर सचिन वाज़े की जांच के मामले में अनेक साझा सुराग तलाश सकती हैं। इन प्रमुख जांच एजेंसियों की जांच संभवत: अनेक बिंदुओं पर एकसाथ आएगी और यदि ये दोनों एजेंसियां परस्पर संगति में काम करें तो न्याय के लिए अच्छा होगा। इस तर्क का विस्तार करते हुए दोनों एजेंसियों के अधिकारियों को शामिल कर एक साझा टीम बनाने पर विचार हो सकता है क्योंकि दोनों मामले एक दूसरे से जुड़े हैं। संयुक्त जांच में सामूहिक रूप से सबूत जुटाने, बयान दर्ज करने तथा दोषियों पर शिकंजा कसने में आसानी होगी। सीबीआई की दो टीमें वाज़े का बयान दर्ज करने एनआईए कार्यालय पहुंची थीं क्योंकि वह एनआईए की हिरासत में था। एक विशेष एनआईए अदालत ने सीबीआई को बर्खास्त पुलिसकर्मी वाज़े और विनायक शिंदे की 'वसूली' डायरियों तक पहुंचने की अनुमति दी थी। विशेष एनआईए अदालत को लिखे चार पेज के एक पत्र में सचिन वाज़े ने सनसनीखेज खुलासा किया था कि राज्य परिवहन मंत्री शिवसेना के अनिल परब ने उनसे एक ट्रस्ट के मामले में जांच बंद करने के लिए '50 करोड़ पर समझौते' की बात करने को कहा था। मंत्री ने वाज़े से बीएमसी में धोखाधड़ी करने वाले 50 ठेकेदारों की तलाश कर उनसे कम से कम दो करोड़ वसूली की मांग की थी।





पत्र में आरोप लगाया गया है कि रांकापा सुप्रीमो शरद पवार द्वारा वाजे की बहाली रद्द करने पर विचार के बाद देशमुख ने उससे कथित रूप से 'दो करोड़ रुपये की मांग' की थी। इसके अनुसार, उप मुख्यमंत्री अजित पवार के 'बहुत निकट' एक व्यक्ति ने वाज़े से एक अवैध गुटखा विक्रेता से हर माह 100 करोड़ रुपये वसूल करने को कहा था। पहले वाज़े ने कहा था कि उसे बलि का बकरा बनाया गया है। इन आरोपों से यह संकेत भी मिलता है कि न केवल देशमुख, बल्कि महाविकास अघाड़ी-एमवीए सरकार में कई अन्य गंदी मछलियां भ्रष्टाचार में गले तक डूबी थीं। बंबई उच्च न्यायालय द्वारा सीबीआई को अपने खिलाफ भ्रष्टाचार आरोपों की प्राथमिक जांच की अनुमति देने के बाद देशमुख ने 'नैतिक आधार' के बहाने इस्तीफा दिया था। उनको सर्वोच्च न्यायालय से भी कोई राहत नहीं मिली जिसने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी तथा एमवीए सरकार की याचिका खारिज कर दी। महाराष्ट्र का घटनाक्रम अपराधियों की बालीवुड कहानी जैसा लगता है जिसमें राजनेताओं, भ्रष्ट अधिकारियों और अपराधियों के बीच गठजोड़ सामने आता है। लेकिन फिल्मों में भ्रष्ट व्यवस्था से लड़ने वाले नायकों के उलट महाराष्ट्र में ऐसा कोई नायक फिलहाल नहीं दिखाई देता है। उम्मीद करनी चाहिए कि सीबीआई और एनआईए द्वारा शिकंजा कसने के बाद एमवीए सरकार के कई अन्य प्रभावशाली नेताओं की असलियत उजागर होगी। रांकापा, कांग्रेस व शिवसेना की इस गठबंधन सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। विपक्ष ने अक्सर आरोप लगाए हैं कि केन्द्र इन एजेंसियों का प्रयोग विरोधियों पर निशाना लगाने तथा बदला लेने के लिए करता है। लेकिन इसके बावजूद यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार में अनेक ऐसे दागी लोग हैं जिनकी उचित जगह विधानसभा के बजाय जेल की सलाखों के पीछे है।

# उत्तर कोरिया को लेकर चीन की मंशा

**पूरी दुनिया जानती है कि केवल चीन उत्तर कोरिया को बचाए रखता है। पश्चिम में कई लोगों ने चीन पर उत्तर कोरिया के खिलाफ वैश्विक प्रतिबंधों को दरकिनार करने का आरोप लगाया है।**

**माखन सैकिया**
(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)



यद्यपि उत्तर कोरिया की परमाणु महत्वाकांक्षा पर अमेरिका और चीन दोनों ने चिंता व्यक्त की है, लेकिन एक ही लक्ष्य के लिए उनके दृष्टिकोण अलग-अलग हैं। अमेरिका चाहता है कि चीन किम पर परमाणु महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने के लिए दबाव डालने के लिए अपने आर्थिक लाभ का उपयोग करे। हालांकि, शी के तहत चीन केवल वही करने को तैयार है जो उसके हितों के अनुकूल हो चीन ने दुनिया के लगभग सभी कोनों में अपना जाल फैला रखा है। उत्तर कोरिया के साथ, चीन ने स्थिरता का समर्थन करने और इस रहस्यमय भूमि के परमाणु गियर पर पकड़ बनाने के लिए एक अनूठी रणनीति बनाई है।

सफल चीनी नेताओं ने उत्तर कोरिया के प्रति तीन अलग-अलग रणनीतियों को बनाए रखा है- पहला, युद्ध को भड़काने के लिए नहीं; दूसरा, यथास्थिति बनाए रखने के लिए; और अंत में, परमाणु शस्त्रागार के लिए नहीं।

सफलतापूर्वक, चीन उत्तर कोरिया का हर मौसम मित्र है। इस प्रकार, हालांकि बीजिंग उत्तर कोरिया के परमाणु विकास की घोर निंदा करता है, लेकिन यह उस रहस्यमय राष्ट्र पर कठोर वैश्विक प्रतिबंधों का विरोध करता है। और चीन की रणनीति दो प्रमुख महत्वपूर्ण चिंताओं को संबोधित करने के उद्देश्य से है- 870 मील सीमा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर शरणार्थी बाढ़ को रोकने के लिए कि यह उत्तर कोरिया के साथ साझा करता है और किम शासन के तत्काल पतन को रोकता है।

चीन और उत्तर कोरिया के बीच संबंधों को इस चीनी कहावत के माध्यम से स्पष्ट रूप से वर्णित किया जा सकता है : चुन वांग छी हान (यदि होंठ चले गए हैं, तो दांत ठंडे होंगे)। यह सही संकेत देता है कि दोनों देश अंतर-निर्भर हैं। प्योंगयांग के लिए बीजिंग का समर्थन ऐतिहासिक 1950-53 के कोरियाई युद्ध से जुड़ा है। वे दिन थे, चेयरमैन माओ के अधीन चीन, पूंजीवादी दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने उत्तरी कम्युनिस्ट सहयोगी उत्तर कोरिया की सहायता करने के लिए उत्सुक था। उत्तर कोरिया को इसका समर्थन प्योंगयांग में सत्ता में आने के बावजूद जारी है।

1948-94 से किम इल-गाया, किम जॉन-इल (1994-2011) और अब किम जोंग-उन 2011 से आज तक, चीन किम के विभिन्न शासनों को राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह के समर्थन देते रहे हैं।

रिकॉर्ड पर, चीन उत्तर कोरिया का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। वास्तव में, 2000-2020 से, दोनों राष्ट्रों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग दस गुना बढ़ गया है। यहां तक कि उत्तर कोरिया के खिलाफ सख्त अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रतिबंधों के बावजूद, चीन-उत्तर कोरिया की लंबी सीमा अभी भी मोबाइल फोन, रेशम के कीड़ों, ईंधन, समुद्री भोजन आदि जैसे वस्तुओं में स्थापित व्यापार मार्गों के लिए खुली है।

इन नियमित आर्थिक गतिविधियों से परे, चीन ने अपने सीमावर्ती शहरों जैसे डंडोंग और शेनयांग के बीच एक उच्च गति रेलवे लिंक स्थापित किया है ताकि उत्तर कोरिया के साथ व्यापार को बढ़ावा दिया जा सके। दोनों राष्ट्रों ने उत्तर कोरिया से चीन को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कार्गो और कंटेनर शिपिंग मार्ग भी खोला है। चीन उत्तर कोरिया को मुख्य रूप से खाद्य और ऊर्जा क्षेत्रों में सहायता प्रदान करता है। चीन, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने 1995 के बाद से उत्तर कोरिया को 75 प्रतिशत से अधिक खाद्य सहायता प्रदान की। देश का गंभीर अकाल 1990 के दशक में दस लाख से अधिक लोगों की जान लेने वाले भारी बाढ़ और सूखे के कारण हुआ था। दुर्भाग्य से, देश आज तक इस लंबे खाद्य संकट से बाहर नहीं आ पाया है। इस प्रकार, प्योंगयांग पूरी तरह से चीन और उसकी सद्भावना पर निर्भर है।

संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों द्वारा प्रकट अनुमानों के अनुसार, देश की 43 प्रतिशत से अधिक आबादी कुपोषित है। यद्यपि किम जोंग-उन तेजी से आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, लेकिन देश गंभीर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण किसी भी विदेशी निवेश को आकर्षित करने में सक्षम नहीं है। इसकी एकमात्र उम्मीद चीन है और देश पूर्व के साथ मजबूत आर्थिक संबंधों की तलाश कर रहा है।

हालांकि, प्योंगयांग को चीन का समर्थन लगातार जारी था, जब बाद में अक्टूबर 2006 में परमाणु हथियार का परीक्षण किया गया। इसके बाद, बीजिंग को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संकल्प संख्या 1718 को वापस लेना पड़ा जिसके कारण उत्तर कोरिया के खिलाफ गंभीर प्रतिबंध लगाए गए। और पहली बार, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने अपने उत्तरी कम्युनिस्ट पड़ोसी के प्रति एकमुश्त दंड के लिए निरंतर राजनयिक समर्थन से चीन की रणनीति के संक्रमण को देखा। जब नवंबर 2017 में, किम ने फिर से एक मिसाइल का परीक्षण किया, तो बीजिंग ने कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव पैदा करने वाले सभी कार्यों को प्रतिबंधित करने के लिए प्योंगयांग को बुलाया। ये सभी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करते हैं कि चीन उत्तर कोरिया के जुझारू कदमों से सावधान है जो दोनों देशों के आपसी हितों के खिलाफ हो सकता है। बीजिंग ने उत्तर कोरिया पर सभी उच्च प्रोफ़ाइल वैश्विक वार्ता के दौरान एक पावरब्रोकर की भूमिका निभाई है। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन के बीच दो महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलनों के बाद, अंतर्राष्ट्रीय नीति निर्माताओं ने अब तक मुख्य रूप से नाभिकीय चरणों पर ध्यान केंद्रित किया है, कोरियाई प्रायद्वीप में शांति के लिए तत्काल उपाय और अंत में, इसी प्रतिबंधों से राहत मिलती है। हालाँकि, प्योंगयांग एक एशियाई टिंडर बॉक्स बन गया है। किम का पागलपन और गुप्त परमाणु कार्यक्रम पूरे कोरियाई प्रायद्वीप को महाद्वीप के गंभीर युद्ध क्षेत्र में बदल सकता है।



संभवत:, किम वंश से निपटना चीन सबसे अच्छी तरह जानता है। लेकिन फिर कभी-कभी कुछ मूलभूत प्रश्न उठते हैं कि क्या उत्तर कोरिया रणनीतिक दायित्व है या चीन के लिए एक अवसर है। बीजिंग में कम्युनिस्ट नेताओं ने इस तथ्य को महसूस किया होगा कि इसके उत्तरी पड़ोसी को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी संभावित लाभ के लिए इस्तेमाल किया जाना है।

दुनिया ने उत्तर कोरिया को एक राज्य के रूप में ब्रांड किया है, लेकिन बीजिंग किम शासन को अन्यथा लेता है। हालांकि स्पष्ट रूप से चीन ने उत्तर कोरिया के खिलाफ एक ठोस परमाणु राज्य बनने के अपने निरंतर प्रयासों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का समर्थन किया है, अपने वित्तीय और व्यापार समर्थन को सीधे और प्रभावी रूप से लंबे समय तक किम की परमाणु मशीन की सुविधा दी है। इससे उत्तर कोरियाई आर्थिक रूप से अब तक जीवित रहने में मदद मिली है। इसके अलावा, इन चीनी प्रयासों ने अप्रत्यक्ष रूप से दोनों कोरिया के पुनर्मिलन की उम्मीदों को धराशायी कर दिया। अमेरिका सचमुच उत्तर कोरिया पर अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ने का दबाव बना रहा है। वाशिंगटन का कहना है कि एक बार यह हो जाने के बाद, दुष्ट राज्य के साथ व्यापार, राजनयिक संबंध, सहायता और संबंधों के सामान्यीकरण की गारंटी हो सकती है। यद्यपि अमेरिका और चीन दोनों ही उत्तर कोरिया को बदनाम करने में रुचि रखते हैं, लेकिन एक ही लक्ष्य के लिए उनके दृष्टिकोण पूरी तरह से अलग हैं। अमेरिका चाहता है कि चीन अपने आर्थिक लाभ का इस्तेमाल दबाव बनाने या किम को परमाणु महत्वाकांक्षा को छोड़ने के लिए मनाए। इस प्रकार वाशिंगटन के अधिकारी चीन को समाधान के एक हिस्से के रूप में देखते हैं लेकिन दुर्भाग्य से बीजिंग तेजी से केवल कोरियाई कोन्ड्रोम का हिस्सा बन रहा है। शी के लिए, चीनी राष्ट्रपति, जो अब एक जीवन-समय के नेता हैं, घरेलू मोर्चे पर ब्राउनी अंक जीतने के लिए उत्तर कोरिया का उपयोग करना चाहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पूरी तरह से जानते हैं कि केवल चीन इस क्षेत्र में स्थिरता बनाए रख सकता है अगर अभी के लिए कोरियाई पहेली को हल न करें। निश्चित रूप से, बीजिंग इस अवसर का उपयोग अपने पक्ष में अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को चालू करने के लिए करेगा जो लगातार हांगकांग, ताइवान, तिब्बत, शिनजियांग और दक्षिण चीन सागर की तरह शी को परेशान कर रहे हैं।

किम के साथ क्या समस्या है? किम अपने पारिवारिक शासन को बनाए रखना चाहता है। और उसके लिए, परमाणु बटन उसके लिए एकमात्र गारंटी है कि वह अपने वंशानुगत शासन को बनाए रखने और पड़ोसियों और दुनिया को धमकी देने के लिए। उत्तर कोरिया पर लाभ उठाने के बावजूद, चीन और दक्षिण कोरिया किम को वार्ता की मेज पर लाने में विफल रहे हैं। किम पूरी तरह से अपने देश में सुधार लाने के खिलाफ है। इस तरह के सुधार के उपायों से उनके राज पर से पर्दा उठ सकता है। उत्तर कोरिया के कुलीन लोग यह अच्छी तरह से जानते हैं कि इसकी केंद्रीय समस्याएं बाहर नहीं बल्कि भीतर ही हैं। इस प्रकार, वे, किम के साथ, यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई सुधार नहीं हो रहा है, ताकि इसके खराब आबादी पर अपना नियंत्रण जम सके। जाहिर है किम के साथ खोखली शिखर वार्ता नहीं चलेगी। वह परमाणु मोर्चे पर गंभीर बातचीत की मांग करता है। ट्रम्प ने जिस तरह से भव्य इशारों का विस्तार किया, उससे बिडेन के लिए बेहतर है। कई बार, बीजिंग के मालिकों ने किम जोंग-उन के प्रति सख्त रुख प्रदर्शित किया है। लेकिन पश्चिमी देशों, विशेष रूप से, अमेरिका कभी भी चीन के इरादों पर विश्वास नहीं करेगा। क्योंकि कहीं भी चीनी नेतृत्व ने इस पुनरावर्ती राष्ट्र पर सीमित व्यापार प्रतिबंधों को लागू करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संकेत दिया है। और पूरी दुनिया जानती है कि केवल चीन उत्तर कोरिया को बचाए रखता है और सभी बाधाओं के खिलाफ ठीक बचता है। पश्चिम में कई लोगों ने चीन पर उत्तर कोरिया के खिलाफ वैश्विक प्रतिबंधों को दरकिनार करने का आरोप लगाया है।

# समाप्त नहीं हुई भारत-पाक शांति की संभावना

**गौरी द्विवेदी**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



सभी जानते हैं कि अनेक नीतिगत मुद्दों पर बार-बार विचार बदलने के कारण पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान वह थोड़ी सी विश्वसनीयता भी खो चुके हैं जो इस देश में सिविलियन सरकारों को मिली थी। यह समझने के लिए भी किसी राजनीतिक विद्वान की जरूरत नहीं है कि वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तरह नहीं हैं जिन्होंने जटिल सीमा विवादों को 'अगली पीढ़ियों के विवेक' पर छोड़ दिया था। प्रधानमंत्री मोदी को इतनी राजनीतिक शक्ति प्राप्त है कि वे समस्या का समाधान कर सकते हैं। दोनों दुश्मन देशों के सिविलियन नेतृत्व के बीच अंतर से भारत-पाकिस्तान के बीच का अंतर भी समझा जा सकता है। संभवत: वर्तमान शत्रुतापूर्ण परिवेश में व्यापार व खेल संबंधों की बहाली जैसे छोटे कदमों से शांति बहाली की उम्मीद करना सही नहीं होगा। हालांकि, भारत-पाकिस्तान संबंधों में सकारात्मक परिवर्तन के तीन स्पष्ट कारण भी मौजूद हैं। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था वर्तमान यथास्थिति नहीं झेल सकती है जिसमें भारत के साथ व्यापार न करना भी शामिल है। इस्लामाबाद ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ से 13वीं बार कर्ज लिया है तथा अर्थव्यवस्था भयानक मुद्रास्फीति की शिकार है। गेंहू के बढ़ते आयात से पाकिस्तान का आर्थिक संकट और बढ़ा है। सालों तक आत्मनिर्भर रहने के बाद अब पाकिस्तान को गेंहू आयात करना पड़ रहा है। उसकी तुलना में बांग्लादेश की जीडीपी वृद्धि दर शानदार आठ प्रतिशत है और उसका विदेशी मुद्रा भंडार चार गुना है।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने अकारण ही 18 मार्च के भाषण में भू-अर्थव्यवस्था की बात नहीं की है। पाकिस्तान के वर्तमान आर्थिक संकट को किसी लफ्फाजी से नहीं ढका जा सकता है। पाकिस्तानी सेना यह तथ्य ज्यादा अच्छी तरह समझती है क्योंकि वह अर्थव्यवस्था का प्रमुख अंग है। यदि भारत पर 'लगाम लगाने' का भ्रम और रक्षा पर इतना अधिक खर्च न होता तो क्या पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था इसी हाल में होती? शायद भारत के साथ व्यापार शुरू करना संबंध सामान्य बनाने की दिशा में पहला छोटा कदम होगा, लेकिन क्या यह पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए जरूरी है। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था की बदहाली अभी पूरी तरह सामने आना बाकी है। उसे चीन को भारी भुगतान करना है। चीन ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे में भारी निवेश किया है जो बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव का प्रमुख हिस्सा है। चीन एक सूदखोर देश है और वह मित्रों को खैरात देने में विश्वास नहीं करता है। देर-सवेर चीन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थिति वाले पाकिस्तान में लगाए अपने पैसे की वसूली करना चाहेगा। पाकिस्तानी अवस्थापना के कुछ समझदार लोगों की चिन्ता है कि यदि पाकिस्तान केवल भारत के प्रति घृणा को केन्द्र में न रखता तो बीजिंग से उसके संबंध कैसे होते। ऐसे में उसके चीन के साथ सामान्य संबंध होते और केवल नई दिल्ली को नीचा दिखाने के लिए वह उसका मुहरा न बनता। हालांकि, इस प्रक्रिया में वह चीन का भारी कर्जदार हो गया है। कर्ज का भुगतान अब पाकिस्तान के लिए बड़ा सिरदर्द है।

अफगानिस्तान की घटनाओं पर भी इस्लामाबाद की गहरी नजर है जिनका प्रभाव भारत-पाक संबंधों पर भी पड़ सकता है। कुछ खबरों के अनुसार अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद वहां अराजकता पैदा होने से रोकने के लिए बहुराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र टीम तैनात की जा सकती है। ऐसे में नई दिल्ली का इस टीम में शामिल होना संभव है क्योंकि अमेरिका ने हमेशा भारत से बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद की है। इस्लामाबाद यह स्थिति पसंद नहीं करेगा क्योंकि इससे उसका भू-रणनीतिक महत्व तथा अमेरिका से लेनदेन की क्षमता घटेगी। ऐसे में यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अफगानिस्तान के बारे में परोक्ष संवाद हो सकता है जिसमें भारत व पाकिस्तान दोनों अपनी भूमिका निभा सकें।

आखिरकार पाकिस्तान को कश्मीर संबंधी लफ्फाजी से कोई लाभ नहीं हुआ है और अनुच्छेद 370 समाप्त करने के मुद्दे पर उसे विश्व शक्तियों का समर्थन नहीं मिला है। इसके उलट अमेरिका के अफगानिस्तान से जाने के बाद काबुल में अपनी भूमिका से इस्लामाबाद को ज्यादा लाभ मिल सकता है। क्या इमरान खान या उनके सैनिक हुक्मरान कश्मीर मुद्दे को स्थगित रख कर अफगानिस्तान में बड़ी भूमिका निभाना चाहेंगे? क्या वे कश्मीर में युद्धविराम जैसे सकारात्मक कदमों के बदले काबुल का भविष्य तय करने में ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहेंगे?

इन सवालों का जवाब स्पष्ट है, लेकिन इसका क्रियान्वयन भारत व पाकिस्तान के बीच 'अनौपचारिक' वार्ताओं से तय होगा। यह पाकिस्तान में सभी निर्णय लेने वालों के लिए महत्वपूर्ण है, भले ही उनमें इमरान खान शामिल हों या नहीं। जुलाई में पाकिस्तानी सेना और सिविलियन सरकार के कुछ तत्व गिलगिट-बाल्टिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके को अपना पांचवां व छठा प्रांत बनाने का मामला उठाएंगे। यदि इमरान ऐसा करते हैं तो नई दिल्ली की प्रतिक्रिया स्वाभाविक रूप से बहुत तीखी होगी क्योंकि भारत सरकार ने इन दोनों क्षेत्रों को वापस लेने की इच्छा व प्रतिबद्धता प्रकट की है। ऐसी स्थिति में भारत व पाकिस्तान के बीच संबंधों में लचीलेपन की संभावना बहुत कम हो सकती है। 5 अगस्त, 2019 के बाद भारत सरकार ने अपना दृष्टिकोण पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि 'अब भविष्य में सारी चर्चा केवल पीओके पर होगी।' पाकिस्तानी सेना की संस्थागत वैधता 'कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए' भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने पर केन्द्रित है। यदि पीओके पाकिस्तानी प्रांत बन जाता है तो दोनों पक्षों की जनता का दबाव इतना अधिक होगा कि संबंधों में आगे बढ़ना असंभव हो जाएगा। इन जटिलताओं को देखते हुए बंद दरवाजों के पीछे व औपचारिक राजनयिक चैनलों से दूर अनौपचारिक वार्ताओं का कोई नतीजा निकलना कठिन है।

इस प्रकार भारत और पाकिस्तान घृणा, दुश्मनी और तनाव झेलने के लिए शायद अभिशप्त नहीं हैं। भारत द्वारा अनेक प्रयासों के पाकिस्तानी आतंकी हमलों के कारण विफल होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्विपक्षीय संबंध सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के इच्छुक हो सकते हैं। फिलहाल शांति भले ही भ्रामक लग रही हो, पर यह बात शांति प्रक्रिया के बारे में नहीं कही जा सकती है। सभी आयामों को देखने से स्पष्ट है कि यह प्रक्रिया आगे बढ़ रही है और इससे कुछ मतभेद दूर हो सकते हैं। भले ही इस उप-महाद्वीप की सर्वाधिक जटिल भू-राजनीतिक समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान फिलहाल न दिख रहा हो, पर हमें इस दिशा में बढ़ने की इच्छाशक्ति दिखानी चाहिए।

## आप की बात

### विधायक भी लगवाएं वैक्सीन

**वर्तमान** समय में संपूर्ण देशभर में कोरोना संक्रमण का घातक दौर जारी है। इस जानलेवा महामारी से चारो तरफ ख़ौफ़नाफ़ माहौल निर्मित है। कोरोना संक्रमण को परास्त करने के लिए देशभर मे टीकाकरण हो रहा है। और निर्धारित मापदण्डों के अंतर्गत जनता जनार्दन लाभ ले रही है। परन्तु विडम्बना देखिए कि जनता जनार्दन के चुने विधायको को टीकाकरण में दिलचस्पी नजर नही आती। समाचार पत्र से ज्ञात समाचार के आधार पर विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश के बाद भी अभी तक 133 विधायकों ने कोरोना वैक्सीन नही लगवाया। जबकि टीकाकरण प्रदेश में शहर से लेकर गांव कस्बो में सरकार ने टीका केंद्र खुलवाये है। अब समझ से परे लगता है कि आखिर विधायकों की वैक्सीन के प्रति इतनी उदासीनता क्यो...? सूत्रों द्वारा ज्ञात है कि 229 में से 96 विधायकों ने ही वेक्सीनेशन करवाया है। कोरोना संक्रमण महामारी को देखते हुए विधानसभा सचिवालय ने विधायकों से वेक्सीनेशन नही कराने का कारण पूछा तो विधायकों की तरफ से अजीबोगरीब तर्क मालूम हुए। अब समझ मे नही आता की ये जनता के चुने जन प्रतिनिधियों की इस तरह अनदेखी रहेगी तो आम जनता से क्या उम्मीद कर सकते हैं?

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### न्यायपालिका की क्षमता बढ़ाएं

**देरी** से मिला न्याय, अन्याय के समान होता है। भारत की न्याय व्यवस्था, विश्व में उदहारण पेश करती है। मौजूदा समय में, सर्वोच्च न्यायालय में 29 जज हैं, जिसको कि बढ़ाकर अधिकतम 34 किया जा सकता है।वही पूरे देश में 25 उच्च न्यायालय हैं, जिसमें करीब 1079 जज हैं। वर्ष 2020 में लगभग 3.65 करोड़ केस थे, जो कि बढ़कर 4 करोड़ हो गए हैं। अपूर्ण केस में लगातर हो रहीं बढ़ोतरी, न्याय पालिका की क्षमता को कम कर रहीं है।ऐसे में न्यायपालिका समेत मौजूदा सरकार और राष्ट्रपति को विशेष ध्यान देना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा था कि अधीनस्थ न्यायतंत्र को पर्याप्त संख्या में न्याय कमरा, मदद के लिए स्टाफ, जज के लिए रहने की व्यवस्था, कम बजट आवंटन जैसी बुनियादी जरूरतों के कमी से केस में लगातर बढ़ोतरी हो रही। अगर अपूर्ण केस को खत्म या फिर पूर्ण करना है तो ई कोर्ट को बढ़ावा देना होगा, लोक अदालत और ग्राम न्यायालय के माध्यम से, तुच्छ व छोटे केस से कोर्ट के समय को बर्बाद न किया जाए। इन मसलों को उसी स्तर पर हल कर लिए जाए, जो आगे के लिए बेहतर और उच्चतम एवं सर्वोच्च न्यायालय पर भार कम रहेगा।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

### जल्दबाजी न करे अमेरिका

**लहूलुहान** अफगान से एक और बुरी खबर आई है। अमेरिका वहां शेष बचे अपने सैनिकों की वापसी की योजना बना रहा है हालांकि ऐसा वह आम सहमति से ही करेगा मगर अमेरिका का अफगान से हटना तालिबानियों के हौसले बुलंद करेगा। इससे हिंसा और रक्तपात बढ़ने का अंदेशा रहेगा। अच्छा यही होगा कि ताजा संघर्ष की समाप्ति के बाद ही अमेरिकी सेना वहां से प्रस्थान करें तो स्थाई शांति की उम्मीद बनी रहेगी। लंबे समय से संघर्ष की आग में जल रहा अफगानिस्तान लाखों निर्दोष लोगों की मौत का मंजर देख चुका है। तालिबानियों के घात लगाकर हमले और प्रत्युत्तर में अफगान सरकार की जबरदस्त सैनिक कार्रवाई से निर्दोष मौतें ही हुई है। आधिपत्य की लड़ाई में वहां की जनता फिजूल ही हिंसा की भेंट चढ़ी है। अमेरिका ने वार्ताओं के जरिए मध्यस्थता के प्रयास भी किए मगर चालू वार्ता के बावजूद तालिबानियों के हमले जारी रहे जिससे वार्ता भी सफल नहीं हो पाई है। क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती के कारण तालिबान हल्का पड़ रहा था।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**सीतलकुची** में नरसंहार हुआ था। मैं सीतलकुची का दौरा करना चाहूंगी। चुनाव आयोग कूच बेहर में प्रवेश प्रतिबंधित कर तथ्यों को दबाने की कोशिश कर रहा है।

– **ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल



**राज्य** सरकार राष्ट्रीय राजधानी में लॉकडाउन लगाने के पक्ष में नहीं है, लेकिन अगर स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो गई तो लॉकडाउन एकमात्र विकल्प होगा।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**माइक्रो** कंटेंनमेंट जोन के बारे में हम कितना जागरूक हैं, इससे हमारी सफलता तय होगी। हमारी सफलता का फैसला हमारे द्वारा किया जाएगा, जब जरूरत न हो तो हम घरों से बाहर कदम न रखें।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# भाऊपुर में अचानक हुई चार मौतों से मचा कोहराम, गांव हुआ सील

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या



**हैरिंग्टनगंज** ब्लाक क्षेत्र के भाऊपुर गांव में अचानक हुई चार मौतों से पूरा इलाका थर्रा गया है। लोगों का मानना है कि यह मौतें कोरोना संक्रमण की वजह से हुई हैं। हालांकि सभी मृतकों का दाह संस्कार गांव में ही कर दिया गया था। रविवार को गांव पहुंची स्वास्थ्य टीम ने 77 लोगों की कोविड जाँच की गई। जिसमें दस लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। गांव को सील कर दिया गया है।

बताया गया कि सभी मृतकों के गले में खरास और दर्द के साथ साँस लेने में दिक्कत और जुकाम बुखार की शिकायत थी। गांव में अभी दर्जनों लोग बीमार बताये जा रहे हैं। भाऊपुर गांव में स्वास्थ्य टीम पहुंच कर जाँच कर रही है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीएन द्विवेदी ने बताया कि रविवार को 77 लोगों की जांच की गई जिसमें से 10 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने बताया कि सोमवार को भी ग्रामीणों की जांच जायेगी। बताया गया कि हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम भाऊपुर में 19 मार्च से 27 मार्च तक महेश तिवारी उर्फ सोनू सिकरेट्री के यहां श्रीमद्भागवत कथा का कार्यक्रम था। जिसमें इनकी एक महिला रिश्तेदार लखनऊ से आई थीं। लोगों का कहना है कि वह कोरोना पॉजिटिव थीं। इनके सम्पर्क में कई लोग आये हैं। जिसमें कलावती (50) की 9 अप्रैल को मृत्यु हो गयी। इसके पहले 7 अप्रैल को राम किशुन पासी की 48 वर्षीय पत्नी की भी गले में दर्द एवं जुकाम बुखार से मौत हो गई। विद्या का इलाज लखनऊ में चल रहा है। नीलम के भाई ललित की भी तबीयत ठीक नहीं है। सोनू की बेटी मांडवी 21 वर्ष भी पाजिटिव बताई जा रही है। चूँकि गांव में भण्डारे में सभी लोगों का खानदान था। जिससे पवन तिवारी (45 वर्ष) संक्रमित हुए और शनिवार रात लगभग 8 बजे मृत्यु हो गई। इसके पूर्व शनिवार को ही सुबह पुजराइन 50 वर्षीय पत्नी दिनेश तिवारी की भी मृत्यु हो गई। भाऊपुर गांव में दो घंटे पहले स्वास्थ्य टीम पहुंची है। गांव वालों की कोविड19 की जाँच की जा रही है। गांव वालों के मुताबिक भाऊपुर गांव की तीन महिलाओं और एक युवक की मृत्यु कोरोना की ही वजह से हुई है।

## वाहनों के पंजीयन पत्रावली की जिम्मेदारी अब डीलरों के हवाले

**अंबेडकरनगर।** उप संभागीय कार्यालय में वाहनों का पंजीयन पत्रावली का भार कार्यालय में अधिक होने के चलते पत्रावलियों का रखरखाव विभाग की जिम्मेदारी होती थी लेकिन अब इन पत्रालियों का विभाग द्वारा रखरखाव की जिम्मेदारी से मिली निजात अब डीलर ही अपने यहां पंजीयन फाइलों की रखरखाव की जिम्मेदारी स्वयं होगी। शासन के निर्देश पर परिवहन आयुक्त द्वारा उप संभागीय कार्यालय में 6 तारीख के बाद से चाहे चार पहिया वाहन हो या दो पहिया व अन्य वाहन हो वाहनों का पंजीकरण की फाइल अब कार्यालय की रखरखाव की जिम्मेदारी ना होकर अब डीलर अपने यहां रख कर के उन पंजीयन फाइलों के रखरखाव की जिम्मेदारी डीलर की स्वयं होगी। उसके साथ साथ किसी पंजीयन फाइलों को निरीक्षण करना होगा तो इलेक्ट्रॉनिक कोडिंग विभाग द्वारा की जाएगी।

# सांसद ने सीएचसी मसौधा का किया निरीक्षण




संवाददाता। अयोध्या

**ज्योतिबा** फुले की जयंती 11 अप्रैल से शुरु होकर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक चलने वाले टीका उत्सव का डेडिकेटेड कोविड-19 एल-1 सीएचसी मसौधा में सांसद लल्लू सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान टीकाकरण को लेकर हो रही कार्यवाही की उन्होने समीक्षा भी की। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि कोरोना की प्रथम लहर के दौरान केन्द्र सरकार के प्रयासों की सराहना पूरे विश्व में की जा रही है। इस आपदा में जहां दुनिया के विकसित देश भी दिक्कतों में आ गये।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस आपदा से लड़ने के साथ भारत आत्मनिर्भरता के पथ पर तेजी से अग्रसर हुआ। कोविड.19 की अब दूसरी लहर है। अब इससे लड़ने के लिए हमारे पास वैक्सीन है। योग्य व्यक्ति का टीकाकरण अति आवश्यक है। इसके लिए हम इसे उत्सव की तरह से मना रहे है। पार्टी स्तर पर वैक्सीन के प्रति लोगो को जागरुक किया जा रहा है। इसके साथ कोरोना से बचने के उपायों को हर हाल में इस्तेमाल करने के लिए कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम कोरोना की दूसरी लहर को जल्द परास्त करने में सफ्ल होंगे। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक चंदेश्वर पांडेय का खिलाड़ियों ने किया अभिनंदन

संवाददाता। अयोध्या



**महाराजा** इंटर कॉलेज के गोस्वामी तुलसीदास प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक व बास्केटबाल के प्रशिक्षक चंदेश्वर पांडेय का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीयस्तर के बास्केटबाल खिलाड़ियों ने प्रशिक्षक के प्रति कृतज्ञता अर्पित की। संस्मरण साझे किए। प्रशिक्षक को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। मुख्यअतिथि रामवल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास ने पांडेय को उच्चकोटि का प्रशिक्षक बताया। कहा कि उनकी कर्मठता से ही यहां के खिलाड़ियों को न्याय मिला और वे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल सके। उन्होंने बास्केटबॉल मैदान पर नया बोर्ड लगाने का एलान किया। कहा अयोध्या में इस खेल की कायम प्रतिष्ठा का संरक्षण किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने पांडेय के व्यक्तित्व को प्रेरणादायी बताया। कहा अयोध्या को बास्केटबॉल के ब्रांड के रूप में स्थापित किया। अब इसे संरक्षित करने की जिम्मेदारी है। संत मिथिला बिहारी दास ने कहा कि अयोध्या में खेल की विभिन्न धाराओं को पांडेय ने न सिर्फ स्थापित किया बल्कि उसे पुष्पित और पल्लवित कर खेल की बगिया विकसित की। प्रधानाचार्य रामकृष्ण मिश्र व शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अवनि कुमार ने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. अंशुमान पाठक, श्रवण यादव, आशीष श्रीवास्तव, हाईकोर्ट में सरकारी अधिवक्ता पवन मिश्राए हरीश शुक्ला, राहुल सिंहए रोहित शर्मा, सुनील अवस्थीए निरंकार पाठकए शशांक पांडेय, विनीत श्रीवास्तव, अमित निषाद, अजीत सिंहए आदित्य सिंह ने बारी.बारी प्रशिक्षक का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रेमसागर चतुर्वेदीए आनंद पांडेय, बसपा नेता अजय आजाद, जय शंकर नाथ त्रिपाठी, अंजली, ज्योत्सना, कविंद्र पांडेय, एबीवीपी के पूर्व जिला संयोजक अंकुर सिंह, बृजेश गुप्ता, डीएन सिंह, आलोक मिश्रा, प्रेम यादव अन्य मौजूद रहे। संचालन पवन मिश्र व पार्षद आशीष सिंह ने आभार ज्ञापित किया।

# मिल्कीपुर क्षेत्र में अग्नि देवता ने बरपाया कहर

- आवासीय और गैर आवासीय ठिकाने जले
- एक गोवंश झुलसा जंगल में भी लगी भीषण आग

संवाददाता। मिल्कीपुर अयोध्या





**मिल्कीपुर** तहसील क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर लगी भीषण आग से 4 परिवारों की गृहस्थी जलकर राख हो गई है अग्निकांड में 1 गोवंश इसके अलावा कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत जिगनाही जंगल में में लगी भीषण आग से वन विभाग के सैकड़ों पेड़ जलकर झुलस गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को कुमारगंज थाना क्षेत्र के गोकुला गांव निवासी राम अवध मौर्या के घर लगभग 10 बजे अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी अग्निशमन कर्मियों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग को बुझा लिया। किंतु जब तक आग बुझाते तब तक राम अवध राम अवध मौर्या की संपूर्ण गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि अग्निकांड के समय पीड़ित का परिवार खेत पर काम कर रहा था। आग से संपूर्ण गृहस्थी जलकर राख हो जाने के चलते परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे जिला पंचायत पद प्रत्याशी भाजपा कमलेश यादव ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और तहसील प्रशासन को घटनाक्रम के बारे में अवगत कराया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया । इसके अलावा रविवार को ही दोपहर करीब 12 बजे रामअकबाल के छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने रामसुंदर व रामसूरत के गैर आवासीय छप्पर को भी अपने आगोश में ले लिया। रामअकबाल का एक गौवंश भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों की टीम कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग बुझाया। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार अरविंद त्रिपाठी ने राजस्व कर्मियों की टीम अग्नि पीड़ित गांव भेजा और अग्नि पीड़ित लोगों के क्षति का आकलन कराया। वही दूसरी ओर खंडासा थाना क्षेत्र स्थित कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत जिगनाही जंगल में भी रविवार को ही दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई ग्रामीणों ने अग्निकांड की जानकारी अग्निशमन कर्मियों को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन कर्मियों की टीम जंगल पहुंच गई है और बेकाबू आग को बुझाने में जुट गए हालांकि देर शाम तक जंगल में लगी आग को अग्नि समन कर्मियों की टीम ने कब्जे में कर लिया था और आग बुझाने के प्रयास जारी रहे। मिल्कीपुर फायर यूनिट से अग्निशमन कर्मियों की टीम में प्रमुख रूप से सुरेंद्र सिंह, विजय द्विवेदीए, वीरेंद्र सिंह, संतोष कुमार, मनोज कुमार, रमाशंकर सिंह, दिनेश मिश्रा, मनमोहन एवं दीपक सोनकर प्रमुख रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत, बरसाए गए फूल



संवाददाता। अंबेडकरनगर

**नवनियुक्त** भाजपा जिला अध्यक्ष के जलालपुर आगमन पर लोगों ने माला पहनाकर मिष्ठान वितरित करते हुए भव्य रूप से स्वागत किया। डॉ मिथिलेश त्रिपाठी को भाजपा का जिलाध्यक्ष घोषित किए जाने के पश्चात रविवार को जलालपुर नगर के प्रथम आगमन पर लोगों ने जमकर फूल बरसाते हुए जगह जगह स्वागत किया गया इसी क्रम में नगर के जमालपुर चौराहे पर लोगों द्वारा नारेबाजी करते हुए पुष्प वर्षा की गई तथा डाकखाने पर भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। यादव चौराहे पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा व पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी , भाजपा के नगर अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने माला पहनाकर स्वागत किया तत्पश्चात राजेश मिश्रा द्वारा मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस मौके पर मानिक चंद सोनी, राजेश सिंह ,गुलाब अग्रहरी, कृष्ण गोपाल कसौधन, विशाल त्रिपाठी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# कोविड के कारण नहीं होगी सरयू महाआरती

- राम लला की शोभायात्रा भी रहेगी स्थगित
- बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष व महामंत्री ने दी जानकारी

संवाददाता। टाण्डा, अंबेडकरनगर



कार्यक्रम के स्थगन की जानकारी देते अध्यक्ष व महामंत्री — पायनियर

**परम्परागत** रुप से प्रतिवर्ष टाण्डा नगर में आयोजित होने वाले नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति के समारोह जिसमें चौत्र शुक्लप्रतिपदा के दिन श्री सरयू महाआरती और दुग्धाभिषेक एवं श्री रामनवमी पर निकलने वाली मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम लला के बालस्वरूप की शोभायात्रा इस वर्ष कोविड-19 के तेज गति से बढ़ते संक्रमण और इस कारण प्रशासन द्वारा आयोजन की अनुमति न दिए जाने के कारण स्थगित रहेंगे । समिति के अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल और महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने संयुक्त रुप से यह जानकारी दी । ज्ञात हो कि टांडा नगर में परंपरागत रुप से प्रतिवर्ष भारतीय नव वर्ष के स्वागत में नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति द्वारा श्री सरयू महाआरती और दुग्धाभिषेक तथा श्री राम नवमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम लला के बाल स्वरुप की झांकी हर्षोल्लास एवं धूमधाम से नगर के मुख्य मार्गो पर निकाली जाती थी इस वर्ष भी आयोजनों के लिए समिति द्वारा तैयारी की जा रही थी लेकिन प्रशासन द्वारा आयोजन की अनुमति कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए नहीं दी गई है इसलिए समिति ने समारोह के आयोजन को स्थगित करने का निर्णय लिया है और समाज के लोगों से आह्वान किया है कि वर्ष प्रतिपदा के दिन अपने घरों पर और देवस्थान पर दीप प्रज्वलित करके, ऊ अंकित ध्वज फ्हरा कर नव वर्ष का स्वागत करें। इसके साथ ही यह भी आग्रह किया जा रहा है कि श्री रामनवमी के पावन पर्व पर मर्यादा पुरुषोत्तम के जन्मोत्सव को अपने घर में रहकर धूमधाम से परिवार के सभी सदस्यों के साथ मनाएं । महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने लोगों से अभी आग्रह किया है कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए कोविशील्ड का टीकाकरण और बचाव के संसाधनों का उपयोग अपने दैनिक जीवन में अनिवार्य रूप से करें ।मास्क लगाएं तथा शारीरिक दूरी का पालन करते हुए ही सार्वजनिक स्थानों पर आना जाना सुनिश्चित करें। समाज की सुरक्षा के लिए यह आवश्यक है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग आशियाना जलकर हुआ राख



संवाददाता। अंबेडकरनगर।

**मौसम** में तब्दीली व भीषण गर्मी के चलते अवसानपुर गाँव में अज्ञात कारणों से आग लगने से एक आशियाना जलकर राख हो गया। घर में रखा हुआ गेहूं - भूसा सहित दो पहिया वाहन जलकर स्वाहा हो गया। सूचना पर घंटे बाद पहुंची फायर बिग्रेड औपचारिकताओ को पूरा कर वापस चली गई। वही ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। ज्ञात हो कि विकास खंड टांडा अंतर्गत ग्राम सभा अवसानपुर के बाबा का पूरा निवासी विनोद पुत्र पारसनाथ, कैलाशपति पत्नी पारसनाथ के घर में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे उनकी झोपड़ी में रखी हुई अनाज सहित दो पहिया वाहन जलकर पूरी तरीके से खाक हो गया। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल आशीष वर्मा के द्वारा मौका मुआयना कर कागजी कोरम पूरा किया गया वही ग्रामीणों के द्वारा एसडीएम टांडा अभिषेक पाठक को घटना की सूचना दी गई जिसके बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी भेजी गई। एसडीएम टांडा के द्वारा लगातार मामले में निगाह रखी जाती रही लेकिन घंटो बाद घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड को गाड़ी पहुँची तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था।

# सूबे के सत्तासीन भाजपा नेताओं को नहीं है कोरोना गाइडलाइन की फिक्र

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने स्वागत कराने में तोड़ा प्रोटोकाल

संवाददाता। अंबेडकरनगर



**योगी जी,** आप प्रदेश में कोरोना संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए लाख कोशिश कर ले ,टीम 11 की बैठक करके कितने भी दिशा-निर्देश जारी कर दें, प्रशासन को इसे सख्ती के साथ लागू करने के लिए कहें लेकिन जब आपके अपने ही आप के दिशा निर्देशों की धज्जियां उड़ाने पर तुले हैं तो आखिरकार इसका अनुपालन आप पैसे कराएंगे। इसकी बानगी प्रदेश नेतृत्व द्वारा चंद दिन पूर्व ही अंबेडकरनगर में नियुक्त किए गए जिला अध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी द्वारा कराया गया अपना स्वागत समारोह है। कुछ दिन पूर्व ही प्रदेश नेतृत्व ने मिथिलेश त्रिपाठी को कपिल देव वर्मा के स्थान पर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद वह लगातार अपने स्वागत समारोह में भाग ले रहे हैं। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं जहां प्रदेश सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइड लाइंस की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं । रविवार को जलालपुर में आयोजित एक ऐसे ही स्वागत समारोह की जो तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई वह हैरान करने वाली रही। इस तस्वीर में जिलाध्यक्ष ने खुद भी मास्क नही लग रखा है और उनके अगल-बगल खड़े भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भी मास्क लगाने से परहेज कर रखा है। यही नहीं, सब एक दूसरे के कंधे पर हाथ रखकर खड़े देखे जा रहे हैं। ऐसे में सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइंस का जब सत्ताधारी दल के नेता और वह भी जिलाध्यक्ष द्वारा ही अनुपालन करने से परहेज किया जा रहा है तो अधिकारी आम जनमानस को इसका पालन कैसे और किस प्रकार करवाएंगे।

# सरकार युवाओं को रोजगार देने और देश में महंगाई रोकने में नाकामः कांग्रेस

- हाथपाकड़ में नसीर अली अपने 70 सहयोगियों के साथ समाजवादी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल

संवाददाता। अंबेडकरनगर



**देश में** ने औद्योगिक विकास को गति देकर कांग्रेस पार्टी ने अनेकों कल कारखाने लगवाये जिससे लोगों को रोजगार और देश का विकास हुआ उक्त बाते जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ''जितेन्द्र'' ने हाथपाकड मे एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा मौजूदा सरकार निजीकरण के नाम पर सब बेचने का कार्य कर रही है। कांग्रेस नेता रामजी बर्मा, दीपक बर्मा, राजदेव और संतोष पाल ने कहा सरकार युवाओं को रोजगार देने और देश में महंगाई रोकने में नाकाम साबित हो रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवधेश कुमार मिश्र ''बब्लू'' ने बताया आज हापापाकड़ में एक कार्यक्रम के दौरान नसीर अली के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी छोडकर लगभग अपने 70 सहयोगियों के साथ कांग्रेस पार्टी मे शामिल हो गये जिनमें मुख्य रूप से दीपक शर्मा, महेश, प्रवेश, चंदन, नीरज, सूरज, भिखारी निषाद, बाबूराम बर्मा, फगू निषाद बब्लू भारती, रोहित गुप्ता, प्रेम शंकर, इसरार, अबरार, हैदर अली संदीप राजाराम, बाबू निषाद, बेचूराम भारती छोटे लाल धूरिया, सुशील, चुन्नी लाल, मस्तान, राम बहोर अरूण थुरिया, अकबर अली, अफसर अली, रमजान अजहर, मजहर, सलीम, प्रह्लाद, सुनील प्रमोद, अजय, दिलीप, विनोद जितेन्द्र, सुनील, रमेश समेत दर्जनों लोग है।

# सीएमओ कार्यालय में कोरोना की दस्तक, कार्यालय सील

संवाददाता। अंबेडकरनगर




**जिले में** लगातार पांव पसार रहा कोरोना का संक्रमण अब कार्यालयों को भी अपनी चपेट में लेने लगा है। सबसे पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के ही दो कर्मचारियों की रिपोर्ट पाजिटिव आने से हड़कंप मच गया है। इसके चलते रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को सील कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक रहे ओम प्रकाश शर्मा के आकस्मिक निधन के उपरांत कार्यालय कर्मचारियों में कोरोना संक्रमण का भय सताने लगा था। कार्यालय कर्मियों के अनुसार ओम प्रकाश शर्मा में भी कोरोना के लक्षण थे लेकिन न तो उन्होंने और न ही विभागीय अधिकारियों ने जांच करवाने की आवश्यकता समझी थी। ओम प्रकाश शर्मा के निधन के उपरांत कर्मचारियों के लिए गए सैंपल में एक लिपिक व एक उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। सूत्रों की माने तो उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की पत्नी व बेटी भी संक्रमित पाई गई है। यह भी बताया जाता है कि संबंधित उप मुख्य चिकित्साधिकारी का जिला मुख्यालय पर ही अस्पताल संचालित है जिसमें वह बराबर बैठते भी हैं । लिपिक व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के संक्रमित पाए जाने के बाद कार्यालय को सील कर दिया गया है।

# टीका उत्सव कोविड-19 के खिलाफ दूसरी बड़ी लड़ाई की शुरुआत: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने रविवार को देश में टीका उत्सव की शुरुआत की और इसे कोविड-19 के खिलाफ दूसरी बड़ी लड़ाई की शुरुआत बताया। उन्होंने वायरस से मुकाबला करने के लिए जनता को अनेक सुझाव दिए और व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर स्वच्छता पर जोर देने को कहा। मोदी ने कहा, आज 11 अप्रैल यानी ज्योतिबा फुले जयंती से हम देशवासी टीका उत्सव की शुरुआत कर रहे हैं। यह टीका उत्सव 14 अप्रैल यानी बाबा साहेब आंबेडकर जयंती तक चलेगा। उन्होंने एक वक्तव्य में कहा कि जनता इन चार बातों का खासतौर पर ध्यान रखे- ईच वन-वैक्सीनेट वन , ईच वन-ट्रीट वन , ईच वन-सेव वन और माइक्रो कन्टेनमेंट जोन। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा, ईच वन वैक्सीनेट वन अर्थात जो लोग कम पढ़े-लिखे हैं, बुजुर्ग हैं, जो स्वयं जाकर टीका नहीं लगवा सकते, उनकी मदद करें। उन्होंने कोविड उपचार में, मास्क को बढ़ावा देकर वायरस से बचाव में अन्य लोगों की मदद करने की अपील की और कहा, ईच वन-सेव वन अर्थात हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति की रक्षा करे, हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का बचाव करे।

प्रधानमंत्री ने समाज के लोगों, परिवारों से कोविड-19 की स्थिति में छोटे निषिद्ध क्षेत्र बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी को कोरोना वायरस संक्रमण होने की स्थिति में, छोटे निषिद्ध क्षेत्र (माइक्रो कन्टेनमेंट जोन) बनाने का नेतृत्व समाज के लोग करें। मोदी ने कहा कि जहां पर संक्रमण का एक भी मामला आया है, वहां परिवार के लोग, समाज के लोग छोटे निषिद्ध क्षेत्र बनाएं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे सघन जनसंख्या वाले देश में कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई का एक महत्वपूर्ण तरीका छोटे निषिद्ध क्षेत्र भी हैं। मोदी ने कहा, संक्रमण का एक भी मामला आने पर हम सभी का जागरूक रहना, बाकी लोगों की भी जांच कराना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा, हमारी सफलता इस बात से तय होगी कि छोटे निषिद्ध क्षेत्र के प्रति कितनी जागरूकता हम लोगों में है। हमारी सफलता इस बात से तय होगी कि जब जरूरत न हो, तब हम घर से बाहर न निकलें।

हमारी सफलता इस बात पर तय होगी कि जो टीका लगवाने का हकदार है, उसे टीका लगे, इसका पूरा प्रयास समाज को भी करना है और प्रशासन को भी। हमारी सफलता इस बात पर तय होगी कि हम मास्क पहनने और अन्य नियमों का किस तरह पालन करते हैं।

मोदी ने कहा, टीके की एक भी खुराक व्यर्थ न हो, हमें यह सुनिश्चित करना है। हमें उस दिशा में बढ़ना है जहां एक भी खुराक बेकार न जाए। इस दौरान हमें देश की टीकाकरण क्षमता के सर्वोत्कृष्ट उपयोग की तरफ बढ़ना है। ए भी हमारी क्षमता बढ़ाने का ही एक तरीका है। प्रधानमंत्री ने कहा, इन चार दिनों में व्यक्तिगत स्तर पर, समाज के स्तर पर और प्रशासन के स्तर पर हमें अपने-अपने लक्ष्य बनाने हैं, उन्हें प्राप्त करने के लिए पूरा प्रयास करना है। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है, इसी तरह जनभागीदारी से, जागरूक रहते हुए, अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, हम एक बार फिर कोरोना वायरस को नियंत्रित करने में सफल होंगे। याद रखिए- दवाई भी, कड़ाई भी।



नागपुर में कोरोना केस बढ़ने के दौरान महाराष्ट्र सरकार ने लगाया मिनी लॉकडाउन। इस बीच सड़कों पर क्रिकेट खेलते हुए बच्चे।

## टीएमसी की अनुसूचित जाति के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को निर्वाचन आयोग से अनुसूचित जातियों की भिखारियों के साथ तुलना करके उनके विरुद्ध कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणियां करने को लेकर तृणमूल कांग्रेस के एक नेता और उनके पार्टी नेतृत्व के विरुद्ध कार्रवाई की अपील की। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग को सौंपे एक ज्ञापन में कहा कि तृणमूल नेता सुजाता मंडल खान ने भगवा दल के प्रति समर्थन को लेकर अनुसूचित जाति समुदाय को निशाना बनाया है। भाजपा ने उन पर अनु. जाति के सदस्यों के विरूद्ध अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है। पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से कहा कि खान की टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता, भादंसं एवं अनु. जाति एवं जनजाति (उत्पीड़न रोकथाम) अधि. का उल्लंघन हैं। भाजपा ने कहा, यह न तो पहली बार हुआ है न ही अचानक दिया गया बयान है। इससे तृणमूल कांग्रेस की मानसिकता और ममता बनर्जी द्वारा तय पैटर्न की झलक मिलती है जिसके तहत उन्होंने धर्म या जाति के आधार पर चुनाव को ध्रुवीकृत करने का निरंतर प्रयास किया और वह बाहरी का हौवा खड़ा कर अतिवाद तक पहुंच गईं और भारतीय संविधान के मूल आधारों को चुनौती दी। इस प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम थे। भाजपा ने आरोप लगाया कि ऐसे चौंकाने वाले एवं अपमानजनक बयान लोकतांत्रिक राजसत्ता पर एक आघात है और यह बड़ा शर्मनाक एवं अशोभनीय है कि ऐसे बयान तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पश्चिम बंगाल में लोगों के बीच वैमनस्य एवं नफरत फैलाने के लिए खुलेआम देते हैं। उसने कहा, इसलिए हम इस आयोग से सुजाता मंडल खान और तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व के विरुद्ध चुनाव कानूनों, भादंसं एवं अनु. जाति एवं जनजाति (उत्पीड़न रोकथाम) अधि., 1989 एवं आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों के तहत जरूरी कार्वाई करने का अनुरोध करते हैं।

## महामंडलेश्वर भारती बापू का हुआ निधन

**अहमदाबाद।** गुजरात के संत महामंडलेश्वर भारती बापू का अहमदाबाद के सरखेज इलाके में स्थित भारती आश्रम में रविवार की सुबह निधन हो गया। एक शिष्य ने बताया कि बापू 93 वर्ष के थे और उनका निधन उम्र संबंधी जटिलताओं के कारण हुआ है। संत का अंतिम संस्कार जूनागढ़ शहर में आश्रम के मुख्य केंद्र में किया जाएगा। उनके निधन पर दुख जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, जूनागढ़ भारती आश्रम के महामंडलेश्वर विश्वम्भर भारतीजी महाराज की शिक्षाएं हमें हमेशा प्रेरित करती रहेंगी। उनके लाखों सेवकों से मैं संवेदना जताता हूं। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। ओम शांति केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, मैं 1008 महामंडलेश्वर भारती बापू के निधन से बहुत दुखी हूं। हम नशामुक्ति के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने के उनके योगदान को कभी नहीं भूल सकते हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे और उनके अनुयायियों को यह दुख सहने का साहस दे।

## तस्करों की गोलीबारी में दो अलग-अलग थानों के दो कांस्टेबलों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के कोटडी और रायला थाना क्षेत्रों में शनिवार देर रात नाकेबंदी के दौरान अलग-अलग वाहनों में सवार कथित मादक पदार्थो के हथियारबंद तस्करों द्वारा की गई गोलीबारी में दोनों थानों के एक-एक कांस्टेबल की मौत हो गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मृतक कांस्टेबलों को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए ट्वीट किया, भीलवाड़ा में अपराधिक घटना में शहीद हुए राजस्थान पुलिस के दो बहादुर जवानों पवन चौधरी एवं उंकार रायका को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आपके बलिदान को शत-शत नमन। भीलवाड़ा की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा ने बताया कि तस्करों के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी, उसी दौरान वाहनों में सवार हथियाबंद तस्करों ने गोलियां चलाईं जिसमें कोटडी थाने के कांस्टेबल उंकार की गोली लगने से मौत हो गई। सके बाद वाहनों में सवार हथियार बंद तस्करों की तलाशी के लिए पूरे जिले में नाकेबंदी कराई गई। जब रायला थाने की पुलिस नाकाबंदी कर रही थी उसी दौरान वहां से एक स्कार्पियो और मादक पदार्थो से भरे एक वाहन से पुलिस पर गोलीबारी की गई। पुलिस ने भी जवाबी कार्वाई की। घटना में रायला थाने में तैनात कांस्टेबल पवन चौधरी की गोली लगने से मौत हो गई। अभी तक इस संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। मादक पदार्थ से भरा एक पिकअप वाहन पुलिस ने रायला थाना क्षेत्र से बरामद किया है। पुलिस ने नाकेबंदी तोड़कर निकली स्कार्पियो को भी बरामद कर लिया है। दोनों थानों में दो अलग-अलग अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या और राजकार्य में बाधा की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां और भीलवाड़ा से भाजपा सांसद भागीरथ चौधरी ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए राज्य सरकार पर आरोप लगाया है। पूनियां ने ट्वीट के जरिए कहा, हे भगवान... आज फिर अपराध सुर्खियों में हैं। कल रात भीलवाड़ा में तस्करों ने जांबाज सिपाहियों की जान ले लीअ लोहार्गल की पहाड़ियों में आदमी को जिंदा जला दियाअ खेड़ली और नागौर में बालिकाओं के साथ दुष्कर्मअ बेहतर है सरकार पुलिस की पंच लाईन बदल देउै अपराधियों में भरोसा-आम जन में भय। वहीं दूसरी ओर चौधरी ने कहा कि हमले में मारे गए पुलिसकर्मियों को जब तक शहीद का दर्जा नहीं दिया जाएगा वो उनके शवों का पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। चौधरी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसा लगता है कि राज्य में कोई सरकार नहीं है। पुलिसकर्मी खुलेआम मारे जा रहे है। पुलिस का मनोबल नीचे है। हम तब तक पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे जब तक कि मृतक पुलिसकर्मियों को शहीद का दर्जा नहीं दिया जाता।

## क्विक न्यूज

### मील का पत्थर साबित होगी नई महिला नीति : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को कहा कि नई राज्य महिला नीति-2021 इस दिशा मे मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध भाव से काम कर रही है। उन्हें हर क्षेत्र मे समान दर्जा दिलाने के लिए हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ महिला शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। गहलोत रविवार को कस्तूरबा जयन्ती के अवसर पर गांधी दर्शन एवं महिला सशक्तीकरण विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कस्तूरबा महिला सशक्तीकरण की अनूठी मिसाल थी। उनके जन्म दिवस पर राज्य सरकार द्वारा जारी महिला नीति से प्रदेश की करोड़ो महिलाओ को हर क्षेत्र मे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। गहलोत ने कहा, हम मातृ एवं शिशु मृत्यु दर मे कमी लाने पर काम कर रहे हैं। सरकार के साथ-साथ समाज को भी इस दिशा मे आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओ को आगे बढ़ाने के लिए घूंघट प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयो को दूर करना जरूरी है। राजस्थान मे हमारी सरकार ने इस बुराई को समाप्त करने के लिए अभियान चलाया है। उन्होंने अपील की कि स्वयं सेवी संस्थाएं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन इस दिशा मे सक्रिय भूमिका निभाएं।

### खट्टर को बदौली गांव में घुसने नहीं देंगे : राकेश टिकैत

**नई दिल्ली,।** किसान नेता राकेश टिकैत ने रविवार को कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को 14 अप्रैल को एक कार्यक्रम के लिए बदौली गांव मे घुसने नही देगा। टिकैत ने सिंघू बॉर्डर पर मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि खट्टर भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने की आड़ में इलाके में सौहार्द बिगाड़ने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, हम बाबा साहेब की प्रतिमा के खिलाफ नही है, हम खट्टर के खिलाफ है। संयुक्त किसान मोर्चा ने फैसला किया है कि जब तक हमारा प्रदर्शन जारी है, हम मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के खिलाफ हैं। टिकैत ने कहा, वह यहां प्रतिमा का अनावरण करने नही आ रहे है, बल्कि लोगो के बीच सौहार्द में खलल डालने की भाजपा की साजिश के तहत यहां आ रहे हैं। हम खाप पंचायत के साथ, उन्हे ऐसा नही करने देंगे। खट्टर का 14 अप्रैल को बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण करने पानीपत के बदौली गांव की यात्रा करने का कार्यक्रम है। टिकैत ने कहा, हम उन्हे गांव मे घुसने नही देंगे।

### शरद पवार की 12 अप्रैल को पित्ताशय की सर्जरी होगी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार पित्ताशय (गॉल ब्लैडर) की सर्जरी के लिए रविवार को यहां एक अस्पताल मे भर्ती हुए। पार्टी के नेता नवाब मलिक ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पवार की सर्जरी सोमवार को होने वाली है। मलिक ने बताया, (पिछले महीने की) चिकित्सीय प्रक्रिया के बाद शरद पवार को सात दिनो तक आराम करने की सलाह दी गई थी। इसके बाद यह फैसला किया गया कि 15 दिनो बाद गॉल ब्लैडर हटाने के लिए सर्जरी की जाएगी। इसी के अनुरूप, पवार रविवार को ब्रीच कैंडी अस्पताल मे भर्ती हुए। एक चिकित्सक ने बताया था कि पवार (80) ने ब्रीच कैंडी अस्पताल मे 30 मार्च को अपनी पित्त वाहिनी से पथरी निकलवाने के लिए आपातकालीन एन्डोस्कोपी करवाई थी।

### नक्सलियों ने जल शोधन के निर्माण में लगी मशीनों में लगाई आग

**बीजापुर,।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले मे एक जल शोधन संयंत्र के निर्माण मे लगी चार मशीनो और एक वाहन मे नक्सलियो ने रविवार को आग लगा दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि नेमेड पुलिस थाना क्षेत्र मे दोपहर मे यह घटना हुई। यहां बीजापुर कस्बे को पेयजल की आपूर्ति करने के लिए मिंगाचल नदी के तट पर जल शोधन संयंत्र के निर्माण से संबंधित कार्य चल रहा था। उन्होने बताया, रायपुर से करीब 450 किलोमीटर दूर इस निर्माण स्थल पर करीब एक दर्जन नक्सली पहुंचे और वाहन चालक और मशीन संचालको को निर्माण रोकने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने कंक्रीट मिलाने वाली मशीन, दो अर्थ मूवर मशीन और एक ट्रैक्टर मे आग लगा दी और घटनास्थल से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि इस घटना मे शामिल नक्सलियो को पकड़ने के लिए पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर गई है।

### बडगाम में आतंकवादियों ने नागरिक की गोली मारकर हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले मे आतंकवादियो ने रविवार को एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आज दोपहर को मध्य कश्मीर जिले के मगाम क्षेत्र के बुचीपुरा मे आतंकवादियो ने नसीर खान पर उसके घर के पास गोलीबारी की।उन्होंने बताया कि खान को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।अधिकारी ने बताया कि उस क्षेत्र को बंद कर दिया गया है और हमलावरो को पकड़ने के लिए तलाशी शुरू की गई है। घटना से संबंधित अधिक जानकारियां अभी नही आई है।



पश्चिम बंगाल के बलूरघाट में भाजपा प्रत्याशी डोर-टू-डोर वोट मांगते हुए।

## तमिलनाडु विस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी माधव राव का कोविड-19 से निधन

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** में छह अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में श्रीविल्लिपुत्तूर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार पीएसडब्ल्यू माधव राव का कोविड-19 से संबंधित जटिलताओं के कारण रविवार को निधन हो गया। राव के दामाद के. राजीव ने पीटीआई-भाषा से कहा कि राव 63 वर्ष के थे और उनके परिवार में सिर्फ उनकी बेटी हैं। उन्होंने बताया कि राव का मदुरै के एक निजी अस्पताल में आज सुबह निधन हो गया, जहां उन्हें 20 मार्च को भर्ती कराया गया था।

कांग्रेस के सचिव और तमिलनाडु प्रभारी संजय दत्त ने ट्वीट करके कहा कि उन्हें कोविड-19 के कारण राव के निधन के बारे में सुनकर काफी दुख हुआ है। दत्त ने कहा, उनके परिवार को हमारी हार्दिक संवेदनाएं। हम उनके साथ दुख की इस घड़ी में खड़े हैं और राव की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेता ओ पनीरसेल्वम तथा द्रमुक के प्रमुख एम के स्टालिन ने राव के निधन पर दुख जताया है। उपमुख्यमंत्री पनीरसेल्वम ने राव के परिवार को तथा कांग्रेस को अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।स्टालिन ने कहा कि राव का निधन श्रीविल्लिपुत्तूर के लोगों और कांग्रेस पार्टी के लिए बड़ा नुकसान है। द्रमुक प्रमुख ने सार्वजनिक जीवन में शामिल लोगों से एहतियात बरतने और टीका लगवाने का आग्रह किया। तमिलनाडु में छह अप्रैल को चुनाव हुआ था और मतगणना दो मई को होनी है। अगर कांग्रेस के उम्मीदवार चुनाव में जीत हासिल करते हैं तो श्रीविल्लिपुत्तूर में बाद में उपचुनाव होगा।

## पुजारी मौत मामले में भाजपा नेताओं का धरना समाप्त

**भाषा।** जयपुर

**दौसा जिले** में एक पुजारी की मौत के मामले में जयपुर में भाजपा नेताओं का शव के साथ चार दिनों से जारी धरना रविवार को भाजपा नेताओं और सरकार के बीच हुई वार्ता में मांगें मान लिए जाने के बाद समाप्त हो गया है। सरकारी मुख्य सचेतक महेश जोशी ने बताया कि भाजपा प्रतिनिधिमंडल और सरकार के बीच सहमति के बाद रविवार को धरना समाप्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सहमति के अनुसार पुजारी की मौत प्रकरण की जांच संभागीय आयुक्त करेंगे और 30 अप्रैल तक वह अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। इस संबंध दर्ज दो मामलों की जांच पुलिस महानिरीक्षक करेंगे।

उन्होंने बताया कि संभागीय आयुक्त की जांच की रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मुख्यसचिव, पुलिस महानिदेशक, एसीएस (गृह), जयपुर पुलिस आयुक्त, दौसा पुलिस अधीक्षक, दौसा जिला कलेक्टर और भाजपा प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा सांसद किरोडी लाल मीणा, सांसद रामचरण बोहरा, विधायक अशोक लाहौटी, शामिल थे। उन्होंने बताया कि मंदिर माफी की जमीन को लेकर एक कमेटी बनाई जाएगी जो सरकार को सुझाव देगी कि क्या कानून में बनाया जाए। धरने का नेतृत्व कर रहे भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोडी मीणा ने बताया कि सरकार से पुजारी की मंदिर माफी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री सहित विभिन्न मांगों पर सहमति बनने के बाद रविवार को धरना समाप्त कर दिया गया। पुजारी के शव का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारी मांग थी की राज्य में 30 हजार बीघा जमीन मंदिर माफी की है उसमें से 18 हजार बीघा पर अतिक्रमणियों का कब्जा है जिसके चलते कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है। पुजारी की हत्या हो रही है। इसके लिए एक सख्त कानून बनाया जाए ताकि जमीनों पर कब्जा ना हो। उन्होंने बताया कि संभागीय आयुक्त दस दिन में अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार से सहमति बनने के बाद सिविल लाईंस से (धरना स्थल) को खाली कर दिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने बताया कि सरकार और भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता के बाद रविवार को धरना समाप्त कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि राज्य में 18,000 बीघा मंदिर माफी की जमीनों पर कई जगह कब्जे के बाद उनपर भूमाफियाओं की नजर है और इस तरह की घटनाओं में पिछले छह महीनों में चार पुजारियों की मौत हो चुकी है। इससे पूर्व राज्य मानवाधिकार आयोग ने भी इस बारे में मुख्य सचिव, गृह सचिव व पुलिस महानिदेशक से तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने को कहा।

उल्लेखनीय है कि दौसा के महुआ में अस्थमा बीमारी से पीड़ति एक पुजारी की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने उसकी जमीन की रजिस्ट्री को रद्द करवाने, मंदिर माफी जमीन पर अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर महुआ में उसके शव के साथ धरना प्रदर्शन शुरू किया। धरने में बाद में भाजपा नेता भी शामिल हो गए। नेताओं ने जयपुर के सिविल लाईंस फाटक पर पुजारी के शव के साथ गत बृहस्पतिवार को धरना शुरू किया था।

## मोदी सरकार की नीतियों के कारण कहर बरपा रहा है कोविड-19 : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कोविड-19 महामारी से निपटने को लेकर केंद्र पर हमला बोलते हुए रविवार को कहा कि मोदी सरकार के अहंकार और अक्षमता के कारण कोरोना वायरस भारत के लोगों और अर्थव्यवस्था पर कहर बरपा रहा है। विपक्षी दल ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण समाज का हर वर्ग परेशानी में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, ना कोरोना पर काबू, ना पर्याप्त टीके, ना रोजगार, ना किसान-मजदूर की सुनवाई, न लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम (एमएसएमई) सुरक्षित, ना मध्यमवर्ग संतुष्ट। आम खाना तो ठीक था लेकिन कम से कम आम आदमी को तो छोड़ देते। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से देश में हालात को लेकर भी सरकार की आलोचना की। पार्टी ने ट्वीट किया, एक साल बीत गया है लेकिन कोविड-19 भारत के लोगों और भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगातार कहर बरपा रहा है। इसका श्रेय मोदी सरकार और उसके अहंकार तथा अक्षमता को जाता है। एक अन्य ट्वीट में पार्टी ने दावा किया कि सरकार की नीतियों के कारण देश का हर वर्ग परेशान है। पार्टी ने कहा, कोरोना वायरस बेलगाम होता जा रहा है, टीके का अभाव है, किसान-मजदूर परेशान हैं, अर्थव्यवस्था चरमरा रही है, छोटे उद्योग- धंधे चौपट हो रहे हैं और मध्यम वर्ग भी परेशान है। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने और टीकाकरण अभियान को लेकर सरकार की आलोचना करता रहा है।



भोपाल में साप्ताहिक लॉकडाउन के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पूछताछ करता हुआ सुरक्षाकर्मी।

# बाल वाटिका, व्यावसायिक शिक्षा पर होगा जोर

**भाषा।** नई दिल्ली

● समग्र शिक्षा अभियान के विस्तार की कार्ययोजना तैयार

**सरकार** ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप समग्र शिक्षा अभियान योजना के विस्तार की कार्ययोजना को अंतिम रूप दे दिया है। इसके तहत अगले कुछ वर्षों में चरणबद्ध तरीके से स्कूलों में बाल वाटिका, स्मार्ट कक्षा की व्यवस्था तथा आधारभूत ढांचे, व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षित शिक्षकों एवं रचनात्मक शिक्षण विधियों का विकास किया जाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने भाषा को बताया कि समग्र शिक्षा योजना के विस्तार और संशोधन के लिए वित्त व्यय आयोग (ईएफसी) नोट को शिक्षा मंत्री एवं समन्वित वित्त प्रकोष्ठ की मंजूरी के बाद विभिन्न मंत्रालयों के पास उनके सुझावों एवं राय के लिए भेजा गया था। उन्होंने कहा कि विभिन्न मंत्रालयोंविभागों से प्राप्त सुझावों को शामिल करते हुए मसौदा तैयार कर इन्हें मंजूरी के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पास भेजा गया है। सरकार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को समग्र शिक्षा अभियान के संशोधित रूप के साथ जोड़ने की तैयारी कर रही है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप समग्र शिक्षा अभियान की पुनर्गठित योजना के विषय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव ने सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के साथ बैठक में इसपर आने वाले खर्च की समीक्षा की थी। मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, समग्र शिक्षा अभियान के विस्तार के तहत स्कूलों में ऐसा समावेशी और खुशहाल स्कूली वातावरण तैयार करने पर जोर दिया जाएगा जो विविध पृष्ठभूमियों, बहुभाषी जरूरतों और बच्चों की विभिन्न अकादमिक क्षमताओं का ख्याल रखता हो। इसके तहत अगले एक वर्ष में चरणबद्ध तरीके से बाल वाटिका स्थापित करने के साथ शिक्षक पाठ्य सामग्री (टी एल एम) तैयार की जाएगी, साथ ही स्मार्ट कक्षा की भी व्यवस्था की जाएगी। समग्र शिक्षा अभियान का दायरा बढ़ाते हुए विशेष मदद की जरूरतों वाली बालिकाओं के लिए अलग से मानदेय की व्यवस्था तथा प्रखंड स्तर पर विशेष जरूरत वाले बच्चों और उनके लिए बनाए गए केन्द्रों की पहचान की व्यवस्था की जाएगी। इसमें सीखने की प्रक्रियाओं की निगरानी, बच्चों के एक स्कूल से दूसरे स्कूल में प्रवेश को सुगम बनाने के साथ हिंदी और उर्दू भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति, शिक्षकों के क्षमता विकास एवं प्रशिक्षण कार्य पर खास ध्यान दिया जाएगा।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन की कार्ययोजना में कहा गया है कि साल 2025 तक स्कूल एवं उच्च शिक्षा प्रणाली के माध्यम से 50 प्रतिशत शिक्षार्थियों तक व्यावसायिक शिक्षा की पहुंच सुगम की जाएगी। मंत्रालय के अनुसार समग्र शिक्षा के तहत कक्षा नौ से कक्षा 12 तक के लिए व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम को एकीकृत किया जा रहा है जिसका उद्देश्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर मांग एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रमों की शुरुआत करना है। इसमें खास तौर पर लड़कियों के लिए पाठ्यक्रमों पर जोर दिया जा रहा है। इसके मुताबिक, इसमें कृषि, परिधान, गृह सज्जा, ऑटोमोबाइल, मीडियामनोरंजन, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, शारीरिक शिक्षा, खेल, खुदरा क्षेत्र, दूरसंचार, पर्यटन, रत्न एवं आभूषण सहित 17 विषय चयनित किए गए हैं।

गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2021-22 के केंद्रीय बजट में कहा गया है कि देश के 15,000 से अधिक स्कूलों का विकास राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी पक्षों को शामिल करते हुए किया जाएगा जिससे देश में शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत किया जा सके और वे अपने क्षेत्र के लिए बेहतर स्कूल के उदाहरण के रूप में उभर सकें। वहीं, मार्च महीने में राज्यसभा में पेश एक संसदीय समिति की रिपोर्ट में समग्र शिक्षा के तहत देश में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल स्तर पर आधारभूत संरचना के निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त की गई। इसमें कहा गया है कि प्रारंभिक स्तर पर स्कूलों में केवल 81.27 प्रतिशत शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा हुआ है। केवल 83.31 प्रतिशत माध्यमिक विद्यालयों में पेयजल की सुविधा पूरी हुई है। केवल 67.73 प्रतिशत माध्यमिक विद्यालयों में बालिकाओं के लिए अलग शौचालयों का कार्य पूरा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में पूरे होने वाले अवसंरचना निर्माण कार्य का प्रतिशत भी कम है। इसमें न तो अतिरिक्त शिक्षक कक्ष ही उपयुक्त संख्या में बनाए गए हैं, न ही भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान जैसे विषयों की प्रयोगशालाएं बनी हैं। संसदीय समिति ने पाया कि माध्यमिक स्कूलों में भी स्कूल भवनों का निर्माण एवं मरम्मत का कार्य भी बहुत कम हुआ है। समग्र शिक्षा अभियान, प्री-स्कूल से कक्षा 12 तक स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने का एक कार्यक्रम है।



जलपाईगुड़ी में कलाकारों ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के लिए राज्य विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव अभियान के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया

## गिरिराज परिक्रमा बंद, बिहारी जी के मंदिर के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में कोरोना वायरस संक्रमण बहुत बढ़ जाने पर जिला प्रशासन ने रविवार से रात्रि कर्फ्यू लगा दिया है और मंदिरों के भी दर्शन समय में बदलाव कर दिया गया है। वृन्दावन के बांके बिहारी के दर्शन के लिए अब ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। इसके अलावा मंदिर में एक समय में सिर्फ पांच श्रद्धालुओं को ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी। यह व्यवस्था सोमवार से प्रभावी कर दी गई है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर के सभी मंदिर रात में आठ बजे ही बंद कर दिए जाएंगे। इसी तरह जिले के अन्य मंदिरों के दर्शन समय में भी बदलाव कर दिया गया है। जिले में पिछले एक सप्ताह से कोविड-19 के मामले लगातार तेजी से बढ़ते को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने रात में नौ बजे से सुबह छह बजे तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया। बांकेबिहारी मंदिर प्रशासन के प्रबंधक मुनीश कुमार शर्मा ने बताया, सोमवार से ऑनलाइन पंजीकरण कराकर आने वाले श्रद्धालुओं को ही मंदिर में प्रवेश मिल पाएगा।

# कोविड-19 की दूसरी लहर ने पकड़ा जोर

**भाषा।** इंदौर

● चिकित्सा संसाधनों की कमी से जूझ रहा इंदौर

**कोविड**-19 की दूसरी लहर के जोर पकड़ने के बीच मध्यप्रदेश में महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित इंदौर जिला चिकित्सा संसाधनों की कमी से जूझ रहा है, जबकि प्रमुख अस्पतालों के लगभग सभी बिस्तर मरीजों से भर चुके हैं। स्थानीय अस्पतालों में मरीजों के लिए बिस्तर और रेमडेसिवीर दवा के इंजेक्शन नहीं मिलने से परेशान परिजनों के वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे हैं। इनमें वे महामारी के इलाज की कथित अव्यवस्थाओं को लेकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ अपने गुस्से का तीखे शब्दों में इजहार करते नजर आ रहे हैं।

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. बीएस सैत्या ने रविवार को बातचीत में माना कि इन दिनों स्थानीय अस्पतालों पर मरीजों का भारी दबाव है। उन्होंने बताया कि इन अस्पतालों में कोविड-19 के मरीजों के लिए कुल 6,800 बिस्तर उपलब्ध हैं जिनमें से करीब 70 प्रतिशत भर चुके हैं। बहरहाल, सूत्रों का कहना है कि शहर के प्रमुख अस्पतालों में कोविड-19 के मरीजों को एक अदद बिस्तर मिलने में खासी परेशानी हो रही है। मरीजों को रेमडेसिवीर के इंजेक्शन नहीं मिलने पर सीएमएचओ ने कहा कि जैसे-जैसे रेमडेसिवीर इंजेक्शन की खेप आ रही है, सीधे अस्पतालों को भिजवाई जा रही है। लेकिन अब भी इसकी आपूर्ति में समस्या बनी हुई है। उम्मीद है कि यह समस्या जल्द दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने डॉक्टरों से कहा है कि जिन मरीजों को रेमडेसिवीर के इंजेक्शन की वास्तव में जरूरत हो, उन्हें ही यह लगाया जाए। स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों ने बताया कि इंदौर के अस्पतालों पर स्थानीय मरीजों के अलावा राज्य के अन्य जिलों से आने वाले संक्रमितों का भी बड़ा दबाव है। इस बीच, इंदौर में महामारी के मरीजों की तादाद नित नए रिकॉर्ड बना रही है। अधिकारियों के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान जिले में 14.5 प्रतिशत की ऊंची संक्रमण दर के साथ महामारी के 919 नए मरीज मिले जो दैनिक स्तर पर इसके मामलों का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि करीब 35 लाख की आबादी वाले जिले में 24 मार्च 2020 से लेकर अब तक कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 78,511 मरीज मिले हैं। इनमें से 999 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है।

# हिंदू मुन्नानी के पदाधिकारी पर हमला

**भाषा।** कोयंबटूर

● भाजपा ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**भाजपा की** वरिष्ठ नेता वनाति श्रीनिवासन ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठन हिंदू मुन्नानी के एक पदाधिकारी पर हमला करने वालों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। हिंदू मुन्नानी के पदाधिकारी रामकृष्णन पर शनिवार रात उस वक्त दो लोगों ने हमला किया जब वह अपने घर जा रहे थे। इस हमले में वह घायल हो गए थे। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ने यहां अस्पताल में भर्ती रामकृष्णन से मुलाकात की और पुलिस पर आरोपियों को अब तक नहीं पकड़ने का आरोप लगाया। रामकृष्णन उक्कादम में संगठन के उपाध्यक्ष हैं। हमले में उनके सिर पर चोट आई, जिसके बाद उन्हें कोयंबटूर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वनाति ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए चुनावों के बाद भगवा दल से जुड़े संगठन के कार्यकर्ताओं पर इस प्रकार के हमले किए जा रहे हैं, जो संदेह पैदा करते हैं। पुलिस ने कहा कि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

# अगर कानून हाथ में लेने की कोशिश की तो कूचबिहार जैसी घटनाएं संभव : दिलीप

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष ने रविवार को यह कहकर नया विवाद खड़ा कर दिया कि अगर सीतलकूची में मारे गए शरारती लड़कों की तरह किसी ने कानून हाथ में लेने का प्रयास किया तो विधानसभा चुनावों के अगले चरण में भी कूचबिहार की तरह हत्याएं हो सकती हैं। भाजपा नेता के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए तृणमूल कांग्रेस ने उनकी गिरफ्तारी की मांग की, जबकि माकपा ने कहा कि बयान भगवा दल के फासीवादी चेहरे को उजागर करता है। घोष ने कहा, सीतलकूची में शरारती लड़कों को गोली लगी। अगर कोई भी अपने हाथ में कानून लेने का दु:साहस करता है तो उसके साथ भी ऐसा ही होगा। उन्होंने शरारती लड़कों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उत्तर 24 परगना जिले के बारानगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिन शरारती लड़कों ने समझ रखा था कि केंद्रीय बलों की राइफलें चुनावी ड्यूटी के दौरान केवल दिखावे के लिए हैं, ऐसे लोग सीतलकूची की घटना देखने के बाद यह गलती दुहराने की हिम्मत नहीं करेंगे। सीतलकूची विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को सीआईएसएफ के जवानों से कुछ लोगों द्वारा राइफलें छीनने का प्रयास करने के बाद केंद्रीय बल ने गोलीबारी की जिसमें चार लोगों की मौत हो गई।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया, जिसके सिर पर एक लाख रुपए का इनाम था। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कटेकल्याण थाना सीमा क्षेत्र के तहत गादाम और जंगमपाल गांवों के बीच एक जंगल में अपराह्न करीब दो बजे उस समय मुठभेड़ हुई, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की टीम नक्सल रोधी अभियान पर थी। उन्होंने कहा कि गोलीबारी रुकने के बाद, राजधानी रायपुर से लगभग 400 किलोमीटर दूर स्थित, घटनास्थल से नक्सली वेट्टी हंगा का शव बरामद हुआ। मुठभेड़ स्थल से आठ एमएम की एक पिस्तौल, एक देशी बंदूक, दो किलोग्राम का आईईडी, बैग, दस्तावेज और दवाएं बरामद हुईं। पल्लव ने कहा कि हंगा प्रतिबंधित माओवादी संगठन का मिलिशिया कमांडर था और उसके सिर पर एक लाख रुपए का इनाम था।

# इंटैक ने खुदा बख्श पुस्तकालय एवं अन्य धरोहर बचाने के के लिए नीतीश कुमार को लिखा पत्र

**भाषा।** पटना



**इंटैक** ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 130 साल पुराने खुदा बख्श पुस्तकालय के अगले हिस्से को नहीं ढ़हाने की अपील की और कहा कि इस मशहूर संस्थान के किसी भी हिस्से को गिराना न केवल पटना के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए धरोहर की बहुत बड़ी क्षति होगी। शनिवार को मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में दिल्ली स्थित इस एनजीओ की पटना शाखा ने किसी भी अन्य धरोहर भवन को पूर्ण या आंशिक रूप से नहीं गिराने की भी अपील की है जो ऐतिहासिक अशोक राजपथ पर कारगिल चौक से एनआईटी मोड़ तक प्रस्तावित उपरिगामी गलियारे के मार्ग में आ रहे हों। पत्र में कहा गया है, खुदा बख्श पुस्तकालय के किसी भी हिस्से को गिराना न केवल पटना के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए धरोहर की बहुत बड़ी क्षति होगी। इससे इस संस्थान की महानता पर हमेशा के लिए ग्रहण लग जाएगा। इनटैंक पटना चैप्टर के संयोजक जे के लाल ने कहा कि कारगिल चौक से एनआईटी मोड़ तक दो किमी. से थोड़ा लंबा बनने वाले फ्लाईओवर के लिए कई धरोहर भवनों एवं उनके अगले हिस्से की कांट-छांट करनी होगी जिसमें खुदा बख्श पुस्तकालय के कर्जन रीडिंग रूम और उसके आगे के गार्डन भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अपने पत्र में हमने मुख्यमंत्री से इस फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है क्योंकि यह पटना एवं बाकी देश के लिए ऐतिहासिक धरोहर है। यह राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, ग्रंथात्मक भव्यता एवं हमारे शहर की पुरातात्विक शान है। हमने यातायात का मार्ग बदलने का वैकल्पिक प्रस्ताव भी दिया है। मशहूर शख्सियत खुदा बख्श खान द्वारा 1891 में शुरू किया गया यह पुस्तकालय कला, संस्कृति और अकादमिक जगत की शान है।

# न्यायमूर्ति रमण ने वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की

**भाषा।** तिरुपति (आंध्र प्रदेश)

**भारत** के अगले प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किए गए न्यायमूर्ति एनवी रमण ने तिरुमला स्थित प्राचीन वेंकटेश्वर मंदिर में रविवार को पूजा अर्चना की। न्यायमूर्ति रमण 24 अप्रैल को पदभार ग्रहण करेंगे। वह देश के 48वें प्रधान न्यायाधीश होंगे। मंदिर के एक अधिकारी ने बताया कि न्यायमूर्ति रमण रविवार सुबह मंदिर में पहुंचे और वहां करीब एक घंटे तक रहे। न्यायमूर्ति रमण भगवान वेंकटेश्वर के अनन्य भक्त हैं। वह अपनी पत्नी शिवमाला के साथ शनिवार को यहां आए थे। पूजा के बाद उन्हें तिरुमला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड के अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी और कार्यकारी अधिकारी केएस जवाहर रेड्डी ने रेशम का वस्त्र, भगवान वेंकटेश्वर का चित्र भेंट किया और प्रसाद दिया।

# धर्मशाला में भाजपा का महापौर होगा: पठानिया

**भाषा।** धर्मशाला

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने दावा किया है कि धर्मशाला नगर निगम में दो निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिलने के बाद उसे बहुमत हासिल हो गया है, जिससे पार्टी को अपना महापौर बनाने में मदद मिल सकेगी। हिमाचल प्रदेश में बुधवार को हुए चार नगर निगमों के चुनाव में कांग्रेस ने पालमपुर और सोलन में बहुमत हासिल किया है, जबकि भाजपा को मंडी में बहुमत मिला है।

धर्मशाला में भाजपा को 17 में से आठ सीटें मिली हैं और बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने में उसे एक सीट कम पड़ गई। कांग्रेस को पांच सीटें मिली हैं, जबकि चार सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। भाजपा ने दावा किया है कि दो निर्दलीय पार्षद उसके खेमे में शामिल हो गए हैं, जिसके बाद उसके पास 10 सदस्यों का समर्थन हो गया है। नव निर्वाचित निकाय में मंगलवार को महापौर और उपमहापौर का चुनाव होगा।

वन मंत्री राकेश पठानिया ने कहा, मैंने शनिवार को धर्मशाला में आठ भाजपा पार्षदों और दो निर्दलीय पार्षदों के साथ नगर निगम में महापौर और उप महापौर के पदों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को अपनी पार्टी का महापौर और उपमहापौर निर्वाचित कराने के लिए पूरा समर्थन मिल गया है, क्योंकि दो निर्दलीय पार्षद अपना समर्थन देने के लिए सहमत हो गए हैं। निवर्तमान निगम में कांग्रेस के 13 और भाजपा के चार सदस्य थे।

# नोएडा में आग से दो बच्चों की मौत, 150 झुग्गियां राख



नोएडा के बहलोलपुर में झुग्गियों में लगी आग। फोटोः दीपक यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा, लखनऊ

● सिलिंडर फटने से भड़की आग, तेज हवा के कारण फायर विभाग को करनी पड़ी मशक्कत

**नोएडा** फेज-3 के बहलोलपुर में रविवार दोपहर सिलिंडर फटने से झुग्गियों में लगी आग से दो बच्चों की मौत हो गई और 150 से अधिक झुग्गियां जलकर राख हो गई। आग बुझने के बाद फायर ब्रिगेड को दो बच्चों के शव मिले हैं। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के साथ जांच के लिए फोरेंसिक लैब भी भेजा है ताकि डीएनए टेस्ट से इनकी पहचान हो सके। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को दुर्घटना से प्रभावित व्यक्तियों को हर सम्भव राहत एवं मदद प्रदान करने के निर्देश भी दिए हैं। नोएडा सेंट्रल जोन के डीसीपी हरिश्चंद्र ने बताया कि रविवार की दोपहर बहलोलपुर गांव के पास झुग्गी बस्ती में आग लगने की जानकारी के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों को भेजा गया। करीब डेढ़ सौ पुलिसकर्मियों और फायरमैन ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। इस हादसे में करीब डेढ़ सौ झुग्गियां जलकर खाक हो गई हैं। डीसीपी हरीश चंद्र ने बताया कि प्रारंभिक रूप से छानबीन में यह तथ्य सामने आया है कि किसी झुग्गी में एलपीजी सिलेंडर फ टा है। जिसकी वजह से आसपास की झुग्गियों में भीषण आग लग गई। हवा तेज होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते पूरे इलाके में आग फैल गई। फायर डिपार्टमेंट हादसे की गहराई से जांच कर रहा है। झुग्गी बस्ती में लगी आग का धुआं लोगों को 10-15 किलोमीटर दूर से भी नजर आ रहा था। तेज हवा के कारण आग पर काबू पाने में काफी समय लग गया।

# पेज 1 का शेष

## कक्षा-12...

से सुबह 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू लगाया जाए। कंटेन्मेंट जोन की व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए। सभी जनपदों में पीपीई किट, पल्स ऑक्सीमीटर, इंफ्रारेड थरमामीटर, सैनिटाइजर, एंटीजन किट सहित सभी आवश्यक लॉजिस्टिक की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। किसी भी जनपद से लॉजिस्टिक के अभाव की शिकायत नहीं आनी चाहिए। प्रदेश में एचएफएनसी और वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता है। इसके बाद भी आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त प्रबंध किए जाएं।

## सूबे में...

में 34, भदोही में 65, बलरामपुर में 40, चित्रकूट में 77, बागपत में 29, कौशांबी में 49, कानपुर देहात में 35, अंबेडकरनगर में 52, कासगंज में 6, हमीरपुर में 31, महोबा में 10, श्रावस्ती में 17 और हाथरस में 6 नए कोरोना मरीज मिले हैं। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में गत एक दिन में कुल 203780 सैम्पल की जांच की गई। प्रदेश में अब तक कुल 36761069 सैम्पल की जांच की गई है । उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोरोना के 71241 एक्टिव मामलों हैं । प्रदेश में अब तक 611622 लोग कोविड .19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं । प्रदेश में 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का कोविड वैक्सीनेशन किया जा रहा है । अब तक 7272734 लोगों को वैक्सीन की पहली डोज तथा 1242562 लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज दी गई है। इस प्रकार कुल 8515296 लोगों को वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है। प्रसाद ने बताया कि इस समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। मास्क का प्रयोग समाज के प्रति जिम्मेदारी व सामाजिक उत्तरदायित्व का पालन है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 18001805145 पर सम्पर्क करें।

## अक्टूबर तक...

को सबसे पहले अगले दस दिनों में मंजूरी मिल सकती है। वैक्सीन की खुराकों के निर्माण के लिए रूसी डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) ने कई भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनियों से गठबंधन किया है। इसमें हैदराबाद स्थित डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज, हेटेरो बायोफार्मा, ग्लैंड फार्मा, स्टेलिस बायोफार्मा तथा विचक्रो बायोटेक शामिल हैं। देश में 85 लाख खुराकों के निर्माण की क्षमता के साथ स्पुतनिक फाइव कोविड-19 के खिलाफ जंग में बड़ा योगदान देगी। वैक्सीन कब उपलब्ध होगी, इस सवाल पर सूत्रों ने कहा कि यदि सब ठीक रहा तो उम्मीद है कि स्पुतनिक जून तक उपलब्ध हो जाएगी। जॉनसन एंड जॉनसन (बायो ई) अगस्त तक, कैडिला जायडस भी अगस्त तक, नोवावैक्स (सीरम) सितंबर तक तथा नासाल वैक्सीन (नाक से लिया जाने वाला भारत बायोटेक का टीका) अक्टूबर तक उपलब्ध हो जाएगी। देश इस वक्त टीके की भारी कमी का सामना कर रहा है और इसके चलते महाराष्ट्र में कई टीकाकरण केंद्रों को बंद करना पड़ा है। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना तथा पंजाब आदि ने भी टीके की कमी की शिकायत की है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देश में 'टीका उत्सव' की शुरुआत की और कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में जनता से सहयोग की अपील करते हुए अनेक सुझाव दिए। मोदी ने कहा कि आज 11 अप्रैल यानी ज्योतिबा फुले जयंती से हम देशवासी 'टीका उत्सव' की शुरुआत कर रहे हैं। यह 'टीका उत्सव' 14 अप्रैल यानी बाबा साहेब आंबेडकर जयंती तक चलेगा। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि ईच वन वैक्सीनेट वन' अर्थात जो लोग कम पढ़े-लिखे हैं, बुजुर्ग हैं, जो स्वयं जाकर टीका नहीं लगवा सकते, उनकी मदद करें। उन्होंने कोविड उपचार में, मास्क को बढ़ावा देकर वायरस से बचाव में अन्य लोगों की मदद करने की अपील की और कहा कि हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति की रक्षा करे, हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का बचाव करे। प्रधानमंत्री ने समाज के लोगों, परिवारों से कोविड-19 की स्थिति में छोटे निषिद्ध क्षेत्र बनाने में सहयोग की अपील की। मोदी ने कहा कि यह 'टीका उत्सव' कोरोना के खिलाफ दूसरी बड़ी लड़ाई है, हमें व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर स्वच्छता पर जोर देना होगा। प्रधानमंत्री ने एक अन्य आग्रह करते हुए कहा कि ईच वन- ट्रीट वन' अर्थात जिन लोगों के पास उतने साधन नहीं हैं, जिन्हें जानकारी भी कम है, कोरोना के इलाज में उनकी सहायता करें।

## बोर्ड परीक्षा...

में बच्चे संक्रमित होते हैं तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। शिवसेना ने केंद्र से पूरे देश में एक समान बोर्ड परीक्षा पर निर्णय लेने की अपील की है। इस संबंध में शिवसेना ने शिक्षा मंत्री निशंक को पत्र लिखा है।

## किल्लत के...

कहा है। इनमें मायलान, हेट्रो हेल्थकेयर, जुबिलेंट लाइफ सांइसेज, सिप्ला, डा. रेड्डी लेबोरेटरीज, जाइडस कैडिला और सन फॉमास्युटिक्लस प्रति माह 31.6 लाख वॉयल का उत्पादन कर सकते हैं। सरकार ने औषधि निरीक्षकों और अन्य अधिकारियों को भंडार को सत्यापित करने, कदाचारों की जांच करने और इसकी जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए अन्य प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए है। राज्यों के स्वास्थ्य सचिव संबंधित राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के औषधि निरीक्षकों के साथ इसकी समीक्षा करेंगे। मंत्रालय ने कहा, भारत में कोविड के मामले तेजी से बढ़ रहे है। देश में 11 अप्रैल तक उपचाराधीन मरीजों की संख्या 11.08 लाख है और यह संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे कोविड मरीजों के इलाज में इस्तेमाल होने वाले रेमडेसिविर इंजेक्शन की मांग तेजी से बढ़ी है।

## संतों के...

हैं। महाकुंभ मेले के लिए उत्तरदाई अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और निरंजनी अखाड़ा के महंत नरेंद्र गिरी की रविवार को आई जांच रिपोर्ट में कोविड-19 की पुष्टि होने से महाकुंभ अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। पृथकवास में रह रहे महंत नरेंद्र गिरी के कोविड-19 ग्रस्त होने के बावजूद रविवार को उनसे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने निरंजनी अखाड़ा पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान किसी ने भी उन्हें महंत नरेंद्र गिरी से मिलने से नहीं रोका। इससे पहले, शनिवार देर रात स्वास्थ्य बिगड़ने पर महंत नरेंद्र गिरी को हरिद्वार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनका हाल चाल पूछने मेला अधिकारी दीपक रावत व मेला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनमेजय खंडूड़ी भी गए थे। इसके अलावा भी महंत नरेंद्र गिरी हाल में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। सूत्रों के अनुसार निरंजनी अखाड़े के सचिव रविन्द्र पुरी महाराज की तबीयत भी खराब है और वह पृथक-वास में रह रहे हैं। वहीं, बड़ा अखाड़े के महंत रघुमुनि महाराज का स्वास्थ्य भी खराब है। ये सभी संत सोमवार को होने वाले सोमवती अमावस्या का शाही स्नान नहीं कर पाएंगे।

# मप्र के स्वास्थ्य मंत्री के आग्रह पर वरिष्ठ चिकित्सक ने इस्तीफा वापस लिया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी के आग्रह पर भोपाल के शासकीय जेपी चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक योगेंद्र श्रीवास्तव ने रविवार को अपना त्याग पत्र वापस ले लिया। डॉ.श्रीवास्तव ने शनिवार को कोरोना वार्ड में ड्यूटी के दौरान मरीज के परिजन द्वारा किए गए दुर्व्यवहार से आहत होकर त्यागपत्र दे दिया था। घटना की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ श्रीवास्तव से फोन पर चर्चा की। चौधरी ने कहा, डॉ श्रीवास्तव से मेरी दूरभाष पर चर्चा हुई है। मरीज के परिजनों के दुर्व्यवहार से आहत होकर डॉ. श्रीवास्तव ने त्यागपत्र दे दिया था।

# राणा-त्रिपाठी के दम से जीता केकेआर

## ● सनराइजर्स हैदराबाद को 10 रन से हराया

भाषा। चेन्नई



कोलकाता नाइट राइडर्स ने सलामी बल्लेबाज नीतिश राणा (80) और राहुल त्रिपाठी (53) के अर्धशतकों की मदद से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 10 रन से हराकर अपना अभियान जीत से शुरू किया।

बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद कोलकाता नाइटराइडर्स ने छह विकेट पर 187 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जॉनी बेयरस्टो (55) और मनीष पांडे (नाबाद 61) के अर्धशतकों के बावजूद पांच विकेट पर 177 रन ही बना सकी। सनराइजर्स हैदराबाद की शुरूआत अच्छी नहीं रही, उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रिद्धिमान साहा और डेविड वार्नर के विकेट 10 रन के स्कोर पर ही गंवा दिए। कप्तान वार्नर को प्रसिद्ध कृष्णा (35 रन देकर दो विकेट) ने विकेटकीपर दिनेश कार्तिक के हाथों कैच आउट कराया और अगले ही ओवर में बांग्लादेश के स्टार आल राउंडर शाकिब अल हसन (34 रन देकर एक विकेट) ने साहा को बोल्ड कर दिया। पांडे और बेयरस्टो ने फिर जिम्मेदारी से खेलते हुए टीम को संभाला। सनराइजर्स हैदराबाद पॉवरप्ले में दो विकेट गंवाकर 35 रन ही बना सकी। पांडे ने रन गति तेज करने के प्रयास में सातवें ओवर में शाकिब पर छक्का जड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान इयोन मोर्गन ने आठवें ओवर में आंद्रे रसेल (32 रन देकर एक विकेट) को गेंद सौंपी, लेकिन बेयरस्टो ने टीम को इस ओवर में 15 रन बनाने में मदद की जिसमें दो चौके और एक छक्का शामिल था। मोर्गन ने 10वें ओवर में रहस्यमई स्पिनर वरूण चक्रवर्ती (36 रन देकर कोई विकेट नहीं) को गेंदबाजी पर लगाया जिन्होंने डॉट गेंद से शुरूआत की और इस ओवर में आठ रन जुड़े। अब सनराइजर्स का स्कोर दो विकेट पर 77 रन था। इंग्लैंड के बल्लेबाज बेयरस्टो ने वरूण के दूसरे ओवर में डीप मिड विकेट पर शानदार छक्का लगाकर 31 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। 12वें ओवर में टीम ने 100 रन बना लिए। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने बेयरस्टो को आउट कर सनराइजर्स हैदराबाद को करारा झटका दिया, जिनकी गुडलेंथ गेंद पर राणा ने कैच लपका। बेयरस्टो ने 40 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के से 55 रन बनाए। इस तरह पांडे और बेयरस्टो के बीच तीसरे विकेट के लिए 92 रन की भागीदारी टूट गई। टीम का 15वें ओवर तक स्कोर तीन विकेट पर 119 रन था। अगले ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा का बाउंसर मोहम्मद नबी के हेलमेट पर लगा, जिससे उनकी कनकशन जांच की गई। इसके बाद नबी ने एक चौका लगाया और अंतिम गेंद पर विकेट गंवा बैठे। पांडे ने भी अपने 50 रन पूरे किए, पर इसके बाद भी वह वो आक्रामकता नहीं दिखा सके जिसकी टीम को जरूरत थी। टीम ने 18वें ओवर में विजय शंकर का विकेट गंवाया और अब अब्दुल समाद (आठ गेंद में दो छक्के से नाबाद 19 रन) मैदान पर उतरे जिन्होंने अगले ओवर में दो छक्के जड़ दिए। सनराइजर्स को अंतिम ओवर में 22 रन की जरूरत थी, पर वह पांडे के एक और छक्के के बावजूद 11 रन ही बना सकी। इससे पहले कार्तिक (नौ गेंद में 22 रन) ने अंत में कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी को तेजी से बढ़ाया पर इसके बावजूद टीम अंतिम पांच ओवर में केवल 42 रन ही जुटा सकी।

### स्कोरबोर्ड

**केकेआर पारी** : राणा, का शंकर बो नबी 80, गिल बो राशिद खान 15, त्रिपाठी का साहा बो नटराजन 53, रसेल का पांडे बो राशिद 05, मोर्गन का समद बो नबी 02, कार्तिक नाबाद 22, अल हसन का समद बो भुवनेश्वर 03, **अतिरिक्त**: 07, **कुल**: 20 ओवर में छह विकेट पर 187 रन, विकेट पतन: 1-53, 2-146, 3-157, 4-160, 5-160, 6-187, **गेंदबाजी**: भुवनेश्वर 4-0-45-1, संदीप शर्मा 3-0-35-0, नटराजन 4-0-37-1, नबी 4-0-32-2, राशिद 4-0-24-2, शंकर 1-0-14-0

**सनराइजर्स हैदराबाद** : साहा बो शाकिब अल हसन 07, वार्नर का कार्तिक बो प्रसिद्ध कृष्णा 03, पांडे नाबाद 61, बेयरस्टो का राणा बो पैट कमिंस 55, नबी का मोर्गन बो प्रसिद्ध कृष्णा 14, शंकर का मोर्गन बो रसेल 11, समाद नाबाद 19, **अतिरिक्त** : 07, **कुल योग** : 20 ओवर में पांच विकेट पर : 177 रन, **विकेट पतन** : 1-10, 2-10, 3-102, 4-131, 5-150, **गेंदबाजी** : हरभजन 1-0-8-0, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-35-2, शाकिब 4-0-34-1, कमिंस 4-0-30-1, रसेल 3-0-32-1, चक्रवर्ती 4-0-36-0

## बार्सीलोना को हराकर रीयाल मैड्रिड स्पेनिश लीग के शीर्ष पर

**मैड्रिड।** रीयाल मैड्रिड शनिवार को यहां बार्सीलोना को 2-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीग के शीर्ष पर पहुंच गया। बारिश के बीच हुए इस मुकाबले मे जीत से रीयाल मैड्रिड के एटलेटिको मैड्रिड के समान 66 अंक हो गए है लेकिन बेहतर हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के कारण रीयाल मैड्रिड की टीम शीर्ष पर है। एटलेटिको मैड्रिड की के पास हालांकि रविवार को फिर शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा जब टीम छठे स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस से भिड़ेगी। रीयाल मैड्रिड की की ओर से करीम बेनजेमा और टोनी क्रूज ने गोल दागे जबकि बार्सीलोना की ओर से एकमात्र गोल आस्कर मिनगुएजा ने किया।

## इब्राहिमोविच के शानदार प्रदर्शन से एसी मिलान ने पार्मा को हराया

**मिलान।** ज्लाटन इब्राहिमोविच ने लाल कार्ड दिखाए जाने से पहले दो गोल में मदद की जिससे एसी मिलान ने पार्मा को 3-1 से हराकर सिरी ए फुटबॉल लीग में खिताब की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। एसी मिलान की ओर से एंटे रेबसिच, फ्रेंक केसी और राफेल लियो ने गोल दागे जबकि निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे पार्मा की ओर से एकमात्र गोल रिकार्डो गेगलियोलो ने किया। इब्राहिमोविच को 60वें मिनट में संभवतः रैफरी को कुछ कहने पर लाल कार्ड दिखाया गया। अन्य मैचों मे स्पेजिया ने पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए अंतिम मिनटों मे दो गोल दागकर अंतिम स्थान पर चल रहे क्रोटोन को 3-2 से हराया। इस जीत से स्पेजिया ने निचली लीग मे खिसकने का खतरा झेल रही टीमों पर 10 अंक की बढ़त बना ली है।

## लीड्स ने मैनचेस्टर सिटी को हराया, लीवरपूल जीता

**मैनचेस्टर।** इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत 10 खिलाड़ियो के साथ खेल रहे लीड्स ने मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर उसके इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब के इंतजार को बढ़ा दिया। लीवरपूल ने हालांकि एस्टन विला को 2-1 से हराकर चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखा है। लीड्स के लियाम कूपर को मध्यांतर से ठीक पहले लाल कार्ड दिखाया गया। टीम ने हालांकि पूरे दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियो से खेलने के बावजूद स्टुअर्ट डैलास (42वें और 90 प्लस। मिनट) के दो गोल की बदौलत जीत दर्ज की।

## पेनल्टी पर रैपिनो के गोल से अमेरिका ने स्वीडन को बराबरी पर रोका

**स्टॉकहोम।** अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम का लगातार 16 मैच मे जीत का क्रम शनिवार को थम गया जब उसे स्वीडन ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। लिना हर्टिग ने 38वें मिनट में स्वीडन को बढ़त दिलाई जिसके बाद 87वें मिनट मे मेगान रेपिनो ने पेनल्टी किक पर गोल दागकर अमेरिका को बराबरी दिला दी। जीत दर्ज नही कर पाने के बावजूद अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम ने अपने लगातार मैचो मे अजेय रहने के रिकॉर्ड को 38 मैचो तक पहुंचा दिया।

# अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके गेंदबाज : धोनी

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में खराब प्रदर्शन के बाद उनके गेंदबाजों को अपनी गलतियों से सबक लेना होगा। धोनी ने मैच के बाद कहा, हम बेहतर गेंदबाजी कर सकते थे। गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और बेहद ढीली गेंदें डाली। उन्होंने सबक ले लिया है और आगे वे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। दिल्ली के नए कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। धोनी ने कहा, ओस पर काफी कुछ निर्भर करता है और उसे ध्यान में रखकर हम ज्यादा से ज्यादा रन बनाना चाहते थे। इस बीच पंत ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के उनके मेंटर रहे धोनी के साथ टॉस के लिए जाना विशेष था। पंत ने कहा, असल में मेरे लिए आईपीएल में कप्तानी करना और एमएस (धोनी) के साथ टॉस के लिए जाना विशेष था। मैंने उनसे सीखा है और मुश्किल समय में उन पर भरोसा करता हूं।

### धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना



**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पर यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम के पहले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया।तीन बार की चैंपियन सुपरकिंग्स की आईपीएल 14 मे शुरुआत खराब रही जब टीम को अपने पहले ही मुकाबले मे शनिवार को ऋषभ पंत की अगुआई वाले दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम मे सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

## एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर : अलमाटी से खाली हाथ लौटे फ्री स्टाइल पहलवान



अलमाटी (कजाखस्तान)। राष्ट्रीय चैम्पियन संदीप सिंह मान (74 किग्रा) रविवार को यहां एशियाई क्वालीफायर से ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे जिससे अनुभवी सुशील कुमार की इस वजन वर्ग में तोक्यो की उम्मीदें बरकरार हैं। सत्यव्रत कादियान (97 किग्रा) और सुमित मलिक (125 किग्रा) रविवार को यहां समाप्त हुए तीन दिवसीय टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने से चूक गए। क्वालीफाई करने से चूकने वाले इन सभी पहलवानों को बुल्गारिया के सोफिया में छह से नौ मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक क्वालीफायर से तोक्यो खेलों के लिए कट हासिल करने का अंतिम मौका मिलेगा। अलमाटी में केवल युवा सोनम और अंशु ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकीं, महिला पहलवानी में देश का कोटा तीन हो गया है।

# आज की जंग में बड़े हिटर होंगे आकर्षण

## ●राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला

भाषा। मुंबई




लोकेश राहुल के पंजाब किंग्स और संजू सैमसन की अगुआई वाली राजस्थान रॉयल्स की टीमें सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग में जब अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करने के इरादे से उतरेंगी तो सभी की नजरें दोनों टीमों में मौजूद बड़े हिटर पर टिकी होंगी।

राजस्थान की टीम आक्रामक आलराउंडर बेन स्टोक्स पर काफी निर्भर करेगी। स्टोक्स लय में आने की कोशिश करेंगे जबकि इंग्लैंड के जोस बटलर और नव नियुक्त कप्तान सैमसन भी अच्छी शुरुआत करना चाहेंगे। रॉयल्स की टीम प्रतिभावान यशस्वी जायसवाल और बटलर के साथ पारी का आगाज कर सकती है जबकि सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। स्टोक्स मध्यक्रम को मजबूती देंगे। ए चारों अगर लय में खेलते हैं तो किसी भी गेंदबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम हैं। पंजाब का बल्लेबाजी क्रम भी वानखेड़े की बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर किसी भी विरोधी टीम के लिए खतरनाक होगा। रॉयल्स के पास आलराउंडर शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, राहुल तेवतिया, रियान पराग और लियाम लिविंगस्टोन के रूप में और भी विकल्प मौजूद हैं। गोपाल, तेवतिया और पराग लेग स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं और ऐसे में यह देखना रोमांचक होगा कि रॉयल्स की टीम दो लेग स्पिनर के साथ उतरती है या नहीं। तेवतिया और दुबे में बड़े शॉट खेलने की क्षमता है और उनका अंतिम एकादश में चयन लगभग तय है। चोट के कारण जोफ्रा आर्चर की गैरमौजूदगी में रॉयल्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई क्रिस मौरिस करेंगे जिन्हें टीम ने इसी साल खिलाड़ियों की नीलामी में 16 करोड़ 25 लाख रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा। अंतिम एकादश में सिर्फ चार विदेशी खिलाड़ियों को खिलाने के कारण रॉयल्स को अपने संयोजन पर ध्यान देना होगा। अब यह देखना होगा कि टीम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को चुनती है या फिर जयदेव उनादकट, कार्तिक त्यागी और चेतन सकारिया के बीच में से चयन करती है।

# शूट आउट में भारतीय हॉकी टीम जीती

## ● एफआईएच प्रो लीग : अर्जेन्टीना को हराया

भाषा। ब्यूनस आयर्स



हरमनप्रीत सिंह और गोलकीपर पीआर श्रीजेश के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां एफआईएच प्रो लीग के रोमांचक पहले मैच में ओलंपिक चैंपियन अर्जेन्टीना को शूट आउट में हराया। दो बराबरी की टीमों के बीच हुए इस मुकाबले में भारत को 21वें मिनट में मैन आफ द मैच हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बढ़त दिलाई लेकिन मार्टिन फरेरो ने 28वें और 30वें मिनट में दो गोल दागकर मेजबान टीम को 2-1 से आगे कर दिया। अर्जेन्टीना की टीम ने इसके बाद मैच के अंतिम लम्हों तक अपनी बढ़त को बरकरार रखा। हालांकि जब भारत की हार लगभग तय लग रही थी तब हरमनप्रीत ने 60वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर एक और गोल दागकर भारत को 2-2 से बराबरी दिला दी। इस ड्रॉ से दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलना सुनिश्चित हुआ। भारत ने इसके बाद शूट आउट में गोलकीपर श्रीजेश के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बोनस अंक हासिल किया। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार शूट आउट जीतने वाली टीम को बोनस अंक मिलता है। भारत पिछले एक साल से अधिक समय में पहला प्रो लीग मैच खेल रहा था। श्रीजेश ने शूट आउट में लुकास विला, फरेरो और इग्नेसियो ओर्टिज के प्रयासों को नाकाम किया जिसके बाद दिलप्रीत सिंह ने अर्जेन्टीना के अनुभवी गोलकीपर जुआन विवाल्डी को छकाकर वन-आन-वन शूट आउट में भारत की जीत सुनिश्चित की। इस नतीजे की बदौलत भारत ने एफआईएच प्रो लीग तालिका में सात मैचों में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

## कप्तानी पदार्पण में पंत के धैर्य से प्रभावित धवन ने कहा, वह अब बेहतर ही होगा



**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन युवा ऋषभ पंत की नेतृत्व क्षमता से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने कहा कि इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में धैर्य के साथ टीम की अगुआई की और समय के साथ वह बेहतर ही होंगे।नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर के हाल में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद पंत को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई। तेइस साल के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कप्तानी की यादगार शुरुआत की जब उनकी कप्तानी में टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग में तीन बार के चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को शनिवार को सात विकेट से हराया। धवन ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, उसने (पंत) काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

## कोटक ने इस सीज़न 7 क्रिकेट फ्रैंचाइज़ी से गठजोड़ किया

**मुंबई।** कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड केएमबीएल ने घोषणा की कि वह इस साल सात क्रिकेट टीमों का आधिकारिक टीम पार्टनर है। दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, मुंबई इंडियंसए पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और सनराइज़र्स हैदराबाद। पिछले साल कोटक मायटीम इमेज कार्ड को मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया से उत्साहित केएमबीएल इस साल माय टीम कार्ड की दूसरी इनिंग लांच कर रहा है। डेबिट और क्रेडिट कार्ड्स की स्पेशल क्रिकेट ऐडिशन रेंज। कोटक माय टीम इमेज डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड को खास तौर पर सच्चे क्रिकेट प्रेमियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। सात टीमों की आकर्षक छवियां लिए इन कार्डों पर खिलाड़ियों की तस्वीरें, टीमों के लोगोए वाटरमार्क और आधिकारिक टीम कलर मौजूद हैं।

## बीते वित्त वर्ष में गोल्ड ईटीएफ में निवेश चार गुना होकर 6,900 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** जोखिम बढ़ने और कोविड-19 महामारी के बीच अनिश्चितता के चलते निवेशकों का सोने के सुरक्षित निवेश की ओर आकर्षण बढ़ा है। बीते वित्त वर्ष 2020-21 में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) में निवेशकों ने 6,900 करोड़ रुपए डाले। यह लगातार दूसरा वित्त वर्ष रहा जबकि गोल्ड ईटीएफ में निवेश हुआ है। वहीं इससे पहले 2013-14 से गोल्ड ईटीएफ से लगातार निकासी देखने को मिली थी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। माईवेल्थग्रोथ.कॉम के सह-संस्थापक हर्षद चेतनवाला ने कहा कि इस बात की संभावना काफी कम है कि चालू वित्त वर्ष में भी गोल्ड ईटीएफ में इतना ही निवेश हो।

## टोयोटा किर्लोस्कर ने प्री पेड सेवा द स्माइल्स प्लस शुरू किया



**बैंगलोर।** मूल्य वर्धित सेवाओं के जरिए अनूठी ग्राहक सेवा मुहैया कराने की निरंतर प्रतिबद्धता के क्रम में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने एक व्यापक और अनुकूल बनाए जाने योग्य सेवा पैकेज द स्माइल्स प्लस की शुरुआत की है। इस पैकेज को ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूल बनाया जा सकता है तथा इसमें देशभर में उपलब्ध प्रीपेड पैकेज शामिल रहेंगे। पैकेज को डिजाइन करने में इस बात का भी ख्याल रखा गया है कि टीकेएम भविष्य की मोबिलिटी की आवश्यकताओं के लिए तैयार है और मूल्यवान ग्राहकों को बेहतर, आकर्षक तथा बाधामुक्त सेवा अनुभवों से आगे भी सहायता करेगी। प्री.पेड सेवा पैकेज की नई पहल पर टिप्पणी करते हुए श्रीनवीन सोनी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि हमें पूरी तरह नई स्माइल्स प्लस पैकेज की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है क्योंकि यह पहल अपने ग्राहकों की बढ़ी हुई जरूरतों और मोबिलिटी आवश्यकताओं की पूर्ति करने की टीकेएम की कोशिशों के क्रम में हैं। इस एक्सक्लूसिव पैकेज की पेशकश के बाद हमारा इरादा अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने का है और हम ऐसी सेवा मुहैया कराना चाहते हैं जो उनकी बदलती अपेक्षाओं के अनुकूल हो।


## 12 नए कोवर्किंग स्पेस बनाने की योजना

**दिल्ली।** माईप्लेस को वर्किंग भारत के उद्यमियों, व्यक्तियों और स्टार्ट अप्स के लिए भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्थित पहला एकीकृत कोवर्किंग स्पेस है। माईप्लेस को वर्किंग में वह कंपनी को एक रणनीतिक दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं ताकि एक स्थायी तरीके से इसके पैमाने का विस्तार किया जा सके। विनायकनाथ इसके संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। भारत के पहले एकीकृत सहकर्मी स्थान दू माई प्लेस कोवर्किंग के माध्यम से श्रीनाथ व्यवसायों और व्यक्तियों को अच्छी तरह से सुसज्जित कार्य क्षेत्रों में काम करने की सुविधा उपलब्ध कराते हैं जो एक विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इस ब्रांड की विशिष्टता दो चीजों में निहित है। पहला एकीकृत कार्य क्षेत्र की अवधारणा जो व्यक्तियों की उत्पादकता को बढ़ा देती है। दूसराए यह कि ब्रांड का लक्ष्य भारत के टियर क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना है ताकि उन क्षेत्रों में उन उभरते उद्यमियों की सहायता की जा सके जो अब तक उपेक्षित थे।

# चार कंपनियों का पूंजीकरण 1.14 लाख करोड़ बढ़ा

## ● सेंसेक्स की शीर्ष 10 में हैं शामिल

भाषा। नई दिल्ली



सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से चार कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,14,744.44 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में आईटी क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। सप्ताह के दौरान टीसीएस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और भारती एयरटेल के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत घट गई। हालांकि, इन कंपनियों का कुल 99,183.31 करोड़ रुपए का नुकसान चार कंपनियों को हुए लाभ से कम रहा। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 57,816.18 करोड़ रुपए बढ़कर 12,28,898.85 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इन्फोसिस ने 23,625.36 करोड़ रुपए जोड़े और उसका बाजार पूंजीकरण 6,13,854.71 करोड़ रुपए रहा। इसी तरह हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 17,974.19 करोड़ रुपए के उछाल से 5,81,741.24 करोड़ रुपए पर और भारती एयरटेल का 15,328.71 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 2,99,507.71 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 35,750.35 करोड़ रुपए घटकर 7,83,723.87 करोड़ रुपए रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार पूंजीकरण में 24,755.52 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 12,56,889.45 करोड़ रुपए रह गया।

### एफ पीआई ने अबतक 929 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल मे अबतक भारतीय बाजारों से 929 करोड़ रुपए निकाले है। कोविड-19 संक्रमण के मामले बढ़ने के बीच आर्थिक पुनरुद्धार प्रभावित होने की आशंका के चलते विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से निकासी कर रहे है। इससे पहले मार्च मे एफपीआई ने भारतीय बाजारो मे 17,304 करोड़ रुपए, फरवरी मे 23,663 करोड़ रुपए और जनवरी मे 14,649 करोड़ रुपए डाले थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ो के अनुसार, एक से नौ अप्रैल के दौरान विदेशी निवेशको ने शेयरो से 740 करोड़ रुपए और ऋण या बांड बाजार से 189 करोड़ रुपए निकाले है। इस तरह उनकी शुद्ध निकासी 929 करोड़ रुपए रही है। कोटक सिक्योरिटीज के कार्यकारी उपाध्यक्ष, बुनियादी शोध प्रमुख रस्मिक ओझा ने कहा कि कोविड के मामले बढ़ने तथा डॉलर की तुलना में रुपए मे गिरावट की वजह से एफपीआई निकासी कर रहे है।

## पेंशन क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 74 प्रतिशत कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार पेंशन क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर सकती है। सूत्रों ने कहा कि इस बारे में विधेयक संसद के मानसून में लाया जा सकता है। बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 49 से बढ़ाकर 74 प्रतिशत करने के कानूनी संशोधन को संसद ने को पिछले महीने ही मंजूरी दी है। बीमा अधिनियम, 1938 में अंतिम बार 2015 में संशोधन कर एफडीआई की सीमा को बढ़ाकर 49 प्रतिशत किया गया था। इससे इस क्षेत्र में पांच साल में 26,000 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश आया है। पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 में संशोधन मानसून सत्र या शीतकालीन सत्र में लाया जा सकता।

## वर्चुअल मॉल का आने वाले समय में सुनहरा भविष्य

**लखनऊ।** वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स का चलन तेजी से देश में बढ़ने लगा हैण् ऑफिस हो या स्कूल हर चीज वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स के सहारे चल रहा हैण् इसी तर्ज में उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में देश का पहला वर्चुअल एग्जीबीशन मॉल खोलने की योजना पर काम कर रही है। इस मॉल में ऑनलाइन कारोबार करके क्रेता.विक्रेता अपनी सुविधा के मुताबिक किसी भी समय प्रोडक्ट्स की खरीद-बिक्री कर सकेंगे। इसी पर अपनी प्रसन्ता व्यक्त करते हुए वर्ष 2020 में शुरू किये डिजिटल मॉल ऑफ़ शिया के फाउंडर डायरेक्टर ऋषभ मेहरा ने कहा कि हम राज्य सरकार के इस फैसले से काफी प्रोत्साहित हुए हैए सरकार के इस कदम से काफी ब्रांड्स वर्चुअल मॉल के तरफ अपनी विचार धारणा बदल सकेंगे। उन्होंने आगे कहा की उत्तर प्रदेश में हमारे मॉल के साथ 50 से अधिक ब्रांड जुड़ चुके है और आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में सारे ब्रांड्स अपना आउटलेट खोल सकेंगेए ब्रांड्स के लिए एक वेयरहाउस भी खुलेगा जहां से डिलीवरी सेंट्रलाइज्ड कर दी जाएगी।

## प्रिंस पाइप्स एंड फिटिंग्स लिमिटेड हाईकोर्ट गई

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने 10 मार्च 2021 को प्रिंस पाइप्स एंड फिटिंग्स लिमिटेड के दायर एक ट्रेडमार्क उल्लंघन के मुकदमे की सुनवाई के बाद प्रिंस प्लैटिनम पाइप्स एंड फिटिंग्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और धनंजय ब्रास प्रोडक्ट्स के खिलाफ एक अंतर अंतरिम निषेधाज्ञा दी। आदेश के संदर्भ में बॉम्बे उच्च न्यायालय कोरम न्यायमूर्ति जीएस पटेल द्वारा पारित केस नं 5290 व 2021 व्यावसायिक सूट नं 2021 का 5286 जस्टिस जीएस पटेल ने फैसला सुनाया कि प्रिंस प्लैटिनम पाइप्स एंड फिटिंग्स, इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और धनंजय ब्रास प्रोडक्ट्स द्वारा ट्रेडमार्क प्लेटिनम का उपयोग प्रिंस पाइप्स एंड फिटिंग्स लिमिटेड द्वारा निर्मित प्रतिष्ठा और सद्भावना पर नकद और व्यापार करने का एक स्पष्ट प्रयास है।

## वैश्वीकरण से भारत को फायदा हुआ : अभिजीत

**कोलकाता। नोबेल** से सम्मानित अर्थशास्त्री अभिजीत विनायक बनर्जी ने रविवार को कहा कि वैश्वीकरण से भारत को फायदा हुआ है। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने जोड़ा कि भारत को इससे जुड़े जोखिमों से निपटने के लिए एक तंत्र विकसित करने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल के एनजीओ बंधन-कोननगर द्वारा आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वैश्वीकरण से जुड़े जोखिमों से निपटा जा सकता है, बशर्ते वैश्वीकरण के साथ संसाधन भी आएं। बनर्जी ने कहा, भारत को वैश्वीकरण का लाभ है। 1990 की शुरुआत से आज तक भारत का निर्यात अन्य देशों की तुलना में तेजी से बढ़ा है।

# आंशिक लॉकडाउन पर भी होगा औद्योगिक उत्पादन का बड़ा नुकसान: सीआईआई सर्वे

भाषा। नई दिल्ली

कोरोना वायर संक्रमण की नई लहर से देश में आंशिक रूप से लॉकडाउन लगाए जाने की आशंकाओं के बीच उद्योग जगत का मानना है कि ऐसा हुआ तो श्रमिकों और माल की आवाजाही प्रभावित होगी तथा इसका औद्योगिक उत्पादन बड़ा असर पड़ेगा। उद्योग मंडल सीआईआई की ओर से कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के बीच कराए गए सर्वे के आधार पर सुझाव सुझाव दिया गया है कि कोविड कर्फ्यू और प्रभावित जगहों पर सूक्ष्म-स्तरीय नियंत्रण की रणनीतियों के साथ साथ संक्रमण से बचने के उपयुक्त व्यवहार (मास्क पहनना और दूरी बनाए रखना आदि) अपनाने की रणनीति संक्रमण पर काबू पाने में प्रभावकारी रहेगी। सीआईआई के सर्वे में शामिल ज्यादातर सीईओ ने यह संकेत दिया, आंशिक रूप से लॉकडाउन लगाए जाने से श्रमिकों के साथ-साथ वस्तुओं की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। इससे औद्योगिक उत्पादन पर उल्लेखनीय रूप से प्रतिकूल असर पड़ सकता है। सर्वे में शामिल सीईओ में से आधे से ज्यादा ने कहा है कि अगर आंशिक लॉकडाउन के दौरान मजदूरों के आने पर जाने पर पाबंदी लगती है।

### कैट ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग-अलग कार्य समय का सुझाव दिया

**नई दिल्ली।** व्यापारियो के संगठन कन्फेडेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कोरोना वायरस महामारी के प्रसार पर अंकुश के लिए लॉकडाउन और रात्रि कर्फ्यू नही लगाने और उसकी जगह विभिन्न क्षेत्रो में काम के अलग-अलग समय की व्यवस्था अपनाने का आग्रह किया है। कैट ने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में कहा, रात्रि कर्फ्यू या लॉकडाउन अभी तक देश मे कोविड के बढ़ते मामलो पर अंकुश लगाने को लेकर प्रभावी कदम साबित नही हुए हैं। यह अधिक उपयुक्त होगा यदि पूरे देश में विकल्प के तौर पर जिला स्तर पर बेहद मजबूती के साथ कोविड उपायो को अपनाया जाए ।और विभिन्न क्षेत्रों के काम के समय अलग-अलग किए जाए। पत्र में कैट के महासचिव प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में कोविड के आँकड़ों का बारीकी से विश्लेषण करने से यह स्पष्ट हो गया है कि विभिन्न राज्यों में रात्रि कर्फ्यू और लॉकडाउन कोविड मामलो को नीचे लाने के वांछित परिणाम को पाने में असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि रात्रि कर्फ्यू या लॉकडाउन के बजाय अन्य वैकल्पिक उपलब्ध उपायों को अपनाया जाए, तो शायद कोविड के मामलों पर रोक लग सके। संगठन ने विभिन्न कारोबार और व्यावसाय के लिए अलग-अलग कामकाजी घंटे निर्धारित करने का सुझाव दिया है।



चीन के हुतुबी स्थित कोयला खदान का एक दृश्य, जिसमें फंसे हैं 21 खनिक

## चीन में कोयला खदान में पानी भरने से 21 खनिक फंसे

**बीजिंग, (एपी)।** चीन के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में एक कोयला खदान में बाढ़ का पानी भरने से 21 खनिक फंस गए।शिन्हुआ संवाद समिति ने बताया कि शिंजियांग क्षेत्र की हुतुबी काउंटी स्थित खदान में शनिवार शाम करीब छह बजकर 10 मिनट पर पानी भर गया, जिससे वहां काम कर रहे खनिक फंस गए। बचावकर्ता इन खनिकों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं और आठ लोगों को बचा लिया गया है। चीन की खदानों में सुरक्षा के अभाव के कारण विस्फोट और गैस लीक की घटनाएं भी अकसर होती रहती हैं।

# ईरान के नातांज परमाणु संयंत्र में पैदा हुई बिजली संबंधी समस्या

**एपी।** दुबई

**ईरान के** भूमिगत नातान्ज परमाणु संयंत्र के विद्युत वितरण ग्रिड में रविवार को एक समस्या पैदा हो गई। यह समस्या यूरेनियम का अपेक्षाकृत अधिक तेजी से संवर्धन करने वाले नए उन्नत सेंट्रीफ्यूज शुरू किए जाने के कुछ ही घंटों बाद हुई।

वैश्विक शक्तियों के साथ परमाणु समझौते को लेकर चल रही वार्ता के बीच ईरान के सबसे सुरक्षित स्थलों में से एक माने जाने वाले इस संयंत्र में यह ताजा घटना हुई है। ईरानी अधिकारियों ने इस घटना की जांच की जबकि कई इजरायली मीडिया घरानों ने अटकलें लगाई कि नातान्ज परमाणु संयंत्र में हुई यह घटना किसी साइबर हमले के चलते हो सकती है। खबरों में हालांकि इस आकलन के लिए कोई स्रोत उल्लेखित नहीं किया गया। इजराइली मीडिया का देश की सैन्य एवं खुफिया एजेंसियों के साथ घनिष्ठ संबंध है। यदि इजराइल इसके लिए जिम्मेदार है तो इससे दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव और बढ़ सकता है। दोनों देशों में पहले से तनाव है। इससे इजरायल के मुख्य सुरक्षा साझेदार अमेरिका द्वारा किए गए प्रयासों को भी धक्का लगेगा जो परमाणु समझौते में फिर से शामिल होना चाहता है।

इस समझौते का उद्देश्य तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना है ताकि वह चाहे भी तो कोई परमाणु हथियार हासिल न कर सके। बिजली ग्रिड में दिक्कत उत्पन्न होने की खबर सामने आते ही, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज़ के साथ वार्ता के लिए रविवार को इज़राइल पहुंचे।असैन्य परमाणु कार्यक्रम के प्रवक्ता बेहरोज कमलवांदी ने ईरान के सरकारी टेलीविजन को बताया कि नातान्ज में विभिन्न इकाइयों में बिजली बाधित हो गई है। इसमें कार्यशालाएं और भूमिगत संवर्धन हॉल शामिल हैं। कमलवांदी ने कहा, हम अभी भी इस बिजली कटौती का कारण नहीं जानते हैं और इसकी और जांच करनी होगी। कमलवांदी ने कहा, अच्छी बात यह है कि इस घटना से कोई हताहत नहीं हुआ या इससे किसी प्रकार का

**● वैश्विक शक्तियों के साथ परमाणु समझौते को लेकर चल रही वार्ता के बीच ईरान के सबसे सुरक्षित स्थलों में से एक माने जाने वाले इस संयंत्र में यह ताजा घटना हुई है**

संदूषण नहीं हुआ। सरकारी टेलीविजन चैनल द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या यह एक तकनीकी खामी या गड़बड़ी है , कमलवांदी ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।ईरान की संसद की ऊर्जा समिति के प्रवक्ता के रूप में कार्य करने वाले तेहरान के एक जनप्रतिनिधि मालेक शरियाती निसार ने ट्विटर पर लिखा कि यह घटना बहुत ही संदिग्ध, है जिससे संभावित "तोड़फोड़ और घुसपैठै के बारे में चिंता उत्पन्न होती है। ईरान के कार्यक्रम की निगरानी करने वाली वियना स्थित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा कि वह मीडिया की खबरों से अवगत है। हालांकि उसने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।उल्लेखनीय है कि नातान्ज के उन्नत अपकेंद्रण संयंत्र में पिछले साल जुलाई में एक रहस्यमई विस्फोट हुआ था। ईरानी परमाणु संयंत्र पर हमला करने को लेकर ईरान का क्षेत्रीय शत्रु इजराइल संदेह के घेरे में रहा है। ईरान ने भी देश के सैन्य परमाणु कार्यक्रम की कई दशक पहले शुरूआत करने वाले वैज्ञानिक की हत्या के लिए इजराइल को ही दोषी ठहराया था। इजराइल ने किसी भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन उसके प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कई बार ईरान को अपने देश के लिए बड़ा खतरा बताया है। उल्लेखनीय है कि ईरान ने शनिवार को बताया था कि उसने संयंत्र में 164 आईआर-6 सेंट्रीफ्यूज चेन शुरू कर दिए हैं। परमाणु समझौता ईरान को संवर्धन के लिए केवल आईआर-1एस के इस्तेमाल को सीमित करता है। गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में अमेरिका को इस समझौते से अलग कर लिया था।

# भारत को मौजूदा सकारात्मक माहौल का पूरा लाभ उठाना चाहिए: चीन

**भाषा।** बीजिंग

**पूर्वी लद्दाख** के शेष इलाकों से सैनिकों की वापसी को लेकर चीन-भारत के बीच हुई नए दौर की वार्ता में सफलता नहीं मिलने के बाद चीन की सेना ने कहा है कि भारत को सीमा पर तनाव कम करने के मौजूदा सकारात्मक माहौल का लाभ उठाना चाहिए।दोनों देशों के बीच 13 घंटे तक चली 11वें दौर की सैन्य वार्ता के एक दिन बाद शनिवार को भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में हॉट स्प्रिंग, गोगरा और देपसांग में गतिरोध वाले शेष हिस्सों से सैनिकों की वापसी को लेकर विस्तृत चर्चा की और जमीन पर शांति बनाए रखने, किसी भी नए टकराव से बचने और शेष मुद्दों का हल तीव्र गति से निकालने पर सहमति व्यक्त की। इस मामले से जुड़े

**● पूर्वी लद्दाख में तनाव कम करने का मामला**

व्यक्तियों ने शनिवार को नई दिल्ली में कहा कि दोनों देशों के बीच हुई इस सैन्य वार्ता में कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दी क्योंकि चीन का प्रतिनिधिमंडल पहले से तय सोच के साथ वार्ता में शामिल हुआ और संघर्ष वाले शेष क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया पर आगे बढ़ने की दिशा में कोई लचीलापन नहीं दिखाया। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने दोनों देशों की सेनाओं के बीच नौ अप्रैल को हुई वार्ता को लेकर जारी एक विज्ञप्ति में फरवरी में पैंगोंग झील के अधिकतर विवादित इलाकों से सैनिकों की वापसी की ओर इशारा करते हुए कहा कि भारत को सीमा पर तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत की तरफ चुशूल सीमा केन्द्र पर हुई वार्ता को लेकर पीएलए के एक प्रवक्ता द्वारा जारी विज्ञप्ति का हवाला देते हुए चाइना ग्लोबल टेलीविजन नेटवर्क (सीजीटीएन) ने कहा कि दोनों पक्षों को पिछली वार्ताओं में बनी सहमति पर आगे बढ़ना चाहिए।

पीएलए की वेस्टर्न थिएटर कमांड के प्रवक्ता ने कहा, हमें उम्मीद है कि भारतीय पक्ष दोनों देशों की सेनाओं के बीच पिछली वार्ताओं में बनी सहमतियों का पालन करते हुए सीमा क्षेत्र पर तनाव कम करने के लिए बने मौजूदा सकारात्मक माहौल का लाभ उठाएगा। साथ ही सीमा पर शांति कायम करने के लिए उसी दिशा में आगे बढ़ेगा, जिस दिशा में चीन आगे बढ़ा है।

## विवाद के बाद पहली बार एक साथ दिखे जॉर्डन के बादशाह और शहज़ादे

**यरूशलम।** जॉर्डन के बादशाह अब्दुल्ला द्वितीय और उनके सौतेले भाई शहज़ादे हमज़ा पिछले हफ्ते सामने आए विवाद के बाद पहली बार रविवार को सार्वजनिक तौर पर एक साथ दिखे। जॉर्डन के शाही परिवार के सदस्यों ने रविवार को ट्रांसजार्डन अमीरात की स्थापना की शताब्दी मनाई। शाही महल ने एक फोटो जारी किया है जिसमें जॉर्डन की राजधानी अम्मान में बादशाह तलाल की कब्र पर अब्दुल्ला द्वितीय, शहज़ादे हमज़ा, वलीअहद (युवराज) हुसैन तथा अन्य गणमान्य शख्सियतें हैं। पिछले हफ्ते हमज़ा पर आरोप लगाया गया था कि वह देश की सत्ता को अस्थिर करने की एक साज़िश में शामिल हैं और उन्हें नज़रबंद कर दिया गया था। इसके बाद वह पहली बार सार्वजनिक तौर पर दिखे हैं। अब्दुल्ला ने अपने सौतेले भाई के संदर्भ में कहा था कि यह बहुत दुखद है कि राजद्रोह का आरोप जिन पर लगा है वह हमारे अपने घर के ही लोग हैं।

# चीन के कोरोना वायरस संक्रमण रोधी टीके कम असरदार: अधिकारी

**एपी।** बीजिंग

**चीन के** शीर्ष रोग नियंत्रण अधिकारी ने कहा है कि देश के कोरोना वायरस संक्रमण रोधी टीके कम असरदार हैं और सरकार इन्हें और अधिक प्रभावी बनाने पर विचार कर रही है। चीन के रोग नियंत्रण केन्द्र (सीडीसी) के निदेशक गाओ फू ने शनिवार को चेंगदू शहर में एक संगोष्ठी में कहा कि चीन के टीकों में बचाव दर बहुत ज्यादा नहीं है। गाओ का यह बयान ऐसे वक्त में सामने आया है जब चीन ने अन्य देशों को टीकों की करोड़ों खुराके दी हैं और पश्चिमी देशों के टीकों के प्रभावी होने पर संशय पैदा करने और बढ़ावा देने की भी वह लगातार कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, अब इस बात पर गंभीरता से विचार हो रहा है कि क्या हमें टीकाकरण प्रक्रिया के लिए अलग-अलग टीकों का इस्तेमाल करना चाहिए। अधिकारियों ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में गाओ की टिप्पणी या आधिकारिक योजनाओं में संभावित परिवर्तनों को लेकर सवालों के सीधे जवाब नहीं दिए। लेकिन सीडीसी के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि एमआरएनए-आधारित टीकों पर काम किया जा रहा है।अधिकारी वांग हुआंग ने कहा, हमारे देश में विकसित एमआरएनए-आधारित टीके भी क्लीनिकल परीक्षण चरण में प्रवेश कर चुके हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार दो देशों की दवा निर्माताओं कंपनियों, सिनोवैक और सिनोपार्म द्वारा बनाए गए टीके, मैक्सिको, तुर्की, इंडोनेशिया, हंगरी, ब्राजील और तुर्की सहित 22 देशों में निर्यात किए गए हैं।ब्राजील के शोधकर्ताओं ने चीन की टीका निर्माता कंपनी सिनोवैक के संक्रमण रोधी टीकों के असरदार होने की दर लक्षण वाले संक्रमण से बचाव में 50.4 प्रतिशत पाई। वहीं इसके मुकाबले फाइजर द्वारा बनाए गए टीके 97 प्रतिशत असरदार पाए गए। गौरतलब है कि चीन ने अपने देश में किसी अन्य देश के टीके के इस्तेमाल को अभी मंजूरी नहीं दी है। गाओ ने टीके के संबंध में रणनीति पर किसी तरह के बदलाव के ब्योरे तो नहीं दिए लेकिन उन्होंने एमआरएनए का जिक्र किया। यह प्रयोग की एक तकनीक है जिसका इस्तेमाल पश्चिम देशों के टीका निर्माता करते हैं, वहीं चीन के दवा निर्माता पारंपरिक तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, प्रत्एक व्यक्ति को उन लाभ के बारे में विचार करना चाहिए, जो एमआरएनए टीके मानव जाति को पहुंचा सकते हैं। हमें सावधानी से उसका अनुसरण करना चाहिए और केवल इसलिए उसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि हमारे पास पहले से ही अनेक प्रकार के टीके हैं।

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया कोरोना वायरस से संक्रमित

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया रविवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गईं। महामारी के चलते एक वर्ष पूर्व उन्हे जेल से अस्थाई तौर पर रिहा किया गया था। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। समाचारपत्र ढाका ट्रिब्यून ने स्वास्थ्य मंत्रालय के जन संपर्क अधिकारी मैदुल इस्लाम प्रधान के हवाले से अपनी खबर में बताया कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएमपी) की प्रमुख के नमूने शनिवार को जांच के लिए भेजे गए थे। प्रधान ने कहा, रविवार को जांच रिपोर्ट आई जिसमें संक्रमण की पुष्टि हुई और इस जानकारी को स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आंकड़ो में अद्यतन कर दिया गया है। खबर मे कहा गया है कि जिया के एक रिश्तेदार ने पिछले सप्ताह उनसे मुलाकात की थी और बाद मे वह संक्रमित पाए गए थे और इसे देखते हुए जिया के परिवार ने उनकी जांच कराने का निर्णय लिया। हालांकि पार्टी के नेताओं ने इस खबर की पुष्टि नही की है। बीएनपी की प्रेस शाखा के सदस्य एस कबीर खान ने डेली स्टार को बताया, खालिदा जिया के फिजिशियन डॉ मामुन से बात करने के बाद मुझे पता चला कि यह नियमित जांच थी। हमें उनके संक्रमित होने के बारे में कोई जानकारी नही है। गौरतलब है कि तीन बार देश की प्रधानमंत्री रही जिया को भ्रष्टाचार के दो मामलों मे 17 वर्ष की कैद की सजा हुई है, जो आठ फरवरी 2018 से चल रही है।

### पाकिस्तान में मुठभेड़ में वांछित आतंकवादी मारा गया

**मुल्तान।** पाकिस्तान के रावलपिंडी शहर में आतंकवाद रोधी पुलिस के साथ मुठभेड़ में देश के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक मारा गया। पुलिस अधिकारी काशिफ हुसैन ने बताया कि मारे गए आतंकवादी के तीन साथी मुठभेड़ के दौरान हथियार और गोला बारूद मौके पर ही छोड़कर भाग गए। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादी की पहचान नियाज़ उर्फ ज़ीशान के रूप में हुई है। हुसैन ने कहा कि यह आतंकी पंजाब प्रांत के अटक जिले के हाज़रो इलाके में पाकिस्तानी तालिबान समूह तहरीक-ए-तालिबान से जुड़ा था। उन्होंने बताया कि नियाज़ का संबंध प्रतिबंधित आतंकी समूह लश्कर-ए-झांगवी से भी था। हुसैन ने कहा कि नियाज़ क्षेत्र में कई हमलो के सिलसिले में वांछित था जिनमें दो दर्जन से ज्यादा लोगो की मौत हो हुई। उसके सिर पर 40,000 डॉलर का इनाम था। उन्होने कहा कि नियाज़ 2015 मे एक आत्मघाती हमले की योजना बनाने मे शामिल था जिसमे पंजाब प्रांत के तत्कालीन गृह मंत्री शूजा खानज़ादा, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा अन्य लोगों की मौत हो गई थी।

### एस्ट्राजेनेका टीका लगाना फिर से शुरू करेगा दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने कहा है कि वह 30 साल से 60 साल तक के सभी पात्र लोगों को एस्ट्राजेनेका का कोविड-19 टीका लगाना फिर से शुरू करेगा। एस्ट्राजेनेका का टीका लगाने से कथित तौर पर रक्त के थक्के जमने की खबरों के बाद दक्षिण कोरिया ने यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी की समीक्षा के परिणाम आने तक 60 साल या इससे कम आयु के लोगों को यह टीका लगाने पर रोक लगा दी थी। कोरिया रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी ने रविवार को बताया कि वह सोमवार से एस्ट्राजेनेका टीके का इस्तेमाल पुनः आरंभ करेगा। उसने उन अध्ययनों का हवाला दिया जिनमें कहा गया है कि टीके के लाभ उसके दुष्प्रभावों से अधिक है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि 30 साल या उससे कम आयु के लोगों को यह टीका नही लगाया जाएगा, क्योंकि ब्रितानी प्राधिकारियों ने उन्हें वैकल्पिक टीका लगाए जाने की सिफारिश की है। दक्षिण कोरिया मे हाल के दिनों में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े हैं। देश में संक्रमण के 677 नए मामले रविवार को सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर।,09,559 हो गई और इस वायरस के कारण।,768 लोगों की मौत हो चुकी है।

### अमेरिका-फिलीपीन के रक्षा मंत्रियों ने चीनी नौकाओं की तैनाती पर चिंता जताई

**अमेरिकी सैन्य विमान से।** दक्षिण चीन सागर में फिलीपीन के पास हाल में बीजिंग द्वारा मिलिशिया नौकाएं तैनात किए जाने पर अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने अपने फिलीपीनी समकक्ष के साथ शनिवार को चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय यात्रा के तहत वाशिंगटन से इजराइल जा रहे ऑस्टिन ने विमान से ही फिलीपीन के रक्षा मंत्री डेल्फिन लॉरेंजाना को फोन किया। पेंटागन के प्रेस सचिव जॉन किर्बी ने कहा कि ऑस्टिन और लॉरेंजाना ने दक्षिण चीन सागर मे स्थिति और व्हिटसुन रीफ पर चीनी नौकाओं के एकत्र होने पर चर्चा की। फिलीपीन ने चीन के कदम की आलोचना की है। बहरहाल, चीन ने कहा है कि उसकी नौकाएं मछली पकड़ने के लिए वहां तैनात हैं। किर्बी ने कहा कि फोन पर हुई बातचीत मे ऑस्टिन ने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए लॉरेंजाना के समक्ष कई कदमों का प्रस्ताव रखा जिसमे दक्षिण चीन सागर में खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी शामिल है। उन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि अमेरिका का विमानवाहक जहाज यूएसएस थ्योडोर रूजवेल्ट और इसका लड़ाकू समूह दक्षिण चीन सागर में तैनात है।



कोपनहनगन में काले लिबास पहनकर कोविड 19 गाइडलाइन के विरुद्ध प्रदर्शन करते लोग

# टीकाकरण की रफ्तार तेज करने के लिए संघर्ष कर रहा है पाकिस्तान

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तानी अधिकारी** कोविड रोधी टीकाकरण को तेज करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों पर काबू करने के लिए प्रतिबंधों को बढ़ा रहे हैं। पाकिस्तान में रविवार को कोरोना वायरस के 5,050 नए मामले सामने हुए जिसके बाद मुल्क में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 7,21,018 पहुंच गए हैं। वहीं मृतक संख्या बढ़कर 15,443 हो गई। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, कोविड-19 से निपटने वाली देश की शीर्ष संस्था राष्ट्रीय कमान एवं संचालन केंद्र (एनसीओसी) ने शनिवार को एक बैठक में संक्रमण के प्रसार को धीमा करने के लिए सोमवार तक बाजारों को बंद करने और परिवहन पर पाबंदी बढ़ाने का फैसला किया है। एनसीओसी में रमज़ान के आगामी महीने के दौरान टीकाकरण अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में शिरकत करने वालों को बताया गया कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह के बाद देश में पर्याप्त मात्रा में टीके पहुंच सकते है। एनसीओसी ने फैसला किया कि रमज़ान के दौरान भी टीकाकरण केंद्र खुले रहेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने के आग्रह पर डॉन को बताया कि पाकिस्तान को अप्रैल के एक पखवाड़े के बाद चीन के कैनसाइनो बायो टीके की 30 लाख खुराकें मिलेंगी।उन्होंने बताया, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की यात्रा के दौरान इस हफ्ते रूस के टीके की (खरीद को लेकर) भी चर्चा की गई। सभी को कोविड रोधी टीके के समान वितरण को लेकर शुरू की गई अंतरराष्ट्रीय पहल कोविड वैक्सीन ग्लोबल एक्सेस (कोवैक्स) से पाकिस्तान को मार्च के अंत तक एस्ट्राजेनेका टीके की करीब 17 लाख खुराकें मिलनी थीं लेकिन कोवैक्स ने सरकार को बाद में बताया कि ए खुराकें 30 जून तक दी जाएंगी।

# फ्लोरिडा, लूसियाना और मिसीसिपी में भयावह तूफान से आयी तबाही

**एपी।** पनामा सिटी (अमेरिका)

**अमेरिका के** दक्षिणी राज्यों में शनिवार तड़के भीषण तूफान आया जिससे लूसियाना राज्य में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और मिसीसिपी में बिजली के तार तथा पेड़ टूटकर गिर गए। इससे फ्लोरिडा में भी भारी तबाही हुई है। सैंट लैंड्री पेरिश के प्रमुख जेसी बेलार्ड ने लूसियाना के पाल्मेटो में सुबह आए तूफान से एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की। उन्होंने केएलएफवाई-टीवी को बताया कि तूफान की चपेट में आने से 27 साल के जोस एंटोनियो की मौत हो गई। बेलार्ड ने यह भी कहा कि सात घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भेजा गया है। मिसीसिपी में बिजली के तार टूटने और पेड़ गिरने की खबर है लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फ्लोरिड के पनामा सिटी बीच पर तूफान के प्रकोप से एक घर और एक सुविधा केंद्र ढह गया। अधिकारियों ने फेसबुक पर यह जानकारी दी। पनामा सिटी न्यूज हेराल्ड की एक तस्वीर में सुविधा केंद्र की दीवारें और छत गिरी हुई दिखाई दीं। हालांकि इसका काउंटर और अन्य सामान सुरक्षित नजर आया। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बे काउंटी में पड़ने वाला यह शहर 2018 में तूफान मिखाइल से बुरी तरह प्रभावित हुआ था।कुछ समाचार संस्थानों द्वारा साझा की गईं तस्वीरों में अलाबामा के ऑरेंज बीच में कारों के शीशे टूटे हुई दिखाई दिए। तूफान के साथ लूसियाना और मिसीसिपी के बड़े हिस्से में बारिश भी हुई।बेलार्ड ने कहा कि लूसियाना में तलाश और बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार यह ईएफ3 श्रेणी का तूफान था जिसके साथ 209 किलोमीटर से लेकर 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाएं चलीं। कुछ जगहों पर बाढ़ आने की भी सूचना है।

# अमेरिका में तीन बच्चों के मृत पाए जाने के बाद मां को किया गया गिरफ्तार

**,एपी।** लॉस एंजिलिस (अमेरिका)

**लॉस एंजिलिस** के एक अपार्टमेंट में पांच वर्ष से कम आयु के तीन बच्चों के मृत पाए जाने के मामले में उनकी मां को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। लिलियाना कारिलो (30) को लॉस एंजिलिस के उत्तर में करीब 322 किलोमीटर दूर तुलारे काउंटी में शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया। लॉस एंजिलिस के पुलिस लेफ्टिनेंट राउल जोवेल ने बताया कि बच्चों की दादी जब अपने काम से घर लौटी, तो उन्होंने अपार्टमेंट में बच्चों के शव देखे, जबकि बच्चों की मां लापता थी। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने ट्वीट किया कि बच्चे पांच साल से कम आयु के प्रतीत होते हैं। एक पुलिस प्रवक्ता ने शुरुआत में बताया था कि बच्चों की आयु तीन साल से कम प्रतीत होती है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, बच्चों की मौत चाकू से हमला किए जाने के कारण हुई, लेकिन इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जोवेल ने कहा कि जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि बच्चों की हत्या क्यों की गई।उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग को जानकारी मिली थी कि कारिलो अपनी कार से जा रहा थी और उसका बेकर्सफील्ड इलाके में किसी से झगड़ा हुआ। उसने अपनी कार छोड़ दी तथा किसी और की कार छीनने के बाद उसमें सवार होकर चली गई।कारिलो को बेकर्सफील्ड से करीब 160 किलोमीटर उत्तर में तुलारे काउंटी के पोंडेरोसा इलाके में हिरासत में लिया गया।जोवेल ने कहा कि मामले में फिलहाल यह महिला संदिग्ध है, लेकिन अन्य लोगों की संलिप्तता की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## चंदा एकत्र करने के कार्यक्रम में रिपब्लिकन पार्टी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराएंगे ट्रंप

**पाम बीच (अमेरिका)।** नया राजनीतिक दल बनाने का संकेत दे चुके अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यहां रिपब्लिकन पार्टी के लिए चंदा एकत्र करने के कार्यक्रम में जीओपी (ग्रैंड ओल्ड पार्टी) को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराएंगे। रिपब्लिकन पार्टी को जीओपी भी कहा जाता है। द एसोसिएटिड प्रेस को मिले ट्रंप के तैयार भाषण के अनुसार ट्रंप यहां फ्लोरिडा के मार-ओ-लागो रिसॉर्ट में बंद कमरे में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में रिपब्लिकन पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे। ट्रंप ऐसे समय में यह संदेश देंगे, जब रिपब्लिकन अधिकारी पार्टी की राजनीति में ट्रंप के जारी नेतृत्व, पार्टी के लिए चंदा एकत्र करने की उनकी प्रतिबद्धता और 2024 के लिए उनकी योजनाओं को लेकर जीओपी के भीतर जारी कलह को ज्यादा तवज्जो नहीं देने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप के तैयार भाषण में लिखा हैं, हम यहां रिपब्लिकन पार्टी के भविष्य पर बात करने के लिए आज रात एकत्र हुए हैं। हम इस बात पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए हैं कि हमें हमारे उम्मीदवारों को जीत की राह पर अग्रसर करने के लिए क्या करना चाहिए। उनके भाषण में लिखा है, मुझे इस बात का पूरा भरोसा है कि 2022 में हम प्रतिनिधि सभा में जीत हासिल करेंगे और सीनेट पर फिर पर दबदबा बनाएंगे तथा इसके बाद 2024 में कोई रिपब्लिकन उम्मीदवार ही व्हाइट हाउस जीतेगा। इस कार्यक्रम के बावजूद पार्टी को लेकर ट्रंप की प्रतिबद्धता के बारे में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंने साल की शुरुआत में नया राजनीतिक दल बनाने की संभावना जताई थी और करीब एक महीने पहले उनकी राजनीतिक कार्य समिति ने रिपब्लिनक नेशनल कमेटी एवं अन्य को पत्र लिखकर कहा था कि वे चंदा एकत्र करने के लिए ट्रंप के नाम या तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं करें।



# बनें वैश्विक खिलाड़ी

**प्रोफेसर बीएन मिश्रा का कहना है कि एक अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय विकास एमबीए एक कैरियर बदलने वाला कार्यक्रम है जो वैश्विक मोर्चे पर व्यक्ति को पदोन्नति के अनेक अवसर प्रदान कर सकता है**

**देशों** में व्यवसाय विकसित करने वाली वैश्विक कंपनियों ने एक विविध और प्रतिस्पर्धी कार्यबल बनाया है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यवसाय चला सकता है। एक अंतरराष्ट्रीय व्यापार विकास एमबीए प्रोग्राम से स्नातक होना एक कैरियर-बदलने वाली घटना है जो वैश्विक मोर्चे पर व्यक्ति को पदोन्नति के अवसरों में काफी वृद्धि कर सकती है।

आज, हर व्यवसाय का विस्तार होने जा रहा है। यह प्रतिस्पर्धा का दौर है और हर कोई पैसा कमाने की तकनीक अपनाने की कोशिश कर रहा है। जो कंपनियां किसी विदेशी देश में अपने व्यवसाय का विस्तार और स्थापना करने का लक्ष्य रखती हैं, उन्हें ऐसे उम्मीदवारों की आवश्यकता होती है जो अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्यों से निपटने के लिए प्रशिक्षित होते हैं और उन अवधारणाओं और सिद्धांतों के जानकार होते हैं जो व्यवसाय की स्थापना के लिए सहायक हो सकते हैं।

यहां छात्रों को योग्यताएं विकसित करने के लिए इंटरनेशनल बिजनेस लॉ एंड एथिक्स, स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग एंड ब्रांडिंग, इंटरकल्चरल मैनेजमेंट एंड इंटरनेशनल नेगोशिएशन, इनोवेशन मैनेजमेंट, इंटरनेशनल पार्टनरशिप और मर्जर एंड एक्विजिशन, एडवांस्ड बिजनेस प्लानिंग, बिजनेस प्लान जूरी प्रेजेंटेशन, इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स एंड माइक्रो मार्केट्स के बारे में पढ़ाया जाता है।

## भूमिका और जिम्मेदारियां

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विकास प्रबंधक विस्तार करने वाले जादूगर हैं जो कंपनियों के संपत्तियों पर अधिकतम मुनाफा कमाने हेतु नए कार्यक्षेत्रों में दाखिल होने की सफल रणनीतियां तैयार करते हैं। वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार विकास गतिविधियों के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रत्येक देश के लिए व्यक्तिगत व्यवसाय योजनाएं विकसित करते हैं। वे बिक्री और बाजार विकास गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अभियान विकसित करते हैं।

व्यवसाय को उपयुक्त प्रगति प्रदान करने के लिए व्यावसायिक रणनीतियों का विश्लेषण करने और उसके लिए सुधार योजनाएं विकसित करने में सहायता करते हैं। वे सभी विकास प्रक्रियाओं का प्रबंधन करते हैं और सरकारी नीतियों व नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हैं। अवसरों की पहचान करने और उसी को बढ़ाने के लिए रणनीतिक योजनाएं विकसित करने के लिए व्यवसायों की सहायता करते हैं। ग्राहक/ ग्राहक संचार का प्रबंधन करते हैं और सभी के साथ एक प्रभावी संबंध बनाए रखते हैं। व्यवसाय विकास के लिए विभिन्न आकर्षक विधियों को तैयार व कार्यान्वित करते हैं। प्रतियोगी योजनाओं और प्रबंधन में उत्पादों व सेवाओं के प्रभाव की समीक्षा करते हैं। निदेशक के साथ समस्त संपर्क बनाए रखते हैं। बाजार के रुझानों का मूल्यांकन करते हैं और उत्पाद विकास के लिए उचित सहायता प्रदान करते हैं।

> **यह प्रतिस्पर्धा का युग है। जो कंपनियां किसी विदेशी देश में व्यवसाय का विस्तार और स्थापना करने का लक्ष्य रखती हैं, उन्हें ऐसे उम्मीदवारों की आवश्यकता होती है जो अंतरराष्ट्रीय परिदृश्यों से निपटने के लिए प्रशिक्षित हों और उन्हें अवधारणाओं और सिद्धांतों के बारे में ज्ञान हो जो व्यवसाय की स्थापना में मदद कर सकते हैं।**

## आवश्यक योग्यता

विश्लेषणात्मक व नेतृत्व योग्यताएं, रचनात्मकता, व्यवसाय विकास, बाजार अनुसंधान, परिगमन, नए ग्राहक, बिक्री लक्ष्य, विस्तार योजना, अंतर-सांस्कृतिक क्षमता अत्यंत अनिवार्य हैं।

## संभावना - क्षेत्र

इस डिग्री को पूरा करने के बाद, आप कहीं भी विभिन्न उद्यमों या कंपनियों में शामिल हो सकते हैं। वैश्विक कंपनियों के अलावा, जो अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी हैं। उदाहरण के लिए, एयरलाइंस और चेन रेस्तरां, अंतरराष्ट्रीय व्यापार एमबीए प्रोग्राम के स्नातक अक्सर गैर-लाभकारी संगठनों, सरकारी एजेंसियों और बैंकों के भीतर रोजगार पाते हैं।

## पात्रता

छात्र के पास किसी भी विषय में न्यूनतम तीन साल की स्नातक की डिग्री होनी चाहिए और अर्हता परीक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक अर्जित होने चाहिए। आप बीटेक / बीएआरसी, मेडिकल, आर्ट्स, मानविकी और विज्ञान में यूजी डिग्री पूरा करने के बाद इस कोर्स में शामिल हो सकते हैं। आवेदक को प्रवेश परीक्षा, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार में सफल होना होगा। इस कोर्स के लिए आवेदन करने की कोई आयु सीमा नहीं है।

## पारिश्रमिक

इस क्षेत्र में आकर्षक वेतन पाने का अच्छा अवसर है। एक प्रतिष्ठित संस्थान से लेकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विकास में स्नातकोत्तर प्रारंभिक वेतन की सीमा 5 लाख से 8 लाख प्रति वर्ष हो सकती है और पदनाम व्यवसाय विकास प्रबंधक के रूप में होगा।

**- लेखक बीर टिकेन्द्रजीत यूनिवर्सिटी, मणिपुर के चांसलर हैं।**

# हर छात्र को करनी चाहिए यूपीएससी की तैयारी

**रोहित जैन का कहना हैं कि यूपीएससी की तैयारी करना स्नातकों के लिए सबसे अच्छी बात हो सकती है क्योंकि अनुशासन, विस्तृत ज्ञान और विश्लेषणात्मक कौशल जिन्हें व्यक्ति सीखता है वे अत्यंत उपयोगी हैं।**

आज देश में सर्वोत्तम नौकरी कौन सी है? तो निस्संदेह यदि हम मतदान करें, तो सिविल सेवा स्पष्ट विजेता के रूप में सामने आएगी। यूपीएससी परीक्षा को देश की सबसे कठिन परीक्षा माना जाता है, और इसमें सफल होना कोई मजाक नहीं है। इसमें सघन प्रतियोगिता और विशाल पाठ्यक्रम प्रस्तावित होने के कारण इसे यह प्रतिष्ठा मिली है। फिर भी, हम यूपीएससी की तैयारी के लिए देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को कतारबद्ध होते क्यों नहीं देखते हैं। यूपीएससी कुछ चुनिंदा लोगों के लिए ही प्राथमिकता क्यों है?

यूपीएससी की तैयारी करना हमारे युवा स्नातकों के लिए सबसे अच्छी बात हो सकती है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति जो अनुशासन,विस्तृत ज्ञान और विश्लेषणात्मक कौशल सीखता है, वो किसी भी पेशे में उपयोगी है। केवल आवश्यकता इस बात की है कि इस परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को दृढ़प्रतिज्ञ, ध्यान केंद्रित, और उच्च ऊर्जावान होना पड़ता है यदि वे परीक्षा को पास करना चाहते हैं। कोई भी 21 वर्षीय स्नातक यूपीएससी परीक्षा के लिए पात्र है। जो छात्र डिग्री की पढ़ाई करने के दौरान यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू कर देते हैं उन्हें समय प्रबंधन में उचित सबक मिलता है। उन्हें उन कक्षाओं व पाठ्यक्रमों के साथ अपनी तैयारी का समन्वय बनाना होगा जिसमें उन्होंने दाखिला लिया है और उन्हें उचित समय-सारिणी का पालन करना होगा। यह आदत अंतत: उन्हें अपने पेशेवर करियर में मदद करेगी, चाहे वे जिस भी क्षेत्र को चुनें। जिन उम्मीदवारों का चयन किया जाता है, वे देश के सबसे प्रतिभाशाली और होशियार व्यक्तियों में से होते हैं। यूपीएससी परीक्षा के लिए हर साल पांच फीसदी स्नातक भी आवेदन नहीं करते हैं। क्यों? देश में सबसे अच्छा काम बहुसंख्य स्नातक के लिए आकर्षक क्यों नहीं है? यदि हर एक छात्र परीक्षा के लिए उपस्थित होना शुरू कर देता है, तो निश्चित रूप से प्रतिभा की मात्रा में वृद्धि होगी और यह राष्ट्र के लिएफायदेमंद होगा। प्रमुख चिंता यह कि कॉलेज के छात्रों को लगता है कि यूपीएससी की तैयारी के साथ-साथ नियमित पढ़ाई कैसे प्रबंधित करें? और इस दुविधा में फंसकर, अधिकांश छात्र एक दिन सिविल सेवक बनने के अपने सपने को त्याग देते हैं।

आज किसी भी छात्र के सामने चुनौती अलग है। व्हाट्सएप, यूट्यूब और गूगल की दुनिया में, कोई व्यक्ति सूचना और सामग्री का भरोसेमंद और संक्षिप्त स्रोत कैसे पा सकता है। मुफ्त सामग्री का लाभ उठाने का लालच अनेक लोगों का कीमती समय बर्बाद करता है। इन प्रारंभिक वर्षों को बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए।



रोहित जैन, सह संस्थापक यू फाबेर

जीवन में जल्दी परीक्षा की तैयारी शुरू करने पर, जो लाभ मिल सकते हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए, हम यूपीएससी पाठशाला में भी अलग-अलग पाठ्यक्रम लेकर आए हैं, जिनका उद्देश्य उचित मार्गदर्शन के साथ शुरुआती शुरुआत करने वालों की मदद करना है। इस प्लेटफॉर्म का लचीलापन छात्रों के लिए यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ उनकी नियमित कॉलेज दिनचर्या को भी आसान बनाता है। प्रत्येक व्यक्ति जो वर्तमान में किसी भी विश्वविद्यालय में नामांकित है, को यूपीएससी परीक्षा में सफल होने का लक्ष्य रखना चाहिए क्योंकि परीक्षा की तैयारी के लिए इससे बेहतर समय नहीं होगा। आवेदक कोआर्थिक लाभ और मन की शांति परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्राप्त होगी और देश की सेवा करना उसके वर्तमान में किए गए प्रयासों से मेल खाएगा। यह कहना सही नहीं होगा कि यूपीएससी परीक्षाओं में भाग लेना छात्रों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए क्योंकि डिग्री का पीछा करना सही न हो सकता क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति को वह करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए जो वह करना चाहता है या चाहती है। लेकिन प्रत्येक छात्र को इस बात से अवगत कराया जाना चाहिए कि सिविल सेवा भी एक आकर्षक विकल्प है, यह मानते हुए कि प्रत्येक पेशा समाज में बदलाव लाने का मौका नहीं देगा।

## स्कॉलरशिप



**द** वेरीजोन इंडिया ने प्रोग्रामिंग और डेटा साइंस में बीएससी करने के लिए मेरिट-कम-मीन्स स्कॉलरशिप प्रोग्राम, वी प्रोवाइड राइट ओपरचुनिटी टू पावर इलेबल्ड लर्निंग, की शुरूआत करने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मद्रास के साथ सहयोग किया है।

इसका उद्देश्य उन मेधावी छात्रों का समर्थन करना है जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 1 लाख से कम है। इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम के माध्यम से, चुनिंदा छात्रों को चार शैक्षणिक शर्तों के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त होगी।

इससे शिक्षार्थियों को आयु, स्थान या शैक्षणिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना आईआईटी मद्रास से स्नातक की डिग्री /डिप्लोमा हासिल करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, छात्रवृत्ति मेधावी महिला छात्रों और छात्रों को प्राथमिकता देगी।

कार्यक्रम की अधिक जानकारी के लिए कृपया https://onlinedegree.iitm.ac.in पर देखें।

**द** क्वीन युनिवर्सिटी, बेलफास्ट अकादमिक सत्र 2021- 2022 के लिए अपने अंडरग्रेजुएट अवार्ड हेतु आवेदन आमंत्रित करती है।

**राष्ट्रीयता :** अंतर्राष्ट्रीय छात्र (भारतीय) इसमें आवेदन कर सकते हैं।

**स्कालरशिप धनराशि :** 2500 से 3000 पौंड

**योग्यता :** छात्रों को स्व-वित्त पोषित होना चाहिए (अध्ययन के पहले वर्ष के लिए अनुदान प्रदान किया जाता है, और इसे नामांकन पर सकल शिक्षण शुल्क से घटा दिया जाता है), यदि आप किसी बाहरी प्रायोजन निकाय, जैसे कि किसी चैरिटी, निजी संगठन, या सरकार से धन प्राप्त करते हैं, तो आप पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे। छात्र अर्ली-बर्ड पुरस्कार रियायत के साथ संयोजन में अपने पुरस्कार का उपयोग कर सकते हैं।

**सहायक दस्तावेज :** आवेदकों को एक प्रतिलेख, फोटोग्राफ, सिफारिश -पत्र, एक बायोडाटा, पासपोर्ट की फोटोकॉपी और पिछली सभी आवश्यक अंकतालिकाएं प्रस्तुत करनी होंगी।

**भाषा शर्तें :** छात्रों को यूके में अध्ययन करने के लिए अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट दक्षता होनी आवश्यक है।

**आवेदन कैसे करें :** प्रायोजन के लिए पात्रता हेतु , छात्रों को क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट में स्नातक की डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश लेना आवश्यक है। नामांकित होने के बाद, उम्मीदवारों का स्वचालित रूप से स्कालरशिप के लिए मूल्यांकन किया जाएगा।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2021 है।

# कोरोना काल में हाइब्रिड लर्निंग मॉडल का कमाल

**कोविड** -19 महामारी के प्रकोप के साथ, विश्व स्तर पर स्कूलों को बंद करना तथा अप्रत्याशित परिवर्तन का सामना करना पड़ा है। जैसा कि के -12 शिक्षण संस्थान कोर्स को पढ़ाने के रचनात्मक तरीकों की तलाश करते हैं, हाइब्रिड लर्निंग मॉडल इस अवसर पर उभर कर सामने आए हैं और सुदूर रहकर आकर्षक, जानकारीपूर्ण और प्रासंगिक शिक्षण का निर्माण करने के एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में उभरे हैं। यहां तक कि वे पुरानी परिचित कक्षा संरचना की ओर संभावित वापसी के लिए तैयार करते हैं।

हाइब्रिड लर्निंग एक आभासी शिक्षण परिवेश है जहां वेब-आधारित प्लेटफॉर्म शिक्षकों और छात्रों के बीच ज्ञान के हस्तांतरण को सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन सामग्री व डिजिटल डिलीवरी चैनलों का उपयोग करते हैं। उन्नत हाइब्रिड लर्निंग प्रोग्राम में डिजिटल अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन गतिविधियाँ, और आवधिक मूल्यांकन शामिल हैं।



## संभावनाएं

यह देशव्यापी तालाबंदी के दौरान था कि हाइब्रिड लर्निंग मॉडल को पहले यह सुनिश्चित करने के लिए अपनाया गया था कि छात्रों की शिक्षा में बाधा न आए। एक बार जब स्कूलों को सभी दूरस्थ अनुदेशात्मक तरीकों से आभासी और ऑफलाइन कक्षाओं के मिश्रण में परिवर्तित कर दिया गया, तो शिक्षक ऑनलाइन और प्रत्यक्ष दोनों माध्यमों को अपनाने में सक्षम थे। नतीजतन, हाइब्रिड लर्निंग मॉडल अब छात्र की पहुंच में विभिन्न समाधान पहुंचाने में मदद कर रहा है।

एक तकनीक-सक्षम कक्षा को कई भागीदारों की आवश्यकता होती है जो एक प्रभावी मिश्रित शिक्षण वातावरण बनाने के लिए साथ मिलकर काम करते हैं। यह उन उपयोगकर्ताओं की विभिन्न श्रेणियों को जोड़ती है जिनके पास अपेक्षाओं के विभिन्न समूह हैं। छात्रों को एक मंच पर सभी संसाधनों, निर्देशों और दिशानिर्देशों को खोजने और किसी भी संदेह की स्थिति में अपने प्रशिक्षकों तक पहुंचने में सक्षम होने की की आवश्यकता होती है।

इसी तरह, शिक्षकों को एक आभासी मंच की आवश्यकता होती है जहाँ वे अपने छात्रों को देख सकते हैं और उनसे बातचीत कर सकते हैं, अपने नोट्स और अन्य अध्ययन सामग्री उनके साथ साझा कर सकते हैं और छात्र के प्रदर्शन का आंकलन कर सकते हैं।

तकनीकी स्टाफ को एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की आवश्यकता होती है जिसे संचालित करना आसान हो और जो एक बार सेट हो जाने पर आसानी से चल सके। स्कूल प्रशासन को कार्यक्रम की जांच करने और छात्र की फीस जमा करने के लिए दृश्यता और लचीलेपन की आवश्यकता होती है। यहां तक कि माता-पिता को भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की आवश्यकता होती है ताकि वे सहज हो सकें व वे अपने बकाए का भुगतान करने के साथ-साथ अपने बच्चे की सीखने की प्रक्रिया पर नजर रख सकें।

## माइंड इट

अत्यंत आसान और बिना किसी भौगोलिक सीमाओं वाले अनेक लाभ प्रदान करने के कारण के-12 में हाइब्रिड लर्निंग को आने वाले समय में भारी लाभ के रूप में देखा जा सकता है।

चूंकि शिक्षक कहीं से भी डेटा एक्सेस कर सकते हैं, वे छात्रों को मशीनों द्वारा संचालित अनेक सांसारिक कार्यों जैसे ग्रेडिंग और आकलन के साथ अधिक प्रभावी ढंग से निर्देश दे सकते हैं। हाइब्रिड शिक्षण भी शिक्षकों को खुद को निखारने व पुनर्कौशल हासिल करने के अवसर प्रदान करता है ताकि वे तकनीक को संभालने में माहिर हो जाएं।

हाइब्रिड शिक्षा अधिक रोजगार भी उत्पन्न करेगी क्योंकि शिक्षा उद्योग के भीतर कुशल शिक्षकों और प्रशासनिक कर्मचारियों की मांग में वृद्धि होगी। इसके अलावा, के-12 छात्रों को वैश्विक प्रदर्शन के साथ मिलकर उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण से अवगत कराया जाएगा।शिक्षण के इस रूप में रचनात्मकता को बढ़ाने और व्यक्तिगत सबक प्रदान करने की बहुत अधिक क्षमता है जो बदले में युवा छात्रों के लिए सीखना अधिक सार्थक बना देगा। शिक्षकों को इस बात पर विचार करना होगा कि हाइब्रिड ढांचे में प्रत्यक्ष शिक्षण के बरक्स ऑनलाइन सीखने के लिए किस तरह की गतिविधियाँ सबसे उपयुक्त होंगी।सामग्री वितरण ऑनलाइन किया जा सकता है, लेकिन शिक्षकों को छात्र कौशल पर वैसा ही ध्यान केंद्रित करना होगा जो वे ऑफलाइन कक्षाओं में प्रदर्शित करते हैं, क्योंकि इस पहलू पर आभासी सत्र में अन्य छात्रों के साथ एक समकालिक पाठ में ध्यान नहीं दिया जा सकता है।

वर्तमान समय में अधिक साहसी शिक्षा व्यवस्थाओं का आह्वान किया गया है जो नई तकनीकों के लिए चुस्त और अनुकूल हैं। जिस तरह शिक्षक व संस्थान आवश्यक समायोजन और अपेक्षित निवेश करते हैं, वे इस चुनौतीपूर्ण समय को कल के लिए एक बेहतर शिक्षा प्रणाली बनाने हेतु एक अनुकूल अवसर के रूप में उपयोग कर सकते हैं।

**- लेखक योगेश मक्कड़, कपडेक के संस्थापक हैं।**

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 170
लखनऊ, सोमवार, 12 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके गेंदबाज
स्पोर्ट्स-15



www.dailypioneer.com


# 30 अप्रैल तक कक्षा 12 तक के स्कूल और कोचिंग बंद

● जिन जिलों कुल एक्टिव केस 500 से अधिक, वहां रात्रि नौ से 6 बजे तक कर्फ्यू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना संक्रमण** के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कक्षा 1 से 12 वीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूल 30 अप्रैल तक बंद किए जाने के निर्देश दिये हैं। टीम 11 के साथ आयोजित कोविड समीक्षा बैठक के दौरान सीएम ने कहा कि स्कूलों के साथ कोचिंग संस्थान भी 30 तक बंद रहेंगे। हालांकि इस अवधि के दौरान स्कूल पूर्व निर्धारित परीक्षाएं करा सकते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कोविड19 वैक्सीनेशन कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रविवार से टीका उत्सव की शुरूआत हुई है। प्रदेश में 6 हजार केन्द्रों पर टीकाकरण कार्य जारी है। 85 लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती से बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती तक आयोजित टीका उत्सव के इस महत्वपूर्ण अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सभी लोग टीकाकरण का लाभ उठा सकें। इसके लिए सभी विभागों के कार्मिकों को आवश्यकतानुसार कोविड प्रबंधन के कार्य से जोड़ा जाना जरूरी है। साथ ही जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त मानव संसाधन लगाया जा सकता है। टीकाकरण कार्य में एनएसएसए एनसीसी तथा सिविल डिफेंस की सेवाएं ली जाए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित शक्ति भवन में 'टीका उत्सव' के अवसर पर टीकाकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड चिकित्सालयों में चिकित्सा कर्मियों, औषधियों, मेडिकल उपकरणों तथा बैकअप सहित ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखी जाए। लेवल2 और लेवल.3 के बेड्स बढ़ाए जाएं। शासन तरह से सहयोग करेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लखनऊ में एरा मेडिकल कॉलेज, डीएस मिश्र मेडिकल कॉलेज और इंटीग्रल मेडिकल कॉलेज सहित बलरामपुर हॉस्पिटल को डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल के रूप में कोरोना के इलाज के लिए समर्पित किया जाए। प्रत्येक कोविड हॉस्पिटल में न्यूनतम 700 बेड की उपलब्धता जरूर रहे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की रोकथाम के लिए टेस्ट, ट्रेस और ट्रीट के मंत्र को आत्मसात कर कार्य किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि रोजाना प्रदेश में न्यूनतम एक लाख आरटीपीसीआर टेस्ट किए जाएं। सभी सरकारी तथा निजी टेस्टिंग लैब पूरी क्षमता के साथ कार्य करें। टेस्टिंग में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में रोजाना 100 से अधिक कोरोना संक्रमण के केस मिल रहे हैं या फिर जहां पर कुल एक्टिव केस की संख्या 500 से अधिक है, वहां रात्रि नौ बजे से सुबह 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू लगाया जाए। कंटेन्मेंट जोन की व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए। सभी जनपदों में पीपीई किट, पल्स ऑक्सीमीटर, इंफ्रारेड थरमामीटर, सैनिटाइजर, एंटीजन किट सहित सभी आवश्यक लॉजिस्टिक की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। किसी भी जनपद से लॉजिस्टिक के अभाव की शिकायत नहीं आनी चाहिए। प्रदेश में एचएफएनसी और वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता है। इसके बाद भी आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त प्रबंध किए जाएं।


# उत्तर प्रदेश में 67 को निगल गया कोरोना, मिले 15353 नए रोगी

● लखनऊ में सर्वाधिक 4444 संक्रमित, 31 मौतें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में कोविड.19 के संक्रमण की दूसरी लहर पूरी तरह से जानलेवा हो चुकी है। सरकार की सख्ती और सर्वाधिक संक्रमित शहरों में नाइट कर्फ्यू लगाने की कार्रवाई का भी कोई असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है।

प्रदेश में लगातार कोरोना का आंकड़ा दिन दूनी रात चौगुनी स्पीड से बढ़ता ही जा रहा है। इसी का नतीजा है कि बीते 24 घंटे के दौरान प्रदेश में 67 लोगों को बीमारी के चलते अपनी जान गंवानी पड़ी है जबकि 15353 नए मरीज सामने आए हैं। लखनऊ पूरी तरह से कोरोना का हॉटस्पॉट बना हुआ है और स्थिति विस्फोटक होती जा रही है। मरने वालों में अकेले लखनऊ के 31 मरीज शामिल हैं। लखनऊ में सर्वाधिक 4444 नए पॉजिटिव मरीज मिले हैं। लखनऊ के बाद सबसे अधिक 1740 पॉजिटिव मरीज वाराणसी में मिले हैं। प्रयागराज में 9 लोगों की मौत व 1565 नए मरीज और कानपुर में 8 लोगों की मौत के साथ 881 नए मरीज सामने आए हैं। इसी प्रकार गाजियाबाद में 155, गौतम बुध नगर में 219, मेरठ में



255, गोरखपुर में 390, बरेली में 231, मुरादाबाद में 188, झांसी में 291, अलीगढ़ में 57, आगरा में 140, सहारनपुर में 140, मुजफ्फरनगर में 152, बलिया में 222, बाराबंकी में 105, अयोध्या में 92, लखीमपुर खीरी में 57, मथुरा में 138, जौनपुर में 162, शाहजहांपुर में 40, देवरिया में 82, आजमगढ़ में 95, रायबरेली में 210, बुलंदशहर में 64, हरदोई में 58, इटावा में 93, महाराजगंज में 19, कुशीनगर में 31, गाजीपुर में 142, प्रतापगढ़ में 84, रामपुर में 31, बस्ती में 43, चंदौली में 214, गोंडा में 126, सोनभद्र में 133, सुलतानपुर में 168, सीतापुर में 102, उन्नाव में 87, फर्रुखाबाद में 74, बिजनौर में 65, हापुड़ में 42, अमरोहा में 70, बांदा में 231, बहराइच में 103, फिरोजाबाद में 45, बदायूं में 30, ललितपुर में 133, सिद्धार्थनगर में 17, जालौन में 75, पीलीभीत में 18, मिर्जापुर में 210, फतेहपुर में 15, शामली में 51, मैनपुरी में 25, अमेठी में 38, औरैया में 27, संत कबीर नगर में 53, कन्नौज में 37, संभल में 38, मऊ में 67, एटा में 34, भदोही में 65, बलरामपुर में 40, चित्रकूट में 77, बागपत में 29, कौशांबी में 49, कानपुर देहात में 35, अंबेडकरनगर में 52, कासगंज में 6, हमीरपुर में 31, महोबा में 10, श्रावस्ती में 17 और हाथरस में 6 नए कोरोना मरीज मिले हैं। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में गत एक दिन में कुल 203780 सैम्पल की जांच की गई।

## देश में डेढ़ लाख से अधिक नए मामले, 839 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के एक दिन में रिकॉर्ड 1,52,879 नए मामले आने से संक्रमण के मामलों की कुल संख्या बढ़कर 1,33,58,805 हो गई, जबकि देश में वर्तमान में इस बीमारी का इलाज करा रहे लोगों की संख्या महामारी शुरू होने के बाद से पहली बार 11 लाख के आंकड़े के पार चली गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार, महामारी से एक दिन में 839 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 1,69,275 हो गई है। 18 अक्टूबर 2020 के बाद से इस बीमारी से एक दिन में जान गंवाने वाले लोगों की यह सर्वाधिक संख्या है।

# नोएडा में आग से दो बच्चों की मौत, 150 झुग्गियां राख

● मुख्यमंत्री ने मृतक परिजनों को चार-चार लाख रुपए की सहायता देने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** फेज-3 के बहलोलपुर में रविवार दोपहर सिलिंडर फटने से झुग्गियों में लगी आग से दो बच्चों की मौत हो गई और 150 से अधिक झुग्गियां जलकर राख हो गई। आग बुझने के बाद फायर ब्रिगेड को दो बच्चों के शव मिले हैं। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के साथ जांच के लिए फोरेंसिक लैब भी भेजा है ताकि डीएनए टेस्ट से इनकी पहचान हो सके। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों



नोएडा के बहलोलपुर में झुग्गियों में लगी आग। फोटोः दीपक यादव

को दुर्घटना से प्रभावित व्यक्तियों को हर सम्भव राहत एवं मदद प्रदान करने के निर्देश भी दिए हैं।

नोएडा सेंट्रल जोन के डीसीपी हरिश्चंद्र ने बताया कि रविवार की दोपहर बहलोलपुर गांव के पास झुग्गी बस्ती में आग लगने की जानकारी के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों को भेजा गया। करीब डेढ़ सौ पुलिसकर्मियों और फायरमैन ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। इस हादसे में करीब डेढ़ सौ झुग्गियां जलकर खाक हो गई हैं। डीसीपी हरीश चंद्र ने बताया कि प्रारंभिक रूप से छानबीन में यह तथ्य सामने आया है कि किसी झुग्गी में एलपीजी सिलेंडर फटा है।

जिसकी वजह से आसपास की झुग्गियों में भीषण आग लग गई। हवा तेज होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते पूरे इलाके में आग फैल गई। फायर डिपार्टमेंट हादसे की गहराई से जांच कर रहा है। झुग्गी बस्ती में लगी आग का धुआं लोगों को 10-15 किलोमीटर दूर से भी नजर आ रहा था। तेज हवा के कारण आग पर काबू पाने में काफी समय लग गया।

# सीबीआई ने देशमुख के निजी सहायकों से पूछताछ की

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**सीबीआई** ने मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के निजी सहायकों से रविवार को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि देशमुख के निजी सचिव संजीव पलांडे और निजी सहायक कुंदन शिन्दे को बंबई उच्च न्यायालय के आदेश पर शुरू की गई प्रारंभिक जांच के तहत पूछताछ के लिए सीबीआई टीम के समक्ष पेश होने को कहा गया था। उन्होंने बताया कि सीबीआई के अधिकारी सांताक्रूज उपनगर स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अतिथि गृह में दोनों से पूछताछ कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सिंह ने पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि जब देशमुख ने निलंबित पुलिसकर्मी सचिन वाजे से मुंबई के बार एवं रेस्तराओं से 100 करोड़ रुपए प्रति माह वसूलने को कहा था, तो उस समय पलांडे भी वहां मौजूद थे। वाजे उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के निकट एक वाहन में विस्फोटक सामग्री मिलने के मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच का सामना कर रहा है। कहा जाता है कि उसने अपने बयान में कहा था कि इस तरह की एक अन्य बातचीत के दौरान कुंदन भी वहां मौजूद थे।

## एनआईए ने वाजे के सहयोगी रियाज काजी को गिरफ्तार किया

**मुंबई( पीएनएस )।** एनआईए ने निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाजे के सहयोगी रहे पुलिस अधिकारी रियाज काजी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के पास एक एसयूवी में विस्फोटक सामग्री मिलने के मामले में यह गिरफ्तारी की गई है। सहायक पुलिस निरीक्षक (एपीआई) काजी को एनआईए ने रविवार को एक बार फिर पूछताछ के लिए बुलाया था और बाद में गिरफ्तार कर लिया।

# शाह और दीदी के बीच तीखी तकरार

बंगाल चुनाव

● ममता ने कूच बिहार फायरिंग में हुई मौतों को नरसंहार बताया, शाह ने तुष्टीकरण राजनीति को लेकर बोला हमला

पायनियर समाचार सेवा। बसीरहाट

**पश्चिम** बंगाल चुनाव में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक दूसरे पर फिर हमला बोला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि वह अपने पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं, बशर्ते जब पश्चिम बंगाल के लोग उनसे ऐसा करने को कहें।

भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने हालांकि कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दो मई को पद छोड़ना होगा क्योंकि तृणमूल कांग्रेस मौजूदा विधानसभा चुनाव हार जाएगी। शाह ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप



लगाया कि वह अवैध प्रवासियों के तुष्टिकरण के लिए संशोधित नागरिकता कानून का विरोध कर रही हैं। शाह ने दावा किया कि अवैध प्रवासी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हैं और दंगों में लिप्त होते हैं। उन्होंने कहा, यदि मतुआ समुदाय के लोगों को नागरिकता मिल जाए तो दीदी को क्या दिक्कत है? उनकी समस्या यह है कि अवैध प्रवासी नाराज हो जाएंगे। ऐसे लोगों को अब राज्य पर शासन करने का अधिकार नहीं है। अवैध प्रवासी मुफ्त राशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हैं लेकिन दंगों में लिप्त होते हैं। शाह ने कहा कि भाजपा बांग्लादेश से अवैध प्रवासियों के आने पर पूरी तरह से रोक लगा देगी और राज्य में सरकार बनाने के बाद सीएए के खिलाफ विधानसभा में पारित प्रस्ताव वापस लेगी। उन्होंने लाभार्थियों को 10,000



रुपए की वार्षिक सहायता देने के लिए मुख्यमंत्री शरणार्थी कल्याण कोष शुरू करने का वादा भी किया। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दावा किया कि कूचबिहार में हुई घटना मतदाताओं के डराने के लिए भाजपा द्वारा रची गई साजिश का परिणाम है।

रविवार को जलपाईगुड़ी जिले में तीन रैलियों को संबोधित करने वाली बनर्जी ने कहा कि केन्द्रीय बलों के बचाव में आए भाजपा नेताओं को बैठकर यह सोचना चाहिए कि अगर उनके परिवार के सदस्यों के साथ ऐसा हुआ होता तो भी क्या उनका यही रुख होता। बनर्जी ने घटना को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भाजपा के इशारे पर उनके और अन्य राजनीतिक नेताओं के 72 घंटे तक सीतलकूची जाने पर रोक लगा दी।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,591 | |
| निफ्टी | 14,834 | |
| सोना | 46,257 | /10g |
| चांदी | 66,253 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने चार आतंकवादी किए ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों के साथ हुई दो मुठभेड़ों में आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और अल-बदर के चार आतंकवादी मारे गए। मारे गए इन आतंकवादियों में वे आतंकवादी भी शामिल है जिन्होंने गत शुक्रवार को प्रांतीय सेना के एक जवान की हत्या कर दी थी। उस समय जवान ड्यूटी पर नहीं था। यह जानकारी पुलिस ने दी। इसके साथ, अनंतनाग और शोपियां में शनिवार को शुरू हुई मुठभेड़ों में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है क्योंकि एक आतंकवादी मुठभेड़ के शुरुआत में मारा गया था। पुलिस ने बताया कि तौसीफ अहमद भट और आमिर हुसैन गनी दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबेहरा इलाके में स्थित सेमथान में तब मुठभेड़ में मारे गए जब उन्होंने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया और तलाशी अभियान चला रहे सुरक्षा बलों के दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की।

# आगरा में खुलेगी पहली निजी मंडी

● किसानों की आय दुगुनी करने की दिशा में अहम कदम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किसानों** की आय दुगुनी करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुहिम रंग ला रही है। आगरा के एक फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गनाईजेशन ने प्रदेश की पहली निजी मंडी खोलने की तैयारी कर ली है। अपने आप में अनूठी इस मंडी में किसान की फसल किसान ही खरीदेंगे और उसे आजादपुर मंडी के आढ़तियों और बिग बास्केट सहित मल्टीनेशनल कंपनी आईटीसी को बेचेंगे। एफपीओ ने मंडी परिषद के माध्यम से प्रस्ताव शासन को भेजा है। उम्मीद है कि शासन की ओर से जल्द लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा। दिव्यभूमि एग्रीक्राप प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड में आगरा के आसपास के



20 से अधिक गांवों के 500 से अधिक किसान जुड़े हैं। इस एफपीओ ने ब्लॉक सैंयां छितापुरा नंगला बिरई में तीन बीघे जमीन में निजी मंडी खोलने की तैयारी की है। फ्लिहालए दिव्यभूमि एफपीओ मल्टीनेशनल कंपनियों की तर्ज पर खेत से लेकर घर तक सब्जी पहुंचा रही है। एफपीओ ने पिछले साल हुए लॉकडाउन को अवसर में बदल दिया। आगरा में 63 हाउसिंग सोसाइटी में करीब आठ सौ परिवारों को घर.घर सब्जी बेचे। इसके अलावा करीब छह सौ परिवारों को आनलाइन सब्जियों की डिमांड पर आपूर्ति की। आनलाइन टैक्सी की तर्ज पर खेत से सब्जी के ठेले तक पहुंचाई जा रही है।

## आगरा से विदेश भेजी जाएगी सब्जी

**केंद्र** सरकार की एक योजना के तहत आगरा की सब्जी को विदेशों में भी भेजने की तैयारी है। एफ्पीओ की ओर से एग्री ओरिएंटेड फार्मिंग के लिए 20 से 50 हेक्टेयर भूमि पर खेती कराने के लिए किसानों से संपर्क किया जा रहा है। इसमें अलग.अलग गांव एक ही सब्जी की खेती करेंगे और उसे एक्सपोर्ट किया जाएगा। एफपीओ का सीड प्रासेसिंग सेंटर और सीड वेयर हाउस का प्रोजेक्ट मंजूर हो गया है। इसमें सरकार की ओर से 60 लाख रुपए का अनुदान दिया गया है। एफपीओ ने लागत को कम करने के लिए बीज उत्पादन का लाइसेंस लिया है। किसान बीज उत्पादन करेंगे और जरूरत के अनुसार उपयोग करेंगे। साथ ही बाजार में बेचा भी जाएगा।

# देवलोक काशी बनेगी विश्व की सबसे बड़ी संस्कृत नगरी

● संस्कृत भाषा के विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री के प्रयासों को आगे बढ़ाएगा संस्कृत बोर्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देवलोक** कहीं जाने वाली काशी अब विश्व में संस्कृत नगरी के रूप में भी जानी जाएगी। प्रदेश में सबसे अधिक संस्कृत विद्यालय वाराणसी में संचालित हो रहे हैं। यहां पर संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों की संख्या भी सबसे अधिक है।

वाराणसी में 110 से अधिक संस्कृत स्कूल संचालित किए जा रहे है। नए सत्र से संस्कृत के दो स्कूल इसमें और शामिल हो जाएंगे। प्रदेश भर में 13 संस्कृत के नए स्कूल खुलेंगे। काशी के बाद जौनपुर में संस्कृत के सबसे अधिक स्कूल है। संस्कृत भाषा के विस्तार और उसे



प्रतीकात्मक चित्र

अलग पहचान दिलाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार जल्दी माध्यमिक व बेसिक शिक्षा की तर्ज पर संस्कृत निदेशालय बनाने जा रही है। इसकी घोषणा भी मुख्यमंत्री ने अपने बजट में की थी। निदेशालय बनने के बाद संस्कृत भाषा को नई पहचान मिल सकेगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संस्कृत में प्रेस विज्ञाप्ति जारी करने काम किया है। साथ में अपने अधिकारिक ट्विटर एकाउंट से संस्कृत में ट्विट भी किए हैं। सीएम की पहल के बाद संस्कृत बोर्ड ने भी प्रदेश में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों के माने तो इस बार प्रदेश में संस्कृत के 13 नए विद्यालयों को मान्यता देने की तैयारी है। इन स्कूलों ने अपने निर्धारित मानकों को पूरा कर लिया है। इसमें काशी में दो और नए विद्यालय खुलेंगे। प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की ओर से प्रदेश में संस्कृत के कुल 1164 विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इसमें से 971 विद्यालय अनुदानित है जबकि 2 संस्कृत भाषा के राजकीय विद्यालय है।

इनमें 97 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं। नए सत्र में इनमें 13 विद्यालय और जुड़ जाएंगे। संस्कृत विद्यालयों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए इनमें कम्पयूटर शिक्षा के साथ कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाया जा रहा है। योगी सरकार ने प्रदेश के 200 से अधिक गुरुकुल पद्धति के संस्कृत विद्यालयों के 4 हजार से अधिक छात्रों को नि:शुल्क भोजन व छात्रावास की सुविधा देने का फैसला भी किया है।

# कोरोना नहीं लॉकडाउन का खौफ

- मुंबई से एक बार फिर अप्रवासी अपने घरों को लौट रहे
- लोकमान्य तिलक टर्मिनल स्टेशन से यूपी जाने वाली ट्रेनों के जनरल डिब्बे में पैर रखने की जगह नहीं



सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी

**मुंबई में** संपूर्ण लॉकडाउन के डर के चलते एक बार फिर प्रवासियों का पलायन शुरू हो गया है। लोग अपने घर लौटने लगे हैं। मुंबई में लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से यूपी जाने वाली ट्रेनों के जनरल डिब्बे में पैर रखने की जगह नहीं है। रविवार को मुंबई से वाराणसी पहुंची ट्रेन पवन एक्सप्रेस से लोग अपने घरों और गांवों को जाते दिखे। लोगों को कोरोना से ज्यादा अब लॉकडाउन का डर सताने लगा है।

कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर मुंबईए दिल्लीए लखनऊ व कानपुर समेत अन्य शहरों में तेजी से बढ़ रही है। देश एक बार फिर कोरोना वायरस संकट के उसी दौर में जाता दिख रहा हैए जहां पिछले साल था। एक तरफ कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं। शहरों में फिर से लॉकडाउन का डर सता रहा है। वहीं मुंबई में वीकेंड लाकडाउन लगाने का आदेश दिया गया है। प्रवासियों का कहना है कि मुंबई में कोविड.19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और हो सकता है कि यहां लॉकडाउन लगा दिया जाए। इसलिए लोग अपने घरों को वापस जा रहे हैंए क्योंकि एक बार फिर लॉकडाउन में फंसना नहीं चाहते हैं।

मुंबई से ट्रेन में वाराणसी कैंट स्टेशन पहुंचे गोपाल ठाकुर ने बताया कि वह मुंबई में ज्वैलरी लाईन में काम करते हैं पर मुंबई में वीकेंड लॉकडाउन लगने और कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए कारोबार बंद हो गया है इसलिए वह अपने घर वापस जा रहे हैं। वहीं मुंबई में सैलून की दुकान पर कार्य करने वाले रंजित ने बताया कि मुंबई में कोविड के चलते हालत बहुत खराब है सभी दुकानों को बंद करवा दिया जा रहा है। इसलिए वापस घर जा रहा हूं। एक.दो महीने बाद स्थिति सामान्य होने पर वापस मुंबई जाउंगा। मुंबई से वाराणसी कैंट स्टेशन पहुंचे सूरज कुमार शर्मा ने बताया कि वह मुंबई में कारपेंटरी का काम करते हैं पर इन दिनों जिस भी घर या फ्लैट में जाओ तो वहां कोविड पॉजिटिव मरीज होने का पता चलता थाए इसलिए वह अपने गांव वापस जा रहे हैं और वहीं खेती का काम करेंगे। महाराष्ट्र में फिलहाल शनिवार और रविवार को लॉकडाउन लगाया गया है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की राज्य की कोरोना टास्क फोर्स के साथ एक अहम बैठक होने वाली है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि महाराष्ट्र सरकार लॉकडाउन लगाने के पक्ष में है।

# 1520 नए मरीजों में कोरोना की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में मच गया हड़कंप

- एक की मौत, 217 मरीज स्वस्थ घोषित किए गये

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**जिले में** रविवार को कोरोना संक्रमण एक बार फिर रिकार्ड टूट गए। 1520 नए मरीजों में कोरोना की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कम्प मचा है।अब तक कुल 29741 नए संक्रमित हो चुके है। मरीजो में कैंट विधायक, मंडलीय अस्पताल, महिला अस्पताल में एसआईसी समेत कई लोग शामिल हैं। 215 संक्रमित मरीज स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं।रविवार को कोरोना से एक लोगों की मौत हो गई है। अब तक 400 लोगों ने कोरोना से अपनी जान गवां चुके हैं। अब तक एक्टिव केस 6725 हो चुके हैं।एक अप्रैल के बाद से 11 दिनों में ही कोरोना के 6620 नए मामले सामने आ चुके हैं। अब तक कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 29741 हो गई है जबकि रविवार को 215 लोगों को होम आइसोलेशन में स्वस्थ घोषित किया गया। अब 400 लोगों ने अपनी जान गवां चुके है। जिले में कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति और बदतर होती जा रही है। रविवार की सुबह आई रिपोर्ट में कुल 782 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। जबकि संक्रमितों की संख्या बढ़कर 6204 हो गई है। वहीं जिले में अब तक 29000 मरीज आधिकारिक तौर पर संक्रमित हो चुके हैंए इनमें से 22401 लोग पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। जबकि कुल 398 लोगों ने इस बीमारी से दम तोड़ा है। दूसरी ओर संक्रमण के बढ़ते मामलों की वजह से कुल 5876 लोगों की रिपोर्ट अभी भी नहीं आ सकी है। महामारी के दूसरे लहर में भयावहता बढ़ती ही जा रही है। रविवार को कैंट स्टेशन पर मुंबई से आए यात्री समेत तीन लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। जिन्हें 108 एम्बुलेंस की सहायता से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल भेज दिया गया। एहतियातन एंटीजन टेस्ट डेस्क और ट्रेन की बोगी को सैनिटाइज कराया गया।

## विवक न्यूज

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2513 लोगों को मिला निःशुल्क चिकित्सीय और स्वास्थ्य लाभ

**वाराणसी।** रविवार को जिले के समस्त 52 शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य की मुफ्त जांच हुई तथा उपचार परामर्श के साथ निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एनपी सिंह ने बताया कि आज जिले के समस्त आरोग्य मेले में कुल 2513 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई जिसमें 1050 पुरुषोंए 1157 महिलाओं और 306 बच्चों को देखा गया। इसके साथ ही सभी आरोग्य मेलों में आरटीपीसीआर टेस्ट के लिए सैंपल भी लिए गए। स्वास्थ्य मेलों में आयुष्मान भारत योजना के स्टॉल लगाकर 114 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके अलावा 14 लोगों की हेपेटाइटिस.बी व सी की जांच हुई जिसमें सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गए। 29 लिवरए 202 मरीज श्वसनए 215 उदरए 137 मधुमेहए 360 त्वचा संबन्धित मरीजए 4 टीबी संभावित मरीजए 22 एनीमिकए 103 हाईपेटेंशनए 110 महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच ,एएनसीद्ध 1201 अन्य रोगों के मरीज देखे गए। इन मेलों में कुल 8 मरीजों को संदर्भित किया गया। मेले में कुल 5 कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया गया। इसके अलावा 10 मरीजों को आँख की स्क्रीनिंग की गयी जिसमें 1 मरीज को आँख की सर्जरीए 1 मरीज को ईएनटी सर्जरीए 1 मरीज को ओब्स एवं गायनी सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया। मेले में 108 मेडिकल ऑफिसर एवं 449 पैरामेडिकल स्टाफने कार्य किया।

### महिला सशक्तिकरण के पुरोधा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई



**वाराणसी।** देश के प्रथम शिक्षक, शोषितों, वंचितों में शिक्षा की अलख जगाने वाले महिला सशक्तिकरण के पुरोधा, सामाजिक क्रांति के अग्रज महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती पर पुष्प चढ़ाकर एवं दीप जलाकर मनाई गई तथा इस अवसर पर सभी लोगों ने शपथ ली कि हम ज्योतिबा फुलेजी द्वारा बताये हुए मार्ग पर चलेंगे। जो मार्ग सत्य का कठिन है, समाज को शिक्षित करने मार्ग है, समाज में समानता, भाईचारा, बन्धुता बढ़ाने का समाज है। जो देश के महिलाओं को मजबूती एवं सशक्तिकरण बनाने का मार्ग है पर चलने की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष राहुल राज, तिलक कुमार चौहान, दिलीप कुमार, अखिलेश कन्नौजिया, जय प्रकाश यादव, राहुल दुबे, लालजी, रामसरन आदि लोग उपस्थित रहे। अर्दली बाजार स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी द्वारा समाजवादी पार्टी ने महानायक महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई 194 वीं जयन्ती तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई। सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज आधुनिक भारत के महान बौद्धिक एवं उच्च कोटि के सामाजिक वैज्ञानिक ए भारत में प्रथम कन्या विद्यालय की स्थापना करने वाले महापुरुष ए विधवा विवाह के लिए लगातार प्रयास करने वाले ए अनाथ बच्चों के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना करने वाले ए मूलनिवासी बहुजन समाज के लोगों को 3500 वर्षों की गुलामी की व्यवस्था से मुक्ति संघर्ष की शुरुआत करने वाले ए अनेकों पुस्तकों के रचयिता एवं आधुनिक भारत की नींव रखने वाले महानायक राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले की 194 वीं जयन्ती है। इस पुनीत अवसर पर भारत के सभी लोगों ए बहुजन समाज के लोगों ए महिलाओं एवं युवा युवतियों को ओर से हम अपने महानायक राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि और शत शत नमन अर्पित करते है। महात्मा ज्योतिराव गोविन्द राव फुले ने सितम्बर 1873 में महाराष्ट्र में सत्यशोधक समाज नामक संस्था का गठन किया।महात्मा फुले ने महिलाओं एवं दलितों की शिक्षा एवं उत्थान के लिए बहुत काम किये।वह समाज के सभी वर्गों को शिक्षा प्रदान करने और विधवा विवाह के प्रबल समर्थक थे।

### पूर्व जिलाध्यक्ष प्रजानाथ शर्मा ने एनएसयूआई के जीत पर दी बधाई

**वाराणसी।** ज़िला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रजा नाथ शर्मा ने सम्पूर्णानन्द विश्विद्यालय छात्रसंघ चुनाव में एनएसयूआई के समस्त विज़यी प्रत्याशियों अध्यक्ष कृष्ण मोहन शुक्लए उपाध्यक्ष अजित चौबेए महामंत्री शिवम चौबे व पुस्तकालय मंत्री आशुतोष कुमार मिश्र को हार्दिक बधाई दी है और इस जीत को छात्र.छात्राओं के संघर्ष की विज़य बताया है।महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विगत काफ़ी दिनो से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पठन.पाठन को लगातार बाधित करने का काम किया था और एनएसएयूएआईएके कार्यकर्ताओं ने पठन.पाठन को सुचारु रूप से गति देने में विश्वविद्यालय प्रशासन का हमेशा सहयोग किया है।

## पंचायत चुनावः बनारस जिपं चुनाव में कुल 17163 प्रत्याशी, जिपं सदस्य सहित 268 के पर्चे खारिज

**वाराणसी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। दो दिन पर्चे की जांच के दौरान कुल 268 प्रत्याशियों के पर्चे खारिज कर दिए गए। इसमें किसी की उम्र कम तो किसी में वार्ड आदि गलत अंकित कारण बताए गए। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान ग्राम प्रधान पद के 17 पर्चे अस्वीकृत किए गए। इसमें सेवापुरी से दोए बड़ागांव से दोए पिंडरा से तीन हरहुआ से एकए चिरईगांव से सर्वाधिक पांचए आराजीलाइन से तीनए काशी विद्यापीठ से एक फार्म शामिल रहा। इस तरह अब ग्राम प्रधान के लिए 694 सीट पर कुल 5381 प्रत्याशी मैदान में होंगे। इस सीट के लिए कुल 5398 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा था। इसी प्रकार बीडीसी के लिए 15 नामांकन फार्म खारिज कर दिए गए। इसमें सर्वाधिक सात फार्म बड़ागांव ब्लाक में निरस्त हुए। पिंडरा में एकए हरहुआ में तीनए चिरईगांव में दोए आराजीलाइन में एकए ब्लाक काशी विद्यापीठ में एक फार्म अस्वीकृत किए गए। बीडीसी 1107 सीट के लिए कुल 49013 नामांकन हुए थे। अब मैदान में 4896 प्रत्याशी मैदान में होंगे। ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए सर्वाधिक 235 फार्म खारिज हुए। जिले में 8978 पद के लिए कुल 6498 फार्म भर गए थेए अब सदस्य की कुर्सी पर सिर्फ 6254 प्रत्याशी किस्मत आजमाएंगे। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए भरे गए 633 नामांकन पत्र में सिर्फएक खारिज हुआ। इस तरह जिला पंचायत की 40 सीट पर कुल 632 प्रत्याशी इस समय मैदान में हैं। नाम वापसी 11 अप्रैल को दोपहर तीन बजे तक निर्धारित है। इसके बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। 19अप्रैल को मतदान व दो मई को वोटों की गिनती होगी।

## सम्पूर्णानंद विवि में छात्रसंघ चुनाव में

# एनएसयूआई के कृष्ण मोहन शुक्ल अध्यक्ष और अजीत उपाध्यक्ष व शिवम चौबे महामंत्री निर्वाचित

- एनएसयूआई का चारों सीटों पर कब्जा रहा, उपाध्यक्ष पद पर अजीत कुमार चौबे व पुस्तकालय मंत्री पर आशुतोष कुमार मिश्र निर्वाचित घोषित किए गए

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**सम्पूर्णानंद संस्कृत** विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई )का रविवार को अध्यक्ष पद पर कृष्ण मोहन शुक्ल, उपाध्यक्ष पद पर अजीत कुमार चौबे, महामंत्री पद पर शिवम चौबे, पुस्तकालयमंत्री पर आशुतोष कुमार मिश्र जीतकर चारों सीट पर कब्जा कर लिया वहीं एवीबीपी के प्रत्याशियों का सुपड़ा साफहो गया है। संस्कृत विवि के छात्रसंघ चुनाव में वेदवेदांग संकाय प्रतिनिधि पद पर राघवेन्द्र मिश्र, पंकज द्विवेदी, कुश तिवारी, शानू कुमार, सत्याजीत तिवारी, साहित्य संस्कृति संकाय प्रतिनिधि में अनुराग शर्मा, बृजेश कुमार दूबे, श्रमण विद्या संकाय प्रियाशु कुमार पाण्डेय तथा दर्शन संकाय में प्रतिनिधि पद पर शिव ओम शर्मा निर्वार्चित घोषित किए गये। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रसंघ के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो0 सुधाकर मिश्र ने बताया कि बहुत ही शांति ढंग से चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें कुल 44.51प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव परिणाम इस प्रकार रहा है। कड़ी सुरक्षा व गहमागहमी के बीच संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में रविवार को छात्रसंघ चुनाव के लिए मतदान सुबह नौ बजे से शुरू हुआ प् दोपहर बारह बजे तक पचास फीसद मत पड़ चुके थे। इस चुनाव में 1732 मतदाता छात्र.छात्राओं को मताधिकार का प्रयोग करना था। मतदान दोपहर दो बजे तक चला। छात्रसंघ के विभिन्न पदों के लिए 16 प्रत्याशियों के भाग्य का होना है। छात्रों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहींए विवि परिसर में परिचय पत्र व फीस रसीद देखने के बाद ही छात्रों को मतदान स्थल तक जाने की छूट दी जा रही थी। निर्वाचन अधिकारी प्रोण् सुधाकर मिश्र के मुताबिक मतदान शांतिपूर्वक संपन्?न हुआ है। बताया कि मतदान के बाद मतगणना दोपहर तीन बजे से शुरू हुई। निर्वाचित पदाधिकारियों को परिणामों की घोषणा के तत्काल बाद शपथ भी दिलाई जाएगी।

**चुनाव परिणामः** अध्यक्ष- कृष्ण मोहन शुक्ल 442 (निर्वार्चित), अजय दूबे 306 जीते-136 मतों से, **उपाध्यक्ष**- अजीत कुमार चौबे 441(निर्वार्चित),चन्द्रमौलि तिवारी 343 जीते -68 मतों से, **महामंत्री**- शिवम चौबे 495(निर्वार्चित), गौरीशंकर भगोते 276 जीते-219 मतों से, **पुस्तकालय मंत्री**- आशुतोष कुमार मिश्र-415(निर्वार्चित),विवेकानंद पाण्डेय 338 जीते-77 मतों।

## बड़ागॉव में प्रधान प्रत्याशी की देर रात गोली मारकर हत्या

**वाराणसी।** बड़ागांव थानांतर्गत सैरा गांव के समीप शनिवार की रात बदमाशों ने प्रधान प्रत्याशी पप्पू यादव ;39द्ध की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का शव खेत में मिला। इस वारदात के पीछे चुनावी रंजिश की चर्चाओं का बाजार गर्म है। मिली जानकारी के अनुसार इंद्रपुर गांव से लगातार 20 वर्षों से प्रधान पप्पू यादव ने दो दिन पहले ही नामांकन पर्चा दाखिल किया था। घटना की शाम वह जनसम्पर्क के बाद घर लौट रहे थे। इस बीच सैरा गांव के समीप बदमाशों ने उन्हें गोली मार दिया। गोली की आवाज सुनकर दौड़े स्थानीय ग्रामीण पूर्व प्रधान को लेकर मलदहिया स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। जहां उन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों ने उनके मौत की पुष्टि कर दी। इसके बाद जानकारी होने पर सैकड़ों की संख्या में समर्थक जुट गए। बड़ागांव थाना क्षेत्र के सैरा गांव के पास ढोल बजवा मोड़ पर शनिवार की रात करीब नौ बजे बदमाशों ने 48 वर्षीय पूर्व ग्राम प्रधान विजेंद्र यादव उर्फपप्पू की गोली मारकर हत्या कर दी।

## वाराणसी में टीकाकरण का दायरा बढ़ाया गया

**वाराणसी।** वैक्सीन की किल्लत से जूझ रहे जनपदवासियों को बड़ी राहत मिली है। वैक्सीन की 60000 डोज उपलब्ध होते ही अब टीकाकरण का दायरा बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इसके तहत जहां 11 से 14 अप्रैल तक श्कोरोना टीका उत्सवश् मनाया जा रहा हैए वहीं 45 वर्ष से ऊपर के 100 से अधिक कर्मचारी वाले कार्यालय अब अपने यहां टीकाकरण सत्र आयोजित करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें कर्मियों की सूची के साथ एक प्रार्थना पत्र सीएमओ कार्यालय में देना होगा। यह टीका उत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर पूरे देश में मनाया जा रहा है। वहीं विगत आठ अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी वीडियो कांफ्रेंसिंग में निर्देश दिया था कि ज्योतिबा फुले की जयंती से लेकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती तक वृहद स्तर पर कोविड टीकाकरण श्टीका उत्सवश् मनाया जाय। डीएम कौशल राज शर्मा ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग में मिले निर्देशों के क्रम में इस बार 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले की जयंती रविवार को पड़ रही है।

# दूरसंचार विभाग सिग्नलिंग प्रणाली को लगातार कर रहा उच्चीकृतः डीआरएम

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**रेल परिचालन** में समयपालनता और संरक्षा को बेहतर बनाये रखने के दृष्टिगत उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय और प्रयागराज मंडल के सिग्नल और दूरसंचार विभाग द्वारा सिग्नलिंग प्रणाली को लगातार उच्चीकृत किया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021 22 के प्रारम्भ में ही सिग्नल और दूरसंचार विभाग द्वारा त्वरित गति से कार्य करते हुए चुनार चोपन खण्ड के खैराही स्टेशन यार्ड की पुरानी मैकेनिकल सिग्नलिंग को समाप्त कर नई इलेक्ट्रिक इन्टरलाकिंग की स्थापना का कार्य 10 अप्रैल को पूरा कर लिया गया। मंडलीय पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि इस कार्य के अंतर्गत खैराही स्टेशन पर 33 रूट कॉम्बिनेशन वाले महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग कार्य के साथ नये आईपीएस डाटालागर ईएलडी फ्यूज अलार्म और डीजी सेट कि स्थापना की गई। इसके साथ ही ईआई इआई रूम आईपीएस एवं बैटरी रूम में स्वचालित फायर अलार्म प्रणाली भी स्थापित की गई है। आग की सम्भावित घटनाओं की रोकथाम हो सके। साथ ही दस प्वाइंट मशीनों की स्थापना के साथ कुल 14 मुख्य सिग्नल और तीन शंट सिग्नल स्थापित किये गये। इसी क्रम में एमएसडीएसी के समानांतर 21 डीटीसीटी डीसीटीसी लगाये गये। बाधा रहित सम्पर्क के लिये 25 वॉट वीएचएफसेट और नियंत्रण फोन प्रदान किये गये हैं। वातावरण को ध्यान में रखते हुये ईआई कमरे में स्वचालित चेंजओवर वाले एसी लगाये गये हैं।

इस कार्य के पूर्ण हो जाने से प्रयागराज मण्डल संरक्षित रेल संचालन प्रदान करने के क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ गया। इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग से केबिनों में फैले जटिल मैनुअल ऑपरेशन की जगह माउस बटन के क्लिक द्वारा पावर केबिन से केंद्रीकृत फेल सेफ संचालन हो सकेगा। जनशक्ति की भी पर्याप्त बचत। सिग्नल विभाग द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य को महाप्रबंधक उत्तर मध्य एवं पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी के निर्देशन और प्रमुख मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजिनियर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय अरुण कुमार और मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज मण्डल मोहित चंद्रा के नेतृत्व में पूरा किया गया। पुरानी मैकेनिकल सिग्नलिंग को समाप्त कर नई इलेक्ट्रिक इन्टरलाकिंग की स्थापना के कार्य को मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजिनियर पी टू प्रयागराज डी पी गर्ग के साथ दिलीप राजपूत वरिष्ठ मण्डल सिग्नल और दूरसंचार इंजिनियर प्रयागराज राहुल सिंह उप मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजिनियर प्रोजेक्ट प्रयागराज के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मुख्य सिग्नल इंजीनियर नीरज यादव ने बताया कि इलेक्ट्रिक इन्टरलाकिंग की स्थापना से इस खण्ड में पचास केएमपीएच के गति प्रतिबंध को भी समाप्त किया जा सका।


पूर्वोत्तर रेलवे सूचना सं.: 89/2021

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

(1) गाड़ी सं. 01437/01438 पुणे-लखनऊ जं.-पुणे ए.सी. विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 01437 पुणे से
दिनांक 12-04-2021, 19-04-2021 एवं 26-04-2021 को।
गाड़ी सं. 01438 लखनऊ से
दिनांक 14-04-2021, 21-04-2021 एवं 28-04-2021 को।

| 01437 पुणे–लखनऊ | | स्टेशन | 01438 लखनऊ–पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:20 | पुणे | 05:30 | -- |
| 21:25 | 21:27 | दौंड कॉर्ड लाइन | 03:58 | 04:00 |
| 22:45 | 22:48 | अहमदनगर | 02:10 | 02:13 |
| 00:30 | 00:32 | कोपरगांव | 23:38 | 23:40 |
| 01:50 | 01:55 | मनमाड | 22:25 | 22:30 |
| 04:20 | 04:25 | भुसावल | 19:00 | 19:05 |
| 09:00 | 09:10 | इटारसी | 13:55 | 14:05 |
| 11:20 | 11:25 | भोपाल | 11:20 | 11:25 |
| 13:35 | 13:45 | बीना | 09:05 | 09:10 |
| 15:45 | 15:55 | झांसी | 06:55 | 07:05 |
| 20:30 | 20:40 | कानपुर सेन्ट्रल | 02:10 | 02:20 |
| 22:05 | -- | लखनऊ | -- | 00:45 |

रेक संरचनाः वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–13, जनरेटर सह लगेज यान–02 = कुल 15 कोच।

(2) गाड़ी सं. 01431/01432 पुणे-गोरखपुर-पुणे विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 01431 पुणे से
दिनांक 13-04-2021, 20-04-2021 एवं 27-04-2021 को।
गाड़ी सं. 01432 गोरखपुर से
दिनांक 14-04-2021, 21-04-2021 एवं 28-04-2021 को।

| 01431 पुणे–गोरखपुर | | स्टेशन | 01432 गोरखपुर–पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:15 | पुणे | 06:25 | -- |
| 12:23 | 12:25 | दौंड कॉर्ड लाइन | 04:50 | 04:52 |
| 13:57 | 13:40 | अहमदनगर | 03:02 | 03:05 |
| 15:58 | 16:00 | कोपरगांव | 01:23 | 01:25 |
| 17:20 | 17:25 | मनमाड | 00:15 | 00:20 |
| 19:50 | 19:55 | भुसावल | 21:40 | 21:45 |
| 23:42 | 23:45 | खण्डवा | 19:55 | 19:58 |
| 02:05 | 02:15 | इटारसी | 17:30 | 17:35 |
| 04:25 | 04:30 | भोपाल | 15:15 | 15:20 |
| 06:40 | 06:45 | बीना | 13:00 | 13:05 |
| 08:45 | 08:55 | झांसी | 10:50 | 11:00 |
| 13:20 | 13:30 | कानपुर सेन्ट्रल | 06:05 | 06:15 |
| 14:55 | 15:05 | लखनऊ | 04:30 | 04:40 |
| 17:00 | 17:05 | गोण्डा | 01:40 | 01:45 |
| 18:20 | 18:23 | बस्ती | 23:40 | 23:43 |
| 20:00 | -- | गोरखपुर | -- | 22:40 |

रेक संरचनाः वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–06, शयनयान–06, सामान्य द्वितीय श्रेणी–04, जनरेटर सह लगेज यान–02 = कुल 18 कोच।

कृपया ध्यान दें: (1) उपरोक्त गाड़ियों के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होगें। (2) इन गाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड–19 से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुजाधि/टी–14सी मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



पायनियर वर्गीकृत

आवश्यकता है

आवश्यकता है

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत सत्यदेव डिग्री कालेज, गाधिपुरम् (बोरसिया) फदनपुर–गाजीपुर में स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के बी0एड0 विभाग में 13 प्रवक्ताओं की एवं स्नातक स्तर पर ही कला संकाय के बी0ए0 में अतिरिक्त विषय संस्कृत, उर्दू, समाजशास्त्र, संगीत (गायन) व स्नातकोत्तर स्तर पर वाणिज्य संकाय में (एम0कॉम) में प्रवक्ताओं की।

योग्यता एवं वेतनमान NCTE/UGC/ विश्वविद्यालय परिनियमावली एवं उ0प्र0 शासन के मानकानुसार/योग्य अभ्यर्थी 21 दिनों के भीतर आवेदन करें।

प्रबन्धक
7704905302

आवश्यकता है

आवश्यकता है

राम लखन महाविद्यालय, जामडीह, मऊ सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के अतिरिक्त विषय उर्दू 01 पद, अंग्रेजी 01 पद, शिक्षाशास्त्र 01 पद, ललितकला 01 पद व स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के हिन्दी 02 पद, संस्कृत 02 पद, समाज शास्त्र 02 पद, राजनीतिशास्त्र 02 पद, भूगोल 03 पद, गृह विज्ञान 03 पद एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय के गणित 02 पद, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान 03-03 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता व वेतनमान यूजीसी रेगुलेशन/ उ.प्र. सरकार/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। उपरोक्त विषयों में इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति, आधार कार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साइज के दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पदनाम से आवेदन करें।

प्रबन्धक, मो. 9628155351, 9450624529


# आम्बेडकर की 130वीं जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**संविधान निर्माता** बाबासाहेब डा बी आर आम्बेडकर की 130 वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर एण्ड टीवी के कलाकारों ने बाबासाहेब को विशेष श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संगठित भारत के सपने को याद किया। कलाकारों में जगन्नाथ निवानगुने एक महानायक डा बी आर आम्बेडकर से रामजी सकपाल अंबरीश बॉबी और भई क्या चल है के रमेश प्रसाद मिश्रा पवन सिंह और भई क्या चल रहा है के जफर अली मिर्जा आकांशा शर्मा और भई क्या चल रहा है की सकीना फरहाना फातिमा और भई क्या चल रहा है की शांति आसिफ शेख भाबीजी घर पर हैं के विभूति नारायण मिश्रा रोहिताश्व गौड़ भाबीजी घर पर हैं के मनमोहन तिवारी कामना पाठक हप्पू की उलटन पलटन की राजेश ग्रेसी सिंह संतोषी मां सुनाएं व्रत कथाएं की संतोषी मां शामिल हैं। जगन्नाथ निवानगुने उर्फरामजी सकपाल कहते हैं डा आम्बेडकर सही मायने में एक महान नेता थे। उनके कार्यों ने सारे भारतीयों के जीवन को छुआ और उन्हें प्रभावित किया। हम बाबासाहेब की 130वीं जयंती मना रहे हैं। ऐसे में हम उस महान लीडर और समाज के प्रति उनके अद्भुत योगदान के लिये उन्हें सलाम करते हैं। अंबरीश बॉबी उर्फरमेश प्रसाद मिश्रा कहते हैं डा बी आर आम्बेडकर ने एक देश और एक संविधान की छत्रछाया में लाखों भारतीयों को लाकर संगठित भारत की नींव रखी। जहां समानता हर भारतीय का अधिकार हो। इस साल आम्बेडकर जयंती उनकी 130वीं जयंती की वजह से विशेष है। बाबासाहेब ने महिलाओं तथा समाज के लिये बहुत ही बेहतरीन कार्य किये हैं। डा बी आर आम्बेडकर ने समानता के लिये उन्होंने जो संघर्ष किया उसका मुझ पर काफी गहरा असर पड़ा है। महिला सशक्तिकरण की बात हो या फिर शिक्षा में उनका योगदान हो। कामना पाठक उर्फ राजेश कहती हैं डा आम्बेडकर ने उदारता और समानता पर आधारित एक समाज की परिकल्पना की थी। उन्हें याद करें और इसका उत्सव मनाएं। रात साढ़े आठ बजे एक महानायक डा बी आर आम्बेडकर का प्रसारण सोमवार से शुक्रवार केवल एण्डटीवी पर जाता है। इतने सारे लोगों को प्रभावित करने वाले सामाजिक तथा आर्थिक बदलाव के लिये एक महान दृष्टिकोण की जरूरत होती है। महान नेता डा बीआर आम्बेडकर को श्रद्धांजलि दें।

## विश्वप्रसिद्ध अधिकरण और तकनीक की दी जानकारी

**प्रयागराज।** आज के समय में भारत के सबसे तेजी से विकसित होते हुए ब्रांड रियलमी ने अपने सी सीरीज़ के परिवार में नए एंट्री लेवल फोन रियलमी सी बीस रियलमी सी इक्कीस और रियलमी सी पच्चीस प्रस्तुत किए। यह लोगों को बड़ी स्क्रीन मेगा बैटरी लाईफदमदार परफॉर्मेंस एवं बेहतरीन कैमरा क्वालिटी के साथ संपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगे। माधव शेठ वाइस प्रेसिडेंट रियलमी एवं चीफ एक्जि़क्यूटिव ऑफिसर ने कहा कि हमारी एंट्री लेवल सी सीरीज़ को सदैव से लोगों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। सी सीरीज़ के दुनिया में बत्तीस मिलियन से ज्यादा यूज़र्स हैं। सोलह अप्रैल से दोपहर बारह बजे से रियलमी डॉट कॉम पर मिलेगा। तीन नई सी सीरीज़ के लांच के साथ किफायती सेगमेंट के यूज़र्स सर्वश्रेष्ठ टेक्नॉलॉजी के साथ विस्तृत विकल्प प्राप्त कर सकेंगे। गुणवत्तायुक्त टीयूवी रीनलैंड में विश्वप्रसिद्ध अधिकरण के साथ साझेदारी की है।

## कथा का समापन

**प्रयागराज।** श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं संकीर्तन समिति प्रयागराज के तत्वावधान में प्रतिवर्ष हो रही भागवत कथा के 22 वें वर्ष का आयोजन श्यामा सदन राधे कृष्णा एनक्लेव लूकरगंज में हर्षोल्लास के साथ रविवार को सम्पन्न हुआ। श्रीमान मंदिर बरसाना धाम मथुरा से के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आचार्य डा रामजी लाल शास्त्री ने अमृत रूपी भागवत कथा का संगीतमय वर्णन कर सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया। नौ दिनों तक चलने वाली कथा में प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों में भगवान के सभी अवतार और उनकी लीलाओं का बड़े ही वृहद एवं मार्मिक ढंग से वर्णन किया। श्रीराम जन्मोत्सव तथा नंदोत्सव में गाजे बाजे के साथ श्रीकृष्ण की मनोहर झांकी का दर्शन तथा अनेक बधाइयों के द्वारा सभी उत्सव मनाए गए। रुक्मणी विवाह का वर्णन तो ऐसा हुआ कि सभी श्रोता झूम झूम कर नाचने लगे सत्संग की महिमा तथा भागवत धर्म के महत्व को बताते हुए आचार्य ने बताया कि भगवन ध्यान उनके कथा नाम श्रवण आदि के द्वारा तथा महापुरुषों के द्वारा आचरित मार्ग का अनुसरण करने से भगवान को शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। आठवें दिन कथा का समापन शुकदेव के पूजन एवं भागवत के पूजन के द्वारा हुआ।


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# लापरवाही ने बढ़ा दिया कोरोना का ग्राफ

● अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के बावजूद गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे हैं लोग

● वैक्सीन की कमी कोढ़ में बनी खाज

रविकान्त दुबे। कानपुर देहात



कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाता स्वास्थ्य केन्द्र में एक वृद्ध

**पिछले वर्ष** जब कोरोना महामारी अपने चरम पर थी उस समय भी कोरोना के मामले इस तेजी से नहीं बढे थे जिस तेजी से महामारी की दूसरी लहर में भयावह तरीके से बढ रही है। कोरोना की पहली लहर के दौरान जिस तरह पुलिस व प्रशासन ने गाइड लाइन का सख्ती के साथ पालन करवाया था उसी तरह लापरवाही बरत रहे लोगों के खिलाफ गाइड लाइन के सख्ती के साथ पालन की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

कोरोना वायरस के बदलते स्वरूप और लापरवाही से उपजी दूसरी लहर में अप्रत्याशित बढोत्तरी अब दिल की धडकने बढाने लगी है। लोग एक बार सम्पूर्ण लॉकडाउन की आशॅका से ग्रसित हो भय के साये में जीने को मजबूर हो रहे है। चिकित्सकों व कोरोना मामलों में पैनी नजर रख रहे वैज्ञानिकों ने बताया कि सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान एकाएक भीड के एक स्थान पर एकत्र होने के दौरान बरती गयी असावधानी ही इस महामारी में एकाएक वृद्धि का कारण बनी हुयी है। बिहार सहित अन्य राज्यों में सम्पन्न हो चुके विधानसभा चुनाव व बॅगाल, तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों में चुनावी सभाओं के दौरान एक स्थान पर एकत्र हुयी भारी सॅख्या में भीड के साथ कोरोना टीकाकरण में सुस्ती से समस्या एकाएक भयावह व खतरनाक दौर में पहुॅच गयी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कोरोना की पहली लहर के बाद अचानक लोगों ने सावधानी बरतना बन्द कर दिया। कोरोना प्रोटोकाल के तहत मास्क के उपयोग, सोशल डिस्टेसिंग व हाथ धोने की आदत लोगों ने भुला दी, जिससे जनपद में कोरोना का संक्रमण भयानक व डरावने दौर से गुजर रहा है। अप्रैल महीने के पिछले तीन दिनों में अचानक कोरोना के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गयी है। जनपद में आसन्न पॅचायत चुनावों ने स्थिति और ज्यादा खराब कर दी है। गॉवों में जागरूकता का अभाव व पूर्वाग्रह से ग्रसित अल्पज्ञानियों द्वारा कोरोना के सम्बन्ध में फैलाये जा रहे भ्रम से स्थिति और ज्यादा विस्फोटक होने की सॅभावना व्यक्त की जा रही है। आम जनता द्वारा बरती जा रही लापरवाही पर पुलिस तथा प्रशासन को पिछले वर्ष पहली लहर के दौरान बरती गयी सख्ती को दोबारा दोहराना ही होगा साथ ही टीकाकरण की सुस्ती को रोककर व्यापक प्रचार प्रसार कर ग्रामीण जनता की सहभागिता भी सुनश्चित करनी पडेगी।

## कोविड-19 के उपचार के लिए सर्विलॉस ईकाई ने जारी की नई गाइडलाइन

**कानपुर देहात।** कोरोना के लक्षण विहीन अथवा कम लक्षण वाले मरीजों के लिये महानिदेशक, चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवायें की राज्य सर्विलॉस ईकाई ने गाइडलाइन जारी की है। राज्य सर्विलॉस ईकाई द्वारा जारी गाइड लाइन में 100 डिग्री फरेनहाइट से अधिक बुखार होने की स्थिति में दिन में तीन बार पैरासीटामाल की 500 मिलीग्राम की टेबलेट देने की सलाह जारी की गयी है अथवा 650 मिलीग्राम की एक टेबलेट दिन में तीन बार देने की सलाह दी गयी है। साथ ही 12 मिलीग्राम आईवरमेक्टिन दिन में एक बार रात्रि के भोजन के पश्चात देने की सलाह दी गयी है। डोक्सीसाइक्लिन 100 मिलीग्राम दिन में दोबार देने की सलाह दी गयी है। गर्भवती महिलाओं तथा 12 वर्ष से कम उम्र के लोगों को दवा देने से प्रतिबंधित किया गया है।

# सेवानिवृत्त फौजी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या

● युवक ने दिनदहाड़े कुल्हाड़ी से किया हमला, अवैध संबंध बना हत्या की वजह

संवाददाता। पाटन, उन्नाव

**बिहार थाना** क्षेत्र में रविवार को एक रिटायर्ड फौजी पर गांव के ही एक युवक ने दिनदहाड़े धारदार हथियार से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद हमलावर युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और हिरासत में रखकर देर शाम तक छानबीन करती रही। उधर, गांव में माहौल तनाावपूर्ण होता देख पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद युवक से पूंछतांछ में जुटी पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आशनाई रंजिश से जोड़कर देख रही है।

घटना थाना क्षेत्र के थरि मजरे खरही रामपुर गांव की है। बताते हैं कि सुबह 8 बजे करीब स्थानीय निवासी गिरिजेश सिंह (54) पर गांव के रुद्र प्रताप सिंह उर्फ शुभम पुत्र बुध्दिमान सिंह ने कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर लहूलुहान कर दिया। सूचना पाकर पहुंची एंबुलेंस घायल को सुमेरपुर पीएचसी ले गई। जहां गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले को लेकर पुलिस की तफ्तीश में आशनाई रंजिश की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार पूंछतांछ के दौरान हमलावर युवक ने बताया है कि बीती रात उसने गिरिजेश सिंह को उसके परिवार की एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। भोर पहर उसने अपना संतुलन खो दिया। जब कोटेदार के दरवाजे से गुजरते समय वहां बैठे गिरिजेश सिंह ने उसकी तरफ देखकर मूंछों पर ताव देकर उसे उकसाया था। तभी वह वापस गया और घर से कुल्हाड़ी लाकर हमला कर दिया। उधर, मृतक की पत्नी ने घटना को सुनियोजित बताया है। उसने पुलिस को तहरीर देकर हमलावर युवक के अलावा गांव के पूर्व प्रधान पति व रोजगार सेवक सहित चार लोगों पर हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवेचना की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लोगों को समझ से परे, हत्या की वजह

**पाटन।** गिरिजेश सिंह फौज में तैनात थे। परिजनों के अनुसार सेना से रिटायरमेंट के बाद वह बाहर शहर में एक गैस एजेंसी में गार्ड की नौकरी कर रहे थे। ड्यूटी के कारण उनका ज्यादातर रहना गांव से बाहर ही होता था। उनके लखनऊ से गांव आए एक सप्ताह भी नहीं हुआ था। युवक के साथ उनकी क्या अनबन हो गई जिससे कि एकाएक उनकी जान ले ली। यह बात लोगों को समझ नहीं आ रही।

### एक साथ तबाह हो गई कई जिंदगियां

**पाटन।** गुस्से व सनक के दुष्परिणाम कितने भयंकर हो सकते हैं इसका अंदाजा बिहार थाना क्षेत्र में रविवार को थरि गांव की घटना से लगाया जा सकता है। जहां एक युवक की सनक ने न सिर्फ उसे जेल की सलाखों तक पहुंचा दिया, बल्कि रिटायर्ड फौजी की जिंदगी छीनकर उसके पूरे परिवार को भी बेसहारा कर दिया।

### पिता की मौत के बाद अनाथ हुई बेटियां

**पाटन।** गिरिजेश सिंह की मौत के बाद पत्नी व तीन बेटियां अनाथ हो गई।उनकी चार संतानों में से सबसे बड़ी बेटी कल्याणी का विवाह हो चुका है। उन्हें अभी तीन बेटियों सर्वाणी (24), कोमल (20), सोनाली (18) के हाथ पीले करने थे। पत्नी उर्मिला ने बताया वह मझली बेटी की शादी की तैयारियां कर रहे थे। पति के गम व बेटियों की चिंता में फौजी की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था।

**आरोग्य मेले में 2730 रोगी हुए उपचारित:** उन्नाव। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन जिले के सभी 42 पीएचसी पर आयोजित हुआ। मेले में 141 चिकित्सक, 444 पैरामेडिकल कर्मियों ने रोगियों का पंजीकरण कर, स्वास्थ्य परीक्षण, जांच व उपचार सेवाएं प्रदान किया।

आरोग्य स्वास्थ्य मेला में 2730 रोगियों को उपचारित किया गया। जिसमें 1243 पुरुष 1126 महिलाये एवं 361 बच्चे उपचारित किए गये। कोबिड हेल्प डेस्क में 1244 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई।

## बाइक सवार ने राहगीर को मारी टक्कर, गंभीर

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** अनियंत्रित बाइक सवार की टक्कर से राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर राहगीरों की मदद से घायल को अस्पताल भेजा। जहा युवक की हालत गंभीर बता जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकरी के अनुसार कहिंजरी बड़ा गांव निवासी रविशंकर त्रिवेदी 45 देर शाम को दुकान के काम निपटा कर घर वापस जा रहे थे। की रसूलाबाद तरफ से आ रहे अनियंत्रित बाइक सवार ने रविशंकर को टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से घायल अवस्था मे रसूलाबाद सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया। जहा युवक के प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रिफर कर दिया। वही प्रभारी चौकी इंचार्ज कहिंजरी आरपी सिंह ने बताया कि बाइक सवार को बाइक समेत कब्जे में ले लिया है।

# जिलाधिकारी ने टीका उत्सव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

● 45 वर्ष व उससे अधिक की आयु के नागरिकों को जनपद के सभी केंद्रों पर टीका उत्सव के अवसर पर लगाया जाएगा कोरोना का टीका: जिलाधिकारी

● अधिक से अधिक नागरिक सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का उठाएं लाभ: डीएम

संवाददाता। कानपुर देहात



डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह टीका उत्सव कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुये

**उत्तर प्रदेश** सरकार के निर्देशों के अनुपालन में कोरोना को लेकर जनपद वासियों को कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से आज 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक टीका उत्सव कार्यक्रम का जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने जिला अस्पताल व समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर पहुंच कोविड.19 टीका उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी केंद्रों पर लक्षित 45 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के नागरिकों को कोरोना की डोज लगाई जाएगी। उन्होंने 45 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों का आह्वान किया है कि टीका उत्सव के अवसर पर अपने नजदीकी सेंटर पर पहुंचकर कोरोना का टीका लगवाकर सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठाएं। जिलाधिकारी ने इस संबंध में कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश कटियारए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बी पी सिंह एवं उनकी टीम के अधिकारियों को सफल बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं तथा कहा कि ज्यादा से ज्यादा कोविड.19 टीकाकरण लगाया जाए। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहन आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

## जागरूकता को पुलिस ने निकाला फ्लीट मार्च

**मौरावां।** बढ़ते कोविड संक्रमण और पंचायत चुनाव के दृष्टिगत मौरावां थाना पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लीट मार्च निकालकर लोगो को जागरूक किया। साथ ही फ्लीट मार्च के दौरान पुलिस के जवान हिदायत दे रहे थे बिना मास्क मिले तो चालान होगा। रविवार को थाना क्षेत्र के गाँव अकोहरी, मवई, रजवाड़ा, करदहा, संदाना, हिलौली, कटरा चेतराय, भवानीगंज सहित अन्य गांवों में थाना पुलिस ने फ्लीट मार्च निकालकर जागरूक किया। सीओ रघुबीर सिंह ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण पर कहा सजगता ही उपाय है। सभी लोगो को मास्क लगाना अति आवश्यक है। बिना मास्क के घर से बाहर न निकले। वही थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह राजावत ने अपील करते हुए कहा मास्क के प्रयोग करने की आदत डालें। सभी को मास्क लगाना अति आवश्यक है। अगर किसी ने मास्क नही लगाया तो उसका चालान किया जाएगा।

## अनदेखी से लोगों को अंधा बना रही है ओपीडी के पास पड़ी गिट्टी-बालू



ओपीडी के पास पड़ी गिट्टी-बालू

● महीनों से पड़ी है रास्ते के किनारे निर्माण सामग्री

संवाददाता। घाटमपुर

**तहसील मुख्यालय** की सीएचसी घाटमपुर में ओपीड़ी के पास पड़ी गिट्टी-बालू आने जाने वाले मरीजों और तीमारदारों को को अंन्धा बनाने का पर्याय बनी हुई है, बताया जाता है कि सीएचसी की ओपीड़ी के पास रास्ते किनारे बीते करीब 2 माह पूर्व निर्माण कार्य के लिये संवंन्धित ठेकेदार ने कई ट्रक गिट्टी व बालू डलवा रखी है। मरीजों ने बताया कि ओपीड़ी किनारे पड़ी बालू तेज हवा के चलते उड़कर हर आने जाने वाले की ऑंखों में जाती रहती है फिर भी उड़ती बालू व धूल से बचाव के उपाय नही किये जा रहे है। येसा भी नही है कि मरीजों और उनके साथ आने वालों ने बालू को हटाये जाने को लेकर जुम्मेदारों का ध्यान न आकर्षित न किया गया हो पर समस्या का निदान होने के बजाय और बढ़ती जा रही है।

# आदर्श आचार संहिता के तहत की गई कार्रवाई

संवाददाता। कानपुर देहात


**त्रिस्तरीय पंचायत** चुनाव. 2021 के तहत प्राप्त जानकारी के मुताबिक सदस्य ग्राम पंचायतए प्रधान ग्राम पंचायतए सदस्य क्षेत्र पंचायत एवं सदस्य जिला पंचायत के नामांकन फार्म की बिक्री की कार्रवाई की गई। जिसके अंतर्गत सदस्य ग्राम पंचायत के 303ए प्रधान ग्राम पंचायत के 73ए सदस्य क्षेत्र पंचायत के 74ए सदस्य जिला पंचायत के 7 फार्मो की बिक्री की गई तथा आदर्श आचार संहिता के तहत आज 328 पोस्टरए 31 बैनरए 102 होल्डिंगए 4 बॉल पेंटिंग हटाए जाने का कार्य किया गया तथा जनपद के विभिन्न तहसीलों में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में कुल पोस्टर 23601ए बैनर 2137ए होल्डिंग 5073ए वॉलपेंटिंग 563 हटाए गए। उप जिलाधिकारी डेरापुर ॠषिकांत राजवंशी ने बताया कि तहसील क्षेत्र डेरापुर के ग्राम उमरी बुजुर्ग में जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी विवेक द्विवेदी द्वारा प्रचार सामग्री लगाई जा रही थी जिसे मौके पर लगभग 300 होल्डिंग मिली। उक्त प्रचार सामग्री को जब्त करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## ग्रामीण पत्रकार ॲचल के मतदाताओं को मतदान के लिये अब करेंगे जागरूक

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** मतदाता जागरूकता अभियान (पंचायत) में ग्रामीण पत्रकारो की भूमिका पर आयोजित संगोष्ठी में पत्रकार संघर्ष मोर्चा के संस्थापक गीतेश अग्निहोत्री ने कहा कि आज भी ग्रामीण अंचलों में मतदाता जागरूक नही है और अपने मत का प्रयोग नही करते जो गम्भीर चिंता की बात है। हमारे पत्रकार संघर्ष मोर्चा ने पत्रकारो की समस्याओं के साथ साथ अब मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि हमारे पत्रकार साथी अपने अपने समाचार पत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर जनता को जागरूक करने में सहयोग करेंगे । संगोष्ठी मैंथा तहसील के ग्राम टोडरपुर के आनंदेश्वर महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। जहाँ पत्रकार संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष गुप्ता ने मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे देश मे 1950 में चुनाव आयोग का गठन किया था और उसके 61 स्थापना दिवस पर देश की महामहिम राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने 25 जनवरी 2011 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की घोषणा की थी। तब से हर वर्ष 25 जनवरी को प्रतिवर्ष बड़ी धूमधाम से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है । मैथा तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि दुर्भाग्य की बात यह है सरकार द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के लिए हर वर्ष तहसील स्तर पर बड़े बड़े आयोजन कर 1 जनवरी को 18 वर्ष उम्र पूरी कर चुके उनके वोट बढ़ाने के साथ मतदान ज्यादा से ज्यादा करने के विषय पर प्रेरित किया जाता है।बवरिष्ठ अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह यादव ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान को लेकर होते कम रुझान के कारण गलत लोग चुनाव जीत कर देश प्रदेश की आत्मा के मंदिर में पहुंच जाते है जो सिर्फ अपनी सुविधाये बढ़वाने की बात तो करते है और जनता के हितों की कोई बात नही करते है ।जिसका यही कारण है की आज भी ग्रामीण अंचल विकास कार्यो से उपेक्षित है। इसके बाद टोडरपुर के सम्भ्रांत नागरिक राजा बाबू अग्निहोत्री व शशिकांत अग्निहोत्री, शशांक पाठक ने सभी पत्रकार साथियो को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। संगोष्ठी में अन्य पत्रकारो में मशरूफ नवाजए आलोक चतुर्वेदी, उमाकांत शुक्ला, मान्यता प्राप्त पत्रकार राहुल राजपूत, आरजे हरी पांडेय, सुशील यादव, कमल मिश्रा ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## क्विक न्यूज

### चार दिवसीय विशेष टीका उत्सव कार्यक्रम का एडीएम ने किया शुभारम्भ



**उन्नाव।** एडीएम राकेश कुमार सिंह और सीएमओ डॉ कैप्टन आशुतोष कुमार द्वारा चार दिवसीय विशेष टीका उत्सव कार्यक्रम का जिला अस्पताल में फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एसीएमओ डा0 नरेंद्र सिंह, डॉ एके रावत, डॉ जेआर सिंह, सीएमएस डॉ बीबी भट्ट, शहर के प्रबुद्व नागरिकों के अलावा अन्य विभागीय चिकित्साधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। एडीएम श्री सिंह ने बताया शासन के निर्देशों के अनुपालन में कोविड 19 महामारी से जन सामान्य की समुचित सुरक्षा एवं बचाव के लिए 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चार दिवसीय विशेष टीका अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा उत्तर प्रदेश में यह अभियान विशेष टीका उत्सव के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों से समन्वय स्थापित करके आम नागरिकों को अधिक से अधिक कोविड-19 टीकाकरण के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार ने कहा कि जिला अस्पताल में स्थापित कोविड-19 वैक्सीनेशन पंजीकरण कक्ष, वैक्सीनेशन कक्ष, ऑब्जर्वेशन कक्ष आदि का निरीक्षण किया और कोविड वेक्सीन को सुरक्षित रखने वाली व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए जिले में कोविड वेक्सीन की किसी भी प्रकार से कमी न होने दें और वेक्सीनेशन के लिए आने वालों को परिवार के सदस्यों एवं समाज के अन्य लोगों को भी टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित करें।

### एसडीएम ने सीओ के साथ नामॉकन केन्द्रों का लिया जायजा

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** त्रिस्तरीय चुनावों को लेकर उपजिलाधिकारी अंजू वर्मा ने रविवार को पुलिस उपाधीक्षक परशुराम सिंह के साथ तहसील क्षेत्र के नामांकन केंद्र का जायजा लिया। नामांकन केंद्र पर नामांकन के लिए तैयारियों को देखने के बाद रसूलाबाद उपजिलाधिकारी अंजू वर्मा ने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रसूलाबाद त्रिस्तरीय चुनाव के बिगुल बजने के बाद प्रशाशनिक अमला खासा मुस्तैद है। प्रत्याशियों के जुलूस समेत हर जगह प्रशासन की निगाहें तेज है। इसी क्रम में रसूलाबाद उपजिलाधिकारी अंजू वर्मा ने रसूलाबाद नामांकन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी बीडीओ रसूलाबाद डॉ गीतम सिंह को निर्देशित किया कि नामांकन केंद्र पर बिजलीए पानीए शौचालय की व्यवस्था हर हाल होनी चाहिए। साथ ही सभी नामांकन केंद्र पर साफसफाई होनी चाहिए। जिससे नामांकन कराने आए प्रत्याशियों को कोई परेशानी न हो। कोविड प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान दिया जाए। इस रसूलाबाद कोतवाल शशि भूषण मिश्रा सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, फसल जलकर राख

**मौरावां।** थाना क्षेत्र के गांव बल्देवबक्सखेडा मजरे हिलौली निवासी वीरेन्द्र कुमार के खेत मे अज्ञात कारणों से अचानक आग की लपटे उठने लगी। आग लगी देख जब तक ग्रामीण इकट्ठा होते तब तक आग ने भयानक रूप लेकर तैयार खडी गेहू की फसल को जलाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कडी मशक्कत कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग ने वीरेंद्र की लगभग छः बीघा फसल को जलाकर राख बना दिया। आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो पाया।

### टीकाकरण में लगे 139 कार्मिकों को चुनाव ड्यूटी से हटाय

**उन्नाव।** प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने कोविड संक्रमण की रोकथाम एवं टीकाकरण कार्य में लगाए गए 139 कार्मिकों को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ड्यूटी से मुक्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 संक्रमण का द्वितीय फेज काफी तेजी से फैल रहा है जिसकी रोकथाम में प्रभावी ढंग से कार्य करने हेतु चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया गया है। सीडीओ ने सीएमओ डॉ अशुतोष कुमार को निर्देश दिए हैं कि पीएचसी सीएचसी केंद्रों के स्वास्थ्य कर्मियों को सैंपलिंग, कांट्रैक्ट ट्रेसिंग, सर्विलांस आदि कोविड-19 टीकाकरण हेतु वृहद स्तर पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

# 28 नए पॉजिटिव, 469 को लगा टीका

● नगर के दर्जनों मोहल्लों में सक्रमण का हमला, कोरोना की दूसरी लहर का कहर

संवाददाता। शुक्लागंज उन्नाव



**शुक्लागंज नगर** में कोरोना का कहर तेज हो गया है। मौतों का आंकड़ा हालांकि कम है लेकिन इसके गिरफ्त में आने से लोग बच नहीं पा रहे है। नगर के दर्जनों मोहल्लों में इस संक्रमण ने लापरवाही के कारण दस्तक दे दी है। जिससे सिस्टम लड़खड़ा गया है। उधर संक्रमण को रोकने के प्रयास में नगर पालिका गंगाघाट फिसड्डी साबित ही रही है। दिनोदिन नगर में बढ़ते जा रहे संक्रमण से लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। हालांकि गंगाघाट पुलिस मास्क पहनने के लिए बराबर एनाउंसमेन्टए चेकिंग और जुर्माना वसूल रही है लेकिन लोग फिर भी लापरवाही करने से बाज नही आ रहे हैं। बता दें कि नगर के आदर्श नगर से एक पुरुषए गांधी नगर से पांच पुरुष व पांच महिलाए आनंद नगर मोहल्ले से तीन पुरुषए तीन महिलाए शक्ति नगर से एक पुरुषए अवधपुरी से एक पुरुषए ॠषि नगर मोहल्ले से एक पुरुषए एक महिलाए जगनीखेड़ा से एक महिलाए मिश्रा कॉलोनी से एक पुरुषए आंशिका अपार्टमेंट से एक पुरुषए शुक्लागंज के अलग अलग मोहल्ले से दो महिलाएंए मन्नीबिहारी पुरम मोहल्ले से एक महिला व एक पुरुष कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। जिन्हें आइसोलेट किया गया है। कोरोना पर्यवेक्षक डॉक्टर प्रदीप दिवाकर ने बताया कि कोरोना की दूसरी लहर से लापरवाही के कारण अब लोग तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लाख समझाने के बाद भी न ही लोग मास्क लगाकर चलन प्रति सजग रहे हैं न ही सेनेटाइजर का प्रयोग कर रहे हैं। यहीं सबसे बड़ा कारण हैं कि पहली लहर से दूसरी लहर अब घातक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पिछले चार दिनों में शुक्लागज के अलग अलग मोहल्लों में जांच में 75 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि अगर इस संक्रमण से बचना है तो इसका भी इलाज आप ही लोगों के पास है। बार बार हांथ धोते रहियेए मुंह पर मास्क लगाए रहियेए कुछ भी चीज छूने से पहले सेनेटाइजर का प्रयोग करिये।

**टीकोत्सव में पहले दिन 469 ने लगवाया टीका:** राजधानी मार्ग स्तिथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर आशुतोष वार्ष्णेय ने बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वाहन के बाद शासन के निर्देश पर 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलाये जाने वाले टीकोत्सव में पहले दिन स्वास्थ केन्द्र में 239 लोगों कोए ब्रह्मनगर नगरीय स्वास्थ केन्द्र में 170 वहीं गोताखोर कालोनी के नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में 60 लोगो को वैक्सीन का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से रविवार को कुल 800 वैक्सीन मिली हैं। बताया कि टीकोत्सव के पहले दिन कुल 469 लोगों को टीका लगाया गया। बताया कि यह कार्यक्रम अभी तीन दिन और चलेगा। वैक्सीन लगवाने के लिए सुबह से ही अस्पताल में लोगों की भीड़ लगी रही। उधर संक्रमण से बचने के लिए ऐतियात के तौर पर सेनेटाइज का कार्य भी किया गया।

## मोबाइल कारीगर फांसी पर झूला, मौत

● दोस्तों के आने पर हुई घटना की जानकारी

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली की बिंदा नगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत देर रात एक मोबाइल रिपेयरिंग कारीगर ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सुबह के वक्त दोस्तों के पहुंचने पर लोगों को घटना की जानकारी हुई। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी गंगाघाट पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए उन्नाव भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय गौड़ (30) गांधी नगर मोहल्ले में आनंद रस्तोगी के मकान में किराए पर कमरा लेकर रह रहा था। आसपास के लोगों ने बताया कि युवक कानपुर सागर मार्किट में अजय मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर नाम से काउंटर लगाकर अपनी जीवन यापन करता था। लोगों ने बताया कि रोज की तरह वह शनिवार रात भी दस बजे तक घर आ गया था। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि रविवार सुबह उसके कुछ दोस्त कमरे पर मिलने आये लेकिन उसने दरवाजा नही खोला। जिस पर लोगों को संशय हुआ। इसके बाद जानकारी गंगाघाट पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा, जहां युवक अजय का शव फांसी पर लटका हुआ था। घटना की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ लग गई। गंगाघाट पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरवाया, इसके बाद इसकी सूचना फोन पर परिजनों को दी। सूचना पाते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। गंगाघाट कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि मृतक मूल रूप से उन्नाव आसीवन थाना क्षेत्र का रहने वाला था।

जमीन में छू रहे थे मृतक के पैर: प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो जिस वक्त पुलिस ने किसी अनहोनी की जानकारी के लिए दरवाजा तोड़ा उस वक्त सामने फंदे पर लटका शव जमीन को छू रहा था, ऐसे मे कई लोगों किसी और ही घटना की तरफ इशारा करने लगे। ऐसे में पुलिस ने सभी को बाहर निकालकर कहा कि ऐसी घटनाओं में शव का भार बढ़ जाता है इसलिए वह जमीन को छूने लगते हैं।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 12 अप्रैल 2021



# भाऊपुर में अचानक हुई चार मौतों से मचा कोहराम, गांव हुआ सील

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या



**हैरिंग्टनगंज** ब्लाक क्षेत्र के भाऊपुर गांव में अचानक हुई चार मौतों से पूरा इलाका थर्रा गया है। लोगों का मानना है कि यह मौतें कोरोना संक्रमण की वजह से हुई हैं। हालांकि सभी मृतकों का दाह संस्कार गांव में ही कर दिया गया था। रविवार को गांव पहुंची स्वास्थ्य टीम ने 77 लोगों की कोविड जाँच की गई। जिसमें दस लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। गांव को सील कर दिया गया है।

बताया गया कि सभी मृतकों के गले में खरास और दर्द के साथ साँस लेने में दिक्कत और जुकाम बुखार की शिकायत थी। गांव में अभी दर्जनों लोग बीमार बताये जा रहे हैं। भाऊपुर गांव में स्वास्थ्य टीम पहुंच कर जाँच कर रही है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीएन द्विवेदी ने बताया कि रविवार को 77 लोगों की जांच की गईए जिसमें से 10 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने बताया कि सोमवार को भी ग्रामीणों की जांच जायेगी। बताया गया कि हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम भाऊपुर में 19 मार्च से 27 मार्च तक महेश तिवारी उर्फ सोनू सिकरेट्री के यहां श्रीमद् भागवत कथा का कार्यक्रम था। जिसमें इनकी एक महिला रिश्तेदार लखनऊ से आई थीं। लोगों का कहना है कि वह कोरोना पॉजिटिव थीं। इनके सम्पर्क में कई लोग आये हैं। जिसमें कलावती ;50द्ध की 9 अप्रैल को मृत्यु हो गयी। इसके पहले 7 अप्रैल को राम किशुन पासी की 48 वर्षीय पत्नी का भी गले में दर्द एवं जुकाम बुखार से मौत हो गई। विद्या का इलाज लखनऊ में चल रहा है। नीलम के भाई ललित की भी तबीयत ठीक नही है। सोनू की बेटी मांडवी 21 वर्ष भी पाजिटिव बताई जा रही है। चूँकि गांव में भण्डारे में सभी लोगों का खानदान था। जिससे पवन तिवारी 45 वर्ष संक्रमित हुए और शनिवार रात लगभग 8 बजे मृत्यु हो गई। इसके पूर्व शनिवार को ही सुबह पुजराइन 50 वर्षीय पत्नी दिनेश तिवारी की भी मृत्यु हो गई। भाऊपुर गांव में दो घंटे पहले स्वास्थ्य टीम पहुंची है। गांव वालों की कोविड.19 की जाँच की जा रही है। गांव वालों के मुताबिक भाऊपुर गांव की तीन महिलाओं और एक युवक की मृत्यु कोरोना की ही वजह से हुई है।

## वाहनों के पंजीयन पत्रावली की जिम्मेदारी अब डीलरों के हवाले

**अंबेडकरनगर।** उप संभागीय कार्यालय में वाहनों का पंजीयन पत्रावली का भार कार्यालय में अधिक होने के चलते पत्रावलियों का रखरखाव विभाग की जिम्मेदारी होती थी लेकिन अब इन पत्रालियों का विभाग द्वारा रखरखाव की जिम्मेदारी से मिली निजात अब डीलर ही अपने यहां पंजीयन फाइलों की रखरखाव की जिम्मेदारी स्वयं होगी। शासन के निर्देश पर परिवहन आयुक्त द्वारा उप संभागीय कार्यालय में 6 तारीख के बाद से चाहे चार पहिया वाहन हो या दो पहिया व अन्य वाहन हो वाहनों का पंजीकरण की फाइल अब कार्यालय की रखरखाव की जिम्मेदारी ना होकर अब डीलर अपने यहां रख कर के उन पंजीयन फाइलों के रखरखाव की जिम्मेदारी डीलर की स्वयं होगी। उसके साथ साथ किसी पंजीयन फाइलों को निरीक्षण करना होगा तो इलेक्ट्रॉनिक कोडिंग विभाग द्वारा की जाएगी।

# सांसद ने सीएचसी मसौधा का किया निरीक्षण




संवाददाता। अयोध्या

**ज्योतिबा** फुले की जयंती 11 अप्रैल से शुरु होकर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक चलने वाले टीका उत्सव का डेडिकेटेड कोविड-19 एल-1 सीएचसी मसौधा में सांसद लल्लू सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान टीकाकरण को लेकर हो रही कार्यवाही की उन्होने समीक्षा भी की। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि कोरोना की प्रथम लहर के दौरान केन्द्र सरकार के प्रयासों की सराहना पूरे विश्व में की जा रही है। इस आपदा में जहां दुनिया के विकसित देश भी दिक्कतों में आ गये।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस आपदा से लड़ने के साथ भारत आत्मनिर्भरता के पथ पर तेजी से अग्रसर हुआ। कोविड.19 की अब दूसरी लहर है। अब इससे लड़ने के लिए हमारे पास वैक्सीन है। योग्य व्यक्ति का टीकाकरण अति आवश्यक है। इसके लिए हम इसे उत्सव की तरह से मना रहे है। पार्टी स्तर पर वैक्सीन के प्रति लोगो को जागरुक किया जा रहा है। इसके साथ कोरोना से बचने के उपायों को हर हाल में इस्तेमाल करने के लिए कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम कोरोना की दूसरी लहर को जल्द परास्त करने में सफल होंगे। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक चंदेश्वर पांडेय का खिलाड़ियों ने किया अभिनंदन

संवाददाता। अयोध्या



**महाराजा** इंटर कॉलेज के गोस्वामी तुलसीदास प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक व बास्केटबाल के प्रशिक्षक चंदेश्वर पांडेय का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीयस्तर के बास्केटबाल खिलाड़ियों ने प्रशिक्षक के प्रति कृतज्ञता अर्पित की। संस्मरण साझे किए। प्रशिक्षक को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। मुख्यअतिथि रामवल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास ने पांडेय को उच्चकोटि का प्रशिक्षक बताया। कहा कि उनकी कर्मठता से ही यहां के खिलाड़ियों को न्याय मिला और वे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल सके। उन्होंने बास्केटबॉल मैदान पर नया बोर्ड लगाने का एलान किया। कहा अयोध्या में इस खेल की कायम प्रतिष्ठा का संरक्षण किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने पांडेय के व्यक्तित्व को प्रेरणादायी बताया। कहा अयोध्या को बास्केटबॉल के ब्रांड के रूप में स्थापित किया। अब इसे संरक्षित करने की जिम्मेदारी है। संत मिथिला बिहारी दास ने कहा कि अयोध्या में खेल की विभिन्न धाराओं को पांडेय ने न सिर्फ स्थापित किया बल्कि उसे पुष्पित और पल्लवित कर खेल की बगिया विकसित की। प्रधानाचार्य रामकृष्ण मिश्र व शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अवनि कुमार ने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. अंशुमान पाठक, श्रवण यादव, आशीष श्रीवास्तव, हाईकोर्ट में सरकारी अधिवक्ता पवन मिश्राए हरीश शुक्ला, राहुल सिंहए रोहित शर्मा, सुनील अवस्थीए निरंकार पाठकए शशांक पांडेय, विनीत श्रीवास्तव, अमित निषाद, अजीत सिंहए आदित्य सिंह ने बारी.बारी प्रशिक्षक का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रेमसागर चतुर्वेदीए आनंद पांडेय, बसपा नेता अजय आजाद, जय शंकर नाथ त्रिपाठी, अंजली, ज्योत्सना, कविंद्र पांडेय, एबीवीपी के पूर्व जिला संयोजक अंकुर सिंह, बृजेश गुप्ता, डीएन सिंह, आलोक मिश्रा, प्रेम यादव अन्य मौजूद रहे। संचालन पवन मिश्र व पार्षद आशीष सिंह ने आभार ज्ञापित किया।

# मिल्कीपुर क्षेत्र में अग्नि देवता ने बरपाया कहर

- आवासीय और गैर आवासीय ठिकाने जले
- एक गोवंश झुलसा जंगल में भी लगी भीषण आग





संवाददाता। मिल्कीपुर अयोध्या

**मिल्कीपुर** तहसील क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर लगी भीषण आग से 4 परिवारों की गृहस्थी जलकर राख हो गई है अग्निकांड में 1 गोवंश इसके अलावा कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत जिगनाही जंगल में में लगी भीषण आग से वन विभाग के सैकड़ों पेड़ जलकर झुलस गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को कुमारगंज थाना क्षेत्र के गोकुला गांव निवासी राम अवध मौर्या के घर लगभग 10 बजे अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी अग्निशमन कर्मियों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग को बुझा लिया। किंतु जब तक आग बुझाते तब तक राम अवध राम अवध मौर्या की संपूर्ण गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि अग्निकांड के समय पीड़ित का परिवार खेत पर काम कर रहा था। आग से संपूर्ण गृहस्थी जलकर राख हो जाने के चलते परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे जिला पंचायत पद प्रत्याशी भाजपा कमलेश यादव ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और तहसील प्रशासन को घटनाक्रम के बारे में अवगत कराया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया । इसके अलावा रविवार को ही दोपहर करीब 12 बजे रामअकबाल के छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने रामसुंदर व रामसूरत के गैर आवासीय छप्पर को भी अपने आगोश में ले लिया। रामअकबाल का एक गौवंश भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों की टीम कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग बुझाया। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार अरविंद त्रिपाठी ने राजस्व कर्मियों की टीम अग्नि पीड़ित गांव भेजा और अग्नि पीड़ित लोगों के क्षति का आकलन कराया। वही दूसरी ओर खंडासा थाना क्षेत्र स्थित कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत जिगनाही जंगल में भी रविवार को ही दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई ग्रामीणों ने अग्निकांड की जानकारी अग्निशमन कर्मियों को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन कर्मियों की टीम जंगल पहुंच गई है और बेकाबू आग को बुझाने में जुट गए हालांकि देर शाम तक जंगल में लगी आग को अग्नि समन कर्मियों की टीम ने कब्जे में कर लिया था और आग बुझाने के प्रयास जारी रहे। मिल्कीपुर फायर यूनिट से अग्निशमन कर्मियों की टीम में प्रमुख रूप से सुरेंद्र सिंह, विजय द्विवेदीए, वीरेंद्र सिंह, संतोष कुमार, मनोज कुमार, रमाशंकर सिंह, दिनेश मिश्रा, मनमोहन एवं दीपक सोनकर प्रमुख रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत, बरसाए गए फूल



संवाददाता। अंबेडकरनगर

**नवनियुक्त** भाजपा जिला अध्यक्ष के जलालपुर आगमन पर लोगों ने माला पहनाकर मिष्ठान वितरित करते हुए भव्य रूप से स्वागत किया। डॉ मिथिलेश त्रिपाठी को भाजपा का जिलाध्यक्ष घोषित किए जाने के पश्चात रविवार को जलालपुर नगर के प्रथम आगमन पर लोगों ने जमकर फूल बरसाते हुए जगह जगह स्वागत किया गया इसी क्रम में नगर के जमालपुर चौराहे पर लोगों द्वारा नारेबाजी करते हुए पुष्प वर्षा की गई तथा डाकखाने पर भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। यादव चौराहे पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा व पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी , भाजपा के नगर अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने माला पहनाकर स्वागत किया तत्पश्चात राजेश मिश्रा द्वारा मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस मौके पर मानिक चंद सोनी, राजेश सिंह ,गुलाब अग्रहरी, कृष्ण गोपाल कसौधन, विशाल त्रिपाठी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# कोविड के कारण नहीं होगी सरयू महाआरती

- राम लला की शोभायात्रा भी रहेगी स्थगित
- बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष व महामंत्री ने दी जानकारी

संवाददाता। टाण्डा, अंबेडकरनगर



कार्यक्रम के स्थगन की जानकारी देते अध्यक्ष व महामंत्री पायनियर

**परम्परागत** रुप से प्रतिवर्ष टाण्डा नगर में आयोजित होने वाले नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति के समारोह जिसमें चौत्र शुक्लप्रतिपदा के दिन श्री सरयू महाआरती और दुग्धाभिषेक एवं श्री रामनवमी पर निकलने वाली मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम लला के बालस्वरूप की शोभायात्रा इस वर्ष कोविड-19 के तेज गति से बढ़ते संक्रमण और इस कारण प्रशासन द्वारा आयोजन की अनुमति न दिए जाने के कारण स्थगित रहेंगे । समिति के अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल और महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने संयुक्त रुप से यह जानकारी दी । ज्ञात हो कि टांडा नगर में परंपरागत रुप से प्रतिवर्ष भारतीय नव वर्ष के स्वागत में नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति द्वारा श्री सरयू महाआरती और दुग्धाभिषेक तथा श्री राम नवमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम लला के बाल स्वरुप की झांकी हर्षोल्लास एवं धूमधाम से नगर के मुख्य मार्गों पर निकाली जाती थी ।इस वर्ष भी आयोजनों के लिए समिति द्वारा तैयारी की जा रही थी लेकिन प्रशासन द्वारा आयोजन की अनुमति कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए नहीं दी गई है ।इसलिए समिति ने समारोह के आयोजन को स्थगित करने का निर्णय लिया है और समाज के लोगों से आह्वान किया है कि वर्ष प्रतिपदा के दिन अपने घरों पर और देवस्थान पर दीप प्रज्वलित करके, ऊ अंकित ध्वज फहरा कर नव वर्ष का स्वागत करें। इसके साथ ही यह भी आग्रह किया जा रहा है कि श्री रामनवमी के पावन पर्व पर मर्यादा पुरुषोत्तम के जन्मोत्सव को अपने घर में रहकर धूमधाम से परिवार के सभी सदस्यों के साथ मनाएं । महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने लोगों से अभी आग्रह किया है कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए कोविशील्ड का टीकाकरण और बचाव के संसाधनों का उपयोग अपने दैनिक जीवन में अनिवार्य रूप से करें ।मास्क लगाएं तथा शारीरिक दूरी का पालन करते हुए ही सार्वजनिक स्थानों पर आना जाना सुनिश्चित करें। समाज की सुरक्षा के लिए यह आवश्यक है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग आशियाना जलकर हुआ राख



संवाददाता। अंबेडकरनगर।

**मौसम** में तब्दीली व भीषण गर्मी के चलते अवसानपुर गाँव में अज्ञात कारणों से आग लगने से एक आशियाना जलकर राख हो गया। घर में रखा हुआ गेहूं - भूसा सहित दो पहिया वाहन जलकर स्वाहा हो गया। सूचना पर घंटे बाद पहुंची फायर बिग्रेड औपचारिकताओ को पूरा कर वापस चली गई। वही ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। ज्ञात हो कि विकास खंड टांडा अंतर्गत ग्राम सभा अवसानपुर के बाबा का पूरा निवासी विनोद पुत्र पारसनाथ, कैलाशपति पत्नी पारसनाथ के घर में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे उनकी झोपड़ी में रखी हुई अनाज सहित दो पहिया वाहन जलकर पूरी तरीके से खाक हो गया। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल आशीष वर्मा के द्वारा मौका मुआयना कर कागजी कोरम पूरा किया गया वही ग्रामीणों के द्वारा एसडीएम टांडा अभिषेक पाठक को घटना की सूचना दी गई जिसके बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी भेजी गई। एसडीएम टांडा के द्वारा लगातार मामले में निगाह रखी जाती रही लेकिन घंटो बाद घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड को गाड़ी पहुँची तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था।

# सूबे के सत्तासीन भाजपा नेताओं को नहीं है कोरोना गाइडलाइन की फिक्र

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने स्वागत कराने में तोड़ा प्रोटोकाल



संवाददाता। अंबेडकरनगर

**योगी जी,** आप प्रदेश में कोरोना संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए लाख कोशिश कर ले ,टीम 11 की बैठक करके कितने भी दिशा-निर्देश जारी कर दें, प्रशासन को इसे सख्ती के साथ लागू करने के लिए कहें लेकिन जब आपके अपने ही आप के दिशा निर्देशों की धज्जियां उड़ाने पर तुले हैं तो आखिरकार इसका अनुपालन आप पैसे कराएंगे। इसकी बानगी प्रदेश नेतृत्व द्वारा चंद दिन पूर्व ही अंबेडकरनगर में नियुक्त किए गए जिला अध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी द्वारा कराया गया अपना स्वागत समारोह है। कुछ दिन पूर्व ही प्रदेश नेतृत्व ने मिथिलेश त्रिपाठी को कपिल देव वर्मा के स्थान पर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद वह लगातार अपने स्वागत समारोह में भाग ले रहे हैं। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं जहां प्रदेश सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइड लाइंस की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं । रविवार को जलालपुर में आयोजित एक ऐसे ही स्वागत समारोह की जो तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई वह हैरान करने वाली रही। इस तस्वीर में जिलाध्यक्ष ने खुद भी मास्क नही लग रखा है और उनके अगल-बगल खड़े भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भी मास्क लगाने से परहेज कर रखा है। यही नहीं, सब एक दूसरे के कंधे पर हाथ रखकर खड़े देखे जा रहे हैं। ऐसे में सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइंस का जब सत्ताधारी दल के नेता और वह भी जिलाध्यक्ष द्वारा ही अनुपालन करने से परहेज किया जा रहा है तो अधिकारी आम जनमानस को इसका पालन कैसे और किस प्रकार करवाएंगे।

# सरकार युवाओं को रोजगार देने और देश में महंगाई रोकने में नाकामः कांग्रेस

- हाथपाकड़ में नसीर अली अपने 70 सहयोगियों के साथ समाजवादी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल



संवाददाता। अंबेडकरनगर

**देश में** ने औद्योगिक विकास को गति देकर कांग्रेस पार्टी ने अनेकों कल कारखाने लगवाये जिससे लोगों को रोजगार और देश का विकास हुआ उक्त बाते जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ''जितेन्द्र'' ने हाथपाकड मे एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा मौजूदा सरकार निजीकरण के नाम पर सब बेचने का कार्य कर रही है। कांग्रेस नेता रामजी बर्मा, दीपक बर्मा, राजदेव और संतोष पाल ने कहा सरकार युवाओं को रोजगार देने और देश में महंगाई रोकने में नाकाम साबित हो रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवधेश कुमार मिश्र ''बब्लू'' ने बताया आज हापापाकड़ में एक कार्यक्रम के दौरान नसीर अली के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी छोडकर लगभग अपने 70 सहयोगियों के साथ कांग्रेस पार्टी मे शामिल हो गये जिनमें मुख्य रूप से दीपक शर्मा, महेश, प्रवेश, चंदन, नीरज, सूरज, भिखारी निषाद, बाबूराम बर्मा, फागू निषाद बब्लू भारती, रोहित गुप्ता, प्रेम शंकर, इसरार, अबरार, हैदर अली संदीप राजाराम, बाबू निषाद, बेचूराम भारती छोटे लाल धूरिया, सुशील, चुन्नी लाल, मस्तान, राम बहोर अरूण थुरिया, अकबर अली, अफसर अली, रमजान अजहर, मजहर, सलीम, प्रह्लाद, सुनील प्रमोद, अजय, दिलीप, विनोद जितेन्द्र, सुनील, रमेश समेत दर्जनों लोग है।

# सीएमओ कार्यालय में कोरोना की दस्तक, कार्यालय सील

संवाददाता। अंबेडकरनगर




**जिले में** लगातार पांव पसार रहा कोरोना का संक्रमण अब कार्यालयों को भी अपनी चपेट में लेने लगा है। सबसे पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के ही दो कर्मचारियों की रिपोर्ट पाजिटिव आने से हड़कंप मच गया है। इसके चलते रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को सील कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक रहे ओम प्रकाश शर्मा के आकस्मिक निधन के उपरांत कार्यालय कर्मचारियों में कोरोना संक्रमण का भय सताने लगा था। कार्यालय कर्मियों के अनुसार ओम प्रकाश शर्मा में भी कोरोना के लक्षण थे लेकिन न तो उन्होंने और न ही विभागीय अधिकारियों ने जांच करवाने की आवश्यकता समझी थी। ओम प्रकाश शर्मा के निधन के उपरांत कर्मचारियों के लिए गए सैंपल में एक लिपिक व एक उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। सूत्रों की माने तो उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की पत्नी व बेटी भी संक्रमित पाई गई है। यह भी बताया जाता है कि संबंधित उप मुख्य चिकित्साधिकारी का जिला मुख्यालय पर ही अस्पताल संचालित है जिसमें वह बराबर बैठते भी हैं । लिपिक व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के संक्रमित पाए जाने के बाद कार्यालय को सील कर दिया गया है।


कोरोना का कहर जारी

# डीएम ने नगरीय क्षेत्रों में लगाया नाइट कर्फ्यू

● रविवार को सीतापुर में मिले कोरोना के 102 नए मरीज

संवाददाता। सीतापुर

**दूसरी लहर** में कोरोना ने पहला शतक लगा दिया है। रविवार को चौंकाने वाले आंकड़ें सामने आए हैं। जांच रिपोर्ट में 102 कोरोना के नए मरीज पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने सभी मरीजों को होम आइसोलेट करा दिया है। मरीजों को कोविड निमयों का सख्ती से पालन करने और लक्षण के अनुसार आवश्यक दवाओं का सेवन करने के निर्देष दिए गए हैं। सीतापुर में कोरोना एक्टिव मरीजों की संख्या 400 पार पहुंच गई है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने सीतापुर जनपद के नगरीय क्षेत्रों में 11 अप्रैल से नाइट कर्फ्यू लगा दिया है। नगर पालिका व पंचायतों में 19 अप्रैल तक नाइट कर्फ्यू रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। हांलाकि इस दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े व्यक्तियों के लिए छूट रहेगी। संबंधित व्यक्ति का उसके विभाग अथवा संस्थान से जारी परिचय पत्र ही पास के रूप में मान्य होगा। कोरोना से मौतों का सिलसिला भी पहली लहर के मुकाबले अबकी तेज है। डीएम की ओर से जारी नाइट कर्फ्यू के दिशा निर्देषों के अनुसार स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय सेवाएं, दवाएं, सब्जी, फ्ल, दूध, रसोई गैस पर प्रतिबंध नहीं रहेगा। कोरोना वॉरियर, स्वच्छताकर्मी, डोर स्टेप डिलीवरी के लिए छूट रहेगी। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर आने-जाने वाले यात्रियों पर प्रतिबंध नहीं होगा, रेल-बस का टिकट यात्रा की दिनांक को पास की भांति मान्य होगा। समस्त प्रकार के माल भाड़ा वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध नहीं रहेगा। नाइट कर्फ्यू के दौरान पेट्रोल पंप खुले रहेंगे, हाईवे पर परिवहन जारी रहेगा, सुरक्षा सेवाओं, सिक्योरिटी गार्ड, एटीएम, टेलाकॉम, मेंटीनेंस, इलेक्ट्रानिक, प्लबंर को छूट रहेगी। गैर सरकारी मीडिया, न्यूज रिपोर्टिंग के लिए प्रतिबंध नहीं रहेगा। सभी वृहद निर्माण कार्य जैसे एक्सप्रेस वे, बड़े पुल, सड़कें, लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्य, सरकारी भवन और निजी प्रोजेक्ट जारी रहेंगे। मंडी में होने वाला थोक व्यापार अपने निर्धारित समय अथवा मंडी परिशद द्वारा नियत समय के अनुसार नाइट कर्यू में जारी रहेगा। थोक फ्ल, सब्जी की खरीद बिक्री संबंधी आवागमन प्रतिबंधों से मुक्त रहेगा। चीनी मिल्स एवं औद्योगिक इकाईयों जिनमें आईटी, आईटीईएस से जुड़े उद्योग सम्मिलित हैं कोविड नियमों का कठोरता से पालन करते हुए चलते रहेंगे। इनके कर्मियों को नाइट ड्यूटी के लिए परिचय पत्र दिखाने पर आवागमन की अनुमति दी जाएगी।



## कोरोना से शिक्षामित्र की मौत

**रविवार** को कोरोना से एक शिक्षामित्र की मौत हो गई। रेउसा थानाक्षेत्र के भरथा गांव निवासी शिक्षामित्र का लखनऊ में इलाज चल रहा था। जहां वह जिंदगी की जंग हार गया। दो दिन पहले उसके छोटे भाई की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। जिसकी हालात सामान्य है। सीतापुर में अब तक कोरोना से कुल 91 मौतें हो चुकी हैं।

## वैक्सीनेशन का लक्ष्य 20 हजार 67

**सीतापुर** में 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक कोविड वैक्सीनेशन का 'टीका उत्सव' कार्यक्रम मनाया जायेगा। इस टीका उत्सव में सीतापुर में 11 अप्रैल को कोविड वैक्सीनेशन का कुल लक्ष्य 6021 तथा 12 से 14 अप्रैल तक का कुल लक्ष्य 14046 रखा गया है। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने रविवार को आँख अस्पताल में कोविड वैक्सीनेशन केंद्र पर टीका उत्सव कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। सीएमओ डा. मधु गैरोला ने निर्देशित किया है कि आशाओं के माध्यम से टीका उत्सव का प्रचार प्रसार किया जाए। 45 वर्ष से ऊपर छूटे हुए लाभार्थियों को मोबाइलज कर टीका लगाये, साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि लगाये गए टीके का पोर्टल पर शत प्रतिशत फीड हो जाये। वैक्सीन वेस्टेज जीरो रहे। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीके सिंह, नीरज मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग की वैक्सीनेशन टीम मौजूद थी।

## अनेक प्रकार के आडम्बरों में जकड़ा हुआ दलित समाज

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली तहसील क्षेत्र के अक्किलपुर मजरा बिलरिया में चल रही दो दिवसीय धम्म देशना एवं बुद्ध कथा में कथावाचक जयदेव शास्त्री ने कहा कि दलित समाज आज भी अनेक प्रकार के आडम्बरों में जकड़ा हुआ है जिससे उसका आर्थिक और सामाजिक तौर पर भारी नुकसान हो रहा है। इसलिए समाज में व्याप्त रूढ़िवादी अंधविश्वासों को जड़ से मिटाने की जरूरत है। उन्होंने समाज में व्याप्त शराब, धूम्रपान और जुआं जैसी बुराइयों से दूर रहने की सीख दी। इस मौके पर विनोद चौधरी, अमित कुमार गौतम, सीएल बौद्ध, अंकित चौधरी, रंजीत, प्रेम सागर, सुरेश भारती, मोहित, अमरसेन, राजकिशोर, नरेंद्र, राजाराम, कालीचरण भारती, अनिल बौद्ध, छोटू गौतम, कमलेश कुमार, कैलाश भारती, दीपू चौधरी, निर्मल बौद्ध, कन्हैया लाल, वीरेंद्र, बंसी, रामेन्दर, दीपू चौधरी, तोताराम आदि मौजूद थे।

## पंचायत चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने हटवायी होर्डिंग्स

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**पंचायत चुनाव** के मद्देनजर प्रशासन ने रविवार को महमूदाबाद क्षेत्र में होर्डिंग्स हटवाई। एसडीएम सुरेश कुमार, सीओ रविशंकर प्रसाद तथा कोतवाल अनिल पाण्डेय की मौजूदगी में कर्मचारियों ने जेसीबी की सहायता से नूरपुल पुल के बाबाकुटी तक होर्डिंग्स हटाने का काम किया। इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों, पंचायत चुनावों के प्रत्याशियों की होर्डिंग्स को उखाड़ दिया गया। लेखपाल प्रदीप शाह, विमल वर्मा, मो. खालिद आदि कर्मचारी मौजूद थे।

## गैर हाजिर 238 चुनाव कार्मिकों पर केस

संवाददाता। सीतापुर

**शिक्षण संस्थान** रस्यौरा में रविवार को 996 मतदान दलों के 3984 मतदान कार्मिकों को प्रषिक्षण प्रदान किया गया। प्रषिक्षण में 25 पीठासीन अधिकारी, 63 मतदान अधिकारी प्रथम, 85 मतदान अधिकारी द्वितीय एवं 85 मतदान अधिकारी तृतीय समेत कुल 238 कार्मिक गैर हाजिर रहे। गैर हाजिर सभी कार्मिकों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। सहायक प्रभारी अधिकारी राकेष पांडेय ने बताया गैर हाजिर कार्मिक के कार्यालयाध्यक्ष को संबंधित का स्पश्टीकरण लेने के निर्देष भी दिए गए हैं।

## शराब तस्करी में संलिप्त दो अपराधियों के विरूद्ध हुई गैंगेस्टर की कार्रवाई

**मछरेहटा सीतापुर।** थाना मछरेहटा पुलिस ने महिला सम्बन्धी अपराधों में संलिप्त 02 अपराधियों एवमं थाना सिधौली पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी में संलिप्त 02 अपराधियों के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गयी है। इन अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही भी की जायेगी। मछरेहटा पुलिस द्वारा जिन अपराधियों पर कार्रवाई की गई है वर्तमान में वह दोनों जेल में निरुद्ध हैं।

## ग्रामीण इलाके में भी तेज हुई कोरोना संक्रमण की रफ्तार

**अटरिया सीतापुर।** वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण की रफ्तार ग्रामीण इलाके में भी तेज हो गई है। रविवार को अटरिया इलाके के ससेना, रामपुर टडवा, अम्बरपुर में एक-एक कोरोना संक्रांति मरीज पाए गए हैं। सभी मरीज अपने घरों में ही होम क्वारंटाइन हैं। सिधौली सीएचसी अधीक्षक डाक्टर आरके वर्मा ने बताया कि तीन कोविड मरीज पाए गए हैं जिनको होम क्वारंटाइन करते हुए इलाज किया जा रहा है।

## प्रवेश द्वार दे रहे जागरूकता का संदेश

**कसमण्डा सीतापुर।** ब्लॉक कसमंडा के उसरी, छरासी, बेहड़ा बैकुंठपुर, फूलपुर, डोभा, मोहत्तेपुर आदि गांव दूर से ही स्वच्छता के साथ कोविड नियमों के पालन का संदेष दे रहे हैं। इन गांवों के मुख्य प्रवेष मार्ग पर आकर्शक गेट लगाया गया है। इस गेट पर प्रतीक चित्र समेत जागरूकता के स्लोगन अंकित हैं। जिसमें मास्क कैसे लगाना है और हाथ किस तरह धुलने हैं यह सब समझाया गया है। यह अनूठी पहल आगा फांउडेषन ने की है। आगा फांउडेषन के पैरावर्कर पवन कुमार बाजपेई, अमित कुमार, आराधना दीक्षित ने बताया कि उनके स्तर से स्वच्छता व्यवहार परिवर्तन गठबंधन योजना चलाई जा रही है। जिस गांव की आषा बहू, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री ने इसमें विषेश सहयोग प्रदान किया है तथा ग्रामीणों ने जागरूकता दिखाई है उन गांवों को गेट लगाकर सम्मानित किया गया है।

अज्ञात कारणों से लगी आग

## तीन बीघा गन्ने की फसल और चार बीघा गेहूं राख



कचनार-जलती गन्ने की फसल

संवाददाता। कचनार सीतापुर

**इमलिया** सुल्तानपुर थानाक्षेत्र के पीतपुर गांव के पास रविवार को अज्ञात कारणों से गेंहू के खेत में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग की लपटों ने आसपास के खेतों को चपेट में ले लिया। अग्निकांड में करीब 3 बीघा गन्ने की फसल और 4 बीघा गेहूं की फसल के साथ ही 3 बीघा कटी हुई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है।

## पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस ने स्थापित किया कंट्रोल रूम

संवाददादाता। सीतापुर



**पंचायत चुनाव** में पार्टी की सहभागिता सुनिश्चित करने व प्रत्याशियों को सहयोग देने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कण्ट्रोल रूम का गठन किया है। कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियो को विधिक सेवायें प्रदान करने हेतु विधिक परामर्श समिति का गठन भी किया गया है। जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने बताया कि कांग्रेस द्वारा समर्थित प्रत्याशियों के लिए कंट्रोल रूम मतदान तथा मतगणना होने तक लगातार काम करेगा, प्रत्याशी गणों की समस्याओं के निवारण में अपनी सहभागिता देगा। कांग्रेस के कंट्रोल रूम की गवर्नेंस कमेटी उपदेश गुप्ता के नेतृत्व में पीयूष मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, संजय कुमार सनी, एम एल पांडे, सी पी श्रीवास्तव, अनुज सिंह चौहान, मेराज अंसारी, रिजवान खान, इमरान अली, नोमान अंसारी के साथ काम करेगी। विधि परामर्श कमेटी एडवोकेट पुष्पेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में एडवोकेट ओम प्रकाश मिश्रा, एडवोकेट सैयद कमर, एडवोकेट बद्री प्रसाद पाल, एडवोकेट योगेश शरण खुशारिया, एडवोकेट राजेंद्र सिंह, एडवोकेट जमील अहमद, एडवोकेट एपी गौतम, एडवोकेट तारिक फारुकी, एडवोकेट उदय चंद्र के साथ प्रत्याशियों को विधिक सेवाएं प्रदान करेगी। इस मौके पर एमएल पांडे, आमोद मिश्र, चोक्ष विभु अवस्थी, संजय कुमार सनी, पियूष मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, उपदेश गुप्ता, धीरेश कश्यप, सीपी श्रीवास्तव, मेराज अंसारी, नोमान अंसारी, श्याम किशोर पांडे, अमांश वर्धन सिंह चौहान, डा. मसरूर अली

## गोंदलामऊ में बने 10 स्थानों पर कोविड टीकाकरण सेंटर

संवाददाता। गोंदलामऊ सीतापुर

**सामुदायिक स्वास्थ्य** केंद्र गोंदलामऊ के प्रभारी डॉ. धीरज मिश्रा ने बताया कि गोंदलामऊ क्षेत्र में 10 स्थानों पर कोविड टीकाकरण सेंटर बनाये गए हैं। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंदलामऊ, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सँदना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेरवा, स्वास्थ्य उपकेंद्र कल्ली, स्वास्थ्य उपकेंद्र कुनेरा, स्वास्थ्य उपकेंद्र समसापुर, स्वास्थ्य उपकेंद्र दहेलरा, स्वास्थ्य उपकेंद्र अमटामऊ तथा स्वास्थ्य उपकेंद्र फ्तेपुर षामिल हैं। रविवार को छोड़कर प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक टीकाकरण सेंटर पर 45 वर्ष से ऊपर के सभी महिला पुरुष आधार कार्ड के साथ पहुंचकर निःशुल्क रजिस्ट्रेशन एवं टीकाकरण करा सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### बिना अनुमति झंडा पोस्टर लगाने पर होगी कार्रवाई

**सीतापुर।** बहुजन समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी ने बताया कि पंचायत चुनाव में कोई कार्यकर्ता अथवा प्रत्याशी पार्टी हाईकमान की अनुमति के बिना झंडा, पोस्टर लगाकर प्रचार न करे। यह निर्देष मुख्य सेक्टर प्रभारी लखनऊ मंडल एवं पूर्व सांसद मुनकाद अली तथा दूसरे मुख्य सेक्टर प्रभारी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री गया चरण दिनकर ने संयुक्त रूप से जारी किए हैं। यदि कोई ऐसा करता पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 280 लीटर शराब बरामद

**सीतापुर।** पंचायत चुनाव के मद्देनजर सीतापुर में अवैध षराब निर्माण और बिक्री पर अंकुष लगाने के लिए पुलिस ने इन दिनों मुहिम छेड़ रखी है। इस अभियान के तहत रविवार को जनपद के अलग-अलग इलाकों से 7 भट्ठियां और 280 लीटर अवैध षराब बरामद की गई है। यह कारोबार चला रहे 17 अभियुक्त भी पुलिस ने दबोचे हैं। यह कार्रवाई नैमिशारण्य, तालगांव, संदना, लहरपुर, तंबौर तथा कोतवाली देहात पुलिस ने की है।

### चार वांछित गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक आरपी. सिंह द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर जारी निर्देषों के अनुपालन में थाना लहरपुर, खैराबाद, सिधौली, मछरेहटा पुलिस द्वारा द्वारा भिन्न भिन्न अभियोगों से संबंधित 02 जिला बदर, 01 वांछित व 01 वारण्टी अभियुक्त गिरतार किए गए हैं। सभी अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### तीन शोहदे गिरफ्तार

**सीतापुर।** जिले के अलग-अलग थानों में एंटी रोमियो टीमों ने कार्यवाही करते हुए 03 शोहदे गिरतार किए हैं। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं पर अष्लील फब्तियां कसते इन षोहदों को सिधौली, बिसवां व संदना पुलिस ने दबोचा है। इसके अलावा जनपद में 22 से अधिक व्यक्तियों को एंटी रोमियों टीम द्वारा हिदायत भी दी गयी।

### दो शस्त्र फैक्ट्रियों का भंडाफोड़

**सीतापुर।** हरगांव थानाक्षेत्र के लक्ष्मणनगर में संचालित अवैध षस्त्र फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक धर्म प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने मुशहिया निवासी प्रहलाद पुत्र बच्चू लाल को दबोच कर उसके कब्जे से 10 बने हुए तमंचे 3 अधबने 8 कारतूस व अन्य उपकरण बरामद किए हैं। उधर, महोली थानाक्षेत्र में एसआई अतुल वर्मा, अरुण सिंह तथा सुब्बा चौहान के नेतृत्व में टीम ने थानाक्षेत्र के ही निवासी दो अभियुक्तों राम लोटन उर्फ लोटन पुत्र स्वर्गीय मुन्ना निवासी रुस्तम नगर तथा बबलू पुत्र रामखेलावन मिश्रा निवासी प्रीतम पुरग्रंट को ग्राम पीरपुर के पास से अवैध असलहे बनाते पकड़ा है। इसके पास से चार तमंचे बने हुए दो अधबने एक कारतूस और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं।

### 18 अप्रैल तक बंद रहेंगे शैक्षिक संस्थान

**सीतापुर।** कोरोना वायरस के प्रभावी नियंत्रण को लेकर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने 12 अप्रैल 18 अप्रैल तक चिकित्सा, नर्सिंग एवं पैरा मेडिकल संस्थनों को छोड़कर समस्त सरकारी व गैर सरकारी तथा निजी प्रबंधतंत्र द्वारा संचालित महाविद्यालय, माध्यमिक व बेसिक षिक्षा के षैक्षणिक संस्थान, कोचिंग संस्थानों में पठन पाठन स्थगित करने के निर्देष जारी किए हैं। हांलाकि इस दौरान षासकीय-अषासकीय सहायता प्राप्त तथा वित्तविहीन विद्यालयों के षिक्षकों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी किए जाने हेतु उपस्थिति अनिवार्य होगी। इस अवधि में यदि प्रयोगात्मक परीक्षाएं हैं तो वह कोविड के नियमों का पालन करते हुए आयोजित कराई जा सकेंगी।

### सम्पन्न हुई आहार चर्या

**महमूदाबाद सीतापुर।** महमूदाबाद के दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान भावलिंगी संत श्रमणाचार्य विमर्श सागर महाराज की आहार चर्या रविवार को विश्वशांति अहिंसा समिति के संयोजक पारस जैन के आवास पर सम्पन्न हुई। जैन श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आचार्य श्री की आहार चर्या में भाग लिया और पुण्य लाभ अर्जित किया। आचार्य के स्वागत में सड़क को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। जैन श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए आचार्य श्री को सरावगी टोला स्थित आवास तक पहुँचाया जहां शुद्ध वस्त्रों में महिलाओं, बच्चों, पुरूषों ने आचार्य श्री की विधिवत आहार चर्या सम्पन्न कराई। इस दौरान आर.के. जैन, आदीश्वर जैन, नीतू जैन, निशा जैन, निती जैन, रत्नेश जैन, साक्षी जैन आदि मौजूद थे।

### 'मर्सी टू ह्यमूमिनीटी' फाउण्डेशन ने निकाली जन जागरूकता रैली

**महमूदाबाद सीतापुर।** रविवार को 'मर्सी टू ह्यमूमिनीटी' फाउण्डेशन महमूदाबाद की ओर से कोविड की रोकथाम हेतु एवं उससे बचाव के सम्बंध में एक जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली मोहल्ला अमीरगंज से शुरू होकर संकटा देवी मंदिर, तहसील, बजाजा बाजार होते हुए रामकुण्ड चौराहा पर समाप्त हुई। रैली में शामिल लोगो ने कोविड से बचाव हेतु उपायों और तरीकों के बारे में जानकारी दी तथा फाउण्डेशन की ओर से लोगो को मास्क वितरित किये गये। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद हारून, शहनूर आलम, मो कलाम,मो. शबीह, एहसान, अभिनव ज्योति, मो. कासिफ फैसल जीमल, फैसल मशकूर आदि मौजूद थे।

### डीएम ने की पंचायत चुनाव तैयारियों की समीक्षा

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विषाल भरद्वाज ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एसडीएम, बीडीओ व निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर पंचायत चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान डीएम ने आचार संहिता और कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन सुनिष्चित कराए जाने के निर्देष मातहत अधिकारियों को दिए हैं।

# कछुआ चालः सात साल में भी नहीं बन पाया हाईवे

● स्व. अटल के सपनों को उनकी ही सरकार नहीं कर पा रही साकार

संवाददाता। सीतापुर



**देश के** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई ने जो सपना देखा था वह उनके ही अनुयायियों की सरकार सात साल में भी पूरा नहीं कर सकी है। अटल जी ने देश के विकास को गति देने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज योजना पर काम शुरू किया था, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्गों को चौड़ा कर उन्हें आपस में जोड़ने पर काम होना था। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को देश की राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 24 भी इसी परियोजना के तहत फोरलेन किया जाना था। सीतापुर से लखनऊ और बरेली से दिल्ली की तरफ का कार्य तो काफी पहले पूरा हो गया लेकिन सीतापुर से बरेली के बीच 156 किलोमीटर हाइवे को फोरलेन करने का काम कुछ इस तरह अटका पड़ा है कि हाईवे अथॉरिटी की लापरवाही की जिंदा मिसाल बन गया है। वर्ष 2011 से शुरू हुआ हाईवे फोरलेन कार्य न कांग्रेस की यूपीए हुकूमत में परवान चढ़ सका और न ही मोदी सरकार के 7 वर्ष के कार्यकाल में पूरा हो सका है। पहला टेंडर लेने वाली कंपनी एरा इंफ्रास्ट्रक्चर नवंबर 2017 में ही दिवालिया घोषित होकर भाग गई थी, जिसके बाद हाइवे अथॉरिटी के अफसरों को दूसरा ठेकेदार ढूंढने में 2 साल लग गए। वर्ष 2019 के अक्टूबर में आगरा की राज कंस्ट्रक्शन कंपनी को 700 करोड़ के खर्च से 15 महीने में अवशेष कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। समय गवाह है कि हर दिन 37 किलोमीटर सड़क बनाने का दावा करने वाले केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के अफसर अब तक उनके 2014 से 2019 तक और 2019 से अब तक के कार्यकाल में 156 किलोमीटर लंबा राजमार्ग फोरलेन नहीं कर सके हैं। सड़क पर बने गड्ढे और खोटकर डाल दी गई मिट्टी से उड़ती धूल आधे अधूरे निर्माण कार्य इसकी पहचान बनकर रह गए हैं।

# पर्चा वापसी को लेकर विधायक व निवर्तमान ब्लाक प्रमुख भिड़े

- विवाद की खबर पर पहुंचे डीएम व एसपी
- डीएम ने जांच के बाद कार्रवाई की कही बात



संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**रविवार का** दिन प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन तथा पर्चा वापसी का दिन था। यहां ब्लाक नकहा में पर्चा वापसी को लेकर निवर्तमान ब्लाक प्रमुख नकहा पवन गुप्ता तथा सदर विधायक योगेश वर्मा के बीच तीखी नोक झोक होने लगी। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच धक्का.मुक्की होने लगी। इतना ही निवर्तमान ब्लाक प्रमुख की ओर से भी आए लोग भी उग्र हो गए। इधर मामला बढ़ता देख ब्लाक में मौजूद पुलिस ने किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया और मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। जिस पर डीएम व एसपी समेत कई थानों की पुलिस ब्लाक नकहा पहुंच गयी। सदर विधायक की माने तो क्षेत्र पंचायत सदस्य के चार लोग अपना नामांकन पर्चा वापस लेना चाह रहे थे लेकिन निवर्तमान ब्लाक प्रमुख उन्हें पर्चा वापस न लेने का दबाव बना रहे थे। वहीं निवर्तमान ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता का कहना है कि सदर विधायक उनके पक्ष के चार लोगों पर चुनाव से नाम वापसी के लिये दबाव बना रहे थे इसी का वह विरोध कर रहे थे। इस सम्बन्ध में डीएम खीरी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि रविवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन तथा तीन बजे तक नाम वापसी का समय था। ब्लाक नकहा में नाम वापसी को लेकर दो पक्षों में विवाद होने की सूचना पर वह मौके पर पहुंचे थे। इस मामले की जांच करायी जायेगी और जो भी दोषी होगा। उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## कभी भी जिंदगी से खेल सकती है जर्जर इमारत

संवाददाता। सिंगाही-खीरी।

**नगर पंचायत** सिंगाही के प्राइमरी स्कूल की स्कूल की पुरानी इमारत इस समय हादसे को दावत दे रही है। लेकिन जिम्मेदार लोग इसको देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं।
सिंगाही कस्बे के मेला मैदान का प्राइमरी स्कूल पहले रियासत के समय से डाक बंगले में संचालित होता था। इसके नई इमारत बनने के बाद से उसमें संचालित हो रहा है। अब पुरानी इमारत जो कि स्कूल के बगल में ही जर्जर हालत में खड़ी है। मेला मैदान में खेलने वाले बच्चे गेंद आदि जाने पर इसमें घुसते हैं। उस समय यह उनके लिए किसी समय मुसीबत का सबब बन सकती है। इसके बारे में स्कूल की प्रिंसिपल मेहनाज परवीन से पूछा गया तो उन्होंने बताया इसके गिराने को उच्च को अवगत कराया जा चुका है।

# प्रधान प्रत्याशियों को मिले चुनाव चिन्ह

- क्षेत्र पंचायत में आठ प्रत्याशी हुए निर्विरोध निर्वाचित
- निवर्तमान ब्लाक के बेटे महेंद्र बाजपेई भी हुए निर्विरोध

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

**पंचायत चुनाव** में आज नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन को लेकर विकास खंड मोहम्मदी में काफी गहमागहमी देखने को मिली। मोहम्मदी विकासखंड में क्षेत्र पंचायत के 115 प्रधान व प्रधान के 106 जहां प्रधान पद के प्रत्याशी अपना-अपना चुनाव निशान लेने के लिए बेताब दिखे। वहीं ब्लाक प्रमुख बनने के लिए दावेदार क्षेत्र पंचायत सदस्यों पर अपनी निगाह रख अपने चुनाव को देखते हुए गंभीर दिखे। शेष पंचायत चुनाव में 8 प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। जिनमें प्रमुख रूप से निवर्तमान ब्लाक प्रमुख आशीष रस्तोगी पूर्व ब्लाक प्रमुख के बेटे महेंद्र वाजपेई और बहू शशि बाजपाई पत्नी अश्विनी बाजपेई पोता अतुल बाजपेई सहित गोपी कुमार सहित तीन अन्य निर्विरोध होने की संभावना दिखाई दी। इनके निकटतम प्रतिद्वंद्वियों ने अपने.अपने नामांकन आज वापस लिए। वही प्रधान पद के 106 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। कुल मिलाकर आज से चुनाव का बिगुल बज गया है। सभी प्रत्याशी अपनी अपनी ग्राम सभा में चुनावी मैदान में चुनाव चिन्ह लेकर मैदान में कूद पड़े हैं। जिसमें 19 अप्रैल को उनके भाग्य का फैसला मतदाता अपना अपना मत डाल कर मत पेटी में बंद कर करेंगे। 2 मई को वोटों की गिनती के बाद कौन जीता कौन हारा का पता चल पाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर संजय दुबे ने बताया कि प्रधान प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आम, ओखरी, अंगूर, अनाज उसाता हुआ किसान व सूरज आदि चुनाव चिन्ह मिले। वही क्षेत्र पंचायत सदस्य को अनार, अंगूठी, आटा की चक्की चुनाव चिन्ह दिए गए। मोहम्मदी विकासखंड पंचायत चुनाव के रिटर्निंग आफीसर संजय दुबे ने बताया कि प्रधान पद हेतु 822 नामांकन हुए थे। जिनमें चार नामांकन निरस्त हुए हैं। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य 437 नामांकन हुए जिसमें 28 नामांकन खारिज हुए। दोनों पदों के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की मौत

**बरेली।** सड़क पर जा रहे एक बुजुर्ग को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पीलीभीत के माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव भैरो कला निवासी 55 वर्षीय करण सिंह पुत्र रामभरोसे कि बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसे 29 मार्च को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि करण सिंह घटना वाले दिन अपने किसी परिचित से मिलने के लिए मोटरसाइकिल से उसके घर गया था।

## भाजपा उम्मीदवारों के चुनाव कार्यालयों का हुआ शुभारंभ

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** गोला विधायक अरविंद गिरि ने भाजपा समर्थित जिला पंचायत उम्मीदवारों के चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया। जिनमें कुम्भी प्रथम वार्ड नंबर 26 से महिला उम्मीदवार विमला तिवारी, ग्राम लालहापुर कुम्भी द्वितीय से रंजीत कनौजिया, कुम्भी तृतीय से दिनेश राज, अजान कुम्भी चतुर्थ से रामशंकर शुक्ला, मगदापुर कुम्भी पंचम से हरीश भारती, द्वारिकगंज कुम्भी पंचम वार्ड नंबर 30 व अमीन नगर से मानसिंह के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। अलग अलग क्षेत्रों के तमाम कार्यकर्ताओं व प्रमुख साथियों ने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अरविंद गिरि का माल्यापर्ण कर भव्य स्वागत किया। विधायक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम जनमानस को एक से बढ़कर एक बेहतरीन योजनाओं को लागूकर सभी वर्गों को बिना किसी भेदभाव के लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि आज आवास चाहे ग्रामीण क्षेत्र के हो या शहरी सभी को समान रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास देने का कार्य किया।

उज्ज्वला योजना के तहत माताओं एवं बहनो को गैस की सुविधा उपलब्ध करवाई। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ। छोटे दुकानदारों को व्यापार में बढ़ोत्तरी हेतु मुद्रा योजना प्रदान की। अभ्युदय योजना के तहत आईएएस, पीसीएस, पीपीएस की तैयारी हेतु मुफ्त कोचिंग व्यवस्था प्रदान की ताकि प्रदेश के योग्य बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन मिले। इस योजना का लाभ उठाकर बच्चे प्रदेश के उच्च पदों पर विराजमान होकर प्रदेश का नाम करे। उनकी अपनी योग्यता साबित करने का अवसर प्राप्त हो।

# भाजपा के 60 उम्मीदवार जीतेंगे चुनाव:दिनेश



- त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को लेकर जिला प्रभारी व जिलाध्यक्ष की प्रेसवार्ता

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को लेकर भाजपा जिला प्रभारी दिनेश तिवारी व जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने पत्रकारों के साथ रणनीति की चर्चा की। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी दिनेश तिवारी ने कहा कि जिले की 72 पंचायत वार्ड में पार्टी ने इस बार कार्यकर्ताओं को टिकट दिया है। पूरा संगठन उन्हें जिताने के लिए कार्य करेगा। उन्हें उम्मीद है कि खीरी जिले में 60 जिला पंचायत सदस्य विजय होकर आएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी द्वारा समाज के सभी वर्गों सभी क्षेत्रों के लिए किए जा रहे विकास कार्यों से जनता ने पंचायतों में भी भाजपा को नेतृत्व देने का मन बना लिया है।

श्री तिवारी ने कहा कि पार्टी ने सभी जाति वर्गों को टिकट दिया है। यहां तक थारू बंजारा समाज को भी टिकट दिया है। उन्होंने भाजपा की अंदरूनी कलह को गलत बताते हुए कहा कि संगठन से बड़ा पार्टी में कोई नहीं। एक नेता के द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद विवाद यहीं समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि चुनाव विजई बनाने के लिए पूरा संगठन जिला पंचायत चुनाव को तन्मयता से लड़ा रहा है। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा इस बार चौकाने वाले नतीजे देगी। पार्टी नहीं कार्यकर्ताओं को टिकट देकर सिद्ध कर दिया है कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। क्योंकि पार्टी का स्पष्ट मत है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। संगठन कार्य करता है। एक सवाल के जवाब में जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व हर चीज को देखता है तथा जहां संगठन के हित में निर्णय लेना होता है वह करता है। क्योंकि संगठन से बड़ा पार्टी में कोई नहीं है। पत्रकार वार्ता में जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्र, जिला महामंत्री आशीष मिश्रा, वरिष्ठ नेता उमा शंकर मिश्रा व रामजी दीक्षित मौजूद रहे।

## पलिया विधायक ने दी सहायता



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** पलिया विधायक रोमी साहनी ने बीते दिनों पलिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में लगी आग से पीड़ित लोगों के घर पहुंचकर उनका हाल जाना। उन्हे पांच.पाचं हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। पलिया विधायक रोमी साहनी बांकेगंज ब्लाक के ग्राम मोहलिया के अमित पुत्र बाबूराम, रामचंद्र पुत्र नेता, राजीव पुत्र रामचंद्र, अरविन्द कुमार पुत्र बांके, बांकेलाल, प्रकाश पुत्र श्रीकेशन, रनवीर पुत्र शोभा, रामवरण पुत्र बांके लाल, सुभाष पुत्र बांके, पल्लवी पत्नी रमेश को विधायक ने दस-दस हजार रुपये की दी आर्थिक सहायता दी। इसके बाद ग्राम ढकैया रामपुर ग्रामसभा खंजनपुर में अग्निपीड़ितों महावीर पुत्र माखन लाल, हरवंश लाल पुत्र रामकृष्ण, मनोहर लाल पुत्र बल्ला, राकेश पुत्र हरवंश लाल, संगीता पत्नी गुड्डू सहित को दस-दस हजार रुपये की आर्थिक मदद व रामकुमारी पत्नी राकेश कुमार को दी। दस हजार रुपये आर्थिक सहायता और ग्राम कुकरा के नियमततुल्ला पुत्र सामीर के घर आग लगी। जिसमे सारा सामान जल राख हो गया। विधायक ने दस हजार रुपए की आर्थिक मदद दी। अग्निपीड़ितों को एक-एक आवास दिलाने का आश्वासन दिया।

## क्विक न्यूज

### कार की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

**बरेली।** सड़क पर जा रही एक बुजुर्ग महिला को पीछे से आई एक इको कार ने टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर मृतका की लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।आंवला थाने के गांव धर्मपुर निवासी 50 वर्षीय किशोरी पत्नी कृष्णपाल कि कल शाम गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उसके घर वालों ने बताया कि किशोरी कल शाम को अपने घर के बाहर खड़ी थी। तभी अचानक तेजी से आई एक इको कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने टक्कर मारने वाली कार का पीछा किया। तो कार का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार को कब्जे में ले लिया और उसके चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी। मृतका 10 बच्चों की मां थी।


### पेड़ से टकराई बेकाबू कार- एक की मौत, 6 घायल

**बरेली।** तेजी से आ रहे एक कार अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और 6 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।भोजीपुरा थाना क्षेत्र में महरौली चौराहा पर बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में पीलीभीत बीसलपुर थाने के गांव खननका उच्चसिया निवासी 26 वर्षीय अनूप पुत्र राम भरोसे की बीती रात बरेली के भोजीपुरा इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अनूप अपने दोस्तों के साथ कल शाम को कार से बरेली गया था। जहां से सभी लोग रात में अपने घर वापस लौट रहे थे। लेकिन रास्ते में ही सामने से आ रहे किसी वाहन से बचने की कोशिश में उनकी कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से जा टकराई। जिससे उसमें बैठे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची अनूप की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने सभी छह घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया और दुर्घटना की सूचना उनके घर वालों को दे दी। मौके पर पहुंचे अनूप के घर वालों ने लाश की शिनाख्त कर ली। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चार घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक की पत्नी का नाम पिंकी है। वह एक बेटे का पिता था।

### बेकाबू बोलेरो कार पेड़ से टकराई, युवक की जान गई

**बरेली।** बीसलपुर रोड पर अहिरोला चौराहे के पास बेकाबू बोलेरो कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे मे कार चला रहे युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि कार मे बैठे छह लोग घायल हो गए। घायलो को निजी अस्पतालो मे भर्ती कराया गया है। कार चालक का शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। शुक्रवार को बीसलपुर के खनका उचसिया के अनूप कुमार (25) बोलेरो कार से निजी कार्य के सिलसिले मे बरेली गए थे। कार मे उनके साथ छह अन्य लोग सवार थे। देर रात वह बीसलपुर वापस लौट रहे थे। रात एक बजे उनकी कार बरेली-बीसलपुर हाईवे पर भुता से निकलकर अहिरोला चौराहे पर पहुंची। कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद यात्री कार मे फंस गए। कुछ दूरी पर खड़ी डायल पुलिस की गाड़ी के कर्मचारी दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार सवार लोगो को बाहर निकाला। इस दौरान कार चला रहे अनूप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार मे बैठे निगोही के सुरजीत, प्रमोद, रमेश सहित छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलो को निजी अस्पताल मे भर्ती कराकर परिजनो को बुलाया। रात मे परिवार के लोग बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने अनूप कुमार का शव पोस्टमार्टम को भेजा। अनूप कुमार की शादी हो चुकी थी। उनके एक मासूम बच्चा है। परिवार मे कोहराम मचा हुआ है।

### याद किए गए प्रख्यात समाज सुधारक और दार्शनिक महात्मा गोविंदराव ज्योति राव फुले जी'



**बरेली** । 45 साल से ऊपर के लोगों ने लगवाई वैक्सीन लगातार कोरोनावायरस अपने पैर पसार रहा है जिसको लेकर लोगों की चिंताएं बढ़ गई है। वही सरकार भी इसको लेकर गंभीर है । इसी के चलते जिला अस्पताल में एक कैंप का आयोजन किया गया । जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने किया । कैंप में 45 वर्ष से ऊपर के लोगों ने वैक्सीन लगवाने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । वहां मौजूद केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महामारी को लेकर काफी चिंतित हैं और लगातार सरकार प्रयास कर रही है । इस महामारी से सभी लोगों को बचा सके वहीं शहर विधायक डॉ अरुण कुमार ने शहर की जनता से अपील की है कि सभी लोग करोना वैक्सीन लगवाए ।

# निर्वाचन के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : इंद्र विक्रम सिंह



संवाददाता। शहजहांपुर

**जिला निर्वाचन** अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने तिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर मतदान कर्मिकों को मास्टर टेऊनर द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण के निरीक्षण किया ।इस दौरान उन्होंने कहा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिस अधकारी एवं कर्मचारी को जो कार्यदायित्व दिए गए है वह अपने कार्य कार्यदायित्व का निर्वहन निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ करेगा। निर्वाचन के कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मिकों का प्रशिक्षण आज दिनांक 11 अप्रैल, 2021 से 15 अप्रैल 2021 तक चलेगा। उन्होंने कहा है कि आज दिनांक 11 अप्रैल 2021 को सेन्ट पॉल इण्टर कालेज में 2272 कर्मिकों एवं नालन्दा स्कूल ऑफ एक्सीलेन्स में 736 कर्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

श्री सिंह ने कर्मिकों को मास्टर टेऊनर द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को कक्ष वार निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने कहा कि नामांकन दिनाँक 17 व 18 अप्रैल 2021 को एवं नामांकन पत्रों की संविक्षा दिनाँक 10 व 20 अप्रैल 2021 को तथा उम्मीदवारी वापस लेने की तिथि व प्रतीक चिन्ह आवंटन की दिनाँक 21 अप्रैल 2021 को है। मतदान दिवस दिनाँक 29 अप्रैल 2021 को एवं मतगणना 2 मई 2021 को है। उन्होंने कहा कि मतदान का समय प्रातः 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक रहेगा। पीठासीन अधिकारी का यह दायित्व होगा कि अपने साथी मतदान अधिकारियों की मदद से पोलिंग बूथ पर रवाना होने के पहले ही प्राप्त सामग्री का भलीभॉति निरीक्षण कर लें और यदि कोई सामग्री कम हो तो विकास खण्ड मुख्यालय पर वह सामग्री प्राप्त कर लें। प्रत्येक मतपत्र एवं उसके प्रतिपर्ण पर मतपत्र का नं0 अंकित रहेगा तथा मतपत्र जारी करते समय प्रतिपर्ण पर मतदाताओं के हस्ताक्षर अथवा अंगूठा की निशानी ली जाएगी। मतदाता के बायें हाथ की तर्जनी का अमिट स्याही लगायी जायेगी। यदि बायें हाथ की तर्जनी अंगुली न हो तो क्रमशः मध्यिमा, अनामिका, कनिष्ठा अथवा अंगुष्ठ आदि पर अमिट स्याही लगायी जाएगी। यदि हाथ एवं पैर न हो तो शरीर के किसी सहज दृष्टव्य स्थान पर अमिट स्याही लगायी जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतपत्र दिये जाने के बारे में जानकारी दी और कहा कि मतदान प्रारम्भ होने से पूर्व आवश्यकतानुसार मतपत्रों के पीछे सुभेदक सील लगाकर तथा वार्ड क्रमांक या निर्वाचन क्षेत्र का क्रमांक भरकर उन्हें तैयार कर लेना चाहिए एवं आवश्यकतानुसार उन पर अपने हस्ताक्षर करते जाना चाहिए। ऐसा इसलिए आवश्यक है क्योंकि प्रारम्भ में काफी मतदाता मतों का प्रयोग करने हेतु आ जाते है। भीड़ से बचने हेतु अगर यह प्रारम्भिक तैयारी रहती है तो अनावश्यक भीड़ नहीं होगी है। उन्होंने कहा कि मतदान अधिकारी दो द्वारा मतदाता को पहले ग्राम पंचायत सदस्य तथा प्रधान पद से सम्बन्धित प्रत्याशियों के मतपत्र दिये जायेंगे, मतदाता द्वारा ग्राम पंचायत सदस्य एवं प्रधान पद का मतपत्र मतपेटी में डाले जाने के उपरान्त मतदान अधिकारी तीन द्वारा मतदान को सदस्य क्षेत्र पंचायत एवं सदस्य जिला पंचायत के मतपत्र दिये जायेगें।

जिला मजिस्टेऊट ने कहा कि पीठासीन अधिकारी को अपना हस्ताक्षर केवल मतपत्र के पीछे करना है, प्रतिपर्ण के पीछे नही। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान के मतपत्रों हेतु सुभेदक चिन्ह अलग है एवं क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत सदस्यों हेतु लगाने हेतु सुभेदक चिन्ह अलग है। उन्होंने चौलेंज वोट एवं टेंडर बोट डलवाए जाने के बारे जानकारी दी तथा मतपेटिका खोलने, बन्द करने आदि के बारे मे भी विस्तार पूर्वक समझाया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री रामसेवक द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 श्री गिरिजेश कुमार चौधरी, परियोजना निदेशक, डीआरडीए श्री डीपी सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहें।

# जिले में अब तक तीन सौ से ज्यादा मरीज मिले, छह लोगों की हुई मौत

संवाददाता। शहजहांपुर

**जिले में** कोरोना वायरस अपने पैर-पसर रहा है इसके तहत जिले में अबतक छ लोगो की मौत हो गई जबकि तीन सौ के ज्यादा कोरोना संकर्मित मरीज मिले चुके है रविवार को जिले के विभिन्न ब्लाकों में कोरोना के 42 मरीज मिले जबकि दो लोगो की मौत हो गई कोरोना कोविड-19 के दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर सेनेटाइजेशन,कीटनाशक दवा छिडकाव का कार्य कराया जा रहा है।नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा के निर्देश पर कोरोना कोविड-19 के संक्रमण को फैलने से रोकने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा नगर के मो0-सराय काईयां, बिजलीपुरा,गोविंदगंज,सदर बाजार,मेन मार्केट,चौक एवं केरुगंज में सफाई का कार्य, सेनेटाइजेशन ,कीटनाशक दवा छिडकाव का कार्य कराया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने जनता से कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करे व एक दूसरे से 02 गज की दूरी व फेस मास्क का उपयोग करने का सुझाव दिया

वहीं जिला अस्पताल के मेडिकल कालेज में उस समय हड़कंप मच गया जब एक मरीज ने दूसरे मरीज को बेड से उठाकर पटक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. इस घटना के बाद अस्पताल के वार्ड में हड़कंप मच गया. मृतक के परिजनों ने हंगामा करते हुए अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया. वहीं दूसरी ओर पुलिस ने आरोपी मरीज और उसके पिता को हिरासत में लिया. वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है.घटना थाना चौक कोतवाली के जिला अस्पताल का है, जहां मेल वार्ड के 21 नंबर मरीज हंसराज भर्ती था. उसे बुखार आने पर डॉक्टर ने भर्ती किया था. इसी वार्ड में 25 नंबर पर रहमान भी भर्ती था. जिसको डिसेंट्री होने पर भर्ती किया गया था. बताया जा रहा कि रहमान सुबह 4 बजे पेशाब करने के बाद वार्ड में लौटा तो वह अपना बेड भूल गया और वह 21 नंबर पर हंसराज को अपना बेड खाली करने के लिए विवाद करने लगा. इस दौरान विवाद जब ज्यादा बढ़ा तो उसने हंसराज को बिस्तर से उठाकर जमीन पर पटक दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.मरीज की मौत के बाद वार्ड में हड़कंप मच गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी रहमान और उसके पिता शराफत को हिरासत में लिया है. बताया जा रहा है कि रहमान मंदबुद्धि का है. फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. वही मामले की छानबीन की जा रही है.इसके बाद जिलाधिकारी ने दौराकर कर मृतक परिवार के सदस्यों से वार्ताकार चिकित्सकों को सगज रहने के निर्देश दिए।

- मेडिकल कालेज में मरीज ने मरीज की हत्या कर वारदात को अंजाम दिया

## एटीएम तोड़ रहे चार बदमाश गिरफ्तार, एक फरार

**बरेली।** गश्त के दौरान बीती रात पुलिस ने एक बैंक का एटीएम तोड़ रहे चार बदमाशों को पीछा करके गिरफ्तार कर लिया। एक शातिर बदमाश मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों को जेल भेजा।प्रेम नगर थाना क्षेत्र में जीआरएम स्कूल के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम तोड़ते समय पुलिस ने सुभाष नगर थाने के मढ़ीनाथ शांति विहार निवासी आलोक मिश्रा, इसी थाने के जागृति नगर निवासी दीपक, फिरोजाबाद के रसूलपुर थाने के हुसैनी मोहल्ला निवासी तालिब अली, हरियाणा के मेवात जिले के अनाज मंडी निवासी युवराज गिरफ्तार कर लिया।

# दो करोड़ की अफीम बरामद, तीन गिरफ्तार

संवाददाता। शाहजहाँपुर

**थाना तिलहर** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन तस्करों को दो करोड़ की अफीम के साथ धर दबोचा। तीनो के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बीती रात सूचना मिली कि अफीम तस्कर बडी मात्रा में अफीम लेकर फर्रुखाबाद में किसी व्यक्ति को सप्लाई करने जा रहे है। इसी सूचना पर थाना तिलहर पुलिस और स्वॉट टीम ने मिलकर जाल बिछाया। इस दौरान बुलेट मोटरसाईकिल सवार सूरज राजपूत पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम खनपुरा थाना तिलहर, अमित कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी मोहल्ला मौजमपुर कस्बा व थाना तिलहर तथा शेखर गुप्ता उर्फ शेखू पुत्र जितेन्द्र गुप्ता निवासी मोहल्ला बहादुरगंज कस्बा व थाना तिलहर को बंथरा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर इनके पास से दो किलो अफीम बरामद हुई। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई गई है। तस्करों को पकड़ने वाली टीम में एसआई पवन कुमार पाण्डेय, एसआई अमित चौहान, रोहित कुमार प्रभारी स्वाट टीम, का. यतेन्द्र चौहान, का. सुनित कुमार, का. सोहित कुमार, हेड का. राजा राम सिंह स्वाट टीम, का. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह स्वाट टीम, का. दिलीप स्वाट टीम, का. प्रभात चौधरी स्वाट टीम मौजूद थे।

## ईदगाह प्रबन्ध कमेटी के सचिव सहित, 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी दर्ज हुआ मुकदमा

शाहजहांपुर। ईदगाह प्रबन्ध कमेटी के सचिव सहित 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शुक्रवार को यति नरसिंहानन्द के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांगों को लेकर जामा मस्जिद के बाहर प्रदर्शन करने एवं सड़क जाम करने को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए ईदगाह प्रबन्ध कमेटी के सचिव सैयद कासिम रजा सहित 150 लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। इस सम्बंध में एसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि सचिव सहित 150 लोगों पर 144 धारा का उलंघन व महामारी अधिनियम उलंघन की धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया है। वही सैयद कासिम ने कहा कि उन्होंने सूचना देने के बाद ही ज्ञापन दिया था। जिस पर कार्रवाई की जानी चाहिए उसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# लोहिया अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में कोरोना संक्रमित महिला की मौत

● चिकित्सक सहित पांच कर्मियों को कराया गया होम क्वारंटाइन

● इमरजेंसी कक्ष किया गया बंद

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिले** में शुक्रवार को आई जांच रिपोर्ट में इस साल एक दिन में सर्वाधिक 59 लोगों के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इसमें शहर के मोहल्ला सधवाड़ा निवासी 22 लोग संक्रमित निकले जबकि सेंट्रल जेल का एक कैदी, सीएमओ कार्यालय में तैनात डीसीपीएम भी कारोना की चपेट में हैं। इससे जिले में अब तक संक्रमित लोगों की संख्या 4937 पहुंच गई है। उधर संक्रमित वृद्धा की मौत हो गई है।

जिले में कोविड से बचाव के लिए नियमों का पालन न होने से कोरोना संक्रमण बेकाबू हो गया है। शहर के मोहल्ला सधवाड़ा में कोरोना संक्रमण से हालात ही खराब हो रहे हैं। यहां 32 संक्रमित पहले से थेए जबकि शुक्रवार को सधवाड़ा निवासी पांच युवकए छह अधेड़ए महिलाए वृद्ध और वृद्धा सहित 22 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि होने से संक्रमितों की संख्या 54 पहुंच गई है।

मोहल्ले के कपड़ा छपाई कारखाना मालिक और उनके परिजन भी कोरोना की चपेट में हैं। इस कारण पूरा मोहल्ला कंटेनमेंट जोन बनाने के साथ सील कर दिया गया है। सैनिटाइजेशन भी कराया गया। इसके अलावा पुलिस लाइन निवासी 55 वर्षीय सिपाही व सेंट्रल जेल का कैदी व सीएमओ कार्यालय में तैनात डीसीपीएम व सिविल अस्पताल लिंजीगंज का स्वास्थ्य कर्मचारी भी कोरोना की चपेट में है। शहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी युवक, मोहल्ला अंडियाना निवासी अधेड़, कादरीगेट निवासी अधेड़, बालकए बढ़पुर निवासी अधेड़ व महिला, आवास विकास कालोनी निवासी युवक, खताराना निवासी महिला, फतेहगढ़ की भीमसेन मार्केट निवासी युवक, भोलेपुर क्रासिंग के निकट निवासी दंपती, अपर दुर्गा कालोनी निवासी दो युवक, नेकपुर चौरासी निवासी महिला व अधेड़ कोरोना संक्रमित पाए गए। इसके अलावा मेजर एसडी सिंह कालेज कर्मचारी, नगला पजावा याकूतगंज निवासी महिला, युवक,मोहम्मदाबाद के गांव नगला दुबे निवासी युवती, नीबकरोरी निवासी युवती,नवाबगंज के गांव गुठिना निवासी युवती, शमसाबाद के गांव ललौर निवासी वृद्ध महिला, राजेपुर के गांव ईमादपुर निवासी युवक, नगला हूसा निवासी युवती, परिउली खरदाई नगला चंपत निवासी किशोर भी कोरोना की चपेट में हैं।

शहर के मोहल्ला सधवाड़ा निवासी 60 वर्षीय वृद्धा की तबियत बिगड़ने पर तीन अप्रैल को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां जांच में कोरोना पॉजिटिव मिली। पांच अप्रैल को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जिले में अब तक 4937 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इसमें 4665 लोग ठीक हो चुकेए जबकि 92 लोगों की जान जा चुकी है। जिले में अभी 181 केस एक्टिव हैं। उधर डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में उपचार के लिए आये आये संक्रमित व्यक्ति की मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से आकस्मिक विभाग पुरुष कक्ष को बंद कर दिया और इस दौरान जो ड्यूटी पर चिकित्सक कर्मचारी थे उन सभी को होम क्वारंटाइन करा दिया गया। शहर कोतवाली के मोहल्ला नवाब न्यामत खां पश्चिम निवासी मीरा पत्नी शिवकुमार को खांसी जुकाम व आदि परेशानी होने पर उसके द्वारा सूचना 108 पर दी गई।

जानकारी होने पर 108 के ईमएटी शिशिर उसके घर पहुंचे और उसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल ले आये। इमरजेंसी कक्ष में जिस समय चिकित्सक इमरान अली, फार्मासिस्ट संजीव कुमार, सतेन्द्र कुमार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महादीप, वीरेन्द्र मौजूद थे। महिला को चिकित्सक ने देखा और उसका उपचार शुरु करा दिया। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि महिला संक्रमित थी। साहद इसी के चलते उसकी मौत हो गई। संक्रमित महिला की उपचार के दौरान इमरजेंसी में मौत की खबर से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। जैसे ही अस्पताल प्रशासन को इसकी जानकारी हुई सुरक्षा की दृष्टि से इमरजेंसी कक्ष में चिकित्सक सहित जो भी कर्मचारी मौजूद थे। सभी को पांच दिन के लिए होम क्वारंटाइन करा दिया गया है और इमरजेंसी कक्ष को बंद कर दिया गया।

## पशु चिकित्सक सहित दो कोरोना पॉजिटिव

कमालगंज फर्रुखाबाद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को कोरोना की जांच करायी गई। जिसमें पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 रमेश शाक्य तथा सनी निवासी शेखपुर सहित दो लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। दोनों को होम क्वॉरेंटाइन के लिए भेज दिया गया। वहीं डा0 ने वताया शनिवार को 123 लोगों की जांच हुई है। जिसमे से दो लोग पॉजिटिव निकले है।

## कोरोना भय से रविवार बाजार में पसरा सन्नाटा

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कोरोना** वायरस का रविवार बाजार पर ग्राहण लग गया है। जिसके चलते आज शहर की नेहरू रोड से चौक तक सडकें सन्नाटे की चादर ओढें दिखीं। ना ग्राहक नजर आये ना व्यापारी। रविवार को सामान्य तौर पर आम जनमानस की पसंद और कम बजट में उन्हें जरूरत का सामान उपलब्ध होता है। जिससे आम आदमी की तो जरूरत पूरी होती ही है आम व्यापारी भी अपनी दो जून की रोटी चलाते है। अभी पिछले बरस आये कोरोना कहर से व्यापारी उभर तक नही पाये थे कि पुनरू फिर गंभीर हालात पैदा कर दिये। व्यापारी उभर तक नही पाये थे कि पुनरू फिर से लोगों का घर से निकलना दुभर हो चुका है। यही कारण है कि शहर के मुख्य बाजारों में तो ग्राहकों की भीड़ में भारी कमी आयी है इसके साथ ही रविवार को खचाखच रहने वाला बाजार आज सन्नाटे की चादर ओढ़े रहा।

## काकुत्स समाज ने मेधावी छात्रों और वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**काकुत्स** समाज एकता विकास समिति के बैनर तले होली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन श्याम नगर स्थित सरोज संस्कार भवन में जिला अध्यक्ष डॉ जागेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । संचालन संस्थापक राजेश निराला ने किया ।

समारोह में एक सैकडा मेधावी छात्र ,वरिष्ठ नागरिको ,सेवानिविर्ट कर्मचारी को प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि उदय नारायण सिंह ने कहा कि राजनितिक भागीदारी व शिक्षा के बिना कोई भी समाज तरक्की नहीं कर सकता है ,वोट लेने के बाद राजनितिक दल समाज को सत्ता में भागीदारी नहीं देते है । विशिष्ट अतिथि लालू पुजारी ने कहां कि काकुत्स समाज आर्थिक व सामाजिक , शैक्षिक रूप से काफी मजबूत हो गया है युवा राजनितिक क्षेत्र में आगे आये । गिरंद सिंह ने कहा कि फर्रुखाबाद का काकुत्स समाज पुरे देश को प्रेरणा देता है ।प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार ने कह कि विधान सभा चुनाव में काकुत्स समाज की उपेक्षा राजनितिकदलों को भारी पड़ेगी । जिला अध्यक्ष डॉ जागेश्वर प्रसाद ने कहा कि हमारे समाज के गौरव राजेश निराला के मार्ग दर्शन में हमेशा ही ऐतिहासिक कर्य्क्रिम आयोजित किये गए । इस मौके पर संयोजक रामसेवक , संजय काकुत्स , देवेन्द कुमार , मनमोहन सिंह , देव्हरी नीरज , प्रदीप कुमार , देवेश कुमार आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कटहल के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**संदिग्ध** परिस्थितियों में युवक शव कटहल के पेड़ पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल था।

मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम संतोषपुर निवासी 27 वर्षीय कमलेश पुत्र ज्ञान सिंह पाल बीते 8 मार्च को अपनी ससुराल महमदगंज सौरिख कन्नौज अपनी पत्नी पिंकी से मिलने गया था। तब से घर नहीं लौटा। शनिवार को सुबह उसका शव घर से 500 मीटर की दूरी पर नगला खान सिंह निवासी दिनेश कुमार के बाग में खड़े कटहल के पेड़ पर स्टॉल से फांसी पर झूलता मिला। जानकारी होते ही मृतक की मां कुसमा देवी आदि परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



## चेकिंग के दौरान थाना गेट के सामने बाइक सवारों ने चौकीदार को मारी टक्कर, फरार

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद थाना गेट के सामने चेकिंग के दौरान तीन अज्ञात बाइक सवारों ने चौकीदार को टक्कर मार दी। जब तक लोग कुछ समझते तब तक बाइकर मौके से फरार हो गये। पुलिस ने घायल चौकीदार का इलाज कराया है। शमसाबाद थाना गेट के सामने बिना मॉस्क के वाहन चेकिंग अभियान में बाइक सवारों को रोककर चालान किए गए और मास्क न लगाने वाले को हिदायत व जुर्माना बसूल कर छोड़ा गया। चेकिंग के दौरान अलियापुर में तैनात चौकीदार अतरसिंह अपनी थाने पर ड्यूटी करने के लिए थाने पहुंचे थे। थाना गेट के सामने चेकिंग के दौरान शमशाबाद से तीन अज्ञात बाइक सवार फैजाबाग की ओर जा रहे थे। वहीं थाना गेट के सामने बाइक सवारों ने टक्कर मार दी। मौके पर जब तक पुलिस समझ पाती तब तक बाइक सवार मौके से फरार हो गए। वहीं पुलिस ने घायल चौकीदार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर उपचार कराया।

## वैक्सीन की दोनों डोज लेने के बाद भी सपा नेता महेंद्र कटियार कोरोना संक्रमित

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**समाजवादी** पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कटियार ने बताया कि उन्होंने कोरोना वैक्सीन का पहला डोज 01 मार्च को लगवाया था। जबकि दूसरी डोज 01 अप्रैल को। इसके बाद उन्हें कोरोना के लक्षण दिखायी पड़े। जिस पर उन्होंने अपनी जांच करायी। जिससे उनकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आयी। इससे यह साबित होता है कि वैक्सीन का असर उनके ऊपर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस वैक्सीन से जनता का भला होने वाला नहीं है। ऐसे तो कोरोना महामारी घटना के बजाये और बढ़ेगी। जबकि स्वास्थ्य विभाग बराबर कह रहा है कि वैक्सीन अवश्य लगवायें। किसी के बहकावे में न आयें। इस घटना से महेंद्र सिंह कटियार का परिवार असमंजस में पड़ गया है। रिपोर्ट आने के बाद महेंद्र सिंह ने अपने आपको होम क्वारंटाइन कर लिया है। उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह ऐतियात बरत रहे हैं और आवश्यक दवायें भी ले रहे हैं। जिससे शरीर की इम्यूनिटी पॉवर बढ़ सके और कोरोना जल्द खत्म हो सके।

### बोले जिम्मेदार

सीएमओ डॉ0 वंदना सिंह ने दूरभाष पर बताया कि कोरोना वैक्सीन लगने के बाद 45 दिन तक ऐतियात बहुत जरुरी है। अन्यथा कोरोना बीमारी पुनरू हावी हो सकती है। ऐसे बहुत से केस सामने आये हैं जिनमें वैक्सीन लगने के बाद भी कोरोना हो गया। इसलिए ऐतियात नहीं बरतोगे तो बीमारी पुन: हो सकती है।

## डाकपाल से तमंचे के बल पर हजारों की नकदी व डाक टिकट की लूट

● एसपी के आदेश पर छह पर दर्ज हुआ मुकदमा, दो गिरफ्तार

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**डाकपाल** से तमंचे के बल पर हजारों की नकदी सहित डाक टिकट आदि सरकारी सामान लूट लेने के मामले में पुलिस अधीक्षक से शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मौधा निवासी मनोज कुमार पुत्र सोवरन सिंह की तहरीर पर 6 लोगों के विरुद्ध तमंचे के बल पर नगदीए डाक टिकट आदि सरकारी सामग्री लूट लेने के मामले में ग्राम ऊगरपुर निवासी अशोक सिंहए बलरामए रामूए सोनूए नितिन एवं राजीव उर्फराजू के विरूद्ध धारा 395 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित मनोज ग्राम मदनपुर के डाक घर में शाखा डाकपाल पद पर कार्यरत है। तहरीर में दर्शाया कि आरोपियों ने तमंचे के बल पर धमका कर 12428 रूपयेए 1054 रूपये कीमती डाक टिकट व 513 रूपये कीमती रसीदी टिकट के साथ ही डाक घर की तारीख वाली मोहर व लॉकर की चाबियां लूट ले गये।

पीड़ित ने बताया कि खिमशेपुर चौकी इंचार्ज दिगविजय सिंह ने लूट की बजाय मारपीट की रिपोर्ट लिखाने का दबाव बना रहे थे। तब उसने इस घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। जिनके आदेश पर घटित घटना की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मोहम्मदाबाद क्षेत्राधिकारी ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले 6 आरोपियों में दो आरोपियोंको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शेष चार आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

## एचटी लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम बर्रा बगहा सरकण्डी में रविवार की सुबह पेड़ पर चढ़े लगभग 30 वर्षीय एक युवक एचटी लाइन की चपेट में आ गया जिससे वह गम्भीर रूप से झुलस गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बर्रा बगहा सरकण्डी गांव निवासी राज बहादुर का पुत्र हेमराज आज सुबह लगभग नौ बजे गांव के बाहर बबूल के पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था। तभी पेड़ से छूता हुआ निकला एचटी लाइन की चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। आस-पास के लोगों ने किसी तरह से उसे करंट से छुड़ाया और उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाये। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## टीका उत्सव अभियान का डीएम ने किया शुभारम्भ

संवाददाता। फतेहपुर

**जिला** चिकित्सालय पुरूष में श्रीमती जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने टीका उत्सव का फीता काटकर शुभारम्भ किया। कहा कि टीका उत्सव अभियान कार्यक्रम आज विधिवत् शुरू हो गया है जो 14 अप्रैल तक जिला अस्पताल के साथ समस्त सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चलेगा। इस उत्सव का मकसद है कि जनपद में अधिक से अधिक लोग कोरोना की वैक्सीन का टीकारण कराये। टीकाकरण लगवाने के लिये अपने आस-पास और सम्पर्क के लोगो को जागरूक किया जाय ताकि जनपद में शत-प्रतिशत टीकाकरण हो सके और संक्रमित महामारी से बच सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, सीएमओ डॉ0 गोपाल माहेश्वरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 प्रभाकर सहित चिकित्सा कर्मी व टीकाकरण के लिये आये हुए लोग आदि उपस्थित रहे।



## क्विक न्यूज

### पुलिस चौकी के निकट दो दुकानों के टूटे ताले

**फर्रुखाबाद।** बीती रात पुलिस चौकी के निकट दो दुकानों के ताले तोड़कर नकदी व सामान साफकर दिया। पुलिस नें जाँच पड़ताल की। शहर कोतवाली क्षेत्र के पांचाल घाट चौकी के निकट पुरानी घटिया निवासी अंकित पुत्र विश्राम सिंह की परचून की परचून की दुकान जज साहब मार्केट में है। बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर किराननें के सामान के साथ ही 4500 नकद साफकर दिये। ग्राम धीमरपुरा निवासी ग्रीश चन्द्र पुत्र रघुनाथ की भी दुकान जज साहब मार्केट में है। बीती रात अज्ञात चोर नें ताले तोड़कर 2500 नकदी व परचून का सामान चोरी कर लिया। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को तहरीर दी।

### पैसों को लेन-देन को लेकर मारपीट

**फर्रुखाबाद।** पैसों के लेनदेन में दो पक्षों में मारपीट हो गयीए जिसमें एक घायल हो गया। घायल ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थान शमसाबाद।क्षेत्र के गांव अलेपुर निवासी सुशील कुमार ने गांव के ही नवीन चंद और सत्यपाल के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराईए जिसमें बताया दबंगों ने दबंगई के चलते मेरे साथ मारपीट की। वहीं नवीनचंद ने बताया मेरे सिंचाई के पैसे थे। रुपये मांगने पर उसी को लेकर गाली गलौज हुई है। मारपीट का आरोप गलत है।

### पीठासीन एव मतदान अधिकारियो का प्रशिक्षण आज से

**फतेहपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया कि त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत निर्वाचन हेतु 12 से 17 अप्रैल तक दो पालियों में पीठासीन एव मतदान अधिकारियो का प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से अपराह्न 01 बजे तक व अपराह्न 02 बजे से लेकर शाम 05 बजे तक स्थानीय ठा0 युगराज सिंह महाविद्यालय में दिया जायेगा। प्रशिक्षण दौरान पीठासीन/मतदान अधिकारी अनुपस्थित पाये जाने पर विभागीय/विधिक कार्रवाई की जायेगीं।

### पोल में साइकिल समेत टकराने से घायल बच्चे की मौत

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** 02 दिन पहले गांव में साइकिल चलाते समय एक 06 वर्षीय बच्चा बिजली के पोल से टकराकर गंभीर घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत में थोड़ा सुधार होने पर परिजन वापस घर ले आए थे लेकिन दोबारा फिर हालत बिगड़ी तो परिजन उसे शनिवार की शाम को लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बिंदकी पहुंचे। हालत ज्यादा गंभीर हुई तो चिकित्सक ने हैलट कानपुर रिफर कर दिया जहां रास्तें में ले जाते समय देर रात बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जाफर गंज थाना क्षेत्र के गहरू खेड़ा गांव निवासी रामनारायण का 06 वर्षीय पुत्र अनुज गांव में दिन में साइकिल चला रहा था अचानक साइकिल अनियंत्रित हो जाने से बिजली के पोल से टकरा गई थी। जिसके चलते हुए गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए शुक्रवार को ही सीधे जिला अस्पताल ले जाया गया था। हालत में थोड़ा सुधार होने पर परिजन जिला अस्पताल से वापस घर ले गए। थे लेकिन शनिवार की देर शाम को एक बार फिर हालत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर एंबुलेंस द्वारा सीएचसी बिन्दकी पहुंचे। जहां पर चिकित्सक ने बच्चे की हालत नाजुक देख हैलट कानपुर रेफर कर दिया था लेकिन कानपुर ले जाते समय रास्ते में बच्चे की मौत हो गई।

### प्रसपा लोहिया ने जारी की प्रत्याशी सूची

**फतेहपुर।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया ने जिला पंचायत सदस्य पद की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में 14 प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा गया है। छेउका से विकास पासी, अभयपुर से राकेश यादव, सुजावनपुर से दिनेश यादव, डिझरूवा से अनुसुईया देवी, सिजौली से माधुरी देवी, मंडराव से लक्ष्मी देवी यादव, महना से संदीप यादव, अयाह से लाल पाल, शाह से आशा देवी गिहार, ललौली से रामश्री पाल, साखा से श्रद्धा साहू, असोथर से भोला पाल, खेसहन से रघुराज पाल और रमवां पंथुवा सीट से अमरजीत सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

## अनियंत्रित विक्रम पलटने से आधा दर्जन सवारियां घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के हरिहरगंज ओवर ब्रिज के ऊपर रविवार की सुबह अनियंत्रित होकर विक्रम पलट जाने से होमगार्ड समेत आधा दर्जन सवारियां घायल हो गयीं। जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां दो की हालत गम्भीर देख कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर कस्बा से सवारियां भरकर शहर आ रहा विक्रम जैसे ही कोतवाली के हरिहरगंज ओवर ब्रिज के ऊपर पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें गाजीपुर थाने में तैनात होमगार्ड धर्मेन्द्र कुमार पुत्र शिवनायक 35 वर्ष निवासी चक इटौली, 40 वर्षीय मुन्नी देवी पत्नी स्व0 मलखान निवासी बावन तारा, प्रेमा देवी पत्नी विजय बहादुर निवासी बावन तारा, ज्ञानमती पत्नी शिवभूषण 50 वर्ष, धर्मराज 65 वर्ष, छुट्टन 30 वर्ष, विजय बहादुर पुत्र स्व0 सुखनन्दन 30 वर्ष व राजकुमार घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने शुरू किया सदस्यता अभियान

संवाददाता। फतेहपुर

**अखिल** भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में महा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान तमाम पदाधिकारियों ने अलग-अलग स्थानों में जाकर सदस्यता अभियान को गति दिया। जिसमें संरक्षक रामजी सहाय, जिला महामंत्री संजय लाला, युवा जिलाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में खागा में सदस्यता अभियान को गति दिया गया। जबकि जिलाध्यक्ष ने फतेहपुर के हरिहरगंज में सदस्यता अभियान चलाया तो वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 विवेक श्रीवास्तव ने सिविल लाइन, उपाध्यक्ष प्रशांत श्रीवास्तव ने अमरजई, उपाध्यक्ष संजय सिन्हा ने शकुन नगर, उपाध्यक्ष सुजीत सिन्हा ने रेल बाजार, युवा महामंत्री प्रवीण प्रसून ने आवास विकास कॉलोनी, जिला मंत्री धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने उत्तरी गौतम नगर, संयुक्त मंत्री आदित्य श्रीवास्तव ने चित्रांश नगर व संगठन मंत्री राहुल चित्रांशी ने गंगानगर में सदस्यता अभियान को गति दिया। वही जिला उपाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव व जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप राज श्रीवास्तव के नेतृत्व में बिंदकी क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाया गया। साथ ही तमाम कायस्थ बंधुओं के सुख-दुख व उनकी समस्याओं के बाबत चर्चा किया गया। इस दौरान तमाम कायस्थ समाज के लोगों ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कायस्थ महासभा के साथ खड़े होकर समाज को एकजुटता में पिरोने के लिए संकल्प लिया।



## संक्रमण बढ़ता देख आदर्श व्यापार मंडल ने कराया सैनिटाइजेशन

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

**कोरोना** संक्रमण को बढ़ते देखते हुए एक बार फिर लोग अभी से सतर्क होने लगे हैं। इसी के चलते आदर्श व्यापार मंडल नगर इकाई द्वारा तहसील परिषद तथा कोतवाली परिषद के विभिन्न स्थानों पर सैनिटाइजेशन कराया गया तथा लोगों को मॉस्क भी बांटे गए तथा लोगों से करुणा से बचाव के लिए 02 गज दूरी, मास्क जरूरी का अनुपालन करने की बात भी कही गई।


आदर्श व्यापार मंडल नगर इकाई द्वारा कस्बे के तहसील परिसर के लगभग सभी दफ्तरों में सैनिटाइजेशन कराया गया ताकि कोरोना वायरस से बचाव हो सके। इसके अलावा तहसील परिसर में जिन लोगों के पास मास्क नहीं थे उन लोगों को मास्क भी लगाने के लिए दिए गए और लोगों से कोरोना वायरस से बचाव के लिए 02 गज दूरी, मास्क है जरूरी का अनुपालन करने की बात कही गई। इतना ही नहीं मंडल इकाई के लोग कोतवाली परिसर भी पहुंचे और वहां सैनिटाइजेशन कराया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मुनींद्र तिवारी, अधिवक्ता संघ के तहसील अध्यक्ष नरेंद्र मिश्र, पदाधिकारी एनके गुप्ता, महिला इकाई की नगर अध्यक्ष पिटवा द्विवेदी, युवा इकाई के नगर अध्यक्ष जयंत चोपड़ा, वरिष्ठ पदाधिकारी निरंजन श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष ने बताया कि कोरोना वायरस के चलते संगठन ने फैसला लिया है कि सार्वजनिक स्थानों पर और सरकारी दफ्तरों पर संगठन द्वारा समय-समय पर सैनिटाइजेशन कराया जाएगा और लोगों को मास्क भी दिए जाएंगे ताकि कोरोना संक्रमण से बचाव किया जा सके।

## महाराष्ट्र प्रकरण

### साझा जांच की आवश्यकता

**महाराष्ट्र** के सचिन वाजे प्रकरण में जांच करने वाली सीबीआई व एनआईए के कामकाज में समन्वय के अच्छे नतीजे निकल सकते हैं। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई व नेशनल इन्विस्टीगेशन एजेंसी-एनआईए दो स्वतंत्र जांच एजेंसियां हैं। वे महाराष्ट्र के पद से हटाए गए गृह मंत्री अनिल देशमुख तथा बर्खास्त इंस्पेक्टर सचिन वाज़े की जांच के मामले में अनेक साझा सुराग तलाश सकती हैं। इन प्रमुख जांच एजेंसियों की जांच संभवत: अनेक बिंदुओं पर एकसाथ आएगी और यदि ये दोनों एजेंसियां परस्पर संगति में काम करें तो न्याय के लिए अच्छा होगा। इस तर्क का विस्तार करते हुए दोनों एजेंसियों के अधिकारियों को शामिल कर एक साझा टीम बनाने पर विचार हो सकता है क्योंकि दोनों मामले एक दूसरे से जुड़े हैं। संयुक्त जांच में सामूहिक रूप से सबूत जुटाने, बयान दर्ज करने तथा दोषियों पर शिकंजा कसने में आसानी होगी। सीबीआई की दो टीमें वाज़े का बयान दर्ज करने एनआईए कार्यालय पहुंची थीं क्योंकि वह एनआईए की हिरासत में था। एक विशेष एनआईए अदालत ने सीबीआई को बर्खास्त पुलिसकर्मी वाज़े और विनायक शिंदे की 'वसूली' डायरियों तक पहुंचने की अनुमति दी थी। विशेष एनआईए अदालत को लिखे चार पेज के एक पत्र में सचिन वाज़े ने सनसनीखेज खुलासा किया था कि राज्य परिवहन मंत्री शिवसेना के अनिल परब ने उनसे एक ट्रस्ट के मामले में जांच बंद करने के लिए '50 करोड़ पर समझौते' की बात करने को कहा था। मंत्री ने वाज़े से बीएमसी में धोखाधड़ी करने वाले 50 ठेकेदारों की तलाश कर उनसे कम से कम दो करोड़ वसूली की मांग की थी।





पत्र में आरोप लगाया गया है कि रांकापा सुप्रीमो शरद पवार द्वारा वाजे की बहाली रद्द करने पर विचार के बाद देशमुख ने उससे कथित रूप से 'दो करोड़ रुपये की मांग' की थी। इसके अनुसार, उप मुख्यमंत्री अजित पवार के 'बहुत निकट' एक व्यक्ति ने वाज़े से एक अवैध गुटखा विक्रेता से हर माह 100 करोड़ रुपये वसूल करने को कहा था। पहले वाज़े ने कहा था कि उसे बलि का बकरा बनाया गया है। इन आरोपों से यह संकेत भी मिलता है कि न केवल देशमुख, बल्कि महाविकास अघाड़ी-एमवीए सरकार में कई अन्य गंदी मछलियां भ्रष्टाचार में गले तक डूबी थीं। बंबई उच्च न्यायालय द्वारा सीबीआई को अपने खिलाफ भ्रष्टाचार आरोपों की प्राथमिक जांच की अनुमति देने के बाद देशमुख ने 'नैतिक आधार' के बहाने इस्तीफा दिया था। उनको सर्वोच्च न्यायालय से भी कोई राहत नहीं मिली जिसने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी तथा एमवीए सरकार की याचिका खारिज कर दी। महाराष्ट्र का घटनाक्रम अपराधियों की बालीवुड कहानी जैसा लगता है जिसमें राजनेताओं, भ्रष्ट अधिकारियों और अपराधियों के बीच गठजोड़ सामने आता है। लेकिन फिल्मों में भ्रष्ट व्यवस्था से लड़ने वाले नायकों के उलट महाराष्ट्र में ऐसा कोई नायक फिलहाल नहीं दिखाई देता है। उम्मीद करनी चाहिए कि सीबीआई और एनआईए द्वारा शिकंजा कसने के बाद एमवीए सरकार के कई अन्य प्रभावशाली नेताओं की असलियत उजागर होगी। रांकापा, कांग्रेस व शिवसेना की इस गठबंधन सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। विपक्ष ने अक्सर आरोप लगाए हैं कि केन्द्र इन एजेंसियों का प्रयोग विरोधियों पर निशाना लगाने तथा बदला लेने के लिए करता है। लेकिन इसके बावजूद यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार में अनेक ऐसे दागी लोग हैं जिनकी उचित जगह विधानसभा के बजाय जेल की सलाखों के पीछे है।

# उत्तर कोरिया को लेकर चीन की मंशा

**पूरी दुनिया जानती है कि केवल चीन उत्तर कोरिया को बचाए रखता है। पश्चिम में कई लोगों ने चीन पर उत्तर कोरिया के खिलाफ वैश्विक प्रतिबंधों को दरकिनार करने का आरोप लगाया है।**



**माखन सैकिया**
(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)

यद्यपि उत्तर कोरिया की परमाणु महत्वाकांक्षा पर अमेरिका और चीन दोनों ने चिंता व्यक्त की है, लेकिन एक ही लक्ष्य के लिए उनके दृष्टिकोण अलग-अलग हैं। अमेरिका चाहता है कि चीन किम पर परमाणु महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने के लिए दबाव डालने के लिए अपने आर्थिक लाभ का उपयोग करे। हालांकि, शी के तहत चीन केवल वही करने को तैयार है जो उसके हितों के अनुकूल हो चीन ने दुनिया के लगभग सभी कोनों में अपना जाल फैला रखा है। उत्तर कोरिया के साथ, चीन ने स्थिरता का समर्थन करने और इस रहस्यमय भूमि के परमाणु गियर पर पकड़ बनाने के लिए एक अनूठी रणनीति बनाई है।

सफल चीनी नेताओं ने उत्तर कोरिया के प्रति तीन अलग-अलग रणनीतियों को बनाए रखा है- पहला, युद्ध को भड़काने के लिए नहीं; दूसरा, यथास्थिति बनाए रखने के लिए; और अंत में, परमाणु शस्त्रागार के लिए नहीं।

सफलतापूर्वक, चीन उत्तर कोरिया का हर मौसम मित्र है। इस प्रकार, हालांकि बीजिंग उत्तर कोरिया के परमाणु विकास की घोर निंदा करता है, लेकिन यह उस रहस्यमय राष्ट्र पर कठोर वैश्विक प्रतिबंधों का विरोध करता है। और चीन की रणनीति दो प्रमुख महत्वपूर्ण चिंताओं को संबोधित करने के उद्देश्य से है- 870 मील सीमा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर शरणार्थी बाढ़ को रोकने के लिए कि यह उत्तर कोरिया के साथ साझा करता है और किम शासन के तत्काल पतन को रोकता है।

चीन और उत्तर कोरिया के बीच संबंधों को इस चीनी कहावत के माध्यम से स्पष्ट रूप से वर्णित किया जा सकता है : चुन वांग छी हान (यदि होंठ चले गए हैं, तो दांत ठंडे होंगे)। यह सही संकेत देता है कि दोनों देश अंतर-निर्भर हैं। प्योंगयांग के लिए बीजिंग का समर्थन ऐतिहासिक 1950-53 के कोरियाई युद्ध से जुड़ा है। वे दिन थे, चेयरमैन माओ के अधीन चीन, पूंजीवादी दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने उत्तरी कम्युनिस्ट सहयोगी उत्तर कोरिया की सहायता करने के लिए उत्सुक था। उत्तर कोरिया को इसका समर्थन प्योंगयांग में सत्ता में आने के बावजूद जारी है।



1948-94 से किम इल-गाया, किम जॉन-इल (1994-2011) और अब किम जोंग-उन 2011 से आज तक, चीन किम के विभिन्न शासनों को राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह के समर्थन देते रहे हैं।

रिकॉर्ड पर, चीन उत्तर कोरिया का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। वास्तव में, 2000-2020 से, दोनों राष्ट्रों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग दस गुना बढ़ गया है। यहां तक कि उत्तर कोरिया के खिलाफ सख्त अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रतिबंधों के बावजूद, चीन-उत्तर कोरिया की लंबी सीमा अभी भी मोबाइल फोन, रेशम के कीड़ों, ईंधन, समुद्री भोजन आदि जैसे वस्तुओं में स्थापित व्यापार मार्गों के लिए खुली है।

इन नियमित आर्थिक गतिविधियों से परे, चीन ने अपने सीमावर्ती शहरों जैसे डंडोंग और शेनयांग के बीच एक उच्च गति रेलवे लिंक स्थापित किया है ताकि उत्तर कोरिया के साथ व्यापार को बढ़ावा दिया जा सके। दोनों राष्ट्रों ने उत्तर कोरिया से चीन को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कार्गो और कंटेनर शिपिंग मार्ग भी खोला है। चीन उत्तर कोरिया को मुख्य रूप से खाद्य और ऊर्जा क्षेत्रों में सहायता प्रदान करता है। चीन, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने 1995 के बाद से उत्तर कोरिया को 75 प्रतिशत से अधिक खाद्य सहायता प्रदान की। देश का गंभीर अकाल 1990 के दशक में दस लाख से अधिक लोगों की जान लेने वाले भारी बाढ़ और सूखे के कारण हुआ था। दुर्भाग्य से, देश आज तक इस लंबे खाद्य संकट से बाहर नहीं आ पाया है। इस प्रकार, प्योंगयांग पूरी तरह से चीन और उसकी सद्भावना पर निर्भर है।

संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों द्वारा प्रकट अनुमानों के अनुसार, देश की 43 प्रतिशत से अधिक आबादी कुपोषित है। यद्यपि किम जोंग-उन तेजी से आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, लेकिन देश गंभीर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण किसी भी विदेशी निवेश को आकर्षित करने में सक्षम नहीं है। इसकी एकमात्र उम्मीद चीन है और देश पूर्व के साथ मजबूत आर्थिक संबंधों की तलाश कर रहा है।

हालांकि, प्योंगयांग को चीन का समर्थन लगातार जारी था, जब बाद में अक्टूबर 2006 में परमाणु हथियार का परीक्षण किया गया। इसके बाद, बीजिंग को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संकल्प संख्या 1718 को वापस लेना पड़ा जिसके कारण उत्तर कोरिया के खिलाफ गंभीर प्रतिबंध लगाए गए। और पहली बार, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने अपने उत्तरी कम्युनिस्ट पड़ोसी के प्रति एकमुश्त दंड के लिए निरंतर राजनयिक समर्थन से चीन की रणनीति के संक्रमण को देखा। जब नवंबर 2017 में, किम ने फिर से एक मिसाइल का परीक्षण किया, तो बीजिंग ने कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव पैदा करने वाले सभी कार्यों को प्रतिबंधित करने के लिए प्योंगयांग को बुलाया। ये सभी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करते हैं कि चीन उत्तर कोरिया के जुझारू कदमों से सावधान है जो दोनों देशों के आपसी हितों के खिलाफ हो सकता है। बीजिंग ने उत्तर कोरिया पर सभी उच्च प्रोफ़ाइल वैश्विक वार्ता के दौरान एक पावरब्रोकर की भूमिका निभाई है। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन के बीच दो महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलनों के बाद, अंतर्राष्ट्रीय नीति निर्माताओं ने अब तक मुख्य रूप से नाभिकीय चरणों पर ध्यान केंद्रित किया है, कोरियाई प्रायद्वीप में शांति के लिए तत्काल उपाय और अंत में, इसी प्रतिबंधों से राहत मिलती है। हालाँकि, प्योंगयांग एक एशियाई टिंडर बॉक्स बन गया है। किम का पागलपन और गुप्त परमाणु कार्यक्रम पूरे कोरियाई प्रायद्वीप को महाद्वीप के गंभीर युद्ध क्षेत्र में बदल सकता है।

संभवत:, किम वंश से निपटना चीन सबसे अच्छी तरह जानता है। लेकिन फिर कभी-कभी कुछ मूलभूत प्रश्न उठते हैं कि क्या उत्तर कोरिया रणनीतिक दायित्व है या चीन के लिए एक अवसर है। बीजिंग में कम्युनिस्ट नेताओं ने इस तथ्य को महसूस किया होगा कि इसके उत्तरी पड़ोसी को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी संभावित लाभ के लिए इस्तेमाल किया जाना है।

दुनिया ने उत्तर कोरिया को एक राज्य के रूप में ब्रांड किया है, लेकिन बीजिंग किम शासन को अन्यथा लेता है। हालांकि स्पष्ट रूप से चीन ने उत्तर कोरिया के खिलाफ एक ठोस परमाणु राज्य बनने के अपने निरंतर प्रयासों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का समर्थन किया है, अपने वित्तीय और व्यापार समर्थन को सीधे और प्रभावी रूप से लंबे समय तक किम की परमाणु मशीन की सुविधा दी है। इससे उत्तर कोरियाई आर्थिक रूप से अब तक जीवित रहने में मदद मिली है। इसके अलावा, इन चीनी प्रयासों ने अप्रत्यक्ष रूप से दोनों कोरिया के पुनर्मिलन की उम्मीदों को धराशायी कर दिया। अमेरिका सचमुच उत्तर कोरिया पर अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ने का दबाव बना रहा है। वाशिंगटन का कहना है कि एक बार यह हो जाने के बाद, दुष्ट राज्य के साथ व्यापार, राजनयिक संबंध, सहायता और संबंधों के सामान्यीकरण की गारंटी हो सकती है। यद्यपि अमेरिका और चीन दोनों ही उत्तर कोरिया को बदनाम करने में रुचि रखते हैं, लेकिन एक ही लक्ष्य के लिए उनके दृष्टिकोण पूरी तरह से अलग हैं। अमेरिका चाहता है कि चीन अपने आर्थिक लाभ का इस्तेमाल दबाव बनाने या किम को परमाणु महत्वाकांक्षा को छोड़ने के लिए मनाए। इस प्रकार वाशिंगटन के अधिकारी चीन को समाधान के एक हिस्से के रूप में देखते हैं लेकिन दुर्भाग्य से बीजिंग तेजी से केवल कोरियाई कोन्ड्रोम का हिस्सा बन रहा है। शी के लिए, चीनी राष्ट्रपति, जो अब एक जीवन-समय के नेता हैं, घरेलू मोर्चे पर ब्राउनी अंक जीतने के लिए उत्तर कोरिया का उपयोग करना चाहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पूरी तरह से जानते हैं कि केवल चीन इस क्षेत्र में स्थिरता बनाए रख सकता है अगर अभी के लिए कोरियाई पहेली को हल न करें। निश्चित रूप से, बीजिंग इस अवसर का उपयोग अपने पक्ष में अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को चालू करने के लिए करेगा जो लगातार हांगकांग, ताइवान, तिब्बत, शिनजियांग और दक्षिण चीन सागर की तरह शी को परेशान कर रहे हैं।

किम के साथ क्या समस्या है? किम अपने पारिवारिक शासन को बनाए रखना चाहता है। और उसके लिए, परमाणु बटन उसके लिए एकमात्र गारंटी है कि वह अपने वंशानुगत शासन को बनाए रखने और पड़ोसियों और दुनिया को धमकी देने के लिए। उत्तर कोरिया पर लाभ उठाने के बावजूद, चीन और दक्षिण कोरिया किम को वार्ता की मेज पर लाने में विफल रहे हैं। किम पूरी तरह से अपने देश में सुधार लाने के खिलाफ है। इस तरह के सुधार के उपायों से उनके राज पर से पर्दा उठ सकता है। उत्तर कोरिया के कुलीन लोग यह अच्छी तरह से जानते हैं कि इसकी केंद्रीय समस्याएं बाहर नहीं बल्कि भीतर ही हैं। इस प्रकार, वे, किम के साथ, यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई सुधार नहीं हो रहा है, ताकि इसके खराब आबादी पर अपना नियंत्रण जम सके। जाहिर है किम के साथ खोखली शिखर वार्ता नहीं चलेगी। वह परमाणु मोर्चे पर गंभीर बातचीत की मांग करता है। ट्रम्प ने जिस तरह से भव्य इशारों का विस्तार किया, उससे बिडेन के लिए बेहतर है। कई बार, बीजिंग के मालिकों ने किम जोंग-उन के प्रति सख्त रुख प्रदर्शित किया है। लेकिन पश्चिमी देशों, विशेष रूप से, अमेरिका कभी भी चीन के इरादों पर विश्वास नहीं करेगा। क्योंकि कहीं भी चीनी नेतृत्व ने इस पुनरावर्ती राष्ट्र पर सीमित व्यापार प्रतिबंधों को लागू करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संकेत दिया है। और पूरी दुनिया जानती है कि केवल चीन उत्तर कोरिया को बचाए रखता है और सभी बाधाओं के खिलाफ ठीक बचता है। पश्चिम में कई लोगों ने चीन पर उत्तर कोरिया के खिलाफ वैश्विक प्रतिबंधों को दरकिनार करने का आरोप लगाया है।

# समाप्त नहीं हुई भारत-पाक शांति की संभावना



**गौरी द्विवेदी**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)

सभी जानते हैं कि अनेक नीतिगत मुद्दों पर बार-बार विचार बदलने के कारण पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान वह थोड़ी सी विश्वसनीयता भी खो चुके हैं जो इस देश में सिविलियन सरकारों को मिली थी। यह समझने के लिए भी किसी राजनीतिक विद्वान की जरूरत नहीं है कि वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तरह नहीं हैं जिन्होंने जटिल सीमा विवादों को 'अगली पीढ़ियों के विवेक' पर छोड़ दिया था। प्रधानमंत्री मोदी को इतनी राजनीतिक शक्ति प्राप्त है कि वे समस्या का समाधान कर सकते हैं। दोनों दुश्मन देशों के सिविलियन नेतृत्व के बीच अंतर से भारत-पाकिस्तान के बीच का अंतर भी समझा जा सकता है। संभवत: वर्तमान शत्रुतापूर्ण परिवेश में व्यापार व खेल संबंधों की बहाली जैसे छोटे कदमों से शांति बहाली की उम्मीद करना सही नहीं होगा। हालांकि, भारत-पाकिस्तान संबंधों में सकारात्मक परिवर्तन के तीन स्पष्ट कारण भी मौजूद हैं। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था वर्तमान यथास्थिति नहीं झेल सकती है जिसमें भारत के साथ व्यापार न करना भी शामिल है। इस्लामाबाद ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ से 13वीं बार कर्ज लिया है तथा अर्थव्यवस्था भयानक मुद्रास्फीति की शिकार है। गेंहूं के बढ़ते आयात से पाकिस्तान का आर्थिक संकट और बढ़ा है। सालों तक आत्मनिर्भर रहने के बाद अब पाकिस्तान को गेंहूं आयात करना पड़ रहा है। उसकी तुलना में बांग्लादेश की जीडीपी वृद्धि दर शानदार आठ प्रतिशत है और उसका विदेशी मुद्रा भंडार चार गुना है।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने अकारण ही 18 मार्च के भाषण में भू-अर्थव्यवस्था की बात नहीं की है। पाकिस्तान के वर्तमान आर्थिक संकट को किसी लफ्फाजी से नहीं ढका जा सकता है। पाकिस्तानी सेना यह तथ्य ज्यादा अच्छी तरह समझती है क्योंकि वह अर्थव्यवस्था का प्रमुख अंग है। यदि भारत पर 'लगाम लगाने' का भ्रम और रक्षा पर इतना अधिक खर्च न होता तो क्या पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था इसी हाल में होती? शायद भारत के साथ व्यापार शुरू करना संबंध सामान्य बनाने की दिशा में पहला छोटा कदम होगा, लेकिन क्या यह पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए जरूरी है। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था की बदहाली अभी पूरी तरह सामने आना बाकी है। उसे चीन को भारी भुगतान करना है। चीन ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे में भारी निवेश किया है जो बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव का प्रमुख हिस्सा है। चीन एक सूदखोर देश है और वह मित्रों को खैरात देने में विश्वास नहीं करता है। देर-सवेर चीन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थिति वाले पाकिस्तान में लगाए अपने पैसे की वसूली करना चाहेगा। पाकिस्तानी अवस्थापना के कुछ समझदार लोगों की चिन्ता है कि यदि पाकिस्तान केवल भारत के प्रति घृणा को केन्द्र में न रखता तो बीजिंग से उसके संबंध कैसे होते। ऐसे में उसके चीन के साथ सामान्य संबंध होते और केवल नई दिल्ली को नीचा दिखाने के लिए वह उसका मुहरा न बनता। हालांकि, इस प्रक्रिया में वह चीन का भारी कर्जदार हो गया है। कर्ज का भुगतान अब पाकिस्तान के लिए बड़ा सिरदर्द है।

अफगानिस्तान की घटनाओं पर भी इस्लामाबाद की गहरी नजर है जिनका प्रभाव भारत-पाक संबंधों पर भी पड़ सकता है। कुछ खबरों के अनुसार अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद वहां अराजकता पैदा होने से रोकने के लिए बहुराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र टीम तैनात की जा सकती है। ऐसे में नई दिल्ली का इस टीम में शामिल होना संभव है क्योंकि अमेरिका ने हमेशा भारत से बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद की है। इस्लामाबाद यह स्थिति पसंद नहीं करेगा क्योंकि इससे उसका भू-रणनीतिक महत्व तथा अमेरिका से लेनदेन की क्षमता घटेगी। ऐसे में यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अफगानिस्तान के बारे में परोक्ष संवाद हो सकता है जिसमें भारत व पाकिस्तान दोनों अपनी भूमिका निभा सकें।

आखिरकार पाकिस्तान को कश्मीर संबंधी लफ्फाजी से कोई लाभ नहीं हुआ है और अनुच्छेद 370 समाप्त करने के मुद्दे पर उसे विश्व शक्तियों का समर्थन नहीं मिला है। इसके उलट अमेरिका के अफगानिस्तान से जाने के बाद काबुल में अपनी भूमिका से इस्लामाबाद को ज्यादा लाभ मिल सकता है। क्या इमरान खान या उनके सैनिक हुक्मरान कश्मीर मुद्दे को स्थगित रख कर अफगानिस्तान में बड़ी भूमिका निभाना चाहेंगे? क्या वे कश्मीर में युद्धविराम जैसे सकारात्मक कदमों के बदले काबुल का भविष्य तय करने में ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहेंगे?

इन सवालों का जवाब स्पष्ट है, लेकिन इसका क्रियान्वयन भारत व पाकिस्तान के बीच 'अनौपचारिक' वार्ताओं से तय होगा। यह पाकिस्तान में सभी निर्णय लेने वालों के लिए महत्वपूर्ण है, भले ही उनमें इमरान खान शामिल हों या नहीं। जुलाई में पाकिस्तानी सेना और सिविलियन सरकार के कुछ तत्व गिलगिट-बाल्टिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके को अपना पांचवां व छठा प्रांत बनाने का मामला उठाएंगे। यदि इमरान ऐसा करते हैं तो नई दिल्ली की प्रतिक्रिया स्वाभाविक रूप से बहुत तीखी होगी क्योंकि भारत सरकार ने इन दोनों क्षेत्रों को वापस लेने की इच्छा व प्रतिबद्धता प्रकट की है। ऐसी स्थिति में भारत व पाकिस्तान के बीच संबंधों में लचीलेपन की संभावना बहुत कम हो सकती है। 5 अगस्त, 2019 के बाद भारत सरकार ने अपना दृष्टिकोण पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि 'अब भविष्य में सारी चर्चा केवल पीओके पर होगी।' पाकिस्तानी सेना की संस्थागत वैधता 'कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए' भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने पर केन्द्रित है। यदि पीओके पाकिस्तानी प्रांत बन जाता है तो दोनों पक्षों की जनता का दबाव इतना अधिक होगा कि संबंधों में आगे बढ़ना असंभव हो जाएगा। इन जटिलताओं को देखते हुए बंद दरवाजों के पीछे व औपचारिक राजनयिक चैनलों से दूर अनौपचारिक वार्ताओं का कोई नतीजा निकलना कठिन है।

इस प्रकार भारत और पाकिस्तान घृणा, दुश्मनी और तनाव झेलने के लिए शायद अभिशप्त नहीं हैं। भारत द्वारा अनेक प्रयासों के पाकिस्तानी आतंकी हमलों के कारण विफल होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्विपक्षीय संबंध सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के इच्छुक हो सकते हैं। फिलहाल शांति भले ही भ्रामक लग रही हो, पर यह बात शांति प्रक्रिया के बारे में नहीं कही जा सकती है। सभी आयामों को देखने से स्पष्ट है कि यह प्रक्रिया आगे बढ़ रही है और इससे कुछ मतभेद दूर हो सकते हैं। भले ही इस उप-महाद्वीप की सर्वाधिक जटिल भू-राजनीतिक समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान फिलहाल न दिख रहा हो, पर हमें इस दिशा में बढ़ने की इच्छाशक्ति दिखानी चाहिए।

## आप की बात

### विधायक भी लगवाएं वैक्सीन

**वर्तमान** समय में संपूर्ण देशभर में कोरोना संक्रमण का घातक दौर जारी है। इस जानलेवा महामारी से चारो तरफ ख़ौफ़नाफ़ माहौल निर्मित है। कोरोना संक्रमण को परास्त करने के लिए देशभर मे टीकाकरण हो रहा है। और निर्धारित मापदण्डों के अंतर्गत जनता जनार्दन लाभ ले रही है। परन्तु विडम्बना देखिए कि जनता जनार्दन के चुने विधायको को टीकाकरण में दिलचस्पी नजर नही आती। समाचार पत्र से ज्ञात समाचार के आधार पर विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश के बाद भी अभी तक 133 विधायकों ने कोरोना वैक्सीन नही लगवाया। जबकि टीकाकरण प्रदेश में शहर से लेकर गांव कस्बो में सरकार ने टीका केंद्र खुलवाये है। अब समझ से परे लगता है कि आखिर विधायकों की वैक्सीन के प्रति इतनी उदासीनता क्यो...? सूत्रों द्वारा ज्ञात है कि 229 में से 96 विधायकों ने ही वेक्सीनेशन करवाया है। कोरोना संक्रमण महामारी को देखते हुए विधानसभा सचिवालय ने विधायकों से वेक्सीनेशन नही कराने का कारण पूछा तो विधायकों की तरफ से अजीबोगरीब तर्क मालूम हुए। अब समझ मे नही आता की ये जनता के चुने जन प्रतिनिधियों की इस तरह अनदेखी रहेगी तो आम जनता से क्या उम्मीद कर सकते हैं?

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### न्यायपालिका की क्षमता बढ़ाएं

**देरी** से मिला न्याय, अन्याय के समान होता है। भारत की न्याय व्यवस्था, विश्व में उदहारण पेश करती है। मौजूदा समय में, सर्वोच्च न्यायालय में 29 जज हैं, जिसको कि बढ़ाकर अधिकतम 34 किया जा सकता है।वही पूरे देश में 25 उच्च न्यायालय हैं, जिसमें करीब 1079 जज हैं। वर्ष 2020 में लगभग 3.65 करोड़ केस थे, जो कि बढ़कर 4 करोड़ हो गए हैं। अपूर्ण केस में लगातार हो रहीं बढ़ोतरी, न्याय पालिका की क्षमता को कम कर रहीं है।ऐसे में न्यायपालिका समेत मौजूदा सरकार और राष्ट्रपति को विशेष ध्यान देना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा था कि अधीनस्थ न्यायतंत्र को पर्याप्त संख्या में न्याय कमरा, मदद के लिए स्टाफ, जज के लिए रहने की व्यवस्था, कम बजट आवंटन जैसी बुनियादी जरूरतों के कमी से केस में लगातर बढ़ोतरी हो रही। अगर अपूर्ण केस को खत्म या फिर पूर्ण करना है तो ई कोर्ट को बढ़ावा देना होगा, लोक अदालत और ग्राम न्यायालय के माध्यम से, तुच्छ व छोटे केस से कोर्ट के समय को बर्बाद न किया जाए। इन मसलों को उसी स्तर पर हल कर लिए जाए, जो आगे के लिए बेहतर और उच्चतम एवं सर्वोच्च न्यायालय पर भार कम रहेगा।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

### जल्दबाजी न करे अमेरिका

**लहूलुहान** अफगान से एक और बुरी खबर आई है। अमेरिका वहां शेष बचे अपने सैनिकों की वापसी की योजना बना रहा है हालांकि ऐसा वह आम सहमति से ही करेगा मगर अमेरिका का अफगान से हटना तालिबानियों के हौसले बुलंद करेगा। इससे हिंसा और रक्तपात बढ़ने का अंदेशा रहेगा। अच्छा यही होगा कि ताजा संघर्ष की समाप्ति के बाद ही अमेरिकी सेना वहां से प्रस्थान करें तो स्थाई शांति की उम्मीद बनी रहेगी। लंबे समय से संघर्ष की आग में जल रहा अफगानिस्तान लाखों निर्दोष लोगों की मौत का मंजर देख चुका है। तालिबानियों के घात लगाकर हमले और प्रत्युत्तर में अफगान सरकार की जबरदस्त सैनिक कार्रवाई से निर्दोष मौतें ही हुई है। आधिपत्य की लड़ाई में वहां की जनता फिजूल ही हिंसा की भेंट चढ़ी है। अमेरिका ने वार्ताओं के जरिए मध्यस्थता के प्रयास भी किए मगर चालू वार्ता के बावजूद तालिबानियों के हमले जारी रहे जिससे वार्ता भी सफल नहीं हो पाई है। क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती के कारण तालिबान हल्का पड़ रहा था।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**सीतलकुची** में नरसंहार हुआ था। मैं सीतलकुची का दौरा करना चाहूंगी। चुनाव आयोग कूच बेहर में प्रवेश प्रतिबंधित कर तथ्यों को दबाने की कोशिश कर रहा है।

– **ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल



**राज्य** सरकार राष्ट्रीय राजधानी में लॉकडाउन लगाने के पक्ष में नहीं है, लेकिन अगर स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो गई तो लॉकडाउन एकमात्र विकल्प होगा।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**माइक्रो** कंटेंनमेंट जोन के बारे में हम कितना जागरूक हैं, इससे हमारी सफलता तय होगी। हमारी सफलता का फैसला हमारे द्वारा किया जाएगा, जब जरूरत न हो तो हम घरों से बाहर कदम न रखें।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 12 अप्रैल, 2021



# कोरोना प्रबंधन के योगी मॉडल को विपक्ष ने सराहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण काल से निपटने और आपदा को अवसर में बदलने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ टाइम मैगजीन से लेकर हावार्ड यूनिवर्सिटी तक में हो रही है। हाल यह है कि हमेशा सरकार पर सवाल उठाना वाला विपक्ष भी आज मुख्यमंत्री योगी के प्रबंधन को देखकर खुद को रोक नहीं पाया। विपक्ष ने प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक वैक्सीनेशन के कार्यक्रम को तेजी से चलाने और कोरोना के रोकथाम को लेकर उठाए गए कदमों को लेकर सरकार की तारीफकी।

आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े सूबे में जिस तरह से यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने टीम-11 बनाकर प्रबन्धन किया उससे न सिर्फ बेहतर नतीजे आये बल्कि कोरोना की रोकथाम में भी मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए पहले ही योगी सरकार की पीठ थपथपा चुके हैं और अब तो विपक्ष भी उनके इन प्रयासों के लिए उनकी सराहना कर रहा है।

दरअसल आज कोविड-19 के रोकथाम के लिए राजभवन में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विपक्ष की तरफ से नेताओं को बुलाया गया था। इस दौरान जब बैठक शुरु हुई तो कांग्रेस के प्रतिनिधि सुहेल अंसारी और बीएसपी के विधानमंडल दल के नेता लाल जी वर्मा ने सीएम योगी की जमकर तारीफ की। कांग्रेस नेता सुहेल अंसारी ने कहा कि ष्सरकार ने जैसे पिछली वेव को सफ्लता पूर्वक कंट्रोल किया ए वैसे ही सरकार इस बार भी काबू करने में सफ्लता पाएगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सरकार के कोविड कंट्रोल को लेकर उठाए गए कदमों की सराहना की। वहीं बीएसपी नेता लाल जी वर्मा ने सर्वदलीय बैठक बुलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा किष् बहन जी लगातार ट्वीट करती रहती हैं। इसके साथ ही सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने के लिए कहती रहती हैं।ष् उन्होंने कोविड प्रबंधन को लेकर सरकार द्वारा दिए गए हर निर्देश का पालन व समर्थन करने की बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिए गए निर्देशों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से सभी प्रशासनिक अधिकारियों को जनता से संवाद स्थापित करने के लिए कहा गया है। साथ ही हर व्यक्ति घर से निकलते वक्त मास्क और सेनिटाइजर का इस्तेमाल करे इसको भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते कोविड संक्रमण को लेकर भीड़भाड़ वाले स्थानों से दुकानों व रेहड़ी वालों को हटाकर खुले स्थान में दुकान लगाने की व्यवस्था की जा रही है। यही नहीं पंचायत चुनाव के लिए भी सरकार ने गाइडलाइन जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के हर नागरिक के जीवन और जीविका को बचाने के लिए संकल्पित है।

## शिक्षा नीति के बदले कलेवर को समग्रता में देखा जाना चाहिएः आनंदीबेन पटेल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्यपाल** एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि वैश्विक महामारी के कारण उत्पन्न संकट ने ई पाठ्यक्रम और डिजिटल शिक्षा के महत्व को बढ़ाया है। कोविड ने हमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की प्रेरणा दी है। पठन-पाठन के तरीकों पर लगातार शोध करते रहने की जरूरत है, जिससे विपरीत हालात में भी विद्यार्थियों की पढ़ाई किसी प्रकार से बाधित न होने पाये। अब फ्लिप क्लास रूम का समय है, वर्चुअल लैब भी जरूरी है। यह सब समय की मांग है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिलेगी, शिक्षक खुद को अपग्रेड करते रहेंगे तो समाज में एक नया परिवर्तन देखने को मिलेगा। यह विचार राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन से ऑनलाइन राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद एवं इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नार्थ रीजन में प्रतिभाग कर रहे उत्तर भारत के आठ राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। राज्यपाल ने कहा कि एक अच्छी शिक्षा व्यवस्था नये भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पचास हजार से अधिक महाविद्यालय हैं अगर एक-एक कॉलेज एक-एक गांव गोद लें और उसके विकास पर ध्यान दें तो गांव से कुपोषण, क्षणरोग, कुरीतियां, बाल विवाह आदि का शीघ्र समापन हो सकता है। इसके साथ ही वे शिक्षा प्रसार, स्वच्छता, जल संचयन, गर्भवती महिलाओं का प्रसव अस्पतालों में ही कराने आदि पर कार्य करें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के निदेशक डॉ. एससी शर्मा, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस. गर्ग, इंटीग्रल विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलाधिपति प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर, दूरस्थ शिक्षा के पूर्व निदेशक प्रोफेसर सुमित प्रसाद पानी, इंटीग्रल विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर जावेद मुसर्रत तथा विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधिगण ऑनलाइन जुड़े हुए थे।

## दुबग्गा से दो तस्कर गिरफ्तार, प्रतिबंधित प्रजाति के 270 तोते बरामद

**लखनऊ।** एसटीएफद्वारा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्यीय स्तर पर तस्करी करने वाले गैंग के 2 तस्करों को लखनऊ के दुबग्गा तिराहे से प्रतिबंधित प्रजाति के कुल 270 तोते सहित किया गया गिरफ्तार। वन विभाग व डब्लूसीसीबी (वाइल्ड लाइफक्राइम कन्ट्रोल ब्यूरो) द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, एसटीएफसे उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में व्यापक स्तर पर संरक्षित पक्षियों की तस्करी के बाद बिक्री करने की सूचना पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। छानबीन के दौरान एसटीएफको जानकारी मिली कि जनपद लखनऊ के चौक थाना क्षेत्र के चौपटिया निवासी मो. जैद पुत्र मो. अमीन द्वारा अपने साथियों के सहयोग से प्रतिबंधित प्रजाति के वन्य जीवों/पक्षियों की तस्करी कर अन्तराज्यीय स्तर पर बिक्री की जा रही है। शनिवार की रात जरिये मुखबिर ज्ञात हुआ कि जनपद पीलीभीत से प्रतिबंधित प्रजाति के पक्षियों को तस्करी कर इनोवा कार से लखनऊ लाया जा रहा ह । इस सूचना पर एसटीएफ व वन विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर को साथ लेकर दुबग्गा के पास आवश्यक घेराबन्दी कर इन्तजार करने लगे । कुछ देर बाद एक इनोवा कर यूपी .78 बीक्यू .1220 आती दिखाई दी ए जिसे मुखबिर ने देख कर बताया कि यही वह गाड़ी है ए जिसमें प्रतिबन्धित तोतो की तस्करी हेतु ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर एसटीएफव वन विभाग की टीम द्वारा गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया तो गाड़ी में बैठे व्यक्ति उतर कर भागने लगे। एसटीएफने आवश्यक बल प्रयोग करके मोहम्मद अशर खान पुत्र मोहम्मद जफर खान निवासी . म. नं.97/157 कसाईबाड़ा लाटूश रोड, थाना अमीनाबाद लखनऊ और दीपक पुत्र स्व श्याम सिंह निवासी .72/8 एमएलडी रोड चारबाग थाना नाका ए लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया।

## कोरोना संक्रमण एवं छात्र हितों को देखते हुए सीबीएसई परीक्षाओं को रद्द किया जाना चाहिएः प्रियंका गांधी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● कांग्रेस महासचिव ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कोरोना महामारी संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाओं को रद्द करने की मांग की है। इस सम्बन्ध में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शिक्षा मंत्री भारत सरकार रमेश पोखरियाल निशंक को पत्र लिखकर कहा कि कोरोना की बढ़ती संक्रमण एवं छात्र हितों को देखते हुए सीबीएसई द्वारा मई में कराए जाने वाली परीक्षाओं को रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों शिक्षकों विशेषज्ञों एवं अभिभावकों के साथ एक संवाद कर के मूल्यांकन के वैकल्पिक व सुरक्षित तरीकों को निकाल सकती है। प्रियंका गांधी ने पत्र के माध्यम से कहा कि कोरोना के बढ़ते मामलों एवं उससे पैदा हुई भयावह स्थिति के बीच सीबीएसई द्वारा मई में परीक्षाएं कराने को लेकर निकाला गया सर्कुलर हैरान करने वाला है। पूरे देश में रोजाना कोरोना के लगभग 1 लाख से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। ये परीक्षाएं छात्रों का भविष्य निर्धारित करती हैं। इन परीक्षाओं के लिए छात्र कई महीनों तक कड़े परिश्रम के साथ तैयारी करते हैं। देश भर से लाखों छात्रों व अभिवावकों ने कोरोना की इस दूसरी लहर के दौरान परीक्षा हाल में बैठकर परीक्षा देने को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की हैं। उनके द्वारा जाहिर की गई चिंताएं तार्किक रूप से एकदम सही हैं। परीक्षार्थियों और सहायक स्टाफसे भरे परीक्षा केन्द्रों पर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना काफी मुश्किल होगा। साथ ही साथ कोरोना वायरस की प्रकृति एवं संक्रमण के तरीके को देखते ये कहा जा सकता है कि इससे शिक्षकों, निरीक्षकों व छात्रों के परिवारों पर भी संक्रमण का खतरा मंडराता रहेगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि अगर कोरोना वायरस संक्रमण की इस भयावह स्थिति में कोई भी परीक्षा केंद्र हॉटस्पॉट बनता है तो इसकी जिम्मेदारी सरकार व सीबीएसई बोर्ड की होगी। विद्यार्थियों उनके परिवार या शिक्षकों के संक्रमित होने की दशा में क्या सीबीएसई बोर्ड एवं सरकार उसकी कानूनी जवाबदेही लेने के लिए तैयार है? उन्होंने कहा कि जनसेवक होने के नाते बच्चों को सुरक्षित रखने एवं उनको सही मार्गदर्शन देने की जिम्मेदारी हमारे कन्धों पर है। जब देश के सारे राज्य भारी संख्या में लोगों के एक जगह पर न एकत्रित होने जैसी गाइडलाइंस निकाल रहे हैं ए ऐसे में हम किस तर्क के तहत इन परीक्षाओं को कराने जा रहे हैं । जिन स्थितियों में हम इन छात्रों पर ये परीक्षाएं लाद रहे हैं इससे उनके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा।

## बाबा साहब का अपमान करना समाजवादी पार्टी की आदत रही हैः बृजलाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्व पुलिस** महानिदेशक एवं भाजपा से सांसद बृजलाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा दलित विरोधी रही है। समाजवादी पार्टी ने दलित हितों को नुकसान पहुंचाने में कोई अवसर नहीं गंवाया है। बृजलाल ने कहा कि 21 दिसंबर 2012 को लोकसभा में प्रोन्नति में दलित का आरक्षण बिल पेश किया गया था उस दौरान समाजवादी पार्टी ने हंगामा मचाया था ऐसी स्थिति में सपा के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पिता एवं उत्तर प्रदेश के रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव ने लोकसभा में कहा कि चाहें सरकार से समर्थन वापस क्यों न लेना पड़े, वे बिल पास नहीं होने देंगे। बृज लाल ने कहा कि मुलायम ने 2 दलित सांसदों यशवीर सिंह बिजनौर और शैलेन्द्र कुमार कौशाम्बी से लोकसभा में बिल फड़वाकर दलितों के कंधे से बन्दूक चलायी थी। बृजलाल ने सपा मुखिया अखिलेश यादव से कहा कि आप अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए जनवरी 2015 में उत्तर प्रदेश के दो लाख दलित अधिकारियों और कर्मचारियों को पदावनत करके, दलित उत्पीड़न का कीर्तिमान बनाया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति राकेश तिवारी और मुख्तार अहमद की पीठ ने पदावनत आदेश पर रोक लगायी। उस दौरान सपा सरकार ने उच्च न्यायालय में प्रति शपथ पत्र दाखिल करके कहा था कि पदोन्नति में आरक्षण का बिल लोकसभा में लम्बित है इसलिए फिलहाल दलित कार्मिकों को एम. नागराज मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2006 में दिये गये फैसले का लाभ नहीं दिया जा सकता। पूर्ववर्ती सपा सरकार के दौरान चीफ इंजीनियर को अधीक्षण अभियंता और अधीक्षण अभियंता को अधिशासी अभियंता बना दिया। थानाध्यक्ष को उसी के थाने में हवलदार बना दिया और तमाम एसडीएम को तहसीलदार और तहसीलदार को नायब तहसीलदार बना दिया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का अपमान करना समाजवादी पार्टी की आदत रही है। बृजलाल ने कहा कि वर्ष 2016 को गाजियाबाद में हज हाउस का उद्घाटन करने के दौरान सपा मुखिया अखिलेश की मौजूदगी में पूर्व मंत्री आजम खां ने बाबा साहब का उपहास करते हुए कहा था। उन्होंने कहा था कि इस आदमी का हाथ इशारा करता है, यह जमीन मेरी है और सामने का प्लाट भी मेरा है। बाबा साहब को आजम ने भू-माफिया बना दिया था, जो खुद सबसे बड़ा माफिया निकला और 100 से अधिक मामलों में परिवार सहित इस समय जेल में है। उनकी बातों को सुनकर आप मंच पर मंद-मंद मुस्कराते हुए तालियां बजा रहे थे। बाबा साहब की घोर विरोधी पार्टी अब उनके नाम पर 'बाबा साहब वाहिनी' बनाकर दलितों के साथ छलावा कर रही है ।

## गेहूं क्रय की नियमित मानिटरिंग करने के दिये गये निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने एमएसपी के तहत गेहूं खरीद कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक क्रय केन्द्र पर गेहूं खरीद का कार्य सुचारु ढंग से किया जाए। किसानों की सुविधा के लिए गेहूं खरीद केन्द्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। गेहूं खरीद के सम्बन्ध में हेल्पलाइन संचालित की जाए। उन्होंने गेहूं क्रय की नियमित मानिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। सोशल डिस्टेंसिंग तथा मास्क के अनिवार्य उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए। गेहूं खरीद केन्द्रों पर सेनिटाइजर, इन्फ्रारेड थर्मामीटर तथा पल्स ऑक्सीमीटर की उपलब्धता रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गो.आश्रय स्थलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का प्रबन्ध किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि संरक्षित गोवंश के लिए गो.आश्रय स्थलों में पीने के लिए पानी, चारा, छाया आदि की समुचित उपलब्धता रहे।

उन्होंने गो.आश्रय स्थलों के लिए भूसे की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में भूसा बैंक स्थापित किया जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व चरेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव वित्त एसराधा चौहान, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, प्रमुख सचिव पशुपालन भुवनेश कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला संयोजक घोषित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने गोरखपुर क्षेत्र के पंचायत चुनाव क्षेत्रीय संयोजक तथा संतकबीर नगर जिले के पंचायत चुनाव जिला संयोजक घोषित किए। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पंचायत चुनाव प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने बताया कि पंचायत चुनाव में सहभागिता के कारण रिक्त हुए पदों पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सुनील गुप्ता को गोरखपुर क्षेत्र का पंचायत चुनाव क्षेत्रीय संयोजक घोषित किया। वहीं संतकबीरनगर जिले के पंचायत चुनाव जिला संयोजक पद पर शेषभान राय घोषित किए गए।

## 423 वाहनों का किया गया ई-चालान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस आयुक्त** डीके ठाकुर के निर्देश पर डीसीपी यातायात लखनऊ के निर्देशन में रविवार को 423 वाहनों का चालान काटा गया। इसके साथ ही 69200 का शमन शुल्क वसूल किया गया। लखनऊ कमिश्नरेट के चिनहट तिराहे पर बिना कागजात संचालित/डग्गामार वाहन(बस)के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत सीज की कार्यवाही की गई। प्रवर्तन टीमों द्वारा दो पहिया/चार पहिया वाहनों का एमवी एक्ट के तहत बिना हेलमेट, तीन सवारी, रांग साइड, बिना सीट बेल्ट, नो-पार्किंग, रेड लाइट क्रास व ओवर स्पीड आदि के विरूद्ध कार्यवाही की गई। इनमें 123 दो पहिया वाहन में हेलमेट न धारण करने वाले, 28 तीन सवारी में चालान, 57 चार पहिया में सीट बेल्ट, 18 बिना लाइसेन्स के वाहन चलाने में चालान, 14 बिना प्रदूषण सर्टिफेकिट के वाहन में चालान, 25 अन्य अफेन्स में चालान, 25 रांग साइड में चालान व 86 नो.पार्किंग में चालान काटा गया। इस तरह से 423 ई-चालान व 69200 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया।



लखनऊ में रविवार को कैसरबाग बस अड्डे पर बसों को सेनेटाइज करते कर्मचारी

## कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई ज्योतिबा फुले की जयन्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महान समाज** सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयन्ती रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू सहित वरिष्ठ नेताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू ने इस मौके पर कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने जीवनभर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करनेए छुआछूत को देश से खत्म करने के लिए अथक प्रयास किये। उन्होने बहिष्कृत समाज को समान अधिकार दिलाने के लिए 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की और जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सतीश अजमानी, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं प्रभारी व्यवस्था, सम्पत्ति एवं प्रोटोका शिव पाण्डेय, अनूप गुप्ता, दिनेश सिंह, राहुल राजभर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेश मंत्री सहित कई महामंत्रियों को किया गया पदमुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पंचायत चुनाव में सहभागिता करने वाले पार्टी के प्रदेश मंत्री सहित जिलों के महामंत्रियों के त्याग पत्र स्वीकार करते हुए उन्हें पदमुक्त कर दिया है।

पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पंचायत चुनाव प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल द्वारा तय नीति के अनुसार प्रदेश पदाधिकार, क्षेत्रीय पदाधिकारी तथा जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री अथवा उनके परिजनों के पंचायत चुनाव निर्वाचन में सहभागिता करने पर उन्हें पार्टी के दायित्व से त्याग पत्र देना होगा। इसी संदर्भ में विगत दिनों से विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने त्याग पत्र प्रस्तुत किए जिसे प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने स्वीकार करके उन्हें पदमुक्त कर दिया है। श्री पाठक ने बताया कि पार्टी के प्रदेश मंत्री अशोक जाटव को पंचायत चुनाव में सहभागिता के कारण उनका त्याग पत्र स्वीकार करते हुए उन्हें पदमुक्त कर दिया है।

इसके साथ ही रामपुर से महासिंह राजपूत, गौतम बुद्ध नगर से अमित चौधरी, पीलीभीत से गुरूभाग सिंह, कासगंज से सत्येन्द्र कश्यप, मैनपुरी से बलवीर धनगर तथा फिरोजाबाद जिले से अविनाश भोले को पंचायत चुनाव में सहभागिता के कारण पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जिला महामंत्री पद से मुक्त कर दिया है।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ज्योतिबा फुले की जयंती पर किया नमन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, नारी शिक्षा और समानता के अधिकार के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती पर उन्हें शत् .शत् नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मौर्य कहा है कि नारी शिक्षा को बढ़ावा देने व सामाजिक सद्भाव का वातावरण बनाने में ज्योतिबा फुले ने बहुत बड़ा योगदान किया ।उनके विचार व उनका दर्शन आज ही प्रासंगिक है। केशव प्रसाद मौर्य ने त्याग, साधना व नारीशक्ति की प्रतिमूर्ति एवं महात्मागांधी जी के स्वतंत्र भारत के सपने को साकार करने में समर्पित सहभागी की भूमिका निभाने वाली कस्तूरबा गांधी जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुये आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## मौत के मातम में सरकार मना रही है उत्सवःअजय कुमार लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● वैश्विक महामारी कोरोना से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है आंकड़ों की कलाबाजीः कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**कांग्रेस प्रदेश** अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना का व्यापक प्रसार, तेजी से बढ़ रहे संक्रमण और भारी संख्या में हो रही दुःखद मौतें चिन्तित करने वाली हैं। कोरोना महामारी पर प्रभावी नियंत्रण के नाकाफी सरकारी उपाय भी चिन्ता एवं गंभीर प्रश्न खड़े कर रहे हैं। अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं का बेहद अभाव है।

वैक्सीन, बेड, वेंटिलेटर और आईसीयू की व्यापक कमी प्रदेशवासियों की चिन्ता बढ़ाने वाली है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि जिस प्रकार राजधानी में वैक्सीन के लिए लोगों को लम्बी प्रतीक्षा करनी पड़ रही है, अस्पतालों के गेटों पर मरीज दम तोड़ रहे हैं और इतना ही नहीं शवदाह गृहों पर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को 40-40 घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ रही है यह कोरोना की भयावहता, सरकार की लापरवाही और उदासीनता को दर्शाता है। वहीं दुःख, पीड़ा और इलाज की असफल जद्दोजहद के बाद होने वाली दुःखद मौत के मातम के बीच उत्सव मनाने का भाजपा सरकारों का निर्णय संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। अजय कुमार ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इस वैश्विक महामारी कोरोना से निपटने एवं बदहाल चिकित्सा व्यवस्था को दुरूस्त करने के बजाए आंकड़ों की कलाबाजी कर रही है। भारी संख्या में हो रहीं मौतों की संख्या को छिपाकर महामारी की गंभीरता को कम करने की कोशिश कर रही है जो प्रदेश की जनता के लिए घातक साबित हो रहे हैं। पिछले 24 घंटों में लखनऊ स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 23 मौतें कोरोना से हुईं जबकि लखनऊ के मात्र दो विद्युत शवदाह गृहों में ही 65 शवों का अंतिम संस्कार किया गया। इस हिसाब से प्रदेश में मौतों का वास्तविक आंकड़ा समझा जा सकता है। अजय कुमार लल्लू ने कहा कि वैक्सीन की व्यापक कमी केन्द्र और प्रदेश सरकार की प्रचारजीविता का दुष्परिणाम है। उन्होंने कहा कि एक तरफ उत्तर प्रदेश के साथ ही साथ तमाम राज्यों में वैक्सीन की भारी कमी के चलते लोगों को वैक्सीन नहीं मिल पा रही है। वैक्सीन सेंटर बन्द कर दिये गये हैं। देवरिया, आजमगढ़, सीतापुर, गाजियाबाद, लखनऊ के केजीएमयू आदि जगहों पर वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के मुखिया तमाम तरीके के खोखले वादे और दावे करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार झूठे आंकड़ों के पीछे अपनी नाकामी छिपाने के बजाए यथाशीघ्र सभी लोगों को वैक्सीन उपलब्ध कराये, जांच और इलाज के लिए युद्ध स्तर पर महा अभियान शुरू करे। चिकित्सीय उपकरणों और चिकित्सकों के साथ ही पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को दूर करे और केन्द्र सरकार से गंभीरतापूर्वक वार्ता कर वैक्सीन की कमी को दूर करवाये।

## कोरोना की जंग में टीम वर्क फिर बना हथियार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना की चुनौती से निपटने और उसका सफ्लतापूर्वक सामना करने के लिये फ्रि से टीम वर्क को हथियार बनाया है। उन्होंने परिस्थितियों का आलकन करते हुए बताया है कि आने वाले दिन हम सब के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं।

उन्होंने कहा है कि कोविड के खिलाफपिछले वर्ष सभी जिलों ने कोविड प्रबंधन का जो बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया था वह अन्य राज्यों के लिये भी नजीर बन गया था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि इस बार भी टीम वर्कश् से हम इस लड़ाई को जरूर जीतेंगे। उन्होंने बीमारी की रोकथाम के लिये नगर विकास और ग्राम्य विकास विभाग की ओर से विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के लिये कहा है।

### सभी कार्यालयों व औद्योगिक इकाइयों में बनें कोविड हेल्प डेस्क

मुख्यमंत्री ने सभी कार्यालयों व औद्योगिक इकाइयों में कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कोविड हेल्प डेस्क सक्रिय करने। मतदान कर्मियों पुलिस कर्मियों और चिकित्सा कर्मियों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे जाने। मास्क और सैनिटाइजेशन के प्रति लोगों को सतत जागरूक किये जाने पर भी जोर दिया है।

### लॉक डाउन की कोई आवश्यकता नहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में लॉक डाउन की कोई आवश्यकता अभी नहीं है। उन्होंने कहा है कि लोगों की आजीविका बचाने के साथ जान भी बचाना उत्तर प्रदेश की सरकार की उच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा है कि पंचायत चुनावों में कोविड को देखते हुए बूथों की संख्या बढ़ाई गई है। पंचायत चुनाव शांति से निपटेंए इसकी व्यवस्था भी की गई है।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई ज्योतिबा फुले की जयंती

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुख्यालय में रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 194वीं जयंती मनाई गई। समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी भावांजलि में कहा है कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने ऐसे समय बाल विवाह, विधवा विवाह तथा कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई जब समाज रूढ़िवादिता में जकड़ा हुआ था। श्री यादव ने कहा कि सन् 1873 में महात्मा फुले ने दलित वर्ग के उत्थान तथा उनको न्याय दिलाने के लिए सत्य शोधक समाज की स्थापना की। इस अवसर पर नरेश उत्तम पटेल प्रदेश अध्यक्ष, रामआसरे विश्वकर्मा पूर्व मंत्री, अरविन्द कुमार सिंह एवं रामवृक्ष सिंह यादव, निसार खां प्रदेश अध्यक्ष युवजन सभा दिल्ली तथा विजय यादव, विकास यादव नवीन कुमार ने श्रृद्धासुमन अर्पित किए।

### सपा मुखिया ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा में डीसीएम पलटने से हुए दर्दनाक हादसे में दर्जन भर श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि यह अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायी घटना है। श्री यादव ने शोकाकुल परिवारीजनों के प्रति भी गहरी संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वास्थलाभ की कामना की है।

# लॉकडाउन का पालन कराने निकली मध्य प्रदेश के अधिकारियों की टीम पर हमला

संवाददाता। चित्रकूट

**मध्य** प्रदेश में कोविड-19 के नए संक्रमण के प्रभाव को देखते हुए जिला स्तर पर प्रशासन ने सप्ताह में शुक्रवार शाम 6 बजे से सोमवार की सुबह 6 बजे तक आगामी आदेश तक प्रत्येक सप्ताह लॉकडाउन करने का निर्णय लिया है। धर्म नगरी चित्रकूट में लॉकडउन एवं सोमवार को पडने वाली सोमवती अमावस्या मेला में भीड़ रोकने एवं लॉकडाउन का कड़ाई से अनुपालन कराने निकली प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस टीम पर नयागांव थाना के समीप हनुमान धारा मार्ग पर खटकाना मोहल्ले पर दुकाने बन्द कराने के दौरान लोगों ने पथराव कर दिया।अधिकारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई।मिली जानकारी के मध्य प्रदेश शासन द्वारा कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए नाईट कर्फ्यू का एलान किया है।साथ ही सोमवती अमावस्या को प्रतिबंधित कर



श्रद्धालुओ से चित्रकूट न आने की अपील की है। शासन के आदेशों का कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए रविवार को भ्रमण पर निकले अधिकारियों ने देखा कि लॉकडाउन के दौरान भी दुकानें खुली है।इसके अलावा कुछ युवा ताश भी खेल रहे थे। जब इन्हें दुकान बंद करने की समझाइश दी,तो मोहल्ले के लोगों ने मौजूद अधिकारियों एवं नगर पंचायत चित्रकूट के कर्मचारियों से विवाद शुरु कर दिया। विवाद बढ़ने के दौरान मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम मझगवां, नगर पंचायत एवं पुलिस प्रशासन की गाड़ियों पर ईटों और पत्थरों से हमला करना शुरू कर दिया। घटनास्थल पर एसडीएम मझगवां पीएस त्रिपाठी, एसडीओपी चित्रकूट गौरी शंकर, नायब तहसीलदार चित्रकूट ऋषि नारायण सिंह, नयागांव थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी, नगर पंचायत सीएमओ के पी सिंह , पुलिस एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। अचानक हुए इस हमले से अधिकारी सकते में आ गए। गाड़ी के ड्राइवरों ने अपनी- अपनी गाड़ियां भगा कर अधिकारियों कि एवं अपनी जान बचाई। मोहल्ले के 30 से 40 लोगों ने जिनमें पुरुष महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे गाड़ियों पर पथराव शुरू कर दिया। जिसमें एसडीएम मझगवां, नायब तहसीलदार चित्रकूट, एसडीओपी चित्रकूट हमले में बाल-बाल बच गए। परंतु नगर पंचायत के अतिक्रमण टीम के कर्मचारी मौके पर फंस गए । नगर परिषद चित्रकूट के कर्मचारियों को गाड़ी के कांच टूटने से मामूली चोटें आई हैं।लॉकडाउन के निर्देशों का पालन कराने के लिए नगर भ्रमण पर , पुलिस एवं नगर पंचायत की टीम के साथ निकले थे। नयागांव के खटकाना मोहल्ला में लॉकडाउन के दौरान दुकानें खुली मिली , कुछ युवक ताश खेल रहे थे। इन लोगों को दुकान बंद करने के लिए 1 दिन पहले भी समझाइश दी गई थी। आज भी दुकानें खुली मिली जिसे बंद करने के लिए कहा गया ,तो लोगों ने टीम पर पथराव कर दिया। नयागांव थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने घटना के संदर्भ में बताया कि हमला करने वालो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। 9-10 लोगों पर नामजद एवं 9-10 अज्ञात लोगों पर गंभीर धाराओं में अपराध कायम किया गया है। नामजद लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# आग से बच पाना भगवान भरोसे

संबाददाता।हमीरपुर

**जिले** में आग से बचाव के लिये कोई पुख्ता इंतजाम नही है,दमकल दस्ते के लिये सारे फायर हाईडेंट जमीदोंज हो चुके है,भारी ऊंची इमारतो के निर्माण के लिये फायर विभाग से कोई अनुमति नही ली जा रही है,किसी प्रायवेट नलकूप में पानी लेने के लिये कपलिंग की कोई व्यवस्था नही है। यानी पूरा जिला भगवान भरोसे चल रहा है।

जानकारी मुताबिक आस पास के जनपदों में भारी अग्निकांड होने के बाद भी प्रशासन कुम्भकर्णीय नींद से नही जाग रहा है, जिले में आग से बचाव के लिये हमीरपुर शहर में सात व अन्य कस्वाई क्षेत्र में दस फायर हाईडेंट यानी (सार्वजनिक स्थलों पर नलो की व्यवस्था)का प्रबंध कईदशक पहले किया गया था सड़के बनती गयी और फायर हाईडेंट जमीन में जमीदोंज होते गये। यदिशहर में कोई बड़ा अग्निकांड होजाये तो पानी के अभाव में जनधन की हानि भारी मात्रा में हो सकती है। यही नही शासनादेश के मुताबिक जो भी आवास बनेगे उसमे पंद्रह मीटर से ऊपर वाली हर इमारत के लिये अग्निशमन बिभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक होता है इसी प्रकार कामार्शियल के लिये बनायी गयी हरेक इमारत के लिये विभाग से एनओसी प्राप्त करना अनिवार्य होती है मगर नगर पालिका से जो भी मकान के प्रस्ताव पारित होते है उनमें अग्निशमन विभाग की बिना एनओसी के ही नक्शे पास कर दिये जाते है जिससे लोग इस मामले के प्रति जागरुक नही हो पाते है यही कारण है कि जिले में बड़ी व ऊची जितनी भी इमारते बनी हुई है उनमें अस्सी फीसदी इमारतो में विभाग की एनओसी नही है। प्रायवेट नलकूपों में कपलिंग न होने के कारण यदि खेत खलिहान मे आग लग जातीहै तो दमकल वाहन असहाय साबित हो जाता है क्योकि जब तक नलकूप में कपलिंग नही लगायी जायेगी तबतक दमकल वाहन का पाइप उसमे फिट नही होता है यही कारण है कि खेतो में आग नही बुझ पाती और फसल जलकर खाक हो जाती है। विद्यालयों व कोटेदारों के यहा अग्निशमन उपकरण नही है,इधर सरकारी अस्पतालो मे अब आग बुझाने के लिये फायर उपकरण लगा दिये गये है प्रायवेट अस्पतालों का तो बहुत ही हाल खराब है नर्सिग होमो मे यह उपकरण नही लगाये गये है। मजे की बात तो यह है कि कई सरकारी प्रतिष्ठानों में तो उपकरण लगे है मगर उनका संचालन करने वाला कोई नही है,यदि कोई हादसा हो जाता है तो ये उपकरण महज एक शो पीस बनकर रह जायेगे। इस मामले में मुख्य अग्निशमन अधिकारी(सीएफओ) राहुल पाल का कहना है कि फायर हाइडेंट जमीन से खुलवाने के लिये जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है वही जो ऊंची इमारते है जिन्हे एनओसी लेना आवश्यक है इसप्रकार सात भवन स्वामियों को नोटिस भी दे दी गयी है। वही विभाग में पचास फीसदी स्टाफ की कमीहै जिससे गर्मियों मे काम बाधित हो रहा है। चार सौ पचास लीटर पानी की क्षमता वाले तीन वाहनों को शासन से डिमांड की गयी है।

## पौथिया में आग से लाखो की फसल जल कर खाक, किसान दाने दाने को मोहताज

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र के पौथिया गांव में आग से गेहू की फसल जल कर राख हो गयी। दमकल वाहन पहुचकर आग पर काबू पाया। आज गांव में बिजली की शार्क शर्किट से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग की लपटे देख कर मजदूर एवं किसान परेशान हो गये। पौथिया गांव के धर्मेंद्र यादव व राजबहादुर यादव का बड़ी नर्सरी के पास चार बीघा खेत है

जिसमें गेहूं की फसल पकी खड़ी हुई थी अचानक शार्ट सर्किट से आग लग जाने से पूरी फसल जल कर राख हो गयी बगल में बद्री प्रसाद यादव के खेत में गेहूं की फसल कटी हुई पड़ी थी जिसे किसानों ने कटी हुई फसल को हटा लिया पिता राजबहादुर के निधन हो जाने के बाद बेटा धर्मेंद्र मां शकुंतला खेत बटाई को देकर मजदूरी करके गुजर बसर करते थे मां ने बताया कि लड़के की शादी सात मई को थी आग लगने से करीब एक लाख रुपए से अधिक का नुकसान हो गया है।

## गैस सिलेंडर से लगी आग से दो गंभीर, मकान स्वाहा

मौदहा (हमीरपुर)समोसे बनाते समय गैस सिलेंडर की सटक निकल जाने के कारण लगी आग से दूकानदार और समोसे लेने आया बच्चा गंभीर रूप से जल गया जिन्हें गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से दोनों के सत्तर फीसदी से अधिक जले होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज हैलट के लिए रेफर कर दिया गया है।जबकि सिलेंडर से लगी आग से एक घर जलकर खाक हो गया है ग्रामीणों की सहायता से किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम करगांव निवासी भगवान दिन सडक किनारे ठिलिया में समोसे बनाकर बेचने का काम करता है।प्रतिदिन की भांति आज भी वह समोसे बना रहा था उसी समय अचानक गैस सिलेंडर से गैस पाईप हट जाने के कारण आग लग गई जिससे भगवान व समोसे लेने आया ग्यारह वर्षीय युवक नैतिक (13)पुत्र शिवमंगल गंभीर रूप से जल गए।दोनों को ग्रामीणों की सहायता से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से दोनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज हैलट के लिए भेज दिया गया है।उक्त मामले में सीएचसी अधीक्षक डा.अनिल कुमार सचान ने बताया कि दोनों गंभीर रूप से जले हुए आये थे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए भेजा गया है लेकिन दोनों के परिजनों द्वारा गंभीर रूप से जले होने के कारण मेडिकल कालेज हैलट ले जाया जा रहा है।वहीं गैस सिलेंडर से लगी आग की चपेट में आया पडोसी राजबहादुर उर्फ पुत्तू कहार का घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया।मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह से आग बुझाने का प्रयास किया तब तक उसका सबकुछ जलकर खाक हो चुका था।जिससे उसकी गृहस्थी सहित खाने पीने का सामान और कपडे आदि जलकर खाक हो गए हैं जिससे लगभग पचास हजार रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।फिलहाल कोई भी राजस्व विभाग का कर्मचारी अभी तक आग से हुए नुकसान का आंकलन करने नहीं पहुंचा है।

# वैक्सीन लगावा कर कोरोना से अपना और अपनों का करें बचाव-चंद्रिका उपाध्याय

**चित्रकूट।** कोरोना महामारी पर अंकुश लगाने के उददेश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर आयोजित चार दिवसीय विशेष टीका उत्सव का शुभारंभ रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने जिला चिकित्सालय में बथू केंद्र में फीता काटकर किया।इस मौके पर मंत्री श्री उपाध्याय ने बताया कि ज्योतिबा फुले जयंती से शुरू हुआ टीका उत्सव 14 अप्रैल को बाबा साहेब डा0 अंबेडकर जयंती तक चलेगा। उन्होने 45 वर्ष की आयु वाले सभी लोगों से टीकाकरण करा कर अपने एवं अपनों को कोरोना से सुरक्षित करने की अपील की है।

जिला चिकित्सालय में टीका उत्सव का शुभारंभ करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि देश में कोरोना महामारी की स्थिति एक बार फिर से बिगड़ गई है। कोरोना के खिलाफ हमारे पास अभी सबसे कारगर हथियार वैक्सीन ही है। इसी मुहिम को और तेज करने के लिए आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर देशभर में टीका उत्सव का शुभारंभ हो रहा है। इस पर मंत्री श्री उपाध्याय ने कहा कि सावधानी ही महामारी से बचाव का सर्वोत्तम उपाय है। कहा कि मास्क पहनें और दूसरों को पहनने के लिए प्रेरित करें। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयासों से प्रदेश में अब तक लगभग 80 लाख लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई जा चुकी है।सूबे में रोजाना साढ़े तीन लाख लोगों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है।उन्होने बताया कि मार्च 2020 तक यहां कोविड की जांच के लिए एक भी लैब नहीं थी। आज यूपी में 125 सरकारी और 104 निजी लैब्स हैं। उन्होने 45 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी लोगों से जिले में संचालित 37 टीकाकरण केंद्रों पर पहुंचकर नि:शुल्क कोरोना का टीका लगवाने की अपील की है। वहीं जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि कोरोना महामारी की रोकथाम के प्रति





शासन -प्रशासन पूरी तरह गंभीर है।शासन द्वारा चार दिवसीय विशेष टीका उत्सव कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण कर रहा है।उन्होने कहा कि जिले में वैक्सीन की कोई कमी नही है।इसके अलावा उन्होने लोगों से मास्क पहनने एवं कोरोना गाइड लाइन का अनुपालन करने की अपील की है। इसके अलावास मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार यादव ने में बताया कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जिले में 37 टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं।जिले में पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन की उपलब्धता है। कोविशील्ड और को-वैक्सीन की प्र्याप्त उपलब्धता है। सीएमओ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वाहन पर 14 अप्रैल तक पूरे जिले में टीका उत्सव मनाया जा रहा है। बताया कि कोरोना के उपचार के लिए खोह और शिवरामपुर में दो अस्पताल बनाये गये है। बताया कि प्रतिदिन 15 से 17 सौ लोगो की कोरोना जांच कराई जा रही है।इस मौके पर सीएमएस डॉ आर के गुप्ता,प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ मुकेश पहाड़ी ,व्यापारी नेता पंकज अग्रवाल आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद व सुप्रसिद्ध उद्योगपति श्यामाचरण गुप्ता को राज्यमंत्री चन्द्रिका उपाध्याय ने दी श्रद्धांजलि

चित्रकूट।मुख्यालय स्थित श्रृंगार पैलेस कर्वी में उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय की अध्यक्षता में पूर्व सांसद स्वर्गीय श्यामाचरण गुप्ता जी के आकस्मिक स्वर्गवास पर श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई।शोक सभा में भाजपा नेता व्यापारी नेता शिक्षक व समाजसेवियों ने अपने अपने संस्मरण सुना कर स्वर्गीय श्यामाचरण गुप्ता जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजल दी।

मुख्यालय स्थित श्रृंगार पैलेस में रविवार को आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे अपने विचार व्यक्त करते हुए लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय जी ने कहा कि डॉ मुरली मनोहर जोशी जी के निजी सचिव रहते हुए श्यामाचरण जी से राजनीतिक संपर्क की शुरुआत हुई और फिर उनके विभिन्न सामाजिक राजनीतिक अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वह बहुत ही निर्भीक मिलनसार व हंसमुख व्यक्तित्व के धनी थे।भाजपा के वरिष्ठ नेता व भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांतीय अध्यक्ष राम सागर चतुर्वेदी ने अपने छात्र जीवन से लेकर अभी तक के अनुभव व सहयोग को याद करते हुए बताया कि स्वर्गीय श्यामाचरण गुप्ता जी का जन्म 09 फरवरी 1945 को मानिकपुर ब्लाक के ऊचाडीह ग्राम में हुआ था। इनके दो पुत्र व एक पुत्री हैं तथा उन्होंने कई चुनाव लड़ने के बाद भी कभी हार नहीं मानी। 1989 में प्रयागराज के महापौर व 2004 में बांदा-चित्रकूट के सांसद तथा 2014 में प्रयागराज के सांसद रहकर जनपद का नाम रोशन किया।अपने विचार व्यक्त करते हुए व्यापारी नेता ओम केशरवानी,शानू गुप्ता व जगदीश गुप्ता ने कहा कि स्वर्गीय श्यामाचरण गुप्ता जी ने व्यापारियों का पूरे देश में नाम रोशन किया तथा जनपद के व्यापारियों को आगे बढ़ाने में सहयोग किया। भाजपा नेता पंकज अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय श्यामाचरण गुप्ता जी ने सांसद निधि में पारदर्शिता की शुरुआत किया।कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष चित्रकूट एवं संगठन मंत्री अखिलेश पांडेय द्वारा किया गया।कार्यक्रम में रघुवर दयाल गर्ग, सुनील द्विवेदी, रामबाबू गुप्ता, पंकज गुप्ता,महेश अग्रवाल हेमू त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, अनुराग द्विवेदी, शिव मूरत दुबे, महेश गुप्ता, शंकर यादव, रतन पटेल, धर्म चंद्र गुप्ता, दिलीप गुप्ता, कमलेश मिश्रा,अनूप शुक्ला,प्रदीप मिश्रा एवं विराग शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## कोई पढ़ेगा किताब, कोई कैमरा से खींचेगा फोटो

**चित्रकूट।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुनाव चिन्ह आवंटन को जिले के पांचों ब्लाकों में भारी भीड़ देखी गई। किसी ने भी कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं किया। चुनाव चिन्ह बेंचने को ब्लाकों के बाहर दुकानदारों ने दुकानें खोल दी हैं। रविवार को जिले के कर्वी, पहाडी, रामनगर, मऊ व मानिकपुर ब्लाकों में पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों की चिन्ह आवंटन को भारी भीड़ उमडी। भीड़ ने किसी तरह का कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं किया न ही सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखा। चुनाव चिन्ह में किसी को अनाज ओसाता किसान, इमली, कन्नी, कार, किताब, कैमरा, कैमरबोर्ड, कोट, खडाऊं व गदा आवंटित हुई। प्रत्याशियों में अपना चुनाव चिन्ह जानने की खासी होड मची रही। ब्लाक के बाहर चस्पा सूची में लोग अपने नाम के आगे चुनाव चिन्ह को देखते रहे। इसके बाद चुनाव चिन्ह मिलने पर लोगों ने ब्लाक के बाहर दुकान लगाये दुकानदारों से चुनाव चिन्ह खरीदे।

# फिजिकल एकेडमी में बनाया जायेगा सेना में भर्ती के योग्य

**राठ( हमीरपुर )** क्षेत्र के धमना गांव में पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा सेना में जाने की तैयारी कर रहे युवाओं की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एक सैकड़ा प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस दौरान मुख्यअतिथि क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा कि अब नगर क्षेत्र के युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए बड़े शहरों में जाकर शारीरिक दक्षता के लिए कोचिंग नहीं लेनी पड़ेगी। पूर्व सैनिकों द्वारा अब नगर में ही बुंदेलखंड फिजिकल एकेडमी के द्वारा युवाओं को निशुल्क शारीरिक दक्षता के गुण सिखाई जा रहे हैं। जिससे अब हमारे यहां से युवा सेना में जाकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। जो हम सब के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व हिंदू युवा संगठन के अध्यक्ष बृजेश खरे ने कहा कि पूर्व सैनिकों द्वारा उठाया गया। यह कदम प्रशंसा योग्य है। हमें उनका पूरा सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर 1600 मीटर बालक दौड़ में संदीप कुमार ने प्रथम, संदीप खेड़ा ने द्वितीय व विकास मसगवां ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 24 सौ मीटर की बालिका दौड़ में पूजा प्रथम, लीला द्वितीय और प्रतिमा तीसरे पायदान पर रही। पांच हजार मीटर बालक दौड़ में प्रवेश कुमार ने प्रथम दीपेंद्र कुमार ने द्वितीय व भूपेंद्र कुशवाहा ने तृतीय स्थान पाया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वालों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के एसएन खरे, जागेश्वर प्रसाद, महेश यादव, संतोष राजपूत, रमेश पांचाल, जय सिंह, आदित्य शर्मा, भाजपा नगर महामंत्री मुकेश गुप्ता, दीपू मुंशी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## बाइक फिसलने से दो घायल

मौदहा (हमीरपुर)बाइक फिसल जाने से बिना हेलमेट के जा रहे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भवानी निवासी ब्रजेश अपने साथी निरंतर के साथ बाइक से अपने चाचा के घर से आ रहा था तभी घर से निकलते ही कुछ दूरी पर बाईक स्लिप्ड कर जाने के कारण दोनों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर दोनों घायलों का इलाज किया जा रहा है।जबकि घायल के पिता ने बताया कि उक्त स्थान पर अक्सर हादसे होते रहते हैं।दोनों युवक हेलमेट नहीं लगाए हुए थे।

## आत्म हत्या का किया प्रयास

**राठ( हमीरपुर )** ई-रिक्शा में बैठकर गांव जा रही एक महिला असंतुलित होकर सड़क पर गिरकर घायल हो गई। परिजन आनन फानन में इलाज के लिये सीएचसी ले गये। वहीं अन्य मार्ग दुर्घटना में चार लोग गिरकर घायल हो गये है। क्षेत्र के नोहाई गांव निवासी रामढकेली पत्नी जयसिंह ई-रिक्शा में बैठकर गांव जा रही थी। तभी राठ-पनवाडी मार्ग पर महिला असंतुलित होकर रिक्शे से गिरकर घायल हो गई। वहीं मझगवां थाना क्षेत्र के टोला रावत निवासी राहुल को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार घायल कर दिया है। मसगवां निवासी मोतीलाल उमरिया निवासी सर्वेश और कोट बाजार निवासी पिंकी मार्ग दुर्घटना में घायल हो गई। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। धनौरी गांव निवासी विनीता पुत्री हरगोविंद ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर परिजन आनन फानन में इलाज के लिये सीएचसी ले गये। किशोरी की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलिज उरई रिफर कर दिया।

# माली समाज ने महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती मनायी



**राठ( हमीरपुर )** कस्बे के महात्मा ज्योतिराव फुले शिक्षण संस्थान में महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, इस अवसर पर माली समाज के लोगों ने एक गोष्ठी का आयोजन कर समाज को नई दिशा देने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया, रविवार कस्बे के पठानपुरा मोहल्ल स्थित शिक्षण संस्थान मे महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद सैनी ने कहा की महात्मा जी ने समाज के लिए जो कार्य किए हैं। उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। हमें उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर समाज हित मे अहम भूमिका निभानी होगी। नगर अध्यक्ष राजाराम सैनी ने कहा की महात्मा ज्योतिराव फुले जी को महान समाज सुधारक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने हमेशा ही समाज में फैली कुरीतियों जैसे छुआछूत, बाल विवाह, विधवा विवाह का विरोध करते हुए सभी को एक समान दर्जा दिलाने का प्रयास किया। उन्होंने महिला शिक्षा पर भी विशेष जोर दिया। सावित्रीबाई फुले ने पहली महिला शिक्षक के रूप में अंधकार में डूबे समाज को शिक्षा की रोशनी देने का महान कार्य किया है। इस दौरान भगवती प्रसाद सैनी, घनश्याम दास सैनी, रामाधार सैनी, महेश कुमार सैनी ने भी अपने विचार रखे। गोष्ठी में सुरेंद्र सैनी, रघुवीर सैनी, पत्रकार धीरेंद्र सैनी, संदीप सैनी सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# ज्यादा खर्च करने वाले प्रत्याशी के खिलाफ होगी कार्रवाईः डीएम



**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के पचोखर व अशोह गांव में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने ग्रामीणों से अपील किया कि शान्तिपूर्ण चुनाव कराने को पुलिस व प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। किसी को मतदान से वंचित नहीं किया जायेगा।

शनिवार को देर रात पहाडी ब्लाक के पचोखर व अशोक गांव में ग्रामीणों की चौपाल में डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि कोई दबंग मतदान करने को डराता, धमकाता या प्रलोभन देता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस अधिकारियों को दें। चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों से कहा कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न करें। चुनाव प्रचार को वाहनों की अनुमति लेना बहुत जरूरी है। ऐसा न होने पर वाहनों को सीज कर दिया जायेगा।

उन्होंने धार्मिक व शादी-समारोह के बारे में कहा कि एसडीएम से अनुमति लेकर ही शादी-विवाह करें। प्रत्याशियों को सचेत किया कि आयोग से निर्धारित धनराशि से ज्यादा खर्च करने पर कार्रवाई होगी। कोरोना गाइडलाइन का पूरी तरह पालन किया जाये। 45 साल से ऊपर के लोग वैक्सीन लगवा लें। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने कहा कि चुनाव में बाडा डालने वाले के खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी। किसी प्रकार के लालच में न पड़ें। दारु-शराब के चक्कर में मतदान को प्रभावित करने वालों को चिन्हित करने में सहयोग करें। चौपाल में सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय, एसडीएम रामप्रकाश, अशोह गांव से विजय कुमार सिंह, संतराम त्रिपाठी, बाबू गौतम, झम्मन वर्मा, रघुवर शर्मा व पचोखर गांव से पवन, अनिल मिश्रा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# तीसरे दिन 82 मतदानकर्मी गैरहाजिर

## ●प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध डीएम ने एफआईआर दर्ज कराने के दिए निर्देश



**अमेठी।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए मतदान कार्य में लगे कार्मिकों को प्रशिक्षण आज तीसरे दिन मनीषी महिला महाविद्यालय व इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज में दिया गया। आज प्रशिक्षण के दौरान सीडीओ/प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) डा. अंकुर लाठर ने सभी मास्टर ट्रेनर्स से कहा कि आप सभी मतदान कार्मिकों से स्पिलिट बूथ, मतपत्र लेखा, मतपेटी सील करना, पीठासीन डायरी, मतदान कार्मिकों के कार्य व दायित्व, मतदान सामग्री का मिलान, मतदान अभिकर्ता नियुक्ति, कम्पेनियन आदि पर चर्चा करें तथा इन टापिक से संबंधित वीडियो भी दिखायें।

उन्होंने प्रत्येक कमरे में जाकर चल रही ट्रेनिंग की व्यवस्था व प्रशिक्षण के गुणवत्ता का जायजा लेते हुए बताया कि प्रशिक्षण निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित किया जा रहा है। जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि आज प्रशिक्षण दो पालियों में जिसमें प्रथम पाली 10.00 से 1.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली 2.00 से 5.00 तक दिया गयाए प्रत्येक पाली में 1500.1500 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंत में प्रश्नावली के माध्यम से फीडबैक भी लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मास्टर ट्रेनर पूरी तैयारी के साथ प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज तीसरे दिन के प्रशिक्षण में कुल 82 कार्मिक अनुपस्थित रहेए इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश संबंधित कार्यालयाध्यक्ष को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी कमरों में प्रोजेक्टर व वीडियो के माध्यम से सुचारू रुप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रतिभागियों के शंकाओं व पूछे जा रहे प्रश्नों का समाधान भी किया जा रहा है।

# आचार संहिता का उल्लंघन करने पर 45 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021 को निष्पक्षए पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद की चारों तहसीलों में संबंधित उप जिलाधिकारियोंए तहसीलदारोंए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा अन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन अति संवेदनशील मतदान केंद्रोंध्गांवों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान उनके द्वारा जन सामान्य को बिना किसी लालच के निर्भीक होकर मतदान करने की अपील करने के साथ ही अराजक तत्वों को चिन्हित कर उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है साथ ही आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर भी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 26 मार्च से आज तक जनपद अमेठी की चारों तहसीलों में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर 45 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गईए जिसमें तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत थाना जगदीशपुर में 5, बाजार शुकुल में 3, मुसाफिरखाना में 12, कमरौली में 3ए तहसील गौरीगंज अंतर्गत थाना जामो में 2, गौरीगंज में 2, मुंशीगंज में 1, तहसील तिलोई अंतर्गत थाना शिवरतनगंज में 5, मोहनगंज में 4, जायस में 1, फुरसतगंज में 2 तथा तहसील अमेठी अंतर्गत थाना संग्रामपुर में 1, पीपरपुर में 2, रामगंज में 1 तथा अमेठी में 1 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि पंचायत चुनाव को लेकर सभी अपने.अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे तथा अराजक तत्वों को चिन्हित कर उन पर कड़ी कार्यवाही करें।

## क्विक न्यूज

### लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अवैध अतिक्रमण मांगा जवाब

**डलमऊ रायबरेली।** मुराई बाग मुख्य चौराहे पर अवैध रूप की गई अतिक्रमण कर रखी गई गुमटियों की शिकायत पर तहसीलदार प्रतीत त्रिपाठी द्वारा कार्यवाही की संस्तुति करते हुए संबंधित विभागों से आख्या मांगी है। अतिक्रमण द्वारा भूमाफियाओं के कब्जे को नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी अमित सिंह द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही कर पाना दूर की कौड़ी है जबकि भूमि पर अवैध कब्जे लोक निर्माण विभाग से संबंधित होने की आख्या तत्कालीन तहसील प्रशासन द्वारा जारी की जा चुकी है. इस प्रकरण पर लोक निर्माण विभागके सहायक अभियंता ने बताया कि चुनाव में व्यस्तता के कारण विलंब हो रहा है चुनाव संपन्न होने के उपरांत अवैध अतिक्रमण को वहां से हटवा दिया जाएगा।शिव मंदिर का रास्ता पूर्ण रूप से अवरुद्ध अवैध अतिक्रमणकारियों की लालच का आकलन इसी बात से लगाया जा सकता है कि हिन्दू आस्था के केंद्र बिंदु माने गए भगवान शिव के मंदिर जाने वाले सभी रास्तों को अतिक्रमण कर लगभग बंद ही कर दिया गया है पिछले दशकों से उस शिव मंदिर पर जलाभिषेक नही किया जा सका वजह शिवमंदिर तक पहुंचने के सभी रास्तों पर अवैध अतिक्रमण किया जाना स्पष्ट दिख रहा है.इस प्रकरण पर अधिषासी अधिकारी अमित सिंह से संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन फोन स्वीकार नही किया गया।

### मामूली विवाद पर कोतवाली में भाइयों पर उतारा गुस्सा, की पिटाई

**डलमऊ रायबरेली।** पंचायत चुनाव के दबाव व क्षेत्र में लगातार हो रही मासूमों की हत्यायों से झुब्ध कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह का व्यवहार मामूली घरेलू विवादों के चलते कोतवाली पहुंचे लोगों के साथ व्यवहार लगातार बर्बरतापूर्ण होता जा रहा है यहां प्रभारी कानून की किताब में नया अध्याय जोड़ने को आतुर नजर आ रहे हैं भले ही हत्यायों के खुलासों पर प्रभारी की कार्यशैली में भूमिका में संदिग्ध हो.जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे वल्ली पोस्ट भीमगंज निवासी श्यामलाल पुत्र राम दुलारे व राजन पुत्र राम दुलारे के बीच मामूली विवाद को लेकर कहासुनी हो रही थी। कहासुनी होते-होते दोनों भाइयों में विवाद होने लगा। तीसरा भाई पुत्तन उर्फयशवंत कुमार पुत्र राम दुलारे विवाद को शांत कराने लगा। मामला शांत हो गया था कुछ देर के बाद राजेंद्र कुमार की पत्नी शिव कुमारी ने पीआरबी को फोन कर दिया। सूचना पर पहुंची पीआरबी ने लड़ाई झगड़ा कर रहे लोगों के साथ शांत करा रहे व्यक्ति को भी कोतवाली ले आई और दूसरे दिन 151 में विवाद करने वालों के साथ साथ शांत कराने वाले व्यक्ति को भी 151 की कार्रवाई कर दी है विवाद करने वाले व शांत कराने वाले लोग ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि कोतवाली प्रभारी ने डंडे से तीनों लोगों को मारा मारा पीटा है जिसके प्रमाण पीड़ित के पैरों की सूजन बता रही हैं।

### समाजवादी पार्टी ने जारी की जिला पंचायत की दूसरी लिस्ट

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी ने जिला पंचायत सदस्य की दूसरी लिस्ट जारी की हैए जिसमें 6 जिला पंचायत प्रत्याशियों को पार्टी का समर्थन हासिल हुआ है। पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के 6 जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशियों की सूची जारी की है। इसके पूर्व 27 प्रत्याशियों की सूची पहले जारी हो चुकी है। कुल 36 जिला पंचायत सदस्यों में अब तक 33 सदस्यों की सूची जारी हो चुकी है। जिसमें 3 सदस्यों की सूची जारी होना बाकी है।जारी 6 सदस्यों की सूची में वार्ड संख्या 4 से आशुमन मिश्राए वार्ड संख्या 9 से गंगाराम पासीए वार्ड संख्या 14 से अर्चना रावतए वार्ड संख्या 19 से अनीता रावतए वार्ड संख्या 20 से निर्मला देवीए वार्ड 21 से अनीता पासी को पार्टी ने अपना समर्थित उम्मीदवार घोषित किया है।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 12 को

**अमेठी।** तिलोई ब्लाक क्षेत्र के सेमरौता स्थित राजरानी अग्निहोत्री महाविद्यालय के संस्थापक पंडित शिवकुमार अग्निहोत्री की पांचवी पुण्यतिथि पर 12 अप्रैल को दिन में ग्यारह बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमे राष्ट्रीय स्तर के कवियों द्वारा कविता पाठ किया जाएगा जिनमें रामेश्वर द्विवेदी उन्नाव, अखिलेश द्विवेदी प्रयागराज, व्याख्या मिश्रा लखनऊ, काविश रूदौलवी, प्रख्यात मिश्र एव संदल अफरोज सेमरौता प्रमुख है। मुख्य अतिथि माननीया सांसद रायबरेली अमेठी सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के एल शर्मा व विशिष्ट अतिथि प्रदीप सिंघल जिलाध्यक्ष कांग्रेस अमेठी होंगे। जानकारी आयोजक कमलेश अग्निहोत्री ने दी।

### 'दुर्घटना में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**ऊंचाहार।** मार्गदुर्घटना में घायल वृद्ध को गंभीरावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में लाया गया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है।जिसके मौत पर परिजनो में रो रोकर बुरा हाल था। ऊंचाहार कोतवाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में मार्गदुर्घटना में घायल शरीफअहमद 60वर्ष पुत्र मीरबख्स निवासी अंसारगंज थाना नवाबगंज जिला प्रतापगढ़ को भर्ती करवाया गया।जहां पर उपचार जब तक सीएचसी के चिकित्सक करते तब तक उसकी मौत हो गई। प्रतापगढ़ के थाना नवाबगंज अन्तर्गत में बाइक की टक्कर से घायल साइकिल सवार को सीएचसी में लाया गया था।जिसमें पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

### समय पर पहुंचे अन्यथा होगी विधिक कार्यवाही-सिटी मजिस्ट्रेट

**रायबरेली।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0), जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेटध्प्रभारी यातायात (वाहन) युगराज सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन में अधिगृहित वाहन स्वामियों से अपेक्षा की है कि निर्धारित स्थान व समय पर अपने वाहन को पहुंचाना सुनिश्चित करें। विफलता पर सम्बन्धित वाहन स्वामियों के प्रति लोक प्रतिधित्व अधिनियम-1951 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### देवा शरीफसे लौटी बस बनी चर्चा का विषय

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुर्रमपुर से एक बस शनिवार की सांयकाल लौटी जिसमें स्थानीय लोगों का हुजूम उतरते दिखा जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करके दावा किया जा रहा है कि त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में एक प्रत्याशी के द्वारा अपने मतदाताओं को रिझाकर मत लेने के लिए अपने निजी पैसों से बस को देवाशरीफभेजा गया था जहां से सभी मतदाता लौटे है हलाकि प्रकरण जांच का विषय है।उधर सीओ ने बताया कि जांच करने के बाद ही बता पाएंगे यदि प्रकरण सत्य है तो जांचोपरांत अग्रिम कार्यवाही किया जाएगा।

### रेलवे ट्रैक पर किशोर की मिला शव

**सुलतानपुर।** चांदा थाना क्षेत्र के गांव रामलाल का पूरा के पास रेलवे लाइन पटरी पर अज्ञात किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गयी । ग्रामीणों ने जब किशोर का शव देखा तो इसकी सूचना चांदा पुलिस को दी घटना पर स्थल पर पहुँची चांदा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर उसे जिला पोस्टमार्टम हॉउस भेज दिया है। फिलहाल शव का खबर लिखे जाने तक शिनाख्त नही हो सका है । पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के कोटिया गांव निकट ईट लदे ट्रैक्टर ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल जो गया। घायल युवक के परिजनों ने किसी तरह निजी अस्पताल में भर्ती कराया और स्थानीय थाने पर की लिखित शिकायत भी कर दिया है। परिजनों का आरोप है कि शिकायत के वाबजूद अभी तक कोई कार्रवाई नही हो सकी है।

# चुनाव में अराजकता फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

## ●कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जायेगाः अपर पुलिस अधीक्षक

**अमेठी।** पंचायत चुनाव में पुलिस प्रशासन द्वारा आदर्श आचार संहिता का पालन कड़ाई से कराया जायेगा। चुनाव में साड़ी व शराब वितरित करने वाले लोगों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। कानून को अपने हाथ में लेने वाले लोगों को कतई बख्शा नही जायेगा।यह बात थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के अतिसंवेदनशील प्लस ग्राम सेमरौता में आयोजित बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पांडेय ने कही है। अपर पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन में कहा कि चुनाव को लोकतंत्र के महापर्व के रुप में मनायें।

उन्होंने कहा कि जनपद में कोरोना महामारी, धारा 144 व आदर्श आचार संहिता लागू है आप सब लोगों को इसका ख्याल रखना है। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव के दौरान अगर कोई भी व्यक्ति शराब साड़ी एवं नकदी पैसा बांटता है तो उसकी सूचना पुलिस प्रशासन को अवश्य दें। एएसपी ने कहा कि इस गांव में गुंडा एक्ट में तीन व 110जी के तहत आठ लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गयी है इसके अलावा 171 लोगों के खिलाफ 107/16 में कार्यवाही करते हुये पाबंद किया गया है। उन्होंने कहा कि इस गांव में एक साल में दो दर्जन मुकदमे दर्ज हुये है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार, इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुजीत कुमार सिंह, अजीत यादव, प्रधान पद प्रत्याशी देवी शरण बाजपेयी, कमलेश कुमार, सौरभ अवस्थी, सतीश, सत्य प्रकाश,जहीर अहमद, जानू सहित गांव के सैकड़ों सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# ड्यूटी पर तैनात मतदानकर्मी आतिथ्य स्वीकार न करेंः डीएम

**रायबरेली।** फिरोजगांधी डिग्री कालेज में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन प्रशिक्षण के संबंध में मतदान कार्मिकों के 5वें दिन प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारियो/मतदान अधिकारियों को निर्देश दिये कि पंचायत चुनाव में ड्यूटी पर तैनात मतदान कार्मिक किसी का आतिथ्य न स्वीकार करे व कोविड-19 कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए गाइड लाइन का पालन करते व कराते हुए त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को भय रहित निष्पक्ष, निर्भीक सम्पन्न कराये। निर्वाचन आयोग व प्रशासन पूरी तरह दृढ़ संकल्पित है। निर्वाचन कार्य से जुड़े समस्त कर्मी निर्भीक, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढ़ग से निर्वाचन का कार्य सम्पन्न कराने में पूरी निष्ठा व लगन के साथ कार्य करे।



मतदान में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं को तथा उनके कानूनी प्रक्रियाओ को ठीक प्रकार से पढ़ध्समझ ले। मतदान के संचालन में पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारियो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अपने निर्वाचन सम्बन्धित कार्यो से अपनी भूमिका का भली-भांति निर्वहन करे। निर्वाचन संबंधित मतदान की सभी प्रक्रिया के साथ-साथ बैलेट बॉक्स खोलने व बन्द करने की सम्पूर्ण जानकारियों को भी भली-भांति जानकर प्रत्येक दशा में मतदान को सकुशल सम्पन्न कराना है। मास्टर ट्रेनरो सहित जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0)/डीएम वैभव श्रीवास्तव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0)/सीडीओ अभिषेक गोयल, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. वैभव त्रिपाठी आदि ने पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारियो को निर्वाचन आयोग के निर्देशो से अवगत कराने हुए कहा कि मतदान प्रारम्भ होने के समय से पूर्व अपने अपने मतदान केन्द्रो पर मतदान पेटी व अन्य सामान व्यवस्थित कर लें। मतदान स्थल पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चत कराना पीठासीन अधिकारियों का परम कर्तव्य है। मतदान के 15 अप्रैल को प्रात: 7 बजे से साय 6 बजे तक नियत है जिसकी तैयारियां पूरी रखे यह चुनाव क्षेत्रीय व ग्रामीण परिवेश का चुनाव होता है जिसमें अन्य चुनावों की अपेक्षा संवेदनशीलता अधिक रहती है अत: निर्वाचन सम्बन्धी सभी पहलुओं की प्रक्रियाओं को मन मस्तिष्क में बैठा लें। सामान्य तौर पर पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी द्वारा मतदान प्रक्रिया में पांच स्टेज जिसमें नियुक्ति पत्र प्राप्त होने के उपरान्त मतदान दिवस के एक दिन पूर्व, मतदान केन्द्रध्मतदान स्थल पर पहुंचने पर, मतदान के दौरान, मतदान पूर्ण होने पर आदि पर चरणबद्ध तरीके से तैयारी बनाकर ध्यान देने की आवश्यकता है।

निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार सहिता का कड़ी से अनुपालन करने के साथ ही कोविड-19 संक्रमण के भी नियमों का पालन करे। प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित मतदान कार्मिक प्रत्येक दशा में 12 अप्रैल को मास्टर टेनर्स आदि अधिकारियों से सम्पर्क कर निर्वाचन सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी लेने के साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर ले। अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में आदेशो का उलंघन करने वाले अधिकारी, लोक प्रतिनिधि अधि. 1951 की धारा 134 तथा आईपीसी 1860 की धारा 174 के अर्न्तगत दण्डनीय अपराध के तहत सम्बन्धित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज कराकर कार्यवाही की जायेगी।

# देशभक्ति का गवाह बनेगा 100 फिट का राष्ट्रीय ध्वज

**सुल्तानपुर।** शहर स्थित तिकोनिया पार्क में 100 फिट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज को लहराने का सफल परीक्षण पूरा हो गया। नपाप द्वारा तिरंगे झंडे को फहराये जाने की पूरी रूपरेखा भी बनकर तैयार है। करीब 100 फिट ऊंचे स्तम्भ पर 20इ 30 फिट का झंडा लगाया जाएगा। नपाप चेयरमैन बबिता जायसवाल, उनके पति अजय जायसवाल, अधिशाषी अधिकारी श्यामेन्द्र मोहन चौधरी सहित तमाम नगर पालिका कर्मचारी इसकी तैयारियों में जुट गए हैं। इस तिरंगे झंडे का स्तंभ बनकर तैयार हो चुका है और आज ध्वज भी चढ़ा कर इसका रिहर्सल कर लिया गया। नवरात्रि में इस राष्ट्रीय ध्वज को निरंतर फहराये जाने की योजना भी बनकर तैयार है। चेयरमैन प्रतिनिधि पति अजय जायसवाल ने कहा कि कुशभवनपुर वासियों के लिये यह बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अयोध्या मंडल की बात छोड़िये पूरे



पूर्वांचल में वाराणसी को छोड़कर इतना ऊँचा तिरंगा ध्वज कहीं नही लगा है। तिरंगा लगने की सूचना से नगरवासियों में हर्ष का माहौल है। यह झंडा इलेक्ट्रिक मोटर के जरिए उतारा और चढ़ाया जाएगा। तिरंगे को विशेष किस्म के फैब्रिक से तैयार किया गया है। यह राष्ट्रीय ध्वज 600 स्क्वायर फीट का है। इस झंडे को फरीदाबाद की पिक एनर्जी कंपनी ने तैयार किया है नपा अध्यक्ष बबिता जायसवाल का कहना है कि इस झंडे को लगाने का मकसद देशभक्ति की भावना जागृत करना है। हर भारतवासी के मन में तिरंगे के प्रति सम्मान पैदा करना है।

# प्रचार का अड्डा बना साधन सहकारी समिति विभाग मौन

**ऊंचाहार।** वगैर अनुमति के सरकारी भवनो में फोटो चस्पा करना नियमत: नियम विरूद्ध है लेकिन नियमो को ताक पर रखकर साधन सहकारी समिति तक को त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव के मैदान मे रह रहे प्रत्याशियो के द्वारा अपना प्रचार प्रसार का अड्डा बना लिया गया है। ऊंचाहार ब्लाक के अन्तर्गत साधन सहकारी समिति खुर्रमपुर है। जिस समितियो में इन दिनो प्रधान, बीडीसी व जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव चिन्ह के फोटो से पाट रखा गया है।पूरे दिवारों मे यदि कुछ दिख रहा है तो प्रचार के पोस्टर चिस्पा हुए दिख रहे है। जिसको लेकर विभाग के समिति के सचिव क्या समिति आते नही या जानबूझकर अंजान बने हुए है। चुनावी एजेंडा के नियमो में सरकारी भवनो का दुरूप्रयोग प्रचार प्रसार के लिए न करने के लिए साफ साफ आदेशित किया गया है। जिसका अनुपालन त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में न करके प्रत्याशियो के द्वारा गाइडलाइन का मखौल उड़ाया जा रहा है।

# आग ने फिर बरपाया किसानों पर कहर, कई बीघा गेहूं राख

## ●नाकाम सबित हो रहा दमकल विभाग

**संवाददाता।** सुलतानपुर

**गर्मी व लू** का मौसम आने के साथ साथ अब आग का कहर भी शुरू हो गया है, लेकिन हैरत की बात तो यह है जिले व तहसील मुख्यालय पर अग्निशमन वाहन मौजूद होने के बाद भी अभी तक आग लगने वाले स्थल पर अग्निशमन वाहन कर्मी पहुँच सके है।जिससे जिले व तहसील स्तर के जिम्मेदारों पर सवालिया निशान खड़ा होने लगा है आखिर क्या कारण है कि अग्निशमन व फायर कमी मौके पर नही पहुँच पाते है और अन्न दाताओं को अपनी फसल खोने पर मजबूर होना पड़ता है।

चाँदा क्षेत्र में अंधियारी ग्रामसभा में अज्ञात कारणों से एक गेहूं के खेत में आग लग गई। आग लगने के चलते बड़ी मात्रा में गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। यह आग गांव के किसान रामसुख पाण्डेय, प्रेम शंकर पाण्डेय व कमलेश पाण्डेय के खेतों में लगी देखते ही देखते है आगे ने उग्र रूप भी धारण कर लिया। आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। इस दौरान समाजसेवी फौजी मंगेश यादव भी आग बुझाने में जुटे रहे। तत्पश्चात कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन एक बार कई बार सूचना के बावजूद दमकल वाहन पहुँचने मेंअसफल रहा।दूसरी ओर थाना गोसाईगंज क्षेत्र केतियरी ग्राम सभा में भी अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग गयी।जिससे सैकड़ों सैकड़ों बीघा हैगेहूं की फसल जलकर राख हो गयी ग्रामीणों द्वारा फोन करने के बाद भी दमकल विभाग कि कोई गाड़ी नही पहुँची। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

# शिकायत प्रकोष्ठ सेल पूरी तरह हुआ सक्रिय

**रायबरेली।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0)/डीएम वैभव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार निर्वाचन शिकायत प्रकोष्ठ सेल व मीडिया सेल पूरी तरह से सक्रिय है। शिकायत प्रकोष्ठ सेल खादी ग्रामोद्योग कार्यालय व मीडिया सेल सूचना कार्यालय में संचालित किया गया है। कोविड-19 कोरोना दुसरी लहर की गाइड लाइन का पालन करते हुए कार्य किये जा रहे है। खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी अवधेश कुमार गौतम की देख-रेख में निर्वाचन शिकायत प्रकोष्ठ में जो शिकायते प्राप्त हो रही है उसका निस्तारण एसडीएम व तहसीलदार आदि अधिकारियों से कराया जाता है। राज्य निर्वाचन आयोग से अबतक 21 शिकायते प्राप्त हुई है। प्राप्त शिकायतों को निस्तारण कराया जा चुका है। खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि शिकायत प्रकोष्ठ देर रात्रि तक कार्य करता है। जिलाधिकारी स्तर से 107 शिकायतें प्राप्त हुई है।

# प्रत्याशी के समर्थन में मेनका ने झोंकी ताकत

**संवाददाता।** सुलतानपुर



**भाजपा समर्थित** प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार में पूरी ताकत से जुटी सांसद मेनका संजय गांधी ने संसदीय क्षेत्र दौरे के चौथे दिन क्षेत्र भ्रमण में निकली सांसद मेनका संजय गांधी का काफिला सबेरे जिला अस्पताल पहुँचा। जिला महिला अस्पताल में उन्होंने कोविड टीकाकरण का उद्घाटन किया। यहाँ पर सांसद मेनका संजय गांधी ने कोरोना जांच भी कराई। कादीपुर, करौंदीकला, पीपी कमैचा, लंभुआ एवं भदैंया विकास खण्ड अन्तर्गत 11 जिला पंचायत वार्डो का दौरा किया और क्षेत्रवासियों से भाजपा के ईमानदार कर्मठ व जुझारू प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। मलिकपुर, बजरंगनगर, कनरवल एवं बांगरखुर्द में क्षेत्रवासियों से जनसंपर्क के दौरान सांसद मेनका संजय गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की मैं अकेली सांसद हूँ जो कोविद के बावजूद पंचायत चुनाव में वोट मांगने के लिए जनता के बीच जा रही हूँ। आपके पास एक बहुत ताकतवर सांसद है जो न तो पैसे लेती है और सुबह से शाम तक जनता की सेवा करती है।उन्होंने कहा एक सप्ताह का समय दान आपको पांच वर्षों की खुशहाली व विकास लाकर देगा। सांसद मेनका संजय गांधी ने रविवार को वार्ड नं 4 की प्रत्याशी शिवमूरता देवी,वार्ड 5 के प्रत्याशी रमेश प्रकाश सिंह ,वार्ड 6 नींबू लाल, वार्ड 41 की प्रत्याशी सुमन राव कोरी, वार्ड 42 जगदीश कुमार चौरसिया, वार्ड 44 अमित त्यागी, वार्ड 45 विनोद मिश्रा, वार्ड 40 सुशीला जायसवाल, वार्ड 38 उर्मिला सोनी एवं वार्ड 39 की प्रत्याशी रेखा निषाद के पक्ष में वोट देने की अपील की। देश प्रदेश व जिले में बढ़ते कोरोना प्रसार को लेकर गांधी ने लोगों को अधिक से अधिक कोविड-19 वैक्सीन लगवाने की अपील की है।सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि आज सांसद मेनका संजय गांधी के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष करूणा शंकर द्विवेदी, सुनील सोनी, संदीप प्रताप सिंह, बृजेश वर्मा, संजय सिंह सोमवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

# कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नर्सिंग संकाय में सेमिनार

**सुल्तानपुर।** कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नर्सिंग संकाय में जीएनएम प्रथम वर्ष के छात्राओं द्वारा बुखार एवं उसकी रोकथाम एव इलाज 'नामक विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। नाजनीन, मुक्ता, रोशनी, पिता, रौली, साक्षी, तथा खुशी आदि ने बुखार होने से संबंधित विभिन्न बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की तथा अन्य बिन्दुओं पर भी प्रकाश डाला। केएनजीआई के डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर डॉ एस डी शर्मा ने छात्राओं एवं संकाय के शिक्षकों को बधाई दी कार्यक्रम का संचालन अनुराधा श्रीवास्तव द्वारा किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रभारी श्रीमती नीना सक्सेना ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। राजेश दुबे, विशाल अल्बर्ट आदि शिक्षक उपस्थित रहे तथा तथा मुस्कान, आंचल, रोमा, मीनू, चंद्रावती दुबे, अर्चना सिंह, अलका पांडे आदि सभी शिक्षिकाएं मौजूद रहीं तथा उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# चर्चा में रहा मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण

**सुल्तानपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021में लगे मतदान कार्मिकों के तृतीय दिवस का प्रशिक्षण स्टेला मेरिस कान्वेंट स्कूल नरायनपुर सुलतानपुर में प्रात: 10 बजे शुरू हुआ। प्रशिक्षण ले रहे अध्यापक महेश चंद्र पांडेय प्राथमिक विद्यालय भीटी पहाड़पुर कादीपुर के रहने वाले है। उनकी जयसिंहपुर में डियूटी लगाई है। स्टेला मॉरिस में प्रशिक्षण के उपरांत दो सहयोगियों की मदद से जा रहे है। इनके सहारे वहां चुनाव होना है। जिला विकास अधिकारी डॉ. डी.आर.विश्वकर्मा ने सभी मास्टर ट्रेनर्स से कहा कि आप सभी मतदान कार्मिकों से मतपत्र लेखा, मतपेटी सील करना,पीठासीन डायरी, मतदान कार्मिकों के कार्य व दायित्व, मतदान सामग्री का मिलान, मतदान अभिकर्ता नियुक्ति, कम्पेनियन, सामान्य बूथ व स्पिलिट बूथ आदि पर चर्चा करें तथा इन टापिक से संबंधित वीडियो भी दिखायें स प्रत्येक कमरे में जाकर चल रही ट्रेनिंग की व्यवस्था व प्रशिक्षण के गुणवत्ता को जानने के लिए टेन्डर वोट, चौलेंज वोट,मतपत्र



लेखा आदि पर प्रतिभागियों से प्रश्न-उत्तर भी किया सआपने प्रतिभागियों से पूछा कि स्पिलिट बूथ क्या है?

इसका उत्तर देते हुए प्रतिभागी ने बताया कि जब किसी मतदेय स्थल पर एक ही पद के लिए दो या दो से अधिक वार्डों का निर्वाचन हो रहा हो तो उसे स्पिलिट बूथ कहते हैं स इस प्रकार के बूथ में संबंधित मतदाता को संबधित वार्ड का मतपत्र देना होता है स जिन मतपत्रों का प्रयोग मतदान में कर रहे हैं उसके पीछे सुभिन्नक चिह्न की मोहर लगा कर प्रविष्टियों को भरना व पीठासीन के हस्ताक्षर होना अति आवश्यक होता है। मतपत्र लेखा सभी पदों के लिए अलग-अलग बनेगा यदि किसी मतदेय स्थल पर एक से अधिक वार्डों का निर्वाचन हुआ है तो इन वार्डों का भी मतपत्र लेखा बनाना होगा स तृतीय दिवस के प्रशिक्षण में कुल 102 कार्मिक अनुपस्थित रहे, इनके खिलाफएफ आई. आर. कराया जा रहा है स मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पाण्डेय व सुनील सिंह ने बताया कि सभी मास्टर ट्रेनर पूरी तैयारी के साथ प्रशिक्षण दे रहे हैं स दोनों मास्टर ट्रेनर प्रत्येक कमरे में जाकर प्रशिक्षण संचालन में अकादमिक सपोर्ट भी कर रहे हैं।

जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के मार्गदर्शन व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स के निर्देशन में तैयार की गई मतदान प्रक्रिया पर आधारित वीडियो को भी प्रशिक्षण में दिखाया जा रहा है स मास्टर ट्रेनर डा.शरद सिंह, रणवीर सिंह, जलालुद्दीन, रणधीर सिंह, विनोद सिंह, मृत्युन्जय सिंह, आशुतोष सिंह, विशेष श्रीवास्तव, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, राम किशोर, मनोज प्रभाकर, रवीन्द्र सिंह, शशांक शेखर,दिलीप शर्मा,भानु प्रताप आदि सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

# भ्रष्टाचार के दोषी पूर्व चेयरमैन को भाजपा ने बनाया उम्मीदवार

## फिर बाहर निकला पूर्व नपा अध्यक्ष के भ्रष्टाचार का जिन्न

## अशोक कुमार गुप्त को लोकायुक्त ठहरा चुके हैं भ्रष्टाचार का दोषी

**संवाददाता।** बस्ती

**पूर्व** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता के भ्रष्टाचार का जिन्न एक बार फिर बाहर आ गया है। भाजपा द्वारा उन्हें जिला पंचायत सदस्य पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद से ही सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि भाजपा एक ओर भ्रष्टाचार का विरोध करती है, और दूसरी ओर ऐसे लोगों को उम्मीदवार घोषित करती है, जिसे लोकायुक्त तक ने भ्रष्टाचार का दोषी माना है। विपक्षियों को भी भाजपा को घेरने का मौका मिल गया है। नगर पालिका का क्षेत्र तो शहर तक सीमित था, मगर यहां तो पूरा जिला ही हाथ में होगा।

जिला पंचायत के भारी भरकम बजट और जिले के प्रथम नागरिक की कुर्सी पर अगर ऐसे लोग काबिज हो जाएंगे, जिनका भ्रष्टाचार का इतिहास रहा है, तो जिले का विकास कैसे होगा? यह सवाल आम जनता




पार्टी के जिम्मेदारों से कर रही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि बिना उम्मीदवारों की समीक्षा किए उम्मीदवार घोषित कर दिया गया। जिले में पार्टी से जुड़े कुछ लोग भी उन्हें जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी बनाए जाने को गलत ठहरा रहे है। उनका कहना है कि इससे पार्टी की साख गिरी है। लेकिन पार्टी की प्रतिबद्धता के चलते मुखर होकर विरोध न करना उनकी विवषता है। जिला पंचायत अध्यक्ष सीट इस बार आरक्षण में ओबीसी के खाते में जाने के बाद से ही उस पर काबिज होने के लिए भाजपा के कई चेहरे नजर गड़ाए हुए है।

जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीतकर अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने के लिए उनके द्वारा जीत के लिहाज से सुरक्षित सीट की तलाष की गई, ताकि जीत सुनिष्चित हो सके। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए की गई दावेदारी पर पार्टी की मुहर लगने के बाद क्षेत्र में बाकायदा प्रत्याषियों के प्रचार भी शुरू हो गए, लेकिन इन सबके बीच जिला पंचायत क्षेत्र गौर तृतीय से पार्टी उम्मीदवार घोषित अषोक कुमार गुप्ता के नगर पालिका अध्यक्ष रहते लगे भ्रष्टाचार के आरोप और लोकायुक्त की जांच में दोषी पाए जाने का मामला चर्चा में आ गया है। विपक्षी इस बहाने भाजपा पर भी निषाना साध रहे है। आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा भ्रष्टाचार के दोषी को न केवल बचा रही है, बल्कि उसे उम्मीदवार बनाकर फिर से लूट खसोट का मौका दे रही है। यदि ऐसा न होता तो भ्रष्टाचार के दोषी पर अब तक मुकदमा दर्ज हो गया होता और वे जेल के सींखचों के भीतर होते। जबकि इसी मामले में पूर्व पालिका अध्यक्ष का साथ देने वाले तत्कालीन स्वास्थ्य लिपिक/पेषकार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ओर से कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। फिलहाल भ्रष्टाचार के दोषी पूर्व नपा अध्यक्ष को जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर भाजपा सवालों के कटघरे में है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष महेष कुमार शुक्ल का कहना है कि अशोक कुमार गुप्ता पर लोकायुक्त द्वारा भ्रष्टाचार का दोष सिद्ध किया जाना उनकी जानकारी में नहीं है। कहा कि जानकारी देने के लिए धन्यवाद।

### दोनों की पत्नियों को भी लोकायुक्त ने माना दोषी

नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाले गोवर्धन सोनकर ने पूर्व पालिकाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्त और पेषकार विनोद कुमार पांडेय के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में साक्ष्य सहित लोक आयुक्त के यहां दो मई 2016 को परिवाद संख्या 3300-2015 दाखिल किया। इसके बाद जांच, साक्ष्य और स्पष्टीकरण का दौर चला। लोक आयुक्त न्यायमूर्ति संजय मिश्र की ओर जो 27 अक्टूबर 17 को निर्णय सुनाया वी काफी चौकाने वाला रहा। लोक आयुक्त ने दोनों आरोपी को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का दोषी माना, कहा कि यह उस समय अर्जित की गई जब दोनों आरोपी लोक सेवक के पद पर रहे। लोक आयुक्त ने दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमादर्ज करने और इसकी जांच सीबीआई, भ्रष्टाचार निवारण संगठन या उत्तर-प्रदेष सतर्कता अधिष्ठान द्वारा कराए जाने का सरकार को आदेष दिया। लोक आयुक्त ने पूर्व चेयरमैन की पत्नी आषा गुप्ता और पेशकार विनोद कुमार पांडेय की पत्नी रत्ना पांडेय के नाम लाखों रुपये की लागत से खरीदी गई जमीन को दोनों महिलाओं की ओर से दिखाई गई आय से अधिक का दोषी माना।

स्टांप की चोरी करने का भी दोषी माना, और कहा कि जिस जमीन की सर्किल रेट 28 लाख 50 हैं, उसे साढ़े चार लाख में दिखा कर लाखों रुपये के स्टांप की चोरी की गई। विनोद कुमार पांडेय के खिलाफ तो भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ओर से तो मुकदमा दर्ज कराया जा चुका, और अषोक कुमार गुप्त के खिलाफ केस दर्ज कराना बाकी है।

## कोविड टीकाकरण उत्सव में डीएम व एसपी ने पहुंचकर बढ़ाया मनोबल

**संतकबीरनगर।** वैश्विक महामारी कोरोना से जनता को बचाने के लिए जनपद में चार दिवसीय टीकाकरण उत्सव का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने किया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि अधिक से अधिक लोग आकर अपना टीकाकरण कराएं और खुद के साथ परिवार को सुरक्षित करें। यह टीकाकरण उत्सव आगामी 14 अप्रैल तक चलेगा। टीका उत्सव अभियान में 45 साल से उपर वालों के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान के तहत टीका लगाया जाएगा।

टीकाकरण उत्सव के शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी ने वहां पर टीकाकरण के लिए आई महिलाओं को गुलाब दिया। साथ ही साथ उनसे यह कहा कि अपने आसपास के लोगों को भी टीकाकरण के लिए भेजें। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद में टीकाकरण उत्सव के शुभारंभ के अवसर पर एसपी डा. कौस्तुभ, जिला क्षय रोग अधिकारी डा. एसडी ओझा, एसीएमओ वेक्टर बार्न व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद के अधीक्षक डा. वीपी पाण्डेय, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. एस रहमान आदि उपस्थित रहे।

# अब भानपुर तहसीलदार पर लगे गंभीर आरोप

## कई क्षेत्रों से विभिन्न तिथियों में की गई अनियमितता की शिकायत

## विधायक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सहित अन्य तहसीलदार को हटाने की कर चुके मांग

**संवाददाता।** बस्ती

**जिले** का अकेला भानपुर तहसील है, जहां के एसडीएम और तहसीलदार पर अनियमित कार्य करने का आरोप स्थानीय विधायक संजय प्रताप जायसवाल, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष चंद्रेश प्रताप सिंह, भैरो गिरी, शराफत अली और मनोज कुमार पांडेय सहित एक दर्जन पीड़ित व्यक्ति डीएम से लेकर मुख्यमंत्री और राजस्व परिषद में शिकायत करते हुए इन्हें हटाने की मांग कर चुके है। स्थानीय विधायक की ओर से तत्कालीन एसडीएम आशाराम वर्मा पर तो 43 फर्जी आवासीय पटटा करने तक आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग सीएम और डीएम से कर चुके है। इतनी शिकायतों के बाद भी ना तो कोई जांच हुई और हटाने की प्रक्रिया हुई, हर बार तहसीलदार को न जाने कैसे अभयदान मिल जाता है, जबकि जितनी भी शिकायतें की गई वह साक्ष्य और शपथपत्र के साथ की गई। शिकायतकर्त्ताओं का कहना है कि क्यों ऐसे तहसीलदार और एसडीएम को बचाया जा रहा है, जिसने आम जनता और सरकार दोनों का नुकसान किया है। हालांकि तत्कालीन डीएम की ओर से कार्रवाई करने की पहल भी गई, मगर उसे भी प्रभावित कर दिया गया, जबकि कई शिकायतकर्त्ता तहसीलदार के विरोध में बयान दर्ज और साक्ष्य भी उपलब्ध करा चुके है। वहीं तहसीलदार केसरी नंदन कहते हैं कि अगर आरोप सही होते तो उनके खिलाफ कार्रवाई भी होनी चाहिए थी, कहते हैं कि दो पक्षों में एक ही के पक्ष में निर्णय होगा, और जिस पक्ष को यह लगता है कि उसका नुकसान हुआ तो वह अनर्गल शिकायत करता है।

पीड़ित के शिकायती पत्रों और शपथ-पत्र के साथ मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष चंद्रेश प्रताप सिंह ने लिखा है कि भानपुर तहसील में बिना सुविधा शुल्क दिए कोई काम नहीं होता। यहां तक कि फर्जी आवासीय पटटा तक सुविधा शुल्क लेकर किए गए, जिसका खुलासा जांच में भी हो चुका है। ग्राम असनहरा के ताजा मामले में तहसीलदार ने भैरो गिरी एवं गंगाराम गिरी पुत्र रामसरन के जमीन के मामले में मृतक खातेदार गंगाराम रामसरन का वारिश मानते हुए दोनों भाईयों के हिस्से की जमीन को खाता संख्या 30 आदि में केतकी आदि के नाम कर दिया। जब गलत निर्णय की जानकारी तहसीलदार को दी गई, तो उन्होंने कहा कि निर्णय सही है, अगर गलत लगता है, तो अपर न्यायालय में अपील करिए। भाजपा नेता सहित अन्य पीड़ितों ने मुख्समंत्री से तहसीलदार की उच्च स्तरीय जांच की जाए,और जांच कराने से पहले इन्हें तहसील से हटाया जाए ताकि जांच प्रभावित न हो सके। वहीं विधायक ने भी कहा कि तहसीलदार के अनियमित कार्यो के चलते उनके विधानसभा क्षेत्र की जनता सबसे अधिक परेशान हो रही है। विधायक ने भी तहसीलदार के तबादले की मांग उठाई।

# कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाएं त्यौहार: जिलाधिकारी

**संवाददाता।** बस्ती

**आगामी** त्यौहार रामनवमी, नवरात्रि, माह-ए-रमजान, त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला शांति समिति की बैठक पुलिस लाइन सभागार में हुई। अध्यक्षता करते हुए डीएम सौम्या अग्रवाल ने कहा कि कोरोना वायरस के केसेज तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में पर्याप्त सावधानी एवं कोरोना प्रोटोकॉल अपनाते हुए सभी त्योहार मनाए जाएं, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। कहा कि 13 तारीख से नवरात्रि शुरू हो रही है और संभवत 14 अप्रैल से रमजान का महीना शुरू होगा। दोनों त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे बिजली, पानी, साफ सफाई आदि की व्यवस्था संबंधित विभाग द्वारा सुनिश्चित कराई जाएगी। कहा कि बस्ती में त्योहारों को एक साथ मनाए जाने की गौरवशाली परंपरा रही है। अपील किया कि इस परंपरा का निर्वाह करते हुए इस वर्ष भी त्योहारों को मनाए, पंचायत निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग करें। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि त्योहारों के दौरान त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया संचालित रहेगी। इस दौरान पूरे जिले में व्यापक सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने



पर इसकी जानकारी नजदीक के थाने को उपलब्ध कराएं। प्रत्येक सूचना अथवा घटना को संज्ञान में लेकर पुलिस तत्काल कार्यवाही करेगी। बैठक में एडीएम अभय कुमार मिश्र, एएसपी डीएन चौधरी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नंदकिशोर कलाल, एसडीएम आशाराम वर्मा, नीरज प्रसाद पटेल, सीओ धनंजय कुशवाहा, आलोक प्रसाद, शक्ति सिंह, शेषमणि उपाध्याय, सरदार जगबीर सिंह, सभी धर्मो के धर्मगुरु, शिक्षा अधिकारी व अन्य शामिल रहे।

**कोरोना महामारी से बचाव के लिए सतर्क रहें: सीएमओ**

**बस्ती।** कोरोना संकट की दूसरी लहर से बचाव के लिए एएनएम ट्रेनिंग सेन्टर में आयुष चिकित्सकों की बैठक हुई। सीएमओ डा. अनूप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हमें पूरी तैयारियों से जुट जाने की जरूरत है। जागरूकता अभियान के साथ ही चयनित अस्पतालों में कोविड-19 के रोगियों के इलाज हेतु पूरी तैयारी है। इस महामारी से बचाव के लिए हमें हर पल सतर्क रहना होगा।

एसीएमओ डा. फखरेयार हुसैन ने आयुष चिकित्सकों के भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि कठिन समय में आयुष चिकित्सक अपनी डियूटी पर जमे रहे। इसी का परिणाम रहा कि कोरोना की पहली लहर में बस्ती की स्थिति सबसे बेहतर थी। डीपीएम राकेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि संसाधन पहले से मौजूद है। हमें पूरी तत्परता से जुटकर कोरोना को परास्त करने में भूमिका निभानी होगी। इस अवसर पर डा. वीके वर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस की ओर से डा. सतीश चौधरी, डा. प्रदीप कुमार शुक्ल, डा. सुनील सौरभ, डा. दिनेश सिंह कुशवाहा, डा. अनिल मिश्र, डा. दीपिका सचान, डा. श्रद्धा सिंह आदि मौजूद रहे।

## संवेदनशील बूथ की डीएम व एसपी ने ली जानकारी



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ द्वारा संयुक्त रुप से थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र तेनुहारी दोयम व प्राथमिक विद्यालय पैली का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान बूथ पर बिजली, पानी व सुरक्षा समेत अन्य सुविधाओ का निरीक्षण किया गया व पोलिंग सेंटरों पर मतदाताओं की संख्या के हिसाब से आवश्यक प्रबंधन करने के लिये संबंधित को निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था व मतदान के समय मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े इसके लिए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिसंवेदनशील बूथों पर मतदाताओं द्वारा चुनाव में विवाद ना करने की अपील की गई व पंचायत चुनाव में हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# जयंती पर याद किए गए होम्योपैथी के जनक

## जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय में हुआ मूर्ति का अनावरण

**संवाददाता।** बस्ती

**होम्योपैथी** के जन्मदाता डा. सैमुएल हैनिमैन की जयंती पर मूर्ति का अनावरण कर उनके योगदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय की एसआईसी डा. रोचिश्मती पाण्डेय ने कहा कि डा. हैनीमैन ने जिस होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति को विकसित किया आज उसका विस्तार विस्तार घर-घर में हो गया है। होम्योपैथ पर लोगों का विश्वास बढ़ा है।

विशिष्ट अतिथि जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा. राम विशाल तिवारी ने कहा कि महात्मा हैनिमैन ने होम्योपैथी का आविष्कार कियाजिसे पुष्पित, पल्लवित करने का कार्य वरिष्ठ और युवा होमियोपैथ चिकित्सक कर रहे हैं। संरक्षक डा. केके सिंह, डा. अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि डा. हैनिमैन ने विश्व को एक ऐसी चिकित्सा पद्धति से साक्षात्कार करवाया जो जीभ पर पहुंचते ही संवेदी तंत्रिकाओं के माध्यम से अत्यन्त शीघ्रता से शरीर में पहुंच कर शरीर को स्वस्थ बनाने में सक्रिय हो जाती है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि होम्योपैथ एक वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति है,जिसमें रोग का नही



रोगी का इलाज किया जाता है। रोगी के लक्षणों पर आधारित चिकित्सा होने के कारण रोग जड़मूल से समाप्त हो जाता है। कहा कि होम्योपैथिक दवाएं हानिरहित और खाने में आसान होती हैं। जयंती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डा. एमपी यादव, डा. एनके सिंह गौतम, डा. केएम पाण्डेय, डा. शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, डा. जेपी शुक्ला, डा. टाइगर शक्ति सिंह, डा. श्वेतांग त्रिपाठी, डा. माया निषाद, डा. अनिल कुमार पाण्डेय, डा. बीवी मिश्र, डा. वीके वर्मा, डा. पीके त्रिपाठी, डा. गीता श्रीवास्तव, डा. अनिल मिश्र व अन्य शामिल रहे।

## गंजेड़ियों ने अप्राकृतिक दुष्कर्म के बाद की थी किशोर की हत्या

**बाराबंकी।** मासूम की हत्या कर शव बरगद के पेड़ से लटकाये जाने के मामले में पुलिस ने रविवार को एक बडा खुलासा किया है। गजेड़ियों ने सामूहिक अप्राकृतिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की थी और घटना को अलग रूप देने के लिये उसे पेड़ से लटकाकर फरार हो गये थे। पुलिस ने घटना मे शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया है। पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने घटनाक्रम का खुलासा करते हुए बताया कि थाना लोनी कटरा क्षेत्र के जोगिनी मंदिर के पास स्थित एक बरगद के पेड़ से लटकता एक मासूम का शव बीते 31 मार्च को पाया गया था। बाद मे उसकी शिनाख्त अरविन्द कुमार निवासी मिर्जापुर थाना कोठी के 12 वर्षीय पुत्र के रूप मे हुई थी। पिता द्वारा दी गयी तहरीर मे बताया गया था कि उसका पुत्र अपने मामा आशीष निवासी शिवनाम के घर 28 मार्च को गया था। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तबसे अभियुक्तो की तलाश मे जुटी थी। एसपी ने बताया कि इसके लिए पुलिस की दो टीमे भी गठित की गयी थी। शुक्रवार को पुलिस को तब सफलता मिल गयी जब मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर थानाध्यक्ष लोनीकटरा ने घटना में संलिप्त अभियुक्तों को खेनीपुर पुलिया शिवनाम के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार की बताया कि हम लोग शाम को करीब छह बजे शिवनाम मन्दिर के पास बैठकर गांजा पी रहे थे, उसी समय एक लड़का साइकिल चलाता हुआ आया। हम लोगों ने उसके साथ बुरा काम करने के लिए योजना बनायी।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चार लोग गंभीर रूप से घायल

सिद्धौर **( बाराबंकी )।** जैदपुर थाना क्षेत्र के नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज के पास सफदरगंज मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल से चार सदस्य हुए गंभीर रूप से घायल स्थानीय लोगों ने पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दिया मौके पर पहुंची जैदपुर पुलिस ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजार पुरवा कोटवा सड़क थाना रामसनेहीघाट क्षेत्र के निवासी 45 वर्षीय सुरेश, 33 वर्षीय धर्मेंद्र, 42 वर्षीय सुघरा तथा 26 वर्षीय मोहनी एक ही मोटरसाइकिल पर चारों सवार होकर सफदरगंज से होते हुए जैदपुर की ओर जा रहे थे। अचानक सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए तथा टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया।

# रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय मंडल 3120 का मंडलीय सम्मेलन संपन्न

**संवाददाता।** बाराबंकी

**रोटरी** अन्तर्राष्ट्रीय मंडल 3120 के मंडलीय सम्मेलन का आयोजन 11 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। कोविड नियमों के अनुसार इस दो दिवसीय कार्यक्रम को आभासी पटल पर आयोजित किया गया। मंडलाधयक्ष रो. करुणेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने रोटरी द्वारा संचालित मानवीय सेवा कार्यों की सराहना करते हुए अपने स्तर से हर संभव सहयोग का अश्वासन दिया। रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रोटेरियन होलगर नैक के प्रतिनिधि के रूप में रोटरी मंडल 3141 मुम्बई से सम्मिलित पूर्व मंडलाधयक्ष रोटेरियन प्रफुल्ल शर्मा ने मंडलाधयक्ष रोटेरियन के के श्रीवास्तव द्वारा करोना की विषम परिस्थितियों में भी सभी सेवा कार्यों को निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए बहुत बहुत बधाई प्रेषित की। सम्मेलन के दौरान रोटरी के सभी



आयामों पर रोटरी के विशिष्ट वक्ताओं ने परिचर्चा में सम्मिलित हो कर अपने अनुभव और विचारों से अवगत कराया। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि गोरखपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद भोजपुरी एवं बालीवुड फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता रवि किशन अपनी आभासी उपस्थिति से इस सम्मेलन को गौरवान्वित किया। अपने उदबोधन में रवि किशन ने रोटरी के सभी मानवीय सेवा कार्यों विशेष रूप से दलित पिछड़े वर्ग के स्वास्थ्य शिक्षा उत्थान के लिए संचालित सेवा प्रकल्पों की बहुत सराहना की और रोटरी के माध्यम से अधिक से अधिक करोना टीकाकरण अभियान को सफल बनाने की मुहिम चलाने का संकल्प लिया। उत्तर प्रदेश की महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू चौधरी ने भी महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में रोटरी द्वारा किये गये कार्यक्रमों की बहुत सराहना की। इस कार्यक्रम में विभिन्न सेवा क्षेत्रों के विशिष्ट कार्यकर्ताओं को भी रोटरी अलंकरण से सम्मानित किया गया।

## आग से 200 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट

रामनगर **( बाराबंकी )।** तहसील क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से 200 बीघा से अधिक पकी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। सूचना पर पहुचे राजस्व कर्मी आग से हुए नुकसान का आकलन करने मे जुटे हैं। रामनगर थाने के बड़नपुर गांव जनपद बहराइच के बॉर्डर पर स्थित है रविवार को इस गांव मे आग लग गयी जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते आग ने धीरे-धीरे इतना विकराल रूप ले लिया कि पड़ोसी जनपद बहराइच के अहाता गांव तक पहुंचकर से सैकड़ों बीघा फसल जलकर खाक कर दिया।आगजनी की जानकारी मिलने पर ग्रामीण खुद ही आग बुझाने में जुट गए व पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। काफी देर में पहुंची दमकल की गाड़ी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला बड़नपुर निवासी प्रवेश शुक्ला, राम बाबू त्रिवेदी लाले यादव सहित अन्य खेत की फसल जलकर खाक हो गयी। वहीं लेखपालों से बात करने पर पता चला कि उन्होंने रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जैदपुर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

## 300 ग्राम मारफीन इम्पीरियल ब्ल्यू व रायल स्टेग की 1804 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**संवाददाता।** सिद्धौर (बाराबंकी)

**थाना** जैदपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थ के परिवहन, तस्करी करने वालों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने एक अन्तर्राज्यीय मारफीन तस्कर को 300 ग्राम मारफीन के साथ गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एंबुलेन्स में ले जायी जा रही इम्पीरियल ब्लू व रायल स्टेग की 1804 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का बरामद किया। मौके से ड्राइवर व अन्य व्यक्ति फरार हो गये, जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर प्रयास किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में थाना जैदपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पूछताछ में ओसामा ने बताया कि इस कार्य में परिजन व




रिश्तेदार भी सम्मिलित है। उसके बहनोई बाहर से क्रूड माल लेकर आते है और भाईयों द्वारा केमिकल के माध्यम से रिफाइन करके फाइन मारफीन बनाया जाता है। इसके बाद मारफीन की सप्लाई लखनऊ, अयोध्या, गोण्डा और पश्चिम के जनपदों में किया जाता है। शातिर मारफीन तस्कर मो. तैयब जो पूर्व में 53 किग्रा मारफीन में जेल गया था

# मुख्तार गिरोह के दो गुर्गे जिला बदर



### पांच शातिर अपराधी शामिल

### पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट पर डीएम ने की कार्रवाई

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व कानून,व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर लिया गया एक्शन

संवाददाता। मऊ

जिले में कानून.व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक सुशील घुले की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी अमित सिंह बसंल ने माफिया डॉन मुख्तार अंसारी आपराधिक गिरोह के दो सहयोगियों समेत कुल सात शातिर अपराधियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई किया है। जिला बदर होने वालों में मुख्य रुप से मुख्तार अंसारी गिरोह के सहयोगी तन्मय राय पुत्र विनोद राय निवासी सहरोज थाना कोपागंज को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। वहीं अंकित राय पुत्र धुवदंत्त राय निवासी सहरोज थाना कोपागंज को भी छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। वहीं अन्य जिला बदर किए गए शातिर अपराधियों में खुर्शीद अहमद पुत्र शमशुद्दीन अहमद निवासी रोपनपुर थाना मधुबन को भी छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। वहीं प्रमोद यादव पुत्र रामबदन यादव निवासी शाहपुर थाना दोहरीघाट को छह माह के लिएए सनोज राजभर पुत्र शिवचरन राजभर निवासी तिघरा डढ़िया थाना घोसी को छह माह के लिएए बाला पुत्र दूधनाथ निवासी तिघरा डढ़िया थाना घोसी छह माह के लिएए विशाल राजभर उर्फ जमजेर पुत्र रामजनम राजभर उर्फ चुन्नु राजभर निवासी तिघरा डढ़िया थाना घोसी को भी छह माह के जिला बदर किया गया है।

## मुख्तार के करीबी के घर लखनऊ एसटीएफकी छापेमारी

### मुख्तार के करीबियों व परिजनों से पूछताछ करके वापस लौटी टीम

**संवाददाता। मऊ।** मऊ सदर से विधायक व कई मामलों में जेल में निरुद्ध मुख्तार अंसारी को यूपी की बांदा जेल लाने के बाद उत्तर प्रदेश की पुलिस व स्पेशल टास्क फोर्स अब बाहुबली विधायक के सम्बन्धियों की कुंडली खंगालने में जुट गई है। इसी क्रम में लखनऊ एसटीएफकी टीम ने स्थानीय कोतवाली अन्तर्गत नगर के निवासी एक व्यक्ति के यहां रविवार को छापेमारी की व करीबियों व परिजनों से पूछताछ करने के बाद टीम वापस लौट गई। स्थानीय कोतवाली अन्तर्गत नगर के मलिकपुरा निवासी व माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी जियाउल्लाह के घर रविवार की दोपहर करीब 12 बजे लखनऊ से आई स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने छापा मारा व परिजनों से मुख्तार अंसारी से कनेक्शन के बार में पूछताछ की। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद पंजाब की रोपण जेल से मुख्तार अंसारी को यूपी की बांदा जेल लाने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस और एसटीएफ ने मुख्तार अंसारी के करीबियों पर सिकंजा कसना शुरु कर दिया है इसी क्रम में जनपद में लखनऊ से पहुंची एसटीएफ की टीम ने स्थानीय कोतवाली अन्तर्गत नगर के मलिकपुरा निवासी के घर छापा मारा व कई घंटे तक पूछताछ की हालांकि टीम ने किसी को हिरासत में नहीं लिया व पूछताछ के बाद वापस लौट गई। पूर्व में मुख्तार के करीबी रहे जियाउल्लाह के कारोबर व अन्य हर प्रकार की गतिविधियों को खंगालने के लिये एसटीएफकी टीम ने छापेमारी की व गहनता से पूछताछ की।

# सपाइयों ने धूम से मनाई ज्योतिबाफुले की जंयती

संवाददाता। रजापुर



समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट भवन पर रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 194वीं जयंती जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि समाज का विकास शिक्षा से ही संभव है। शिक्षा से ही समाज में फैल रही कुरीतियों और बुराइयों को मिटाया जा सकता है। ज्योतिबा फुले सभी समाज के आदर्श है। उन्होंने कहा कि ज्योतिराव गोविंदराव फुले भारत के महान विचारकए समाजसेवीए लेखक और दार्शनिक में गिने जाते है।

इनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को हुआ था। इन्होने समाज में महिलाओं के उत्थान के लिए काफी कार्य किये। यहीं नहीं महिलाओं के देश का पहला शिक्षा स्कूल खोला था। इसके अलावा वो भारतीय समाज में होने वाले जातिगत आधारित विभाजन और भेदभाव के कट्टर दुश्मन थे। उस समय महाराष्ट्र में जाति प्रथा बड़े पैमाने पर फैली हुई थी इसके लिए उन्होने प्रार्थना समाज की स्थापना की। उन्होने अपनी पत्नी सावित्री को पढ़ाया और वो दुसरो को पढ़ाने लगी। सावित्री बाई फुले आगे चलकर देश की पहली प्रशिक्षित महिला अध्यापिका बनी। 1888 में उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई थी। जयंती समारोह में विजय फौजी, धनश्याम साहू,रामजी बिन्द,जगदीश बिन्द, चन्द्रशेखर विश्वकर्मा, शमशाद खा, आशुतोष मिश्रा, रत्नेश श्रीवास्तव, अशोक मिश्रा, विनोद यादव, कल्लू यादव, राजकुमार यादव, शशांक यादव, रमेश गौड़, नियादर सिंह, जगदम्बा चैधरी, मनीष यादवए श्रृषिराज यादव, प्रभात यादव आदि मौजूद रहे।

# नौ न्यायिक अधिकारियों का स्थानान्तरण कुछ के कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव

**मऊ।** सिविल कोर्ट के नौ न्यायिक अधिकारियो का स्थानान्तरण गैर जनपदो के लिए हो गया है। सभी स्थानान्तरित अधिकारी कल सोमवार को अपरान्ह तक अपना कार्यभार छोड़कर अपने स्थान्तरित जनपदों में अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। उच्च न्यायालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जिले में तैनात परिवार न्यायाधीश फूलचन्द पटेल का स्थानान्तरण मेरठ के लिएए अनुराधा रानी का स्थानान्तरण सहारनपुर के लिए कर दिया गया है। साथ ही साथ विशेष न्यायाधीश पास्को सुरेश कुमार गुप्ता का स्थानान्तरण बरेली जनपद के लिए एडीजे पद पर हुआ है। वहीं गैर जनपद से मऊ जनपद में आने वाले न्यायिक अधिकारियों में अभिनव कुमार मिश्रा मुरादाबादए आनन्द प्रकाश सिंह लखनऊ व दिनेश कुमार चौरसिया इटावा से एडीजे के पद पर स्थानान्तरित होकर मऊ जनपद आ रहे हैं। वहीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद कुमार शर्मा का स्थानान्तरण मेरठ अपर सीजेएम के पद पर हुआ हैए उनके स्थान पर उन्नाव से फारूक इनाम सिद्दीकी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सिविल जज सत्यबीर सिंह लखनऊ एसीजेएम बने हैं। उनके स्थान पर बस्ती से कुंवर मित्रेश कुमार कुशवाहा सचिव बनाए गए हैं। साथ ही साथ सिविल जज सीनियर डिविजन शुभम वर्मा गाजियाबाद सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण बनाए गए हैं। वहीं उनके स्थान पर रामपुर से श्वेता चौधरी सिविल जज का कार्यभार लेगी व अपर सिविल जज अभिलाषा व सिविल जज जूनियर डिविजन सदर न्यायाधीश पंकज का स्थानान्तरण बुलन्द शहर के लिए इन्हीं पदों पर हुआ है। वहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट बलवन्त भारती का प्रमोशन करके सिविल जज सीनियर डिविजन महाराजगंज बनाया गया है। उनके स्थान पर यही तैनात अपर सिविल जज जूनियर डिविजन अलका नेहल कार्यभार लेगी। वहीं तैनात सिविल जज जूनियर डिविजन मुहम्मदाबाद बाद वकील को सिविल जज जूनियर डिविजन सदर व उनके स्थान पर अपर सिविल जज जूनियर डिविजन अमित मणी त्रिपाठी की तैनाती किया गया है। अपर सिविल जज जूनियर डिविजन अभिलाषा के स्थान पर अमित कुमार यादव बस्ती जिले से व अम्बेडकर नगर से आ रही प्रीति भूषण सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक का कार्यभार लेगी। बताते चलें कि जनपद न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार सिन्हा पिछले हफ्ते स्थानान्तरित होकर गाजियाबाद चले गए हैं। उनके स्थान पर नवागत जनपद न्यायाधीश शंकर लाल ने जिला जज का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

## मीरजापुर में भी रात्रिकालीन कर्फ्यू

**मीरजापुर।** कोविड-19 के प्रभावी नियंत्रण हेतु स्थानीय प्रतिबन्ध लगाये जाने सम्बन्धी प्रावधान के अनुपालन में जनपद मिर्जापुर में कोविड.19 के संक्रमण के प्रकरणों पर प्रभावी नियंत्रण के दृष्टिगतए मैंए जिला मजिर्ट्रेट, मिर्जापुर 11 से अग्रिम आदेश तक प्रतिदिन रात्रि 09.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक जनपद मिर्जापुर में निम्नवत् व्यवस्था के अनुसार रात्रिकालीन आवागमन एवं संव्यवहार तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्धित करता हूँ।

## मारपीट मामले में चालान

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस ने थानाक्षेत्र के ग्राम सभा जरहां के टोला नीमडॉड़ में मारपीट के मामले में रविवार को रणविजय पुत्र रमेश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी को पुलिस ने सी आर पी सी की धारा 151, 107 व 116 के तहत चालान कर अग्रीम कार्रवाई हेतु सम्बंधित न्यायालय में पेश किया।

## चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**मुग़लसराय,चन्दौली।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान पड़ाव क्षेत्र से 2 लोगों को गिरफ्तार किया । बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पड़ाव से दो शातिर चोर चोरी की मोटरसाइकिल से मुगलसराय की तरफ आ रहे हैं जिनके पास नाजायज हथियार भी है ।

जिसकी सूचना पर कोतवाली पुलिस ने डांडी पड़ाव के पास से चेकिंग अभियान चलाने लगी वही चेकिंग अभियान के दौरान दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जो पुलिसकर्मियों को चेकिंग करता देख मोटरसाइकिल मोड़ भागने के फिराक में थे । जिसे पुलिस टीम द्वारा दौड़ाकर पकड़ लिया गया जिनके पास से पुलिस ने 2 चोरी की मोटरसाइकिलएएक तमंचाएएक जिंदा कारतूस व एक चाकू बरामद किया।पकड़े गए लोगों में दीपक गोंड व विजय कुमार जनपद चंदौली निवासी बताए जाते हैं।जिन पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# विश्व होम्योपैथी दिवस पर मनाया गया डॉ. हैनीमैन की जयंती

### गाजीपुर तिराहा स्थित रामकुमार गिरजा देवी मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संवाददाता। मऊ



होम्योपैथी के अविष्कारक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में समारोह पूर्वक गाजीपुर तिराहा स्थित रामकुमार गिरजा देवी मेमोरियल ट्रस्ट में मनाया गया। इस दौरान डॉ. हैनीमैन के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

जिला अस्पताल की प्रभारी होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नम्रता श्रीवास्तव ने कहा कि पूरा विश्व डॉ. हैनिमैन का कृतज्ञ है। क्योंकि डॉ हैनिमैन ने एक ऐसी चिकित्सा विधा का आविष्कार किया है जो गंभीर से गंभीर बीमारी को मामूली खर्च में रोगी के शरीर पर बिना कोई साइड इफेक्ट डाले जड़ से खत्म करने वाला है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि पहले के मुकाबले अब होम्योपैथी में अनेकों नई दवाएं आ गई है जो किसी भी बीमारी को जड़ से ठीक कर सकती है। महिलाओं व बच्चों के लिए होम्योपैथी रामबाण है बस आवश्यकता इस बात की है कि अपने डॉक्टर पर भरोसा कर समय से दवा का सेवन करें और चिकित्सक के अनुसार खानपान करें। वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सक चाहे वो सरकारी सेवा में हो या निजी चिकित्सालय चलाते हों बेहद सीमित संसाधन में जनता जनार्दन की सेवा करते है। अगर सरकार के स्तर पर और अधिक संसाधन मिले तो भारत जैसे विशाल देश को संपूर्ण स्वस्थ किया जा सकता है और अधिक देश तेजी से आत्मनिर्भर व समृद्ध शाक्तिशाली बन सकता है। डॉण् श्रीवास्तव ने करोना की दूसरी लहर से बचने के लिए आर्सेनिक एलबम 30 पावर की होम्योपैथिक दवा सप्ताह में एक खुराक दवा पूरे परिवार को लेते रहने की सलाह दिया। आयुष आरोग्य काढ़ा दोनों समय पूरे परिवार सहित पीने की सलाह दिया। साथ ही साथ कोविड गाइड लाइन जैसे अनिवार्य रूप से मास्क लगानेए भीड़ से बचनेए दो गज की सामाजिक दूरी बनाऐ रखनेए नियमित हाथों को धुलने व सेनेटाइजर लगाने का कड़ाई से पालन करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रुप से सतीश तनवानी, हीरा लाल गुप्ता, हरिनारायण पाण्डेय, सौरभ बंसल, नेहा, ज्योति, अवधेश, अदिति, आयुष, आव्या आदि उपस्थित रहे।

## सोनभद्र जिले में 136 लोग मिले कोरोना संक्रमित

संवाददाता। सोनभद्र

रविवार को जिले में कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से 136 लोगों को संक्रमित पाए जाने के बाद चिंता की लकीरें न सिर्फ आम जनमानस बल्कि प्रशासनिक



महकमे में भी दिखाई देने लगी है एक दिन में कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से अब तक के पाए जाने वाले लोगों की सबसे बड़ी संख्या है जब 24 घंटे में 136 लोग कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण का शिकार हुए हैं कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से रोकथाम को लेकर किए जा रहे सारे उपाय नाकाफी साबित हो रहे हैं पिछले कई दिनों से बड़ी संख्या में जनपद में मिल रहे संक्रमित मरीजों को लेकर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी।

## मनरेगा के महिला मेटों का प्रशिक्षण

**सोनभद्र।** मनरेगा के काम से अकुशल मजदूरों को एक वर्ष में सौ दिन रोजगार देने व गांव के प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने में महिलाओं की भागीदारी बढाने की दृष्टि से महिला मेठ नियुक्त किया गया है। महिला मेठ 100 जाबकार्ड धारक परिवार के बीच एक या प्रत्येक गांव में कम से कम एक होगीं। नवनियुक्त 60 महिला मेठों का बनवासी सेवा आश्रम गोविन्दपुर में टीम के सहयोग से दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें ब्लाक म्योरपुर



के खंड विकास अधिकारी निरंकार मिश्र ने महिला मेठों को उनके कार्य व जबाबदेही को लेकर जानकारी दिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षक आर बी सिंह द्वारा मनरेगा के तकनीकि ज्ञान दिया गया। इससे पहले प्रतिभागियों व शुभाबहन विमल भाई आशिष कुमार द्विवेदी दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत किया गया। इस मौके पर नीरा बहन अमित पाण्डेय गोविन्द राजभर विकास कुमार, केवला दूबे देवनाथ भाई सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# डीआईजी हाजीपुर ने डीडीयू जंक्शन का किया निरीक्षण

संवाददाता। मुग़लसराय,चन्दौली

रेलवे सुरक्षा बल पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के डीआईजी डीके मौर्या द्वारा डीडीयू जंक्शन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त आशीष मिश्राएसहायक सुरक्षा आयुक्त एच एन रामएनिरीक्षक संजीव कुमार, निरीक्षक आर आर कछवाहा इत्यादि मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम महिला बैरक का निरीक्षण किया व निर्माण कार्य को और जल्दी खत्म करने का निर्देश दिए।इसके उपरांत डीडीयू जंक्शन पर मौजूद मार्गरक्षण विश्राम कक्ष का निरीक्षण किए एवम मार्गरक्षण दल के लिए बनाए गए।बैरक की प्रशंसा किए साथ ही कोरोना से बचाओ हेतु मास्क पहने और सोशल डिस्टेंस का पालन करने का निर्देश दिए। इसके बाद रिजर्व लाइन डीडीयू में पहुंचे जहां सुरक्षा सम्मेलन लिए और कोविड 19 के प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश दिए साथ ही जवानों के समस्या के बारे में भी जाने और उसका निदान करने का आश्वासन दिए। बाद रिजर्व लाइन के साथ साथ डॉग स्क्वायड का भी निरीक्षण किए।

# राजधानी एक्सप्रेस से सफर कर रही महिला के साथ छेड़खानी

### जीआरपी ने भेजा जेल

संवाददाता। मुग़लसराय, चंदौली

**रेलवे सुरक्षा बल** कि मेरी सहेली टीम द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाने के बाद भीए ट्रेनों मैं छेड़खानी के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला 02314 नई दिल्ली सियालदह राजधानी एक्सप्रेस का है। जहां ।,3 कोच के बर्थ संख्या 22 पर सो रही महिला के साथ उसी कोच में सफर कर रहे युवक ने छेड़खानी की। महिला द्वारा दिए गए लिखित तहरीर के आधार पर जीआरपी ने युवक को गिरफ्तार संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार 02314 नई दिल्ली सियालदह राजधानी एक्सप्रेस में नई दिल्ली से धनबाद के लिए ।.3 कोच के 22 नंबर बर्थ पर सफर कर रही एक महिला के साथ छेड़खानी की गई।छेड़खानी करने वाला युवक उसी कोच में सफर कर रहा था। महिला ने बताया कि जब मैं सो रही थी उसी दौरान मिर्जापुर स्टेशन के समीप मुझे नींद में अहसास हुआ कि कोई मेरे शरीर को स्पर्श कर रहा है मैं तुरंत जगी उस युवक को पकड़ लिया। जब हमने देखा तो वो हमारे कोच में बर्थ संख्या 11 पर सफर कर रहा युवक था। घटना की जानकारी मिलते ही डीडीयू जंक्शन पर मेरी सहेली और अन्य पुलिसकर्मी ट्रेन के प्लेटफार्म संख्या एक पर खड़े होते हैं। उक्त कोच में पहुंचकर महिला से उसकी आपबीती सुनीए उसके बाद युवक को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम पवन कुमार बंसल निवासी नई दिल्ली बताया। इस संबंध में जीआरपी प्रभारी आरके सिंह ने बताया किए मामले की जानकारी मिलते ही ट्रेन से युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में 11 एकड़ गेहूं की फसल हुई राख

**धानापुर,चन्दौली।** अज्ञात कारणों से लगी आग में रविवार को सोनहुली गांव में गामा सिंह की मड़ई सहित दर्जनों लोगों की ग्यारह एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। क्षेत्र के सोनहुली व कवलपुरा गांव के खेत आपस मे सटे हैं। रविवार को अज्ञात कारणों से आग लग लग गयी। बताया जाता है कि सोनहुली निवासी रमाशंकरए राम चंदरए सुर्यनाथए झूरीए शिवमूरतएविजय शंकरएराजदेईए अंगद सिंह और कवलपुरा निवास ब्रह्मदेव सिंहएसत्यदेव सिंहएबिनोद सिंह का लगभग 11 एकड़ फसल जलकर खाक हो गयी। गामा सिंह की मड़ई में आग लगने से मशीन पर रखे दैनिक उपयोग के सामान जलकर राख हो गए।आग इतना विकराल था कि ग्रामीणों के पसीने छूट गए।जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुचती तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। अगलगी की सूचना मिलते ही मौके स्थानीय पुलिस ने पहुच मौके का जायजा लिया। गांव के लोगों ने इस घटना पर दुख प्रकट किया है और सरकार से मांग की है कि किसानों के जलकर हुई राख फसल का उचित मुआवजा दिया जाए। ताकि किसान को राहत मिल सके। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। बता दें कि ? इन दिनों अन्?य कई जगहों पर भी आग लगने के किस्?से भी सामने आने लगे हैं।

# शराब व तमंचे के साथ दो गिरफ्तार



संवाददाता। धानापुर,चन्दौली

### मैजिक से शराब ले जा रहे थे बिहार

### रामरजाय पुलिया से हुई गिरफ्तारी

स्थानीय पुलिस ने रविवार को प्रात: लगभग 4 बजे भोर में रामरजाय पुलिया के पास से एक मिनी ट्रक से लाखों रुपये के नाजायज शराबए दो 315 बोर तमंचा औए दो जिंदा कारतूस के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक मो सलीम एवं शिवमणि त्रिपाठी हमराहियों के साथ नहर पुलिया पर वाहनों की जांच शुरू कर दिए। इसी दौरान बिहार की तरफ जा रही एक मिनी ट्रक में बनाये गए अलग से बॉक्स में रॉयल स्टैग की 12 अदद बड़ी बोतल तथा 72 अदद छोटी बोतल एवं 8 पीएम की 478 अदद पाउच के साथ 315 बोर की दो तमंचा एवं दो कारतूस बरामद हुआ। बरामद शराब का मूल्य लगभग एक लाख बताई जा रही है। बरामद सामान के साथ पिंटू कुमार निवासी महाजन टोली आर बिहार तथा छोटू निवासी बरहमपुर बक्सर बिहार को पुलिस ने गिरफ्तार कर मु0आ0स0 50ধ21 धारा 60ধ63 आबकारी अधि0 व मु0आ0स0 51ধ21 धारा 3ধ25 आर्म्स एक्ट में जेल भेज दिया है।

## एंटी रोमियो टीमों ने बालिकाओं का बढ़ावा आत्मविश्वास

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीमों ने मानिकपुर, मऊ सब्जीमंडी, रामलीला मैदान, आनन्दी माता मन्दिर में भ्रमण कर महिलाओं को जागरूक कर कहा कि कोई समस्या होने पर फोन करें।

एंटी रोमियो टीम थाना राजापुर में खटवारा, गइला रोड व कस्बा राजापुर में भ्रमण किया। एंटी रोमियो टीम महिला थाना कर्वी ने भैरोपागा, चिल्ली चौराहा, संतोषी माता मन्दिर में भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्स हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व अपने-अपने थानों के सीयूजी नम्बर देकर जागरूक किया। महिलाओं से कहा कि मास्क लगाकर कोरोना के नियमों का पालन करें। कोरोना वैक्सीन अवश्य लगवायें।

# आग लगने से कई बीघे गेहूं जलकर हुआ स्वाहा



संवाददाता। चहनियां,चन्दौली

बलुआ थाना क्षेत्र मे बढ़ते तापमान के चलते आए दिन आगजनी की घटनाओं से किसानों के ऊपर आफत बरस रही है।बलुआ थाना क्षेत्र के राधे के मड़ाई गांव में रविवार को दोपहर में अज्ञात कारणों से लगी आग के कारण लगभग 10 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई।

आग की लपटों को देख लोग दौड़ने लगे। तेज हवा के झोंकों के कारण आग की लपटें उठ रही थी।सैकड़ो की संख्या में जुटे लोग लाठी.डंडे और अपने संसाधनों से आग को बुझाने में जुटे हुए।जब तक आग बुझाई जाती तब तक लगभग 4 किसानों के 10 बिगहे से अधिक गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आग लगने से बद्दू सिंहए मुन्ना सिंहए रामदेव रामए अतुल पांडे सहित अन्य किसानों की फसल जलकर नष्ट हो गई। आग लगने की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो वह मौके पर पहुंची लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझने तक नही पहुँची। ग्रामीणों की कड़ी मेहनत से आग पर काबू पाया गया।

## शुभम् को हिन्दुस्तानी एकेडमी युवा सम्मान

**मीरजापुर।** जनपद के युवा नवगीतकार शुभम् श्रीवास्तव ओम को उनके नवगीत संग्रह श्गीत लड़ेंगे अँधियारों से के लिए हिन्दुस्तानी एकेडमी, प्रयागराज द्वारा वर्ष. 2020 के लिए हिन्दुस्तानी एकेडमी युवा सम्मान दिये जाने की घोषणा की गयी है।

सम्मान स्वरूप उन्हें 11 हजार रुपये प्रदान किये जायेंगे। जनपद के विकास खण्ड पहाड़ी अन्तर्गत बेलवन ग्राम में जन्मे शुभम् श्रीवास्तव ओम वर्तमान में तहसील सदर में कार्यरत हैं। उनकी अबतक दो नवगीत कृतियाँ श्फिर उठेगा शोर एक दिनेश् व श्गीत लड़ेंगे अँधियारों सेश् प्रकाशित हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त उनकी रचनाएँ प्राय: देश की महत्वपूर्ण पत्र.पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं। उन्हें इससे पूर्व भी अनेक प्रतिष्ठित साहित्यिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जा चुका हैं जिनमें उप्र हिन्दी संस्थान का श्हरिवंशराय बच्चन युवा गीतकार सम्मान राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान का फिराक गोरखपुरी पुरस्कार, अभिव्यक्ति विश्वम् का नवांकुर पुरस्कार् आदि महत्वपूर्ण हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जनपद के साहित्यकारों सर्वश्री गणेश गम्भीर,भोलानाथ कुशवाहाए लल्लू तिवारी, इम्तियाज अहमद गुमनाम, श्याम अचल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है साथ ही उपजिलाधिकारी सदर गौरव श्रीवास्तव,तहसीदार सदर सुनील कुमार,फिरदौस कौसर, विनोद सिंह, धीरज किशोर सिंह, बेनू यादव, सुशील तिवारी आदि समेत सम्पूर्ण तहसील परिवार ने हर्ष जताया है।

## वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में किया पेश

**बीजपुर/सोनभद्र।** न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में स्थानीय पुलिस ने ग्राम सभा डोडहर निवासी रमाकांत उर्फ लोलो बैगा पुत्र रामधन बैगा नामक वारंटी को रविवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी को पुलिस ने अग्रीम कार्रवाई हेतु संबंधित न्यायालय में पेश किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार वारंटी के ऊपर न्यायालय में 25 आर्म्स एक्ट का मुकदमा चल रहा था। आरोपी के समय से न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था।

# जिले में फूटा कोरोना बम एक साथ मिले 111 मरीज

**संवाददाता**। गोंडा

**जिला** प्रशासन द्वारा रविवार की शाम जारी कोरोना बुलेटिन के अनुसार कोरोना के 111 नए मरीज मिले हैं। वहीं अब तक 1392 मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज किये चुके हैं। इसके अलावा होम आइसोलेशन में रखे गए मरीजों में से 15 मरीजों की आइसोलेशन अवधि पूरी हो जाने के साथ ही अब तक 3724 मरीज अपना आइसोलेशन की अवधि पूरी कर चुके हैं। इसलिए उन्हें भी डिस्चार्ज मरीजों की श्रेणी में रखा गया है। जिले में अब तक 72 मरीजों की कोरोना से मौत हो चुकी है। इस प्रकार 11 अप्रैल तक जिले में सक्रिय मरीजों की कुल संख्या 496 है। कोरोना बुलेटिन के अनुसार जिले में अब तक 388509 व्यक्तियों का नमूना परीक्षण के लिए लिया जा चुका है, जिसमें से 387227 लोगों की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। इसमें से 371573 व्यक्तियों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जिले के 126 बिस्तरों वाले कोविड-19 चिकित्सालय में 46 मरीज तथा 100 बिस्तरों वाले एससीपीएम हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड लेबल-2 अस्पताल में 35 मरीज भर्ती हैं। वहीं जिले के बाहर विभिन्न अस्पतालों में चार मरीज भर्ती हैं। इसके अलावा 411 मरीजों को आइसोलेशन में रखा गया हैं।

## कोविड-19 की गाइडलाइन के अनुपालन में चलाया अभियान



**गोंडा**। वैश्विक महामारी कोरोना के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों व बैरियर प्वांइन्टों पर आम जनमानस को मास्क व सैनिटाइजर का उपयोग करने तथा सामाजिक दूरी बनाए रखने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही जरूरतमंदों को मास्क भी वितरित किया गया। इस मौके पर कोविड-19 की गाइड लाइन का अनुपालन न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चालान भी किया गया।

## भाजपा ने 11 सदस्यों को पार्टी से किया निष्कासित

**श्रावस्ती**। पंचायत चुनाव की नजदीक आते ही बीजेपी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल अपने 11 सदस्यों को छह वर्षो के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा के श्रावस्ती जिलाध्यक्ष संजय कैराती ने बताया कि भाजपा समर्थित प्रत्याशी का विरोध करने वाले व उनके समक्ष चुनाव लड़ रहे जिला महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा जिला मंत्री युवा मोर्चा विनोद गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी सेक्टर संयोजक शैलेन्द्र तिवारी सेक्टर संयोजक अमरेश श्रीवास्तव पूर्व जिला उपाध्यक्ष परमेश पांडेय पूर्व जिला महामंत्री युवा मोर्चा राहुल मणि त्रिपाठी जिला मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा विजय सोनी मंडल उपाध्यक्ष सच्चिनानद व महिला नेत्री संगीता गोस्वामी को पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल होने के चलते इन्हें पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर.15 से भाजपा ने प्रमोद गुप्ता को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं पार्टी से विरोध करके संगीता गोस्वामी क्षेत्र में भाजपा से समर्थन मिलने का भ्रामक प्रचार कर रही हैं। ऐसे में पार्टी विरोधी गतिविधि के चलते अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत उन्हें पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है।

# वोट के लिए शराब पिलाने व बेचने वालों पर होगी कार्रवाई: डीएम

**संवाददाता**। गोंडा

**त्रिस्तरीय** पंचायत सामान्य निर्वाचन, 2021 को सकुशल, स्वतंत्र व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट मार्कण्डेय शाही तथा एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने धनबल व शराब के बल पर जीत की मंशा पाले हुए प्रत्याशियों तथा किंग मेकर्स को कड़ा संदेश दिया है।

डीएम व एसपी द्वारा कड़े शब्दों में सभी भावी प्रत्याशियों को सचेत किया गया है कि शराब बांटने के विचार से भी बचें। वर्तमान परिदृश्य में अवैध स्रोत से जहरीली शराब प्राप्त होने की सम्भावना अधिक है। यदि अवैध शराब पिलाने से कोई जनहानि व स्वास्थ्य हानि होती है, तो सम्बन्धित प्रत्याशी एवं उसकी पूरी टीम के विरूद्ध हत्या तथा हत्या के प्रयास का मुकदमा लिखाया जायेगा और यदि इस प्रकार शराब पीने के बाद कोई व्यक्ति उत्पात करता है, तो उत्पाती व्यक्ति पर अभियोजन के साथ-साथ उसे शराब पिलाने वाले पक्ष पर भी दुष्प्रेरण का अभियोग पंजीकृत कराया जायेगा। डीएम व एसपी ने सभी प्रत्याशियों में आश्वस्त किया कि हम सब चुनाव में शराब के माध्यम से प्रलोभन नहीं देंगे एवं ऐसी सूचना प्राप्त होने पर फोटो, वीडियो प्रशासन को कार्रवाई हेतु उपलब्ध करायेंगे।

## आयुक्त व आईजी ने किया सम्मानित

**गोंडा**। आयुक्त एसवीएस रंगाराव व पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह के नेतृत्व में मंडल में चलाए गए मिशन शक्ति अभियान में उल्लेखनीय सफलता मिलने पर परिक्षेत्र के जनपदों के शासकीय अधिवक्ताओं एवं पैरोंकारों को कैंप कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्तिपत्र पाने वालों में जिला शासकीय अधिवक्ता गोंडा बसंत कुमार शुक्ला, बलरामपुर कुलदीप सिंह, बहराइच के मुन्नू लाल शुक्ला, श्रावस्ती केपी सिंह, विशेष अभियोजक गोंडा सुनील कुमार मिश्रा, अशोक सिंह, अनूप प्रताप सिंह तथा सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोंडा श्री अमित पाठक का नाम सम्मिलित है। इसी प्रकार पैरोकारों में बलरामपुर के संजय कुमारव विनोद कुमार वर्मा एवं श्रावस्ती के हनुमान प्रसाद बहराइच के शैलेश मिश्रा तथा गोंडा के रवि कुमार उपाध्याय व मंटू चौरसिया शामिल हैं। इस अवसर पर अपर आयुक्त राकेश शर्मा तथा जिला शासकीय अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## 15 अप्रैल व 2 मई को मादक पदार्थों की दुकानें रहेंगी बंद

**संवाददाता**। श्रावस्ती

**जिला** मजिस्ट्रेट टीके शिबु ने बताया है कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के मतदान 15 अप्रैल के दिन एवं मतगणना के दिन दे मई को आबकारी एवं मादक पदार्थों की दुकानों को पूर्णतया बन्द रखने के निर्देश दिए गये हैं। इस जनपद का निर्वाचन प्रथम चरण में होना है जिसका मतदान 15 अप्रैल को एवं मतगणना दो मई को होना सुनिश्चित है।

अत: जनपद की समस्त मादक वस्तुओं की बिक्री के लिए आबकारी दुकानें (देशी मदिराए विदेशी मदिरा, बीयर, भॉग एवं ताड़ी) की फुटकर बिक्री की दुकाने 15 अप्रैल को पूर्णतया बन्द रहेंगी तथा मतगणना 2 मई से मतगणना की समाप्ति तक निर्वाचन क्षेत्र तथा उसके चारों ओर आठ किलोमीटर क्षेत्र में उक्त दुकानें पूर्णतया बन्द रहेंगी।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, एक युवक व तीन मवेशी झुलसे

**श्रावस्ती**। इकौना विकास खंड इकौना अंतर्गत ग्राम कोलाभार मझगवां मे अज्ञात कारणों से शनिवार की रात आग लग गयी जिसकी सूचना ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को दी परन्तु सूचना के बाद भी फायर कर्मी मौके पर नही पहुचे। ग्रामीणों ने पंपिंग सेट की सहायता से किसी तरह आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में तीन मवेशी व एक युवक झुलस कर घायल हो गये।

थाना इकौना अंतर्गत ग्राम कोलाभार मझगंवा मे शनिवार की देर रात जगराना पत्नी रामदुलारे के पूस के घर मे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग को देखकर महिला ने मदद के लिए चीखना शुरू कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर भी फायर टीम मौके पर नहीं पहुंच पायी देखते ही देखते आग ने मोतीलाल, भुसैली, ओमप्रकाश, रामनरायन जयप्रकाश के फूस के घर को अपने आगोश में ले लिया।

# जमीनी विवाद में पंजाब के भाड़े के शूटरों से कराई थी हत्या

## भाजपा नेता की हत्या में शामिल पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**संवाददाता**। गोरखपुर

**जनपद** के गुलरिया थाना क्षेत्र में विगत दो अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के नेता व ग्राम प्रधान प्रत्याशी बृजेश सिंह पुत्र स्व. गुप्तेश्वर सिंह निवासी नरायणपुर थाना गुलरिहा अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, क्राइम ब्रांच व सर्विस लांस तथा एसओजी की टीम घटना के अनावरण में लगी हुई थी। जांच पड़ताल में रामसमुझ पुत्र हरिवंश निवासी नारायणपुर थाना गुलरिया का नाम सामने आया। पुलिस पूछताछ के लिए इनको अपने साथ ले आई। पुलिस के अनुसार रामसमुझ और बृजेश सिंह के परिवार से एक जमीनी विवाद कई वर्षों के से चल रहा था। जिसका फैसला नहीं होने पर रामसमुझ ने अपनी जमीन बहादुर चौहान और जितेंद्र सिंह को रजिस्टर्ड इकरारनामा तैयार कर सुपुर्द कर दिया था।

इन दोनों लोगों ने योजना बनाई कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के समय बृजेश सिंह की हत्या को अंजाम देकर पूरा मामला चुनावी रंजिश का दिखाकर पुलिस को गुमराह कर देंगे। पुलिस ने घटना का अनावरण करते हुए पांच आरोपियों जिनमें रामसमुझ पुत्र हरिवंश निवासी नरायणपुर थाना गुलरिहा, बहादुर चौहान पुत्र सरजु चौहान निवासी जंगल औराही टोला गजराज थाना पिपराईच, जितेन्द्र सिंह पुत्र जोखन सिंह निवासी जड़ार थाना पनियरा महराजगंज, कृष्ण कुमार गुप्ता पुत्र विन्ध्यांचल गुप्ता निवासी रामजानकी थाना गोरखनाथ, दिवाकर सिंह उर्फ गोलु पुत्र राधेश्याम सिंह निवासी जड़ार थाना पनियरा महराजगंज को गुलरिहा थाना के तरकुलही नाला पुलिया वहद ग्राम खुटहन से गिरफ्तार किया। इसका खुलासा एसएसपी ने किया है। उन्होंने बताया है कि हत्या की घटना में शामिल प्रकाश में आये अन्य अभियुक्तों में सतनाम सिंह उर्फ छिद्दु उर्फ शैलेन्द्र सिंह पुत्र स्व. फुलवन्त सिंह निवासी दबिन्द्र नगर तरनतारन रोड़ अमृतसर पंजाब, राजवीर उर्फ राजु उर्फमलक सिंह पुत्र रक्षपाल सिंह निवासी दबिन्द्र नगर तरनतारन रोड़ अमृतसर पंजाब, भी शामिल हैं। दोनों अभियुक्तों पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार का ईनाम घोषित किया गया है।

## कोरोना गाइड लाइन के पालन को लेकर प्रशासन सख्त

**संवाददाता**। श्रावस्ती

**इकौना** जनपद में कोरोना के बढ़ते ग्राफ को लेकर उस पर प्रभावी नियंत्रण के उददेश्य से कोविड प्रोटोकॉल के पालन करवाने के लिए प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाना शुरू कर दिया है। तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ रविवार को नगर भ्रमण किया साथ ही लोगों को शारीरिक दूरी और मास्क के प्रयोग के लिये लोगो को निर्देशित किया। इस दौरान बिना मास्क घूम रहे लोगों से तीन हजार 700 रुपये जुर्माना भी वसूल करवाया। तहसीलदार शिवध्यान पांडेय ने प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र पांडेय व पुलिस बल के साथ नगर मे मार्च किया।

# चुनावी तैयारियों को लेकर एसपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**संवाददाता**। श्रावस्ती

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा देर रात्रि में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार कक्ष में सभी पुलिस अधिकारीध्थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

पुलिस अधीक्षक द्वारा राष्ट्र नेपाल से लगे थाना मल्हीपुर व सिरसिया के प्रभारी निरीक्षक को बॉर्डर सुरक्षाध्निगरानी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही साथ जनपद सीमा से लगे थानों को भी विशेष सतर्कता बरतने, बैरियर, चेकपोस्ट पर निरंतर गहनता से चेकिंग करने के निर्देश दिए गए। 13 अप्रैल को सायं 6 बजे से मतदान समाप्ति तक भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर किसी भी प्रकार की गतिविधि पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगी।

उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को बताया गया कि ऐसे सम्भावित संदिग्ध व्यक्ति जिनसे मतदान के दौरान अमन-चैन में बाधा उतपन्न होने की आशंका हो उन्हे विभिन्न धाराओं में पाबंद करने में भी तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि सभी लोग मतदान केन्द्रों पर निरंतर भ्रमणशील रहें। भ्रमण के दौरान यह भी सुनिश्चित करें कि ऐसे व्यक्ति जो जनपद के मतदाता नही हैं वह मतदान प्रक्रिया के 48 घंटे पूर्व जनपद छोड़ दें। दूसरे जनपद से मतदान ड्यूटी में आने वाले कर्मचारियों के ठहरने व खाने.पीने की व्यवस्था आदि से संबंधित जो भी कमियां हो उन्हें तत्काल दुरुस्त करने हेतु समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# हाइब्रिड मोड में आज होगा विवि का दीक्षांत समारोह

**संवाददाता**। गोरखपुर

**दीनदयाल** उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के 39 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन स्थापना के बाद से पहली बार हाइब्रिड मोड में सोमवार को दीक्षा भवन में होगा। समारोह को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा ऑनलाइन की जाएगी। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अमेरिका के मॉन्टगोमरी कॉलेज के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ऑफ एकेडमिक अफेयर्स डॉ. संजय राय ऑनलाइन ही विद्यार्थियों को दीक्षांत भाषण देंगे। कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने बताया कि समारोह में वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 51 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इनमें 38 छत्राएं और 13 छात्र शामिल हैं। कोविड महामारी के चलते इस बार दीक्षांत समारोह को सादगी से मनाया जा रहा है। एहतियात के तौर पर पहली बार स्वर्ण पदक विजेताओं के अभिभावकों को निमंत्रित नहीं किया गया है। उपाधि धारकों, विद्यार्थियों, एकेडमिक कॉउंसिल के सम्मानित सदस्यों को ऑनलाइन ही कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। संवाद भवन समेत विभिन्न विभागों में मौजूद स्मार्ट क्लास रूम में दीक्षांत समारोह का लाइव प्रसारण होगा। गोरखपुर विश्वविद्यालय के 39 में दीक्षांत समारोह को लेकर मुख्य रिहर्सल का आयोजन रविवार को दीक्षा भवन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्वत यात्रा से हुई। कुलाधिपति के रूप प्रो. उमा श्रीवास्तव और बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. विनय पांडेय ऑनलाइन ही कार्यक्रम से जुड़े। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

## स्काउट गाइड इन्ट्रोडक्ट्री शिविर का समापन

**संवाददाता**। गोरखपुर

**उप्र** भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान मे विद्यामंदिर शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान रहमतनगर मानीराम में चल रहे पंचदिवसीय स्काउट गाइड इन्ट्रोडक्ट्री शिविर का समापन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि एमपीइका के प्रधानाचार्य एवं स्काउट संस्था के जिला मुख्यायुक्त डॉ अरूण कुमार सिंह उपस्थित रहे।

अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉ. चमन राय, संचालन कालेज की प्रवक्ता सीमा गुप्ता ने किया। शिविर के संचालक मुख्य प्रशिक्षक अजय गुप्ता बजरंगी एडवोकेट, पूर्व डीटीसी गाइड किरन देवी, सीबी सिंह ने बी.एड. प्रशिक्षु छात्रों को विभिन्न विषयों की जानकारी दी। आभार ज्ञापन अर्चना त्रिपाठी ने किया। शिविर को सफल बनाने में श्रीमती अर्चना त्रिपाठी, स्वाति गुप्ता, ज्योति श्रीवास्तव, निखिल त्रिपाठी, अरूण कुमार ने सहयोग प्रदान किया।

# किशोरी को भगाने वाला आरोपी छत से कूदा, मौत

**संवाददाता**। गोरखपुर

**जनपद** के कोतवाली इलाके से किशोरी को लेकर भागने के आरोपी मोहम्मद कैफके घर रविवार को कोतवाली पुलिस दबिश देने गई थी। इस दौरान पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने छत से छलांग लगा दिया और बिजली के तार में उलझने से बुरी तरह से झुलस गया। इलाज के लिए उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां दोपहर में उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में हंगामा शुरू कर दिया। इसकी सूचना पाते ही एसएसपी, पीएसी और कई थाने की फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और परिवार वालों को समझाने लगे। उधर मोहल्ले में तनाव को देखते हुए एहतियातन फोर्स तैनात करने के साथ ही पूरे प्रकरण की जांच एसपी सिटी को सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार कोतवाली इलाके की 17 साल की किशोरी लापता हो गई थी। शनिवार को घर वालों ने 10 लोगों पर आशंका जताते हुए केस दर्ज कराया था। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में दबिश देने लगी। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि मुख्य आरोपी मोहम्मद कैफ घर पर मौजूद है और वहीं पर किशोरी भी छुपाई गई है। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस मोहम्मद कैफके घर पहुंच गई और उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह छत पर भाग गया। पुलिस अभी नीचे घर वालों से बात कर रही थी कि मोहम्मद ने छत से छलांग लगा दी और बिजली के तार में उलझ गया। जिससे बुरी तरह से झुलस गया। आनन फानन पुलिस वालों ने उसे पहले जिला अस्पताल फिर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन अब 16 मई को

**ललितपुर**। स्थानीय पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। कोरोना वायरस के संक्रमण को मददेनजर रखते हुए प्रोजेक्ट नई किरण में पांच परिवारों को बुलाया गया। नई किरण में आये पांच मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। कोरोनावायरस के संक्रमण को देखते हुए प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन 16 मई को रिजर्व पुलिस लाइन में किया जाएगा।

नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारो को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य डॉ दीपक चौबे, अजय बरया, सुधा कुशवाहा, डॉ संजीव कुमार शर्मा, मनोवैज्ञानिक नई किरण में प्रभारी महिला थानाध्यक्ष उनि स्वाती शुक्ला आदि शामिल हैं।

# सभी वर्गों को शिक्षित बनाने के पक्षधर थे ज्योतिबा फुले: तिलक

**संवाददाता**। ललितपुर

**समाजवादी** पार्टी के तत्वाधान में रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयन्ती मनायी गयी। सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड ने बताया कि महात्मा जोतिराव गोविंदराव फुले एक भारतीय समाज सुधारक समाज प्रबोधक विचारक समाजसेवी लेखक दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे। इन्हें महात्मा फुले एवं जोतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है। सितम्बर 1873 में इन्होंने महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। महिलाओं व दलितों के उत्थान के लिय इन्होंने अनेक कार्य किए। समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समथर्क थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे। इनका मूल उद्देश्य स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करना, बाल विवाह का विरोध, विधवा विवाह का समर्थन करना रहा है। फुले समाज की कुप्रथाए अंधश्रद्धा की जाल से समाज को मुक्त करना चाहते थे। अपना सम्पूर्ण जीवन उन्होंने स्त्रियों को शिक्षा प्रदान कराने में स्त्रियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में व्यतीत किया। 19 वी सदी में स्त्रियों को शिक्षा नहीं दी जाती थी। फुल महिलाओं को स्त्री.पुरुष भेदभाव से बचाना चाहते थे। उन्होंने कन्याओं के लिए भारत देश की पहली पाठशाला पुणे में बनाई। स्त्रियों की तत्कालीन दयनीय स्थिति से फुले बहुत व्याकुल और दुखी होते थे इसीलिए उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि वे समाज में क्रांतिकारी बदलाव लाकर ही रहेंगे। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले को स्वयं शिक्षा प्रदान की। सावित्रीबाई फुले भारत की प्रथम महिला अध्यापिका थीं।

## फसल अवशेष लगाने पर होगी कार्रवाई: डीएम

**गोरखपुर**। जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन ने बताया है कि जनपद में 15 अप्रैल तक फसल अवशेष काटने हेतु स्ट्रा रीपर मशीन को प्रतिबंधित किया गया है। जनपद क्षेत्रान्तर्गत रीपर मशीन का फसल अवशेष काटने में प्रयोग किये जाने वाले एवं फसल अवशेष, डण्ठल में आग लगाने पर सम्बंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेगें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि समस्त लेखपाल, बीट कास्टेबल, चौकीदार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कही भी स्ट्रा रीपर मशीन से फसल अवशेष की कटाई न हो और न ही फसल अवशेष, डण्ठल में आग लगाया जाये। स्ट्रा रीपर मशीन का प्रयोग, डण्ठल में आग लगाने की घटना की सूचना प्राप्त होने पर सम्बंधित के विरूद्ध कार्यवाही हेतु अपने उच्चाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित करें।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग से 10 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

**संवाददाता**। टाण्डा (अंबेडकरनगर)

**तहसील** टाण्डा के ग्राम खेतापुर बिहरोजपुर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से किसानों की लगभग 10 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की मदद से फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लाखों की फसल जलकर राख हो चुकी थी। आग बुझाने में देरी का आरोप लगाकर तथा विद्युत विभाग को जिम्मेदार मान कर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रोड जाम भी किया आग बुझवाने हेतु उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खेतापुर बिहरोजपुर में आज दोपहर बाद शॉर्ट सर्किट से गेहूं के खेत में आग लग गई हवा के तेज होने के कारण देखते ही देखते आग की लपटें काफी दूर तक फैल गई और गेहूं धू-धू कर जलने लगा ग्रामीणों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग के साथ-साथ डायल 112 व स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी दी। ग्रामीणों का आरोप है कि खेत के ऊपर बिजली के तार में कई जगह जोड़ हैं और वह काफी लटका हुआ है संबंधित से बार-बार शिकायत करने के बाद भी उसे सही नहीं कराया गया है और आग लगने का यही कारण है इसी को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया और उन्होंने मार्ग जाम कर दिया मौके पर ही क्षेत्रीय अवर अभियंता के विरूद्ध कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना पर उपजिलाधिकारी टाण्डा अभिषेक पाठक ,क्षेत्राधिकारी टाण्डा संतोष कुमार सीओ फायर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक सर्वेन्द्र अस्थाना ,थानाध्यक्ष अलीगंज यशवंत यादव मौके पर पहुंचे स्थिति की गंभीरता को देख अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय भी मौके पर आ गए। और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया मौके पर अधिकारियों ने दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई एवं फसलों के नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया है ।

## मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

**संवाददाता**। संतकबीरनगर

**जिला** निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आगामी 15, अप्रैल को जनपद में सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने की घोषणा की है। उन्होने शासन के आदेश के क्रम में यह निर्णय लिया है।

प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 के दृष्टिगत अन्तर्गत कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मतदान का प्रयोग करने हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-135 ख के प्राविधानों के अनुसार में अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में, मतदान दिवस आगामी 15, अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। इस तिथि में कर्मचारियों के मजदूरी से कोई कटौती नहीं की जायेगी।

# रिटर्निंग ऑफिसर सहित दो अन्य कर्मचारी पॉजिटिव, सैनेटाइजेशन

**संवाददाता**। बरेली

**फरीदपुर** ब्लॉक के रिटर्निंग ऑफिसर सहित उनके दो अन्य कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव पाए गए। रिपोर्ट आने के बाद पूरे ब्लॉक को सेनेटाइज किया। स्वास्थ्य विभाग की टीमे संपर्क मे आए लोगो का सर्वे कर रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बासित अली के मुताबिक त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे फरीदपुर ब्लॉक के रिटर्निंग ऑफिसर योगेश पांडे को कई दिन से बुखार और जुकाम की शिकायत थी। उन्होंने कोरोना संक्रमण की जांच कराई। जांच मे उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। स्वास्थ्य विभाग ने रिटर्निंग ऑफिसर के संपर्क मे आए एआरओ एव कंप्यूटर ऑपरेटर की कोरोना संक्रमण की जांच की। जिसके बाद वे दोनों भी रिपोर्ट पॉजिटिव पाये गये। स्वास्थ्य विभाग ने पूरे ब्लॉक को नगर पालिका ने सेनेटाइज किया। इसके अलावा प्रीति ओम रीजेंसी की रहने वाली दो शिक्षिकाओ की पंचायत चुनाव मे ड्यूटी लगी थी। दो दिन पहले शिक्षिकाएं चुनाव ड्यूटी की ट्रेनिंग करके लौटी थी। जिसके बाद उन्हे जुखाम और बुखार की शिकायत हुई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बासित अली ने बताया कि शनिवार को 135 लोगों के कोरोना संक्रमण की जांच की गई। जिसमे दो शिक्षिकाओं सहित पांच लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। उन्हे घरों मे क्वारंटन किया गया है।

## मड़ाई करते समय लगी आग, फसल व ट्रैक्टर जला

**अंबेडकरनगर**। गेहूं की मड़ाई करते समय अचानक आग लग जाने से फसल और टैक्टर जलकर नष्ट हो गया । घटना मालीपुर थाना क्षेत्र के मंसूरपुर गांव की है । रविवार को थाना क्षेत्र के रुकुनपुर गांव निवासी बृजेश राजभर अपना ट्रैक्टर व थ्रेसर लेकर मंसूरपुर गांव में गए थे जहां गांव निवासी नारायण के फसलों की मड़ाई कर रहे थे। तभी अचानक फसल में आग लग गयी और देखते ही देखते धू -धू कर ट्रैक्टर ,थ्रेसर वा फसल जल गया।

# सपा नेताओं ने महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती आयोजित की

**संवाददाता**। बरेली

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी कार्यालय पर सपा नेताओं ने प्रख्यात समाज सुधारक एवं दार्शनिक महात्मा गोविंदराव ज्योतिराव फले की जयंती आयोजित कर याद किया एवं उनके दिखाए रास्ते पर चलने का आहवान किया ।जयंती को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने वाले महान शिक्षाविद समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले ने देश में महिलाओं को शिक्षित करने के अकेले आवाज उठाकर महत्वपूर्ण कदम उठाएं जिसके अंतर्गत देश में पहला बालिकाओं के लिए दूध वाले पुणे में खुला जिसमें शिक्षक ना मिलने पर सर्वप्रथम अपनी पत्नी को पढ़ा कर अपने विद्यालय में बालिकाओं को शिक्षा देने के लिए तैयार किया इसके साथ ही बाल विवाह को रोकने विधवा पुनर्विवाह के लिए आवाज उठाई जिसको लेकर आगे चलकर उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर महासचिव गौरव सक्सेना, पार्षद दल के नेता राजेश अग्रवाल, प्रवक्ता मयंक शुक्ला मोंटी, पार्षद फिरदोस अंजुम, गोविंद सैनी, मोहर सिंह लोधी, सनी, मान सिंह यादव, पार्षद अखलाक अशफाक, सर्वेश सैनी, आशु सक्सेना, विक्रांत पाल, अनिल पाल, आदेश दिवाकर, वकार हुसैन, सलामत हुसैन, अनूप मौय, रविकांत यादव, अनिल जौहरी, शिवम प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे ।

## बार्सीलोना को हराकर रीयाल मैड्रिड स्पेनिश लीग के शीर्ष पर

**मैड्रिड।** रीयाल मैड्रिड शनिवार को यहां बार्सीलोना को 2-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीग के शीर्ष पर पहुंच गया। बारिश के बीच हुए इस मुकाबले मे जीत से रीयाल मैड्रिड के एटलेटिको मैड्रिड के समान 66 अंक हो गए है लेकिन बेहतर हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के कारण रीयाल मैड्रिड की टीम शीर्ष पर है। एटलेटिको मैड्रिड की के पास हालांकि रविवार को फिर शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा जब टीम छठे स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस से भिड़ेगी। रीयाल मैड्रिड की की ओर से करीम बेनजेमा और टोनी क्रूज ने गोल दागे जबकि बार्सीलोना की ओर से एकमात्र गोल आस्कर मिनगुएजा ने किया।

## इब्राहिमोविच के शानदार प्रदर्शन से एसी मिलान ने पार्मा को हराया

**मिलान।** ज्लाटन इब्राहिमोविच ने लाल कार्ड दिखाए जाने से पहले दो गोल मे मदद की जिससे एसी मिलान ने पार्मा को 3-1 से हराकर सिरी ए फुटबॉल लीग में खिताब की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। एसी मिलान की ओर से एंटे रेबसिच, फ्रेंक केसी और राफेल लियो ने गोल दागे जबकि निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे पार्मा की ओर से एकमात्र गोल रिकार्डो गेगलियोलो ने किया। इब्राहिमोविच को 60वें मिनट में संभवतः रैफरी को कुछ कहने पर लाल कार्ड दिखाया गया। अन्य मैचों में स्पेजिया ने पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए अंतिम मिनटों में दो गोल दागकर अंतिम स्थान पर चल रहे क्रोटोन को 3-2 से हराया। इस जीत से स्पेजिया ने निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रही टीमों पर 10 अंक की बढ़त बना ली है।

## लीड्स ने मैनचेस्टर सिटी को हराया, लीवरपूल जीता

**मैनचेस्टर।** इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे लीड्स ने मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर उसके इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब के इंतजार को बढ़ा दिया। लीवरपूल ने हालांकि एस्टन विला को 2-1 से हराकर चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखा है। लीड्स के लियाम कूपर को मध्यांतर से ठीक पहले लाल कार्ड दिखाया गया। टीम ने हालांकि पूरे दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों से खेलने के बावजूद स्टुअर्ट डैलास (42वें और 90 प्लस 1 मिनट) के दो गोल की बदौलत जीत दर्ज की।

## पेनल्टी पर रेपिनो के गोल से अमेरिका ने स्वीडन को बराबरी पर रोका

**स्टॉकहोम।** अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम का लगातार 16 मैच में जीत का क्रम शनिवार को थम गया जब उसे स्वीडन ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। लिना हर्टिग ने 38वें मिनट में स्वीडन को बढ़त दिलाई जिसके बाद 87वें मिनट मे मेगान रेपिनो ने पेनल्टी किक पर गोल दागकर अमेरिका को बराबरी दिला दी। जीत दर्ज नही कर पाने के बावजूद अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम ने अपने लगातार मैचों मे अजेय रहने के रिकॉर्ड को 38 मैचों तक पहुंचा दिया।

# आज की जंग में बड़े हिटर होंगे आकर्षण

## ● राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला

भाषा। मुंबई




लोकेश राहुल के पंजाब किंग्स और संजू सैमसन की अगुआई वाली राजस्थान रॉयल्स की टीमें सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग में जब अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करने के इरादे से उतरेंगी तो सभी की नजरें दोनों टीमों में मौजूद बड़े हिटर पर टिकी होंगी।

राजस्थान की टीम आक्रामक आलराउंडर बेन स्टोक्स पर काफी निर्भर करेगी। स्टोक्स लय में आने की कोशिश करेंगे जबकि इंग्लैंड के जोस बटलर और नव नियुक्त कप्तान सैमसन भी अच्छी शुरुआत करना चाहेंगे। रॉयल्स की टीम प्रतिभावान यशस्वी जायसवाल और बटलर के साथ पारी का आगाज कर सकती है जबकि सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। स्टोक्स मध्यक्रम को मजबूती देंगे। ए चारों अगर लय में खेलते हैं तो किसी भी गेंदबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम हैं। पंजाब का बल्लेबाजी क्रम भी वानखेड़े की बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर किसी भी विरोधी टीम के लिए खतरनाक होगा। रॉयल्स के पास आलराउंडर शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, राहुल तेवतिया, रियान पराग और लियाम लिविंगस्टोन के रूप में और भी विकल्प मौजूद हैं। गोपाल, तेवतिया और पराग लेग स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं और ऐसे में यह देखना रोमांचक होगा कि रॉयल्स की टीम दो लेग स्पिनर के साथ उतरती है या नहीं। तेवतिया और दुबे में बड़े शॉट खेलने की क्षमता है और उनका अंतिम एकादश में चयन लगभग तय है। चोट के कारण जोफ्रा आर्चर की गैरमौजूदगी में रॉयल्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई क्रिस मौरिस करेंगे जिन्हें टीम ने इसी साल खिलाड़ियों की नीलामी में 16 करोड़ 25 लाख रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा। अंतिम एकादश में सिर्फ चार विदेशी खिलाड़ियों को खिलाने के कारण रॉयल्स को अपने संयोजन पर ध्यान देगा होगा। अब यह देखना होगा कि टीम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को चुनती है या फिर जयदेव उनादकट, कार्तिक त्यागी और चेतन सकारिया के बीच में से चयन करती है। दूसरी तरफ पंजाब के पास राहुल (2020 सत्र में 670 रन), मयंक अग्रवाल (2020 सत्र में 424 रन) और क्रिस गेल जैसे आक्रमाक बल्लेबाज हैं। राहुल और अग्रवाल ने 2020 में मजबूत सलामी जोड़ी बनाई थी और इस जोड़ी के बरकरार रहने की उम्मीद है। टीम के पास इंग्लैंड के डेविड मलान, तमिलनाडु के एम शाहरूख खान और वेस्टइंडीज के निकोलस पूरण जैसे अच्छे हिटर मौजूद हैं। टीम को बस अपने संयोजन को सही रखने की जरूरत है। शाहरूख को दीपक हुड्डा और सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों पर तरजीह मिल सकती है और वह टीम में फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं। टीम के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई मोहम्मद शमी करेंगे जिन्होंने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया। आस्ट्रेलिया के झाय रिचर्डसन और रिली के साथ अनुबंध से टीम का तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। टीम के पास क्रिस जोर्डन भी हैं। हालांकि यह देखना होगा कि शमी के साथ नई गेंद संभालने का मौका किसे मिलता है। स्पिन विभाग में टीम के पास मुरुगन अश्विन और रवि बिश्नोई जैसे गेंदबाज हैं।

### त्यागी, सकारिया जैसे युवा तेज गेंदबाजों पर भरोसा: संगकारा

**मुंबई।** चोटिल तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गैरमौजूदगी को बड़ा झटका करार देते हुए राजस्थान रॉयल्स के नए क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने उम्मीद जताई कि युवा भारतीय तेज गेंदबाज आगामी इंडियन प्रीमियर लीग मे इस मौके को भुनाने मे सफल रहेंगे। हाथ मे चोट के बाद भी भारत दौरे पर गेंदबाजी करने वाले इंग्लैंड के स्टार गेंदबाज आर्चर सर्जरी के बाद अभी आराम कर रहा है। इस बात का अभी पता नही चला है कि वह आईपीएल के बाद के मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे या नही। संगकारा ने सोमवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन मे कहा, संजू (कप्तान संजू सैमसन) और मै , दोनो सहमत है कि यह हमारे लिए एक बड़ा झटका है। जोफ्रा हमारी टीम का बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है और उसका न होना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन यह वास्तविकता है। हमें इसे ध्यान मे रखकर काम करना होगा और उसी मुताबिक योजना बनानी होगी।

## अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके गेंदबाज : धोनी

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में खराब प्रदर्शन के बाद उनके गेंदबाजों को अपनी गलतियों से सबक लेना होगा। धोनी ने मैच के बाद कहा , हम बेहतर गेंदबाजी कर सकते थे। गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और बेहद ढीली गेंदें डाली। उन्होंने सबक ले लिया है और आगे वे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। दिल्ली के नए कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। धोनी ने कहा , ओस पर काफी कुछ निर्भर करता है और उसे ध्यान में रखकर हम ज्यादा से ज्यादा रन बनाना चाहते थे। इस बीच पंत ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के उनके मेंटर रहे धोनी के साथ टॉस के लिए जाना विशेष था। पंत ने कहा, असल में मेरे लिए आईपीएल में कप्तानी करना और एमएस (धोनी) के साथ टॉस के लिए जाना विशेष था। मैंने उनसे सीखा है और मुश्किल समय में उन पर भरोसा करता हूं।

### धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना



**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पर यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम के पहले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया।तीन बार की चैंपियन सुपरकिंग्स की आईपीएल 14 मे शुरुआत खराब रही जब टीम को अपने पहले ही मुकाबले मे शनिवार को ऋषभ पंत की अगुआई वाले दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम मे सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

## आईपीएल में विकेटकीपर कप्तानों के चलन का श्रेय धोनी को : जोस बटलर

**नई दिल्ली।** आईपीएल के मौजूदा सत्र में आठ में से चार टीमों की कमान विकेटकीपरों के हाथ में है और इंग्लैंड के विकेटकीपर तथा राजस्थान रॉयल्स के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर ने इसका श्रेय महेंद्र सिंह धोनी को देते हुए कहा है कि युवा खिलाड़ी उनके नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं। धोनी चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान हैं जबकि पंजाब किंग्स ने पिछले सत्र में विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को कप्तान बनाया। रॉयल्स ने संजू सैमसन को कप्तानी सौंपी तो श्रेयस की चोट के कारण दिल्ली की कप्तानी ऋषभ पंत कर रहे हैं।

## हेजलवुड का नही खेलना झटका, एनगिडी व बेहरेनडोर्फ अगले मुकाबले में भी उपलब्ध नहीं: फ्लेमिंग

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा है कि जोश हेजलवुड को गंवाना बड़ा झटका था क्योंकि आस्ट्रेलिया के ही जेसन बेहरेनडोर्फ और दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी के अगले मैच में भी उपलब्ध नहीं होने से टीम के पास विदेशी तेज गेंदबाजों के विकल्प नहीं हैं। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज हेजलवुड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए खुद को फिट रखने के लिए अंतिम लम्हों में टूर्नामेंट से हट गए। बेहरेनडोर्फ को उनके विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है लेकिन वह अब तक नहीं पहुंचे हैं जबकि एनगिडी पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला बीच में छोड़कर आने के बाद पृथकवास से गुजर रहे

# शूट आउट में भारतीय हॉकी टीम जीती

## ● एफआईएच प्रो लीग : अर्जेन्टीना को हराया

भाषा। ब्यूनस आयर्स



हरमनप्रीत सिंह और गोलकीपर पीआर श्रीजेश के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां एफआईएच प्रो लीग के रोमांचक पहले मैच में ओलंपिक चैंपियन अर्जेन्टीना को शूट आउट में हराया।

दो बराबरी की टीमों के बीच हुए इस मुकाबले में भारत को 21वें मिनट में मैन आफ द मैच हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बढ़त दिलाई लेकिन मार्टिन फरेरो ने 28वें और 30वें मिनट में दो गोल दागकर मेजबान टीम को 2-1 से आगे कर दिया। अर्जेन्टीना की टीम ने इसके बाद मैच के अंतिम लम्हों तक अपनी बढ़त को बरकरार रखा। हालांकि जब भारत की हार लगभग तय लग रही थी तब हरमनप्रीत ने 60वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर एक और गोल दागकर भारत को 2-2 से बराबरी दिला दी। इस ड्रॉ से दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलना सुनिश्चित हुआ। भारत ने इसके बाद शूट आउट में गोलकीपर श्रीजेश के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बोनस अंक हासिल किया। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार शूट आउट जीतने वाली टीम को बोनस अंक मिलता है। भारत पिछले एक साल से अधिक समय में पहला प्रो लीग मैच खेल रहा था। श्रीजेश ने शूट आउट में लुकास विला, फरेरो और इग्नेसियो ओर्टिज के प्रयासों को नाकाम किया जिसके बाद दिलप्रीत सिंह ने अर्जेन्टीना के अनुभवी गोलकीपर जुआन विवाल्डी को छकाकर वन-आन-वन शूट आउट में भारत की जीत सुनिश्चित की। इस नतीजे की बदौलत भारत ने एफआईएच प्रो लीग तालिका में सात मैचों में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अर्जेन्टीना इतने ही मैचों में 11 अंक के साथ छठे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीज यह थी कि हमने कभी हार नहीं मानी। हम अंतिम मिनट तक चुनौती दे रहे थे और यही कारण है कि हम यह नतीजा हासिल करने में सफल रहे। दूसरे मैच में सुधार के बारे में पूछे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा, हमें आज काफी कार्ड दिखाए गए (फाउल के कारण) इसलिए मुझे लगता है कि हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है। हमें यह ध्यान में रखना होगा जिससे कि अगले मैच में हमें कोई कार्ड नहीं दिखाया जाए। दोनों टीमों के बीच दूसरा मुकाबला रविवार को खेला जाएगा।

## एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर : अलमाटी से खाली हाथ लौटे फ्री स्टाइल पहलवान

भाषा। अलमाटी (कजाखस्तान)



राष्ट्रीय चैम्पियन संदीप सिंह मान (74 किग्रा) रविवार को यहां एशियाई क्वालीफायर से ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे जिससे अनुभवी सुशील कुमार की इस वजन वर्ग में तोक्यो की उम्मीदें बरकरार हैं। सत्यव्रत कादियान (97 किग्रा) और सुमित मलिक (125 किग्रा) रविवार को यहां समाप्त हुए तीन दिवसीय टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने से चूक गए। क्वालीफाई करने से चूकने वाले इन सभी पहलवानों को बुल्गारिया के सोफिया में छह से नौ मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक क्वालीफायर से तोक्यो खेलों के लिए कट हासिल करने का अंतिम मौका मिलेगा। अलमाटी में केवल युवा सोनम मलिक और अंशु मलिक ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकीं जिससे महिला पहलवानी में देश का कोटा तीन हो गया है। संदीप ने क्वालीफिकेशन मैच में कतर के अब्दुलरहमान इब्राहिम को हराने के बाद ताजिकिस्तान के गुलोमदजोन शारिपोव को 6-2 से पराजित किया। हालांकि सेमीफाइनल में संदीप ईरान के योनेस अलीअकबर इमामिचोघाई से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए। अब वह कांस्य पदक के लिए चीन के मेंगहेजिगान मेंगहेजिगान से भिड़ेंगे। दो बार के ओलंपिक पदकधारी सुशील ट्रायल्स में हिस्सा नहीं लेने के कारण यहां नहीं खेले, उन्हें 23 जुलाई से शुरू होने वाले तोक्यो ओलंपिक के लिए टिकट कटाने का अंतिम मौका तभी मिल सकता है जब उन्हें विश्व क्वालीफायर के लिए चुना जाए।

## कप्तानी पदार्पण में पंत के धैर्य से प्रभावित धवन ने कहा, वह अब बेहतर ही होगा



**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन युवा ऋषभ पंत की नेतृत्व क्षमता से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने कहा कि इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में धैर्य के साथ टीम की अगुआई की और समय के साथ वह बेहतर ही होंगे।नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर के हाल में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद पंत को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

तेइस साल के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कप्तानी की यादगार शुरुआत की जब उनकी कप्तानी में टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग में तीन बार के चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को शनिवार को सात विकेट से हराया। धवन ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, उसने (पंत) काफी अच्छा प्रदर्शन किया। सबसे पहले तो खुशी है कि हमने टॉस जीता। इस विकेट पर बाद में बल्लेबाजी करना अच्छा था। उसने धैर्य रखा और खिलाड़ियों को प्रेरित करता रहा।

## चीन का कोरोना वायरस संक्रमण रोधी टीका कम असरदार : अधिकारी

**बीजिंग।** चीन के शीर्ष रोग नियंत्रण अधिकारी ने कहा है कि देश के कोरोना वायरस संक्रमण रोधी टीके कम असरदार हैं और सरकार इन्हें असरदार बनाने पर विचार कर रही है। चीन के रोग नियंत्रण केन्द्र के निदेशक गाओ फू ने शनिवार को चेंगदू शहर में एक संगोष्ठी में कहा कि चीन के टीकों में बचाव दर बहुत ज्यादा नहीं है। गाओ का यह बयान ऐसे वक्त में सामने आया है जब बीजिंग ने अन्य देशों को टीकों की करोड़ों खुराके दी हैं और पश्चिमी देशों के टीकों के प्रभावी होने पर संशय पैदा करने और बढ़ावा देने की भी वह लगातार कोशिश कर रहा है।

## मा रैनीज ब्लैक बॉटम को बाफ्टा में दो पुरस्कार

**लंदन।** 74वें ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलिविजन आर्ट्स (बाफ्टा) पुरस्कार समारोह के पहले दिन विओला डेविस अभिनीत मा रैनीज ब्लैक बॉटम को तकनीकी श्रेणी में दो पुरस्कार मिले। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण फरवरी में स्थगित हुए वार्षिक पुरस्कार समारोह को दो दिवसीय कार्यक्रम कर दिया गया है। बाफ्टा समारोह के पहले दिन की मेजबानी ब्रिटिश रेडियो की जानीमानी हस्ती क्लारा अमफो ने की। इस समारोह का आयोजन शनिवार को ऑनलाइन किया गया और इसमें आठ श्रेणियों के लिए विजेताओं के नामों की घोषणा की गई।

## एस्ट्राजेनेका लगाना फिर से शुरू करेगा द. कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने कहा है कि वह 30 साल से 60 साल तक के सभी पात्र लोगों को एस्ट्राजेनेका का कोविड-19 टीका लगाना फिर से शुरू करेगा। एस्ट्राजेनेका का टीका लगाने से कथित तौर पर रक्त के थक्के जमने की खबरों के बाद दक्षिण कोरिया ने यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी की समीक्षा के परिणाम आने तक 60 साल या इससे कम आयु के लोगों को यह टीका लगाने पर रोक लगा दी थी। कोरिया रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी ने रविवार को बताया कि वह सोमवार से एस्ट्राजेनेका टीके का इस्तेमाल पुन: आरंभ करेगा।



इंग्लैंड के विंडसर में प्रिंस फिलिप को श्रद्धांजलि देते छोटे बच्चे

# ईरान के नातान्ज परमाणु संयंत्र में गड़बड़ी



भाषा। तेहरान

## ● पैदा हुई बिजली संबंधी समस्या
## ● विश्व शक्तियों के बीच होनी है वार्ता

ईरान के नातान्ज परमाणु संयंत्र के विद्युत वितरण ग्रिड में रविवार को एक समस्या पैदा हो गई। यह समस्या यूरेनियम का अपेक्षाकृत अधिक तेजी से संवर्धन करने वाली नई उन्नत अपकेंद्रण (सेंट्रीफ्यूज) सुविधा शुरू किए जाने के कुछ ही घंटों बाद पैदा हुई। विश्व की शक्तियों के साथ परमाणु समझौते को लेकर चल रही वार्ता के बीच ईरान के सबसे सुरक्षित स्थलों में से एक माने जाने वाले इस संयंत्र में यह ताजा घटना घटी है। देश के सरकारी टीवी चैनल ने देश के असैन्य परमाणु कार्यक्रम के प्रवक्ता बेहरोज कमलवांदी के हवाले से यह जानकारी दी। टीवी प्रस्तोता ने कहा, कमलवांदी ने कहा कि अच्छी बात यह है कि इस घटना से कोई हताहत नहीं हुआ या इससे किसी प्रकार का संदूषण नहीं हुआ। सरकारी टीवी चैनल ने कमलवांदी के हवाले से फारसी भाषा में जिस शब्द का इस्तेमाल किया, उसे दुर्घटना और घटना दोनों संदर्भ में इस्तेमाल किया जाता है। चैनल ने इस बारे में तत्काल कुछ स्पष्ट नहीं किया है। ईरान के असैन्य परमाणु कार्यक्रम की शाखा परमाणु ऊर्जा संगठन ने अपनी वेबसाइट पर इस घटना के बारे में अभी कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि नातान्ज के उन्नत अपकेंद्रण संयंत्र में पिछले साल जुलाई में एक रहस्यमई विस्फोट हुआ था। ईरानी परमाणु संयंत्र पर हमला करने को लेकर ईरान का क्षेत्रीय शत्रु इजराइल संदेह के घेरे में रहा है। ईरान ने भी देश के सैन्य परमाणु कार्यक्रम की कई दशक पहले शुरुआत करने वाले वैज्ञानिक की हत्या के लिए इजराइल को ही दोषी ठहराया था। इजराइल ने किसी भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन उसके प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कई बार ईरान को अपने देश के लिए बड़ा खतरा बताया है।

## अमेरिका-फिलीपीन के रक्षा मंत्रियों ने चीनी नौकाओं की तैनाती पर चिंता जताई

भाषा। अमेरिकी सैन्य विमान से

दक्षिण चीन सागर में फिलीपीन के पास हाल में बीजिंग द्वारा मिलिशिया नौकाएं तैनात किए जाने पर अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने अपने फिलीपीनी समकक्ष के साथ शनिवार को चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय यात्रा के तहत वाशिंगटन से इजराइल जा रहे ऑस्टिन ने विमान से ही फिलीपीन के रक्षा मंत्री डेल्फिन लॉरेंजाना को फोन किया। पेंटागन के प्रेस सचिव जॉन किर्बी ने कहा कि ऑस्टिन और लॉरेंजाना ने दक्षिण चीन सागर में स्थिति और व्हिटसुन रीफ पर चीनी नौकाओं के एकत्र होने पर चर्चा की।

## अमेरिका में तीन बच्चों के मृत पाए जाने के बाद मां को किया गया गिरफ्तार

**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस के एक अपार्टमेंट मे पांच वर्ष से कम आयु के तीन बच्चों के मृत पाए जाने के मामले मे उनकी मां को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। लिलियाना कारिलो (30) को लॉस एंजिलिस के उत्तर मे करीब 322 किलोमीटर दूर तुलारे काउंटी मे शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया। लॉस एंजिलिस के पुलिस लेफ्टिनेंट राउल जोवेल ने बताया कि बच्चो की दादी जब अपने काम से घर लौटी, तो उन्होंने अपार्टमेंट मे बच्चों के शव देखे, जबकि बच्चों की मां लापता थी।

## यूटा में गोलीबारी में दो अधिकारी घायल, संदिग्ध हमलावर की मौत

**साल्ट लेक सिटी (अमेरिका)।** यूटा मे साल्ट लेक काउंटी जेल के बाहर शनिवार सुबह गोलीबारी की एक घटना मे दो न्यायिक अधिकारी घायल हो गए और संदिग्ध हमलावर की मौत हो गई। अधिकारियो ने बताया कि एक अधिकारी की आंख और एक अधिकारी के गाल में गोली लगी। दोनों अधिकारियों को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। ए दोनो अधिकारी शेरिफ के सहायक है।

## म्यांमा में सुरक्षा बलों ने एक दिन में 82 लोकतंत्र समर्थकों की हत्या की

**यांगून।** म्यांमा मे सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को सैन्य तख्तापलट के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले कम से कम 82 लोकतंत्र समर्थकों को मार डाला। मारे गए प्रदर्शनकारियों की संख्या पर नजर रखने वाले एक संगठन और स्थानीय मीडिया की खबरों मे यह दावा किया गया है। बागो शहर मे सुरक्षा बलों की कार्वाई में शुक्रवार को 82 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। इससे पहले 14 मार्च को यांगून में 100 से ज्यादा लोग मारे गए थे। यांगून से बागो करीब 100 किलोमीटर दूर है।

## चीन में संस्कृत लोकप्रिय बनी हुई है :चीनी प्रोफेसर

भाषा। बीजिंग




चीन में संस्कृत भाषा करीब दो हजार साल पहले बौद्ध धर्म के साथ पहुंची थी और इसने चीन के सम्राटों और विद्वानों पर काफी असर डाला था और यह आज भी फल फूल रही है। चीन में जाने-माने संस्कृत विद्वान और पेकिंग विश्वविद्यालय में चीन-भारत बौद्ध अध्ययन, ओरिएंटल एवं भारतीय अध्ययन संस्थान के निदेशक वांग बैंगवई ने कहा कि संस्कृत जो भारतीय संस्कृति की जड़ है, चीन में लोकप्रिय बनी हुई है और यह आधुनिक भारत में इसकी मामूली प्रगति के विपरीत है।वांग ने कहा कि पेकिंग विश्वविद्यालय चीन के सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है और इस साल विश्वविद्यालय में संस्कृत की पढ़ाई शुरू होने के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वांग ने चीन में संस्कृत का प्रसार करने का श्रेय चौथी सदी ईसा बाद के भारतीय विद्वान कुमारजीव को दिया है।

## फ्लोरिडा, लूसियाना और मिसीसिपी में भयावह तूफान से तबाही

भाषा। पनामा सिटी (अमेरिका)

अमेरिका के दक्षिणी राज्यों में शनिवार तड़के भीषण तूफान आया जिससे लूसियाना राज्य में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और मिसीसिपी में बिजली के तार तथा पेड़ टूटकर गिर गए। इससे फ्लोरिडा में भी भारी तबाही हुई है। सैंट लैंड्री पेरिश के प्रमुख जेसी बेलार्ड ने लूसियाना के पाल्मेटो में सुबह आए तूफान से एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की। उन्होंने केएलएफवाई-टीवी को बताया कि तूफान की चपेट में आने से 27 साल के जोस एंटोनियो की मौत हो गई। बेलार्ड ने यह भी कहा कि सात घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भेजा गया है।



## चीन में कोयला खदान में पानी भरने से 21 खनिक फंसे

**बीजिंग।** चीन के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में एक कोयला खदान में बाढ़ का पानी भरने से 21 खनिक फंस गए। शिन्हुआ संवाद समिति ने बताया कि शिंजियांग क्षेत्र की हुतुबी काउंटी स्थित खदान में शनिवार शाम करीब छह बजकर 10 मिनट पर पानी भर गया, जिससे वहां काम कर रहे खनिक फंस गए। बचावकर्ता इन खनिकों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं और आठ लोगों को बचा लिया गया है।



# बनें वैश्विक खिलाड़ी

## प्रोफेसर बीएन मिश्रा का कहना है कि एक अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय विकास एमबीए एक कैरियर बदलने वाला कार्यक्रम है जो वैश्विक मोर्चे पर व्यक्ति को पदोन्नति के अनेक अवसर प्रदान कर सकता है

**देशों** में व्यवसाय विकसित करने वाली वैश्विक कंपनियों ने एक विविध और प्रतिस्पर्धी कार्यबल बनाया है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यवसाय चला सकता है। एक अंतरराष्ट्रीय व्यापार विकास एमबीए प्रोग्राम से स्नातक होना एक कैरियर-बदलने वाली घटना है जो वैश्विक मोर्चे पर व्यक्ति को पदोन्नति के अवसरों में काफी वृद्धि कर सकती है।

आज, हर व्यवसाय का विस्तार होने जा रहा है। यह प्रतिस्पर्धा का दौर है और हर कोई पैसा कमाने की तकनीक अपनाने की कोशिश कर रहा है। जो कंपनियां किसी विदेशी देश में अपने व्यवसाय का विस्तार और स्थापना करने का लक्ष्य रखती हैं, उन्हें ऐसे उम्मीदवारों की आवश्यकता होती है जो अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्यों से निपटने के लिए प्रशिक्षित होते हैं और उन अवधारणाओं और सिद्धांतों के जानकार होते हैं जो व्यवसाय की स्थापना के लिए सहायक हो सकते हैं।

यहां छात्रों को योग्यताएं विकसित करने के लिए इंटरनेशनल बिजनेस लॉ एंड एथिक्स, स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग एंड ब्रांडिंग, इंटरकल्चरल मैनेजमेंट एंड इंटरनेशनल नेगोशिएशन, इनोवेशन मैनेजमेंट, इंटरनेशनल पार्टनरशिप और मर्जर एंड एक्विजिशन, एडवांस्ड बिजनेस प्लानिंग, बिजनेस प्लान जूरी प्रेजेंटेशन, इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स एंड माइक्रो मार्केट्स के बारे में पढ़ाया जाता है।

### भूमिका और जिम्मेदारियां

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विकास प्रबंधक विस्तार करने वाले जादूगर हैं जो कंपनियों के संपत्तियों पर अधिकतम मुनाफा कमाने हेतु नए कार्यक्षेत्रों में दाखिल होने की सफल रणनीतियां तैयार करते हैं। वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार विकास गतिविधियों के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रत्येक देश के लिए व्यक्तिगत व्यवसाय योजनाएं विकसित करते हैं। वे बिक्री और बाजार विकास गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अभियान विकसित करते हैं।

व्यवसाय को उपयुक्त प्रगति प्रदान करने के लिए व्यावसायिक रणनीतियों का विश्लेषण करने और उसके लिए सुधार योजनाएं विकसित करने में सहायता करते हैं। वे सभी विकास प्रक्रियाओं का प्रबंधन करते हैं और सरकारी नीतियों व नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हैं। अवसरों की पहचान करने और उसी को बढ़ाने के लिए रणनीतिक योजनाएं विकसित करने के लिए व्यवसायों की सहायता करते हैं। ग्राहक/ ग्राहक संचार का प्रबंधन करते हैं और सभी के साथ एक प्रभावी संबंध बनाए रखते हैं। व्यवसाय विकास के लिए विभिन्न आकर्षक विधियों को तैयार व कार्यान्वित करते हैं। प्रतियोगी योजनाओं और प्रबंधन में उत्पादों व सेवाओं के प्रभाव की समीक्षा करते हैं। निदेशक के साथ समस्त संपर्क बनाए रखते हैं। बाजार के रुझानों का मूल्यांकन करते हैं और उत्पाद विकास के लिए उचित सहायता प्रदान करते हैं।

> **यह प्रतिस्पर्धा का युग है। जो कंपनियां किसी विदेशी देश में व्यवसाय का विस्तार और स्थापना करने का लक्ष्य रखती हैं, उन्हें ऐसे उम्मीदवारों की आवश्यकता होती है जो अंतरराष्ट्रीय परिदृश्यों से निपटने के लिए प्रशिक्षित हों और उन्हें अवधारणाओं और सिद्धांतों के बारे में ज्ञान हो जो व्यवसाय की स्थापना में मदद कर सकते हैं।**

### आवश्यक योग्यता

विश्लेषणात्मक व नेतृत्व योग्यताएं, रचनात्मकता, व्यवसाय विकास, बाजार अनुसंधान, परिगमन, नए ग्राहक, बिक्री लक्ष्य, विस्तार योजना, अंतर-सांस्कृतिक क्षमता अत्यंत अनिवार्य हैं।

### संभावना - क्षेत्र

इस डिग्री को पूरा करने के बाद, आप कहीं भी विभिन्न उद्यमों या कंपनियों में शामिल हो सकते हैं। वैश्विक कंपनियों के अलावा, जो अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी हैं। उदाहरण के लिए, एयरलाइंस और चेन रेस्तरां, अंतरराष्ट्रीय व्यापार एमबीए प्रोग्राम के स्नातक अक्सर गैर-लाभकारी संगठनों, सरकारी एजेंसियों और बैंकों के भीतर रोजगार पाते हैं।

### पात्रता

छात्र के पास किसी भी विषय में न्यूनतम तीन साल की स्नातक की डिग्री होनी चाहिए और अर्हता परीक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक अर्जित होने चाहिए। आप बीटेक / बीएआरसी, मेडिकल, आर्ट्स, मानविकी और विज्ञान में यूजी डिग्री पूरा करने के बाद इस कोर्स में शामिल हो सकते हैं। आवेदक को प्रवेश परीक्षा, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार में सफल होना होगा। इस कोर्स के लिए आवेदन करने की कोई आयु सीमा नहीं है।

### पारिश्रमिक

इस क्षेत्र में आकर्षक वेतन पाने का अच्छा अवसर है। एक प्रतिष्ठित संस्थान से लेकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विकास में स्नातकोत्तर प्रारंभिक वेतन की सीमा 5 लाख से 8 लाख प्रति वर्ष हो सकती है और पदनाम व्यवसाय विकास प्रबंधक के रूप में होगा।

**- लेखक बीर टिकेन्द्रजीत युनिवर्सिटी, मणिपुर के चांसलर हैं।**

# हर छात्र को करनी चाहिए यूपीएससी की तैयारी

## रोहित जैन का कहना हैं कि यूपीएससी की तैयारी करना स्नातकों के लिए सबसे अच्छी बात हो सकती है क्योंकि अनुशासन, विस्तृत ज्ञान और विश्लेषणात्मक कौशल जिन्हें व्यक्ति सीखता है वे अत्यंत उपयोगी हैं।

आज देश में सर्वोत्तम नौकरी कौन सी है? तो निस्संदेह यदि हम मतदान करें, तो सिविल सेवा स्पष्ट विजेता के रूप में सामने आएगी। यूपीएससी परीक्षा को देश की सबसे कठिन परीक्षा माना जाता है, और इसमें सफल होना कोई मजाक नहीं है। इसमें सघन प्रतियोगिता और विशाल पाठ्यक्रम प्रस्तावित होने के कारण इसे यह प्रतिष्ठा मिली है। फिर भी, हम यूपीएससी की तैयारी के लिए देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को कतारबद्ध होते क्यों नहीं देखते हैं। यूपीएससी कुछ चुनिंदा लोगों के लिए ही प्राथमिकता क्यों है?

यूपीएससी की तैयारी करना हमारे युवा स्नातकों के लिए सबसे अच्छी बात हो सकती है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति जो अनुशासन,विस्तृत ज्ञान और विश्लेषणात्मक कौशल सीखता है, वो किसी भी पेशे में उपयोगी है। केवल आवश्यकता इस बात की है कि इस परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को दृढ़प्रतिज्ञ, ध्यान केंद्रित, और उच्च ऊर्जावान होना पड़ता है यदि वे परीक्षा को पास करना चाहते हैं। कोई भी 21 वर्षीय स्नातक यूपीएससी परीक्षा के लिए पात्र है। जो छात्र डिग्री की पढ़ाई करने के दौरान यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू कर देते हैं उन्हें समय प्रबंधन में उचित सबक मिलता है। उन्हें उन कक्षाओं व पाठ्यक्रमों के साथ अपनी तैयारी का समन्वय बनाना होगा जिसमें उन्होंने दाखिला लिया है और उन्हें उचित समय-सारिणी का पालन करना होगा। यह आदत अंततः उन्हें अपने पेशेवर करियर में मदद करेगी, चाहे वे जिस भी क्षेत्र को चुनें। जिन उम्मीदवारों का चयन किया जाता है, वे देश के सबसे प्रतिभाशाली और होशियार व्यक्तियों में से होते हैं। यूपीएससी परीक्षा के लिए हर साल पांच फीसदी स्नातक भी आवेदन नहीं करते हैं। क्यों? देश में सबसे अच्छा काम बहुसंख्य स्नातक के लिए आकर्षक क्यों नहीं है? यदि हर एक छात्र परीक्षा के लिए उपस्थित होना शुरू कर देता है, तो निश्चित रूप से प्रतिभा की मात्रा में वृद्धि होगी और यह राष्ट्र के लिएफायदेमंद होगा। प्रमुख चिंता यह कि कॉलेज के छात्रों को लगता है कि यूपीएससी की तैयारी के साथ-साथ नियमित पढ़ाई कैसे प्रबंधित करें? और इस दुविधा में फंसकर, अधिकांश छात्र एक दिन सिविल सेवक बनने के अपने सपने को त्याग देते हैं।

आज किसी भी छात्र के सामने चुनौती अलग है। व्हाट्सएप, यूट्यूब और गूगल की दुनिया में, कोई व्यक्ति सूचना और सामग्री का भरोसेमंद और संक्षिप्त स्रोत कैसे पा सकता है। मुफ्त सामग्री का लाभ उठाने का लालच अनेक लोगों का कीमती समय बर्बाद करता है। इन प्रारंभिक वर्षों को बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए।



**रोहित जैन, सह संस्थापक यू फाबेर**

जीवन में जल्दी परीक्षा की तैयारी शुरू करने पर, जो लाभ मिल सकते हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए, हम यूपीएससी पाठशाला में भी अलग-अलग पाठ्यक्रम लेकर आए हैं, जिनका उद्देश्य उचित मार्गदर्शन के साथ शुरुआती शुरुआत करने वालों की मदद करना है। इस प्लेटफॉर्म का लचीलापन छात्रों के लिए यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ उनकी नियमित कॉलेज दिनचर्या को भी आसान बनाता है। प्रत्येक व्यक्ति जो वर्तमान में किसी भी विश्वविद्यालय में नामांकित है, को यूपीएससी परीक्षा में सफल होने का लक्ष्य रखना चाहिए क्योंकि परीक्षा की तैयारी के लिए इससे बेहतर समय नहीं होगा। आवेदक कोआर्थिक लाभ और मन की शांति परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्राप्त होगी और देश की सेवा करना उसके वर्तमान में किए गए प्रयासों से मेल खाएगा। यह कहना सही नहीं होगा कि यूपीएससी परीक्षाओं में भाग लेना छात्रों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए क्योंकि डिग्री का पीछा करना सही न हो सकता क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति को वह करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए जो वह करना चाहता है या चाहती है। लेकिन प्रत्येक छात्र को इस बात से अवगत कराया जाना चाहिए कि सिविल सेवा भी एक आकर्षक विकल्प है, यह मानते हुए कि प्रत्येक पेशा समाज में बदलाव लाने का मौका नहीं देगा।

## स्कॉलरशिप



दवेरीजोन इंडिया ने प्रोग्रामिंग और डेटा साइंस में बीएससी करने के लिए मेरिट-कम-मीन्स स्कॉलरशिप प्रोग्राम, वी प्रोवाइड राइट ओपरचुनिटी टू पावर इलेबल्ड लर्निंग, की शुरूआत करने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मद्रास के साथ सहयोग किया है।

इसका उद्देश्य उन मेधावी छात्रों का समर्थन करना है जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 1 लाख से कम है। इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम के माध्यम से, चुनिंदा छात्रों को चार शैक्षणिक शर्तों के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त होगी।

इससे शिक्षार्थियों को आयु, स्थान या शैक्षणिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना आईआईटी मद्रास से स्नातक की डिग्री /डिप्लोमा हासिल करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, छात्रवृत्ति मेधावी महिला छात्रों और छात्रों को प्राथमिकता देगी।

कार्यक्रम की अधिक जानकारी के लिए कृपया https://onlinedegree.iitm.ac.in पर देखें।

द क्वीन युनिवर्सिटी, बेलफास्ट अकादमिक सत्र 2021- 2022 के लिए अपने अंडरग्रेजुएट अवार्ड हेतु आवेदन आमंत्रित करती है।

**राष्ट्रीयता :** अंतर्राष्ट्रीय छात्र (भारतीय) इसमें आवेदन कर सकते हैं।

**स्कालरशिप धनराशि :** 2500 से 3000 पौंड

**योग्यता :** छात्रों को स्व-वित्त पोषित होना चाहिए (अध्ययन के पहले वर्ष के लिए अनुदान प्रदान किया जाता है, और इसे नामांकन पर सकल शिक्षण शुल्क से घटा दिया जाता है), यदि आप किसी बाहरी प्रायोजन निकाय, जैसे कि किसी चैरिटी, निजी संगठन, या सरकार से धन प्राप्त करते हैं, तो आप पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे। छात्र अर्ली-बर्ड पुरस्कार रियायत के साथ संयोजन में अपने पुरस्कार का उपयोग कर सकते हैं।

**सहायक दस्तावेज :** आवेदकों को एक प्रतिलेख, फोटोग्राफ, सिफारिश -पत्र, एक बायोडाटा, पासपोर्ट की फोटोकॉपी और पिछली सभी आवश्यक अंकतालिकाएं प्रस्तुत करनी होंगी।

**भाषा शर्तें :** छात्रों को यूके में अध्ययन करने के लिए अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट दक्षता होनी आवश्यक है।


**आवेदन कैसे करें :** प्रायोजन के लिए पात्रता हेतु , छात्रों को क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट में स्नातक की डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश लेना आवश्यक है। नामांकित होने के बाद, उम्मीदवारों का स्वचालित रूप से स्कालरशिप के लिए मूल्यांकन किया जाएगा।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2021 है।

# कोरोना काल में हाइब्रिड लर्निंग मॉडल का कमाल

**कोविड** -19 महामारी के प्रकोप के साथ, विश्व स्तर पर स्कूलों को बंद करना तथा अप्रत्याशित परिवर्तन का सामना करना पड़ा है। जैसा कि के -12 शिक्षण संस्थान कोर्स को पढ़ाने के रचनात्मक तरीकों की तलाश करते हैं, हाइब्रिड लर्निंग मॉडल इस अवसर पर उभर कर सामने आए हैं और सुदूर रहकर आकर्षक, जानकारीपूर्ण और प्रासंगिक शिक्षण का निर्माण करने के एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में उभरे हैं। यहां तक कि वे पुरानी परिचित कक्षा संरचना की ओर संभावित वापसी के लिए तैयार करते हैं।

हाइब्रिड लर्निंग एक आभासी शिक्षण परिवेश है जहां वेब-आधारित प्लेटफॉर्म शिक्षकों और छात्रों के बीच ज्ञान के हस्तांतरण को सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन सामग्री व डिजिटल डिलीवरी चैनलों का उपयोग करते हैं। उन्नत हाइब्रिड लर्निंग प्रोग्राम में डिजिटल अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन गतिविधियाँ, और आवधिक मूल्यांकन शामिल हैं।



### संभावनाएं

यह देशव्यापी तालाबंदी के दौरान था कि हाइब्रिड लर्निंग मॉडल को पहले यह सुनिश्चित करने के लिए अपनाया गया था कि छात्रों की शिक्षा में बाधा न आए। एक बार जब स्कूलों को सभी दूरस्थ अनुदेशात्मक तरीकों से आभासी और ऑफलाइन कक्षाओं के मिश्रण में परिवर्तित कर दिया गया, तो शिक्षक ऑनलाइन और प्रत्यक्ष दोनों माध्यमों को अपनाने में सक्षम थे। नतीजतन, हाइब्रिड लर्निंग मॉडल अब छात्र की पहुंच में विभिन्न समाधान पहुंचाने में मदद कर रहा है।

एक तकनीक-सक्षम कक्षा को कई भागीदारों की आवश्यकता होती है जो एक प्रभावी मिश्रित शिक्षण वातावरण बनाने के लिए साथ मिलकर काम करते हैं। यह उन उपयोगकर्ताओं की विभिन्न श्रेणियों को जोड़ती है जिनके पास अपेक्षाओं के विभिन्न समूह हैं। छात्रों को एक मंच पर सभी संसाधनों, निर्देशों और दिशानिर्देशों को खोजने और किसी भी संदेह की स्थिति में अपने प्रशिक्षकों तक पहुंचने में सक्षम होने की की आवश्यकता होती है।

इसी तरह, शिक्षकों को एक आभासी मंच की आवश्यकता होती है जहाँ वे अपने छात्रों को देख सकते हैं और उनसे बातचीत कर सकते हैं, अपने नोट्स और अन्य अध्ययन सामग्री उनके साथ साझा कर सकते हैं और छात्र के प्रदर्शन का आंकलन कर सकते हैं।

तकनीकी स्टाफ को एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की आवश्यकता होती है जिसे संचालित करना आसान हो और जो एक बार सेट हो जाने पर आसानी से चल सके। स्कूल प्रशासन को कार्यक्रम की जांच करने और छात्र की फीस जमा करने के लिए दृश्यता और लचीलेपन की आवश्यकता होती है। यहां तक कि माता-पिता को भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की आवश्यकता होती है ताकि वे सहज हो सकें व वे अपने बकाए का भुगतान करने के साथ-साथ अपने बच्चे की सीखने की प्रक्रिया पर नजर रख सकें।

### माइंड इट

अत्यंत आसान और बिना किसी भौगोलिक सीमाओं वाले अनेक लाभ प्रदान करने के कारण के-12 में हाइब्रिड लर्निंग को आने वाले समय में भारी लाभ के रूप में देखा जा सकता है।

चूंकि शिक्षक कहीं से भी डेटा एक्सेस कर सकते हैं, वे छात्रों को मशीनों द्वारा संचालित अनेक सांसारिक कार्यों जैसे ग्रेडिंग और आकलन के साथ अधिक प्रभावी ढंग से निर्देश दे सकते हैं। हाइब्रिड शिक्षण भी शिक्षकों को खुद को निखारने व पुनर्कौशल हासिल करने के अवसर प्रदान करता है ताकि वे तकनीक को संभालने में माहिर हो जाएं।

हाइब्रिड शिक्षा अधिक रोजगार भी उत्पन्न करेगी क्योंकि शिक्षा उद्योग के भीतर कुशल शिक्षकों और प्रशासनिक कर्मचारियों की मांग में वृद्धि होगी। इसके अलावा, के-12 छात्रों को वैश्विक प्रदर्शन के साथ मिलकर उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण से अवगत कराया जाएगा।शिक्षण के इस रूप में रचनात्मकता को बढ़ाने और व्यक्तिगत सबक प्रदान करने की बहुत अधिक क्षमता है जो बदले में युवा छात्रों के लिए सीखना अधिक सार्थक बना देगा। शिक्षकों को इस बात पर विचार करना होगा कि हाइब्रिड ढांचे में प्रत्यक्ष शिक्षण के बरक्स ऑनलाइन सीखने के लिए किस तरह की गतिविधियाँ सबसे उपयुक्त होंगी।सामग्री वितरण ऑनलाइन किया जा सकता है, लेकिन शिक्षकों को छात्र कौशल पर वैसा ही ध्यान केंद्रित करना होगा जो वे ऑफलाइन कक्षाओं में प्रदर्शित करते हैं, क्योंकि इस पहलू पर आभासी सत्र में अन्य छात्रों के साथ एक समकालिक पाठ में ध्यान नहीं दिया जा सकता है।

वर्तमान समय में अधिक साहसी शिक्षा व्यवस्थाओं का आह्वान किया गया है जो नई तकनीकों के लिए चुस्त और अनुकूल हैं। जिस तरह शिक्षक व संस्थान आवश्यक समायोजन और अपेक्षित निवेश करते हैं, वे इस चुनौतीपूर्ण समय को कल के लिए एक बेहतर शिक्षा प्रणाली बनाने हेतु एक अनुकूल अवसर के रूप में उपयोग कर सकते हैं।

**- लेखक योगेश मक्कड़, कपडेक के संस्थापक हैं।**